अचित वस्त नै मोल लरावै।
सुमति गुप्त हुवै खंड़ जी।
महाव्रत तौ पाचूंइ भागै।
चौमासी रौ दण्ड जो
साध म जाणौ इण चलगत सूं।

आचार की चौपाई, ढाल १ की पांचवीं गाथा।

आ गाथा सुणनै मौजीरांमजी बौहरौ बोल्यौ—अरे जसू उरहौ आव रे! अरे जसू उरहौ आव रे। घर तौ लूंट लीयौ ने माथै वले डंड करै। ज्यूं भीखणजी महाव्रत तौ पांचूंई परहा भागा कहै। अनै वले चौमासी रौ दंड कहै छै।

जद स्वामीजी बोल्या—पांच महाव्रत भागा पछै चौमासी रौ दंड न कह्यौ है। इहां तौ इम कह्यौ—महाव्रत पांच भागै पिण कतरा भागै? चौमासी रो दंड आवै जितरा भागै इम कही समझाया।

२८५. वर्तमान काळे मूंन

केई कहै सावद्यदांन मै भगवान मूंन कही है सो वर्तमान काळ विना पिण मूंन राखणी। पुन्य पाप न कहिणौ। तिण ऊपर स्वामीजी दृष्टंत दीयौ—तीन जणां रै इसी सरधा। एक जणौ सावद्यदान मै पुन्य सरधै। एक एक जणौ सावद्यदान मै मिश्र सरधै। एक जणौ सावद्यदान मै पाप सरधै। यां तीनूं जणां अभिग्रह कियौ आ संका मिटै तौ घर मै रहिवा रा त्याग। अबे ए संका काढवा दरबार मै तौ जाए नहीं। अैतौ संका काढवा साधां कनै ईज आवै। हिवै साधां नै पूछ्यां साधु कहै म्हांरै मूंन है। तौ त्यांरी संका किम मिटै। इण लेखै वर्तमांन काळे मून। सुयगडांङ्ग श्रु० १ अ० ११ तथा श्रु० २ अ० ५ अर्थ मै मून कही। अनै उपदेश में भगवती श० ८ उ० ६ भगवान गौतम नै कह्यौ—तथारूप असंजती नै सचित्त अचित्त सूझतौ दीयांएकंत पाप इण—न्याय उपदेश मै छै जिसा फल बताय समझाय साधपणौ परहौ देवै।

२८६. सामायक नै धको देई पाड़ै है

केइ कहै—साधु सामायक पड़ावै नहीं तौ पाड़णी सीखावै क्यूं ?

जद स्वामीजी बोल्या—साधु सामायक पड़ावै नहीं। सो किसौ सामायक नै धको देई पाड़ै है। एक मूहूर्त्त नी सामायक कीधी। अनै एक मुहूर्त्त थयां सामायक तौ आय गई। पाड़ै सो तौ दोष अतिचार नीं आलोवणा करै है। ते आलोवणा री भगवान री आज्ञा। जिण स्यूं पाड़वा री ाटी सीखावै है। अनै वर्तमान काल मै पड़ावै नहीं। सो ते ऊठ नै परहौ जाय तिण आश्री पड़ावै नहीं। पिण दोष री आलोवणा करायां सीखायां दोष नहीं।

२८७. एहीज भाव भक्ति करसी

एक जणौ स्वामीजी सूं चरचा करतां ऊंधौ अवळौ बोलै। जद स्वामी जी नै किण हि कह्यौ—महाराज! ए ऊंधौ अंवलौ बोलै तिण सूं कांई चरचा करौ।

जद स्वामी बोल्या—नान्हों बालक समज न आई जितरै बाप री मूंछां खांचै। पिता री पाग मै देवै। पिण समज आयां पछै ऊ हीज चाकरी करै। ज्यूं साधां रा गुण न ओळख्या जितरै ए ऊंधौ अवलौ बोलै गुण ओळख्यां पछै एहीज सेवा भक्ति करसी।

२८८. अबारू टीपणा तेज है

साध राते वखाण देवै। भेषधारी पिण राते वखाण देवै। साध बाजार मै ऊतरै। देखादेख भेषधारी पिण बाजार मै ऊतरै। इम देखादेख कार्य करै। पिण शुद्ध श्रद्धा आचार विनां पाधरी न पड़ै। तिण ऊपर स्वामीजी दृष्टंत दीयौ—एक साहूकार मै पोतै तौ समझ नहीं अनै पाड़ोसी नी देखादेख व्यापार करै। पाड़ोसी वस्तु खरीदै तिका वस्तु ओ पिण खरीदै। जद पाड़ोसी विचारयौ ओ देखादेख करै है कै मांहे समझ है। जद पाड़ोसी बेटा नै कहै, अबारू टीपणां तेज है, सो देसावरां सूं खरीदणा। थोड़ा दिनां मै एक-एक रा दोय-दोय हुवै है।

एक बात सुण नै साहूकार देसावर जाय नै टीपणां जूंना नवा खरीद्या। सो पूंजी रौ नास थयौ।

ज्यूं साधां री देखादेख भेषधारी पिण कार्य करै पिण शुद्ध श्रद्धा आचार विना कांई गरज पळै नहीं।

२९९. देवाळौ किम ऊतरै ?

किणहि कह्यौ—भेषधारी पिण तपसा मासखमणादिक करै। लोच करावै। धोवण ऊन्हौं पांणी पीवै। या करणी यांरी यूं ही जासी कांई ?

जद स्वामीजी बोल्या—किणहि लाख रुपीयां रौ देवाळौ काढ्यौ । पछै पइसा रौ तेल आंण्यौ तिणरौ पइसौ परहौ दीयौ यौ पइसा रौ साहूकार । रुपीया रा गोहूं आण्या नै रुपीयो परहौ दीयौ तौ रुपीया रौ साहूकार । इम पइसा रुपीया रौ तौ साहूकार थयौ पिण लाख रुपीयां रौ देवाळौ काढ्यौ तिण रौ साहूकार नहीं । ज्यूं पांच महाव्रत पचखी आधाकर्मी स्थानक निरंतर भोगवै । इत्यादिक अनेक दोष सेवै । तिण रौ प्राछित पिण नहीं लेवै । ओ मोटो देवाळौ, लोच सूं नै तपस्या सूं कठै ऊतरे ।

पछै मासखमणादिक पचखे नै चोखो पाळै ते तपसा नौ साहूकार पिण पांच महाव्रत भांग्या ते देवाळौ किम ऊतरै ?

२९०. दान मुख्य काया जोग

किणहि कह्यौ—उघाड़े मूंहढै बोलनै साध नै वहिरावै तौ वहिरी लेवै अनै एक दांणा ऊपर पण पग लागां लेवै नहीं । घर असूझतौ गिणै ते किण कारण ?

जद स्वामीजी बोल्या—साधां नै वहिरावै ते मुख्य काया रौ जोग है । तिण काया रा जोग सूं चालतां ऊठतां बेसतां अजैणा करतां वहिरावै तथा वहिरावतां फूंक देवै अनै तिणनै पहिला साधां आरे कीयौ ह्वै तौ घर असूझतौ ह्वै । अनै साधू आरे कीयौ नहीं अनै ते ऊठतौ अजैणा करै तौ ऊहीज असूझतौ थयौ ।

उघाड़े मुख बोलै ते वचन रौ जोग है, ते बोलतां अजैणा सूं घर तथा बोलणावाळौ एक ही असूझतौ नहीं ह्वै । उववाइ मैं कह्यौ— जे निंद्या करनै देवै तौ लेणौ । तौ जे निंद्या करै गाळ बोलै ते किसी जैणा करै है इण कारण बोलवारी अजैणा सूं तेह नें असूझतौ न कहीयै तिण सूं तिणरा हाथ सूं लीयां दोष नहीं ।

२९१. घी सहित घाट उरहो लीधो

सं० १८५५ रै आषाढ़ महीनै नाथजीदुवारै स्वामीजी घणा साध आर्य्यां सूं विराज्या । तिहां अजबूजी गौचरी उठ्या । किणहि घी बहिरायौ । आगै गयां एक बाई घाट वहिराय नै पूछ्यौ—थे किण री आर्य्यां ?

जद त्यां कह्यौ—म्हे भीखणजी स्वामी रा टोळा री ।

जद ते बोली—हे रांडां ! थे पैलकेई म्हारी रोटी ले गई । उरही दो म्हारी घाट । इम कहि घाट लेवा लागी ।

जद एक व्रजवासणी वरजै—हे कीकी ! अतीत नै दीयौ पाछौ मत लै हे ।

जद ते बोली—कुत्ता नै न्हांख देसूं पिण इणां कनां सूं तौ उरहौ लेसूं। इम कहि घी सहित घाट जबरी सूं उरही लीधी।

अजबूजी ए बात स्वामीजी नै आय कही।

जद स्वामीजी घणा विमासवा लागा। पछै बोल्या—इण कळिकाळ मै नहीं पिण देवै, ना पिण कहै जाणनै असूझता पिण होवै, पिण देई नै उरहो लेवै ए बात तौ नवीज सुणी।

व्रजवासणी रा कहिण थी बात गाम मै फैली।

उणरा धणी नै लोक कहै—हाटै तौ थे कमावौ नै घरे थांरी बहू कमावै। ऊ पिण मन मै लाजै। थोरा दिनां पछै राखड़ी रे दिन तौ एकाएक बेटौ मर गयौ। थोड़ा दिनां मै धणी पिण मर गयौ। जद सोभजी श्रावक तुकौ जोड्यौ।

बादर साह री दीकरी, कीकी थांरौ नांम।
घाट सहित घी ले लियौ, ठाली कर दीयौ ठांम ?

पछतावौ

कितरायक काळ पछै उणरै घरे साध गोचरी गया। वहिरायवा लागी। साधां पूछ्यौ—थारो नाम कांई ?

जद बोली—उवा हूं पापणी छूं। आर्य्यां रा पात्रा माहि थी घाट लीधी ते। कोई तौ परभव मै देखै म्है इण भव मै देख लीधा पाप ना फळ। इम कहि पछतावा लागी।

२९२- सब घरां मै गोचरी क्यूं नहीं जावौ

सं० १८५६ नाथजीदुवारा मै हेमजी स्वामी, स्वामीजी नै कह्यौ—आंपै श्रावकां रे ईज गोचरी जावां अनुक्रम घरां री गोचरी जावां नहीं सो कारण कांई।

जद स्वामीजी बोल्या—अठै द्वेष घणौ तिण सूं अनुक्रमे गोचरी न करां।

जद हेमजी स्वामी बोल्या—आप फुरमावौ तौ हूं जाऊं।

जद स्वामीजी बोल्या—भलांइ जावौ।

जद मोहनगढ़ मै गौचरी फिरतां एकण घरे गोचरी गया। पूछ्यौ—आहार-पाणी री जोगवाई है ?

जद ते बाई बोली—रोटी लूंण ऊपर पड़ी है।

जद हेमजी स्वामी मैडी ऊपर दूजौ घर है तिहां गौचरी गया। ऊपरलै घर बाई ऊंधी अंवळी बोली—घणौ झौड़ कीधौ। पिण रोटी दीधी। घणी बेळां लागी। जद हेठली बाई जाण्यौ ए साध म्हांरा इज दीसै। पाछा हेठा ऊतरतां बाई बोली—आप पधारौ आहार वहिरौ। इम कहि वहिरावा रोटी

हाथ मै लीधी । जद हेमजी स्वामी कह्यौ—बाई ! तूं कहिती थी रोटी लूंण पर पड़ी है ।

जद उवा बोली —म्हैं तौ तेरापंथी जाण्या था तिण सूं कह्यौ ।

जद हेमजी स्वामी कह्यौ—बाई ! छां तौ तेरापंथी ज । थारौ मन ह्वै तौ दे ।

जद दोरी सी बिना मन बोली—ल्यौ ।

पछै आगला घरां गया । आहार-पाणी री जोगवाई पूछी, जद ते कहै—म्हांरै तौ तेरापंथ्यां न रोटी देवा रा त्याग है ।

जद हेमजी स्वामी बोल्या—रोटी देवा रा त्याग है ? पाणी ह्वै तौ पाणी वहिराव । जद ऊठ नै पाणी वहिरायौ ।

पछै स्वामीजी नै आयनै समाचार सुणाया । स्वामीजी सुणनै राजी हुआ ।

२९३. जैसा गुरु वैसा देव और धर्म

गुरां री कीमत ऊपर स्वामीजी ताकड़ी री दांड़ी रौ दृष्टंत दीयौ—जिम ताकड़ी री डांडी रै तीन बेज हुवै । बिचला बेज मै फरक ह्वै तौ अन्तरकाणी ह्वै । विचलौ बेज तंत ह्वै तौ अन्तरकाण न पड़ै । ज्यूं देव गुरु धर्म विच मै गुरु आया । जो गुरु चोखा ह्वै तौ देव पिण चोखा ह्वै । धर्म पिण चोखौ बतावै । गुरु खोटा ह्वै तौ देव मै फरक पाड़ देवै अनै धर्म मै ई फरक पाड देवै ।

जो गुरु मिलै ब्रांह्मण—तौ देव बतावै शिव, अनै धर्म बतावै ब्राह्मण जीमावौ ।

गुरु मिलै जो भोपा तौ—देव बतावै धर्म राजा । धर्म बतावै भोपा जीमावौ पाती लेवौ ।

गुरु मिलै कामड़िया तौ—देव बतावै रामदेवजी । धर्म वतावै जमा री रात जगावौ कामड़ी जीमावौ ।

गुरु मिलै मुल्ला तौ—देव बतावै अल्ला । धर्म बतावै जबै करौ ।

एर चरंती मेर चरंती । खेत चरंती बहु तेरा ।

हुकम आया अल्ला साहिब रा सो गला काटूं तेरा ।

अनै जो गुरु मिलै निर्ग्रंथ तौ—देव बतावै असल अरिहंत । धर्म भगवांन री आज्ञा में ।

गजी, मेंमूंदी, वासती । तीनूं एकण गोत ।

जिणनै जैसा गुरु मिल्या, तिसा काढिया पोत ।

इण दृष्टंते जैसा गुरु मिलै तैसा ई देव अनै धर्म बतावै ।

२९४. म्हांरैं करणी सूं कांई

केई अजाण कहै—म्हे तौ ओघा मुहपती नै वांदां । म्हांरै करणी सूं कांई काम ।

तिण ऊपर स्वामीजी बोल्या—ओघा नै वांद्यां तिरै तौ ओगौ तौ ह्वै है ऊंन रौ अनै ऊंन होवै है गाडर नी । जो ओघा नै वांद्यां तिरै तौ गाडर नां पग पकरणा— धिन है माता तूं सो थारो ओगौ पैदास हुव है ।

अनै मुहपती नै वांद्यां तिरै तौ मुहपती तौ होवै है कपास री अनै कपास हुवै वण रौ । जो मुहपती नै वांद्यां तिरै तौ । वण नै नमस्कार करणौ—धन्य है सो थारी मुहपती हुवै है ।

२९५. माहै तांबो नै ऊपर रूपो

कोई कहै—ए भेषधारी दोष लगावै तौ पिण ग्रहस्थ विचै तौ आछा है । तिण ऊपर स्वामीजी दृष्टंत दीयौ—एक साहूकार नी हाटे प्रभाते कोई पइसो लेई आयौ । कहै साहजी पइसा रौ गुळ है ? जद तिण पइसौ लेई वांदनै उरहो लीयौ । गुळ दे दीयौ । जाण्यौ प्रभाते तांबा नाणा री बोहवणी हुई ।

दूजे दिन रुपीयौ लेई आयौ । कहै साहजी रुपीया रा टका है । जद तिण रुपीया लेई वांदनै उरहौ लीयौ । टका गिण दीया । मन मैं राजी हुऔ आज रूपा नाणा रौ दर्शन हूऔ ।

तीजै दिन खोटौ रुपीयौ लेई आयौ । कहै साहजी रुपइया रा टका है ? जद ते राजी होय बौल्यौ—म्हारै काल कौ गराक आयौ । रुपीयौ हाथ मैं लेई देखै तौ खोटौ । माहे तांबो नै ऊपर रूपो । अलगौ न्हांख नै बोल्यौ—प्रभाते खोटा नांणा रौ दर्शन हुऔ ।

जद ऊ बोल्यौ—साहजी वैराजी क्यूं हुआ । परसूं तौ म्है पइसो आण्यौ सो तांबो नांणौ वांद्यौ । काले रुपीयौ आण्यौ सो रूपो नाणौ वांद्यौ । अनै इणमैं तौ तांबौ रूपो दोनूं है सो दोय वार वांदो ।

जद ऊ बोल्यौ—रे मूरख ! परसूं तौ एकलौ तांबो हो सो ठीक । काले एकलौ रूपो हो सो विशेष चोखौ । उवे तौ न्यारा-न्यारा हा । तिण सूं खोटा नहीं । अनै इणरै माहै तौ तांबो अनै ऊपर रूपा रौ भोळ तिण सूं ए खोटो । ए कांम रौ नहीं ।

इण दृष्टंते पइसा समान तौ ग्रहस्थ श्रावक । रुपीया समान साधु । खोटा रुपीया समान भेषधारी । ऊपर भेष तौ साध रौ नै लखण ग्रहस्थ रा । ए खोटा नांणा सरीषा । नां तौ साध में नां ग्रहस्थ मै अधबेर । ए वांदवा जोग नहीं श्रावक ही प्रशंसवा जोग आराधक । साधु ही प्रशंसवा जोग आराधक । पिण खोटा नांणा रा साथी भेषधारी आराधक नहीं ।

२९६. आप 'जी' क्यूं कहवो ?

किण हि कह्यौ—टोळावाळा नै वंदणा कीयां उवे कहै—दया पालौ'। केई पाछौ खमावै। अनै आप 'जी' कहौ सो कारण कांई ?

जद स्वामीजी बोल्या—नाथां नै कहै–आदेश। जद उवे कहै आदि पुरुष कूं। पोतै आदेश झेलै नहीं।

पोता मै गुण नहीं तिणसूं। आदेश कियौ ते आदि पुरुष कूं भलायौ।

गुसांइ नै कहै नमो नारायण।

जद ते बोल्या—नारायण। इणरौ मुदौ ओ म्हां में करामात कोई नहीं है। नमस्कार नारायण कूं करौ।

वैष्णु नै कहै राम-राम जद उवे कहै रामजी। उणां पिण रामजी नै भलायौ। पोतै झेल्यौ नहीं।

फकीर नै कहै सांइ साहिब। जद ऊ कहै साहिब। उण पिण साहिब नै भळायौ।

जती नै कहै गुरांजी बंदनां। जद उवे कहै–'धर्म लाभ'। धर्म करौ तौ लाभ हुसी। म्हांरै भरोसै रहिजो मती।

भेषधारी नै कहै खमाउं स्वांमी, वांदूं स्वांमी। उवे कहै दया पाळौ। दया पाल्यां निहाल हुसौ पिण म्हांनें वांद्यां कोई तिरौ नहीं। इण रौ मुदौ यो है। ए पिण वंदणा झेलै नहीं। घर में माल विना हुंडी सीकारणी आवै नहीं। अनै साधां नै वंदना करै। जद उवे कहै—'जी' थांरी वंदना म्हे सतकारी थानें वंदणा रौ धर्म होय चूकौ।

कोई कहै—'जी' कहिणो कठै चाल्यो है।

तिण रौ उत्तर—रायप्रसेणी मै सूरीयाभ वंदना कीधी जद भगवांन छ बोल कह्या। तिण मै 'जीयमेयं सूरियाभा !' ए वंदना करौ ते थारौ जीत आचार है इम कह्यौ।

कोई कहै 'जीय' शब्द सूत्र मै है, थे 'जी' एक अक्षर ईज किम कहौ छौ।

तेह नौ उत्तर—ए 'जीय' शब्द नौ एक अक्षर 'जी' ते देश है। ते देश कह्यां दोष नहीं। सूत्र मै कठैक तौ वचन रौ पाठ वयण आवै अनें कठैक 'वय' आवै। इहां पिण देश आयौ। तथा धर्मास्तिकाय नै कठैक तो धम्मत्थिकाए एहवौ पाठ। कठैक 'धम्मा धम्मे आकासे'।

इहां पिण देश कह्यौ—तिम 'जीय' ए पाठ नौ देश 'जी' इम कहिवै दोष नहीं।

२९७. सपूत कपूत

स्वामीनाथ बोल्या—धर्म तौ दया म है।

जद हिंसाधर्मी बोल्या—दया-दया स्यूं पुकारौ छौ। दया रांड पड़ी उखरली मैं लौटै।

जद स्वामीजी कह्यौ—दया तौ माता कही। उत्तराध्ययन अ० २४ मैं आठ प्रवचन माता कही छै। तिण मैं दया आय गई। जिम कोई साहूकार आउखौ पूरौ कीयौ। लारै तिण री स्त्री रही। सो सपूत हुवै सो तौ तिण माता रा यत्न करै अनै कपूत हुवै ते ऊंधा अवळा बोलै।

ज्यूं दया रा धणी तौ भगवान ते तौ मुक्ति गया। लारे साध श्रावक सपूत ते तौ दया माता रा यत्न करै। अनै थां जिसा कपूत प्रगटीया सो रांड-रांड कहिनै ईज बोलावौ।

२९८. चोधरपणें मैं खींचातांण घणी

साधपणौ लेई शुद्ध न पाळै अनै साधरौ नाँम धरावै नाम धराय पूजावै। तिण ऊपर स्वामीजी दृष्टंत दीयौ—एक सुसला रै पाछै दोय छाळी नाहर दोड़्या। जद सुसलौ न्हासनै बिल मैं पैस गयौ। बिल मैं आगै लूंकड़ी बैठी तिण पूछ्यौ—तूं सास धमण होय न्हासनै क्यूं आयौ?

सुसलौ कुबदी ते बोल्यौ—अटवी ना जनावर भेळा होय न मोनै चोधर पणौ देवै। सो हूं तौ कोई लेऊं नहीं। तिण सूं न्हास नै उरहौ आयौ।

जद लूंकड़ी बोली—अरे! चोधरपणा मैं तौ बड़ौ स्वाद है।

जद सुसलौ बोल्यौ—थारौ मन हुवै तौ तूं लै। म्हारै तो कोई चाहीजै नहीं। जद लूंकड़ी चौधरपणौ लेवा बारै नीकली।

जद दोनूं छाली नाहर उभा हा। सो दोनूं कान पकड़ लिया। सद लोही झरती पाछी आई।

जद सुसलै पूछ्यौ—पाछी क्यूं आई।

तब लूंकड़ी बोली—चोधरपणै मैं खांचातांण घणी सो कान तूट गया तिण सूं पाछी आइ। ज्यूं साधपणौ लेई चोखौ न पाळै दोष लगावै प्राछित न ले अनै साध रौ नाम धरावै। लोकां मैं पूजावै ते इहलोक परलोक मैं लूंकड़ी ज्यूं खुराब ह्वै। नरक-निगोद मैं गोता खावै।

२९९. धसका पड़ै

किण हि कह्यौ—भीखणजी! जिहां थे जावौ तिहां लोकां रै धसका पड़ै।

जद स्वामीजी—बोल्या—गारड़ू आवै गाम मैं ते कहै डाकणियां नै

प्रभाते नीला कांटां मै बाळसां जद धसका डाकणियां रै पड़ै। तथा त्यांरा न्यातीलां रै पड़ै। पिण दूजा लोक तौ राजी हुवै।

ज्यूं साध गाम मै आयां भेषधारी हीण आचारी ज्यां रै धसका पड़ै। कै त्यांरा श्रावकां रै धसका पड़ै। अनै हलुकर्मी जीव ह्वै ते तौ घणा राजी ह्वै। जाणै वखांण सुणसां, सुपात्र दान देसां, ज्ञान सीखसां, साधां री सेवा करसां, इम राजी हुवै।

३००. पीलौ हो पीलौ निजर आवै

स्वामीजी सूं चरचा करतां कोई ऊंधो अवळौ बोलै—थांरी श्रद्धा कपट री। आचार मै प्रपंच घणौ।

जद स्वामीजी बोल्या—म्हारी श्रद्धा आचार तौ चोखौ है। पिण थांनै इसोज दीसे है। आप री आंख्यां मै पीळियौ घणौ वापरियौ मनुंष पीळा ई पीळा दीसै।

जद लोक बोल्या—मनुंष तौ फरहा फूटरा है। पिण थारी आंख मै पीळियौ है। तिण सूं मनुंष थांरी निजर मै पीळा आवै है।

ज्यूं श्रद्धा तौ पोता री कपट री। गुरु पोता रा खोटा सूझै नहीं अनै साधां नै खोटा कहै, कपट री श्रद्धा कहै।

३०१. तीन नावा

चोखा गुरु खोटा गुरु ऊपरै नावा नो दृष्टंत स्वामीजी दीयौ—तीन नावा। एक तौ काठ की साजी नावा, एक फूटी नावा, एक पत्थर नीं नावा।

साजी नावा समान तौ साधु आप तिरै ओरां नै तारै। फूटी नावा समांन भेषधारी, आप डूबै भोळां नै डबोवै। पत्थर की नावा समांन तीन सौ तेसठ पाषंडी ते प्रत्यक्ष विरुद्ध दीसै।

समझूं प्रथम तौ त्यानै मांनै नहीं। कदाच जो गुरु किया ह्वै तौ छोड़णा सोहरा। फूटी नावा सरीषा भेषधारी त्यांनै छोड़णां दोहरा। चुतर बुद्धिवांन ह्वै ते छोड़ै।

३०२. ते कांई साधपणौ पाळै

भूखां मरतां रोटी रै वासतै वेष पहरै त्यांनै कहै साधपणौ चोखौ पाळजो। जद स्वामीजी दृष्टंत दीयौ—पति मूवां तिणरी स्त्री नै सीढ़ी रे बांधनै बाळै तिण नै कहै सती माता तेजरा तोड़ज्यो। तौ उवा कांई तेजरा तोड़ै। ज्यूं भूखां मरतां रोटी रे वासतै भेष पहरै ते कांई साधपणौ पाळै।

३०३. पकवान तौ कड़वा कीधा

कुगुरां रा पखपाती नै साधु सुहावै नहीं। ते ऊपर स्वामीजी दृष्टंत दीयौ—जीमणवार में तावबाळो जीमवा गयो। बीजा लोकां नै कहै—पकवांन तौ कड़वा कीधा।

जद लोक बोल्या—म्हांनै तो चोखा लागै। तोनै कड़वा लागै सो थारा डील म जुर है।

ज्यूं मिथ्यात रूपीयौ रोग तिण नै साधु चोखा न लागै।

३०४. म्हे कातीक रा ज्योतिसी छां

किणहि कह्यौ—भीखणजी थे ढाळां मै टोळावाळां रा चरित ओळषाया सो थांनें किसी खबर पड़ी।

जद स्वामीजी बोल्या—म्हे आषाड़ महीनां रा ज्योतसी नहीं छां। काती महिनां रा ज्योतसी छां। ज्यूं आषाड़ महीनां रौ ज्योतसी हुवै ते आगूंच काती महिनां रौ धान रौ भाव बतावै।

ज्यूं म्हें आगमीया काळ आश्री न कही।

अनें काती महीनां रौ ज्योतषी ते भाव वर्त्ते तेहीज कहै।

ज्यूं म्हे वर्त्तमान चिरत देख्या जिसा बताया।

३०५. मिथ्यात रोग गमावा रौ अर्थी

मिथ्यात रूपीयौ रोग गमावा रौ अर्थी तिणनै सरधा आचार री ढाळां विशेष प्यारी लागै तिण ऊपर स्वामी दृष्टंत दीयौ—ज्यूं वैद कहै—लौ तेजरा री गोळी, लौ तेजरा री गोली। तौ तेजरौ गमावा रौ अर्थी तिणनै तेजरा री गोळी विशेष प्यारी लागै।

ज्यूं श्रद्धा आचार री ढाळां साध श्रावक नै तौ प्यारी लागै ईज है। अनै उणानै विशेष प्यारी लागै।

३०६. नीसाणे चोट लागे है

मिथ्यात मिटावा स्वामीजी हेतु युक्ति दृष्टंत देवै। जद किण हि पूछयौ—इतरा हेतु युक्ति दृष्टंत क्यूं आंणौ।

जद स्वामीजी बोल्या—नीसांणै चोट लागै है। नीसांणा विना चोट नहीं।

ज्यूं मिथ्यात गमावा नै अर्थे हेतु युक्ति दृष्टंत देवां हां।

३०७. ओ मार्ग किता वर्ष चालसी ?

किण हि पूछ्यौ—आप रौ इसौ सांकड़ौ मारग कितराइक वर्ष चालतौ दीसै है ?

जद स्वामीजी बोल्या–सरधा आचार मैं सेंठा रहै । वस्त्र पात्र उपगरण री मर्यादा न लोपै । थानक नहीं बंधीजै । तठा ताईं मारग चोखौ हालतौ दीसै है ।

आधाकर्मी थानक बंध्यां वस्त्र पात्र री मर्यादा लोप देवै कल्प लोपनै रहिवौ करै, जद ढीला पड़ै, अनै मर्यादा प्रमाणै चालै जितरै ढीला न पड़ै ।

३०८. नाम में फेर है

आधाकर्मी थानक मैं रहै अनै घर छोड्या कहै, तिण ऊपर स्वामीजी दृष्टंत दीयौ—ज्यूं जती रै उपासरौ । मथेरण रै पोशाल । फकीर रै तकीयौ । भक्तां रै अस्तल । फुटकर भक्तां रै मंढी । कानफड़ां रै आसण । संन्यासां रै मठ रामसनेहियां रै रामदुवारौ, कठे यक कहै राममोहिलो । घर रा धणी रै घर । सेठ रै हवेली । गाम रा धणी रै कोटरी । कठे यक कहै रावलो । राजा रै मैहल तथा दुरबार । अनै साधां रै थानक । नाम मैं फेर है, बाकी सगला घर रा घर है ।

कठे क कसी बूही । कठे यक कुदाला बूहा । पिण छ काया रौ आरम्भ तौ ज्यूं रौ ज्यूं परहौ हुऔ ।

३०९. उवे तौ खप करै है

अमरसींगजी रै बड़ेरो बोहतजी नै किणहि पूछ्यौ—शीतळजी रा साधां मैं साधपणौ है ?

जद बोहतजी कह्यौ—उणा मैं तौ किहां थी, हूंतौ मोमें ई न सरधूं ।

जद फैर पूछ्यौ—भीखणजी मैं साधपणौ है ? जद बोहतजी कह्यौ—उणा मैं तौ हुवै तौ अटकाव नहीं । उवे तौ खप करै है ।

३१०. भीखणजी चोखा साध है

जैमलजी पुर मैं वखाण देतां घणी परिषदा मैं किण हि गृहस्थ पूछ्यौ—भरी सभा मैं मिश्र भाषा बोल्यां महामोहणी कर्म बंधै । भीखणजी साध है कै असाध ?

जद जैमलजी बोल्या—भीखणजी चोखा साध है, पिण म्हांनै भेषधारी-भेषधारी कहै तिण सूं म्हे ई निह्नव कहां छां ।

३११. न करावौ तौ सरावौ क्यूं ?

जैतारण मैं धीरो पोखरणौ तिणनै टोडरमलजी कह्यौ—भीखणजी कहै थोड़ा दोष सूं साधपणौ भागै। जो यूं साधपणौ भागै तौ पार्श्वनाथजी री २०६ आर्य्यां हाथ पग धोया, काजळ घाल्या, डावरा डावरी रमाया ते पिण मरनै इन्द्र नीं इंद्राणियां हुई अनै एकावतारी हुई।

जद धीरजी पोखरणै कह्यौ—पूज्यजी, आंपां री आर्य्यां रै काजळ घलावौ हाथ-पग धौवावौ, डावरा डावरी रमावा री आज्ञा दौ। सो ए पिण एकावतारी होय जावै।

जद टोडरमलजी कह्यौ—रे मूरख, म्हे इसो काम क्यांनै करां।

जद धीरजी कह्यौ—न करावौ तौ उणां नै सरावौ क्यूं।

३१२. थाप क्यूं करौ ?

फेर टोडरमलजी धीरे पोखरणै नै कह्यौ—भीखणजी सूत्र नौ पाठ उथाप्यौ। साधु नै असूझतौ दोयां अल्प पाप बहुत निर्जरा भगवती मैं कह्यौ है।

जद धीरजी कह्यौ—पूज्यजी, आप गोचरी पधारघा म्हारै, कटोरदान मैं लाडू है। ते कटोरदान गोहां मैं है सो बारे काढ वहिराय देसूं। म्हारे ई अल्प पाप बहुत निर्जरा हुसी।

जद टोडरमलजी कह्यौ—रे मूरख, म्हे क्यां नै ल्यां।

जद धीरजी कह्यौ—न ल्यौ तौ थाप क्यूं करौ ?

उपसंहार

ए दृष्टांत केयक तौ स्वामीजी रे मूंढै सुण्यां। केयक और जागां पिण सुण्यां। तिण अनुसारे मंड़ाया, कोई संक्षेप हुंतो तिणनें उनमान न्याय जाणनै वधारचौ। विस्तार जाणनै संकोच्यो। तिण मैं कोई विरुद्ध आयौ हुवै तथा झूठ लागौ हुवै आघौ पाछौ विपरीत कह्यौ हुवै तौ "मिच्छामि दुक्कड़ं।"

दुहा

संवत उगणीसे तीए, कार्तिक मास मझार।
सुदि पख तेरस तिथ भली, सूर्यवार श्रीकार १
हेम जीत ऋष आदि दे, द्वादश संत दिपंत।
श्रीजीद्वारा शैहर मैं, कीयौ चौमासौ धर खंत २
हेम लिखाया हर्ष सूं, लिख्या जीत धर खंत।
सरस रसै करो सोभता, भीक्खू नां दृष्टंत ३
उत्पतिया बुद्धि आगला, भीक्खू गुण भंडार।
हितकारी दृष्टंत तसु, सांभळतां सुखकार ४

हिन्दी अनुवाद

१. बात करामात

बूंदी में सवाईराम ओस्तवाल से चर्चा करते समय भिक्षु ने कहा—"गाय और भैंस के मुंह के आगे अधिक चारा डालने पर वे उसे इधर-उधर बिखेर देते हैं।"

वह बोला—"मुझे पशु बना दिया।" वह नाराज हो गया।

तब स्वामीजी[1] ने कहा—"तुम यदि पशु हो गए, तो मेरा ज्ञान चारा हो जाएगा।" ऐसा कहने पर वह राजी हो गया। फिर उसने भिक्षु को गुरु बना लिया।

० कृष्णार्पण

किसी समय वेषधारी साधुओं ने सवाईराम से कहा—"हमने तेरापंथी साधुओं को इस प्रकार उत्तर दिया, इस प्रकार उत्तर दिया, उन्हें परास्त कर दिया।

तब सवाईराम बोला—"दो जनों के झगड़ा होने पर एक आदमी अपने घर को कृष्णार्पण कर देता है। दूसरा कलह करने से डरता है, अपने घर की सुरक्षा करता है। इसी प्रकार तेरापंथी साधु अपने साधुपन की सुरक्षा करता है। वह अंट-संट बोलने से भय खाता है। तुमने अपना घर कृष्णार्पण कर रखा है। तुम्हारे सामने अपने साधुपन की सुरक्षा का प्रश्न नहीं। इसलिए तुम जैसा मन में आता है, वैसा बोलते हो।" यह कह कर उसने उन वेषधारी साधुओं को निरुत्तर कर दिया।

० झूठी चुगली

एक दिन चर्चा करते समय वेषधारी साधुओं ने कहा—"तुम हमें दोषी बतलाते हो। पर तुम्हारे गुरुओं को भी छोटे किवाड़ खोलने का दोष लगता है।

तब सवाईराम ने कहा—"किसी राजा का एक मंत्री राजस्व का गबन नहीं करता। दूसरा मंत्री उससे द्वेष रखता था, इसलिए उसने उसकी शिकायत की—"यह राजस्व का गबन करता है।"

राजा ने दोनों को इकट्ठा कर पूछा, तब चुगलखोर मंत्री ने कहा—"इसने बच्चों को सरकारी पन्ने, स्याही और लेखनी दी है।"

तब उस मंत्री ने कहा—"मैंने बच्चों को पन्ने, स्याही और लेखनी दी है, वे उन्हें पढ़ाने के लिए दी हैं। वे शिक्षित होने पर सरकारी सेवा में ही लगेंगे।" यह सुन राजा प्रसन्न हो गया। चुगलखोर मंत्री लज्जित हो गया।

जैसे चुगलखोर मंत्री ने झूठी चुगली की और झूठा दोष बतलाया, वैसे तुम भी छोटा किवाड़ खोलने का दोष बतलाते हो, इसलिए तुम भी झूठे हो।"

२. उपकार ही किया

पाली में भीखणजी स्वामी आज्ञा ले एक दुकान में ठहरे। एक आचार्य ने उस दुकान वाले के घर जाकर उसकी पत्नी से कहा—"ये कार्तिक शुक्ला पूर्णिमा तक

१. आचार्य भिक्षु के लिए प्रस्तुत कृति में स्वामीजी, भिक्खु, भिक्षु आदि प्रयोग किया गया है।

तुम्हारी दुकान नहीं छोड़ेंगे।"

तब उस बहिन ने स्वामीजी से कहा—"तुम्हें यहां रहने की मेरी आज्ञा नहीं।"

तब भिक्षु ने कहा—"चतुर्मास में भी तुम कहोगी तब हम यहां से चले जाएंगे।"

उस समय वह बहिन बोली—"मुझे तुम्हारे जैसे ही साधु कह गए हैं कि चतुर्मास शुरू होने पर वे यहां से नहीं जाएंगे। इसलिए मेरी आज्ञा नहीं।"

उसके मना करने के बाद आचार्य भिक्षु स्वयं गोचरी गए। उदयपुरिया बाजार में दुकान की दूसरी मंजिल की याचना की। उसके प्राप्त हो जाने पर आप स्वयं वहां बैठ गए, साधुओं को भेज उपकरण मंगवा लिए। दिन में वे उस दूसरी मंजिल पर रहते और रात को वे नीचे दुकान में व्याख्यान देते। परिषद् काफी जुट जाती। बहुत लोगों ने सम्बोधि प्राप्त की। आचार्यजी ने शय्यातर (दुकान-मालिक) से बहुत कहा—"तुमने इन्हें जगह क्यों दी? ये अविनीत हैं, निह्नव (मिथ्या प्ररूपणा करने वाले) हैं।

तब उसने कहा—"कार्तिक पूर्णिमा तक तो मनाही नहीं करूंगा।"

कुछ दिनों बाद बहुत वर्षा हुई। स्वामीजी जिस दुकान में पहले ठहरे थे, उस दुकान का शहतीर टूट गया। सैकड़ों मन वजन नीचे गिरा। इस बात को सुन स्वामीजी ने कहा—"जो हमें दुकान छुड़ाने में रहे, उन पर छद्मस्थ स्वभाव के कारण आक्रोश की लहर आने का प्रसंग था। पर उन्होंने हमारा उपकार ही किया। (यदि हम वहां रहते तो आज क्या होता?)"

ऐसे थे स्वामीजी क्षमाशील।

३. अच्छा या बुरा?

पीपाड़ में आचार्य रुघनाथजी के शिष्य जीवणजी ने आचार्य भिक्षु से कहा—"साधु आहार करता है, वह 'अव्रत' और 'प्रमाद, है।

तब स्वामीजी ने कहा—"जो काम भगवान की आज्ञा में है, वह अच्छा है।" पर जीवणजी ने यह बात मानी नहीं। फिर स्वामीजी ने पूछा—"साधु आहार करता है वह काम अच्छा है या बुरा?"

जीवणजी ने कहा—"साधु आहार करता है, वह बुरा काम है; त्याग करता है, वह अच्छा काम है।"

शौच आदि के लिए जाते-आते समय रास्ते में मिलते, तब स्वामीजी पूछते—"जीवणजी! बुरा काम करके आए हो या जाकर करना है?"

इस प्रकार बार-बार पूछने से जीवणजी सकपका गए और बोले—"भीखणजी! साधु आहार करता है, वह अच्छा ही काम है।"

४. बिना लाभ का आरम्भ

कंटालिया में भीखणजी स्वामी का मित्र था, नाम था गुलोजी गादिया। उससे स्वामीजी ने पूछा—गुला! तुमने खेती की है?

"हां, स्वामीनाथ! की है।"

स्वामीजी ने पूछा—"उपज कितनी हुई और खर्च कितना लगा?

गुलजी बोले—"स्वामीनाथ! दस रुपये लगे हैं। कुछ हल जोतने के भाड़े के,

कुछ निदाई के और कुछ बीज के। कुल दस रुपये लगे।"

स्वामीजी ने पूछा—"वापस कितने आए ?"

तब गुलजी ने कहा—"स्वामीनाथ ! लगभग दस रुपयों का माल वापस आया—कुछ रुपयों के मूंग, कुछ चारा, कुछ बाजरी, सब दश रुपयों का माल वापस आया। जितना लगा, उतना आ गया। बेचारी खेती का कोई दोष नहीं।"

तब स्वामीजी बोले—"गुला ! ये दश रुपये कोठे के आले में पड़े रहते तो तुझे इतना पाप तो नहीं लगता। ऐसा आरम्भ क्यों किया ?"

५. प्रसन्नता या अप्रसन्नता

देसूरी का नाथो नाम का साधू। उसने स्त्री, मां और पुत्री को छोड़ दीक्षा ली, पर उसकी प्रकृति कठोर। वह अच्छी तरह आज्ञा में नहीं चलता। वह लगभग तीन वर्ष गण में रहा, फिर उससे अलग हो गया। वह जिनके पास था, उन साधुओं ने स्वामीजी से कहा—"नाथो गण से अलग हो गया।"

तब स्वामीजी बोले—"किसी के फोड़ा बहुत दर्द करता था और वह फूट गया; तो वह राजी है या नाराज ?"

"ऐसे ही दुःखदायी के अलग हो जाने पर अप्रसन्नता नहीं होती।"

६. राग-द्वेष

राग-द्वेष की पहचान करने के लिए स्वामीजी ने दृष्टांत दिया कोई बच्चे के सिर पर मारता है, तब लोग उसे उलाहना देते हैं—'भले आदमी ! बच्चे के सिर पर क्यों मारता है ?' और किसी ने बच्चे के हाथ में लड्डू दिया, मूली दी, उसे कोई नहीं बरजता।" इस राग को पहिचानना कठिन है और उस द्वेष को पहिचानना सरल है। इसीलिए शास्त्रकार ने वीतराग' कहा, वीतद्वेष' नहीं। राग बाद में मिटता है और द्वेष पहले ही मिट जाता है।

७. सिरोही राव का 'पालका'

सं० १८५२ के लगभग आचार्य जयमलजी के संप्रदाय से गुमानजी, दुर्गादासजी, पेमजी, रतनजी आदि सोलह साधु अलग हो गए। स्थानक, नित्य-पिंड, कलाल के घर से पानी लेने आदि कुछ बातों का परित्याग कर उन्होंने नया साधुपन स्वीकार किया, पर 'पुण्य' के विषय में श्रद्धा तो वही थी। तब लोग कहने लगे—"जैसे भीखणजी संघ से अलग हुए, वैसे ही ये भी अलग हुए।"

तब स्वामीजी बोले—"उन्होंने सिरोही के रावजी का "पालका" बनाया है। सिरोही—राव के सामन्तों और कामदारों ने विचार किया कि उदयपुर, जयपुर और जोधपुर नरेशों के पास पालकी है। अपने भी पालकी बनाएं। ऐसा सोच, बांस के डंडों को बांध, उस पर छाया करने के लिए ऊपर लाल वस्त्र डाल "पालका" बनाया। पालकी का बांस तो मुड़ा हुआ होने के कारण टेढ़ा होता है, इस बात को वे समझ नहीं पाए और उन्होंने जो 'पालका' बनाया, उसमें सीधे बांस डाल दिये। इसलिए वह भद्दा पालका बन गया। वैसे पालके में राव को बिठा हवा खाने के लिए निकले। उसके साथ आगे और पीछे अनेक लोग गांव बाहर तक आए। उस समय खेत के पास

वृक्ष की छाया के नीचे उन्होंने विश्राम किया। तब किसान बोले—"यहां मत जलाओ रे, मत जलाओ। बच्चे और बच्चियां डरेंगे।

तब रावजी के साथ वाले कर्मचारी बोले—"मत बोलो रे, मत बोलो। ये रावजी हैं रे, रावजी। तब किसान बोले—"बात डुब गई। रावजी मर गए? हमने तो सोचा—रावजी की मां मर गई है।" तब कर्मचारियों ने किसानों से कहा—"जयपुर, जोधपुर वालों के पास पालकी है। इसलिए रावजी के 'पालक' बनाया था, अतः रावजी यहाँ हवा खाने के लिए आए हैं।

तब किसान बोले—इसे 'डोल' (रथी या बैकुंठी) जैसा क्यों बनाया?

स्वामीजी बोले—"जैसा सिरोही रावजी का पालका, वैसा ही इनके नए साधुपन का स्वीकार। किन्तु श्रद्धा मिथ्या है। ये जीव खिलाने में पुण्य मानते हैं, सावद्य दान में पुण्य मानते हैं, इसलिए इनमें सम्यक्त्व और चारित्र—दोनों में से एक भी नहीं।"

८. जैसा संग, वैसा रंग

गुमानजी के साधु दुर्गादासजी से भीखणजी स्वामी ने कहा—"हम आधाकर्मी (साधु-निमित्त कृत) स्थानक में दोष बतलाते, तब तुम मानते नहीं और अब उनसे (आचार्य जयमलजी से) अलग हो जाने के बाद तुम भी आधाकर्मी स्थानक का निषेध करने लग गए।"

तब दुर्गादासजी बोले—"रावण के सामन्त उसे बुरा जानते थे, फिर भी गोली राम की ओर ही दागते थे। वैसे ही हम उनके साथ थे, तब हम भी स्थानक का निषेध नहीं करते थे और आप स्थानक का निषेध करते, तब हम आपसे द्वेष करते थे।"

९. धीमे-धीमे दृढ़ होंगे

गुमानजी के साधु पेमजी ने हेमराजजी स्वामी से कहा—"तीन तुम्बे अधिक थे, वे आज फोड़ डाले।"

तब हेमराजजी स्वामी ने कहा—"उनसे अलग होकर नया साधुपन स्वीकार किए हुए तुमको बहुत दिन हो गए। फिर तीन तुम्बे अधिक थे, वे आज फोड़ डाले, उसका क्या कारण?

तब पेमजी ने कहा—हम शिथिल हो गए थे, सो अब दृढ़ धीमे-धीमे होंगे।

फिर हेमराजजी स्वामी ने भीखणजी स्वामी से कहा—"महाराज! आज पेमजी ने ऐसी बात कही—"हम शिथिल पड़ गए, सो अब दृढ़ धीमे-धीमे होंगे।"

तब स्वामीजी बोले—तुमने यों क्यों नहीं कहा—किसी ने आजीवन शीलव्रत स्वीकार किया। छह महीनों के बाद वह बोला—"एक स्त्री मैंने आज छोड़ी है।" तब किसी ने कहा—"तुम्हें शील स्वीकार किए तो बहुत महीने हो चुके हैं?" तब वह बोला—"शिथिल पड़े थे, अब दृढ़ धीमे-धीमे होंगे।"

१०. साधु-असाधु

पादु के उपाश्रय में भीखणजी स्वामी और हेमराजजी स्वामी गोचरी के लिए जा रहे थे। इतने में सामीदासजी के दो साधु मलिन वस्त्र पहने, कंधों पर पुस्तकों का जोड़ा

उठाए हुए, विहार करते हुए, "भीखणजी कहां है ? भीखणजी कहां है ?" यह कहते हुए आए ।

स्वामीजी ने कहा—"मेरा नाम है भीखण ।"

तब वे बोले—"आपको देखने की मन में थी ।"

तब स्वामीजी ने कहा—"देखो ।"

तब वे बोले—"आपने सब बात अच्छी की, पर एक बात अच्छी नहीं की ।"

स्वामीजी ने पूछा—"क्या ?"

तब उन्होंने कहा—"हम बाईस संप्रदायों के साधु हैं, उन्हें आप असाधु बतलाते हैं ।"

तब स्वामीजी ने पूछा—"तुम किनके साधु हो ?" तब उन्होंने कहा—"हम सामीदासजी के साधु हैं ।"

तब स्वामीजी ने कहा—"तुम्हारे संप्रदाय में ऐसा लिखत (विधान) है कि इक्कीस संप्रदायों में से कोई साधु तुम्हारे संप्रदाय में आए तो नई दीक्षा देकर उसे संप्रदाय में मिलाएं । ऐसा लिखत है, क्या तुम जानते हो ?"

तब वे बोले—"हां ! हम जानते हैं ।" तब स्वामीजी ने कहा—"इक्कीस संप्रदाय को तो तुम लोगों ने ही असाधु स्थापित कर दिया । गृहस्थ को दीक्षा देकर अपने में मिलाते हो और उन्हें भी दीक्षा देकर अपने में मिलाते हो । इस हिसाब से इक्कीस संप्रदायों को तुमने गृहस्थ के बराबर समझ लिया । इस दृष्टि से इक्कीस संप्रदायों को तुमने ही असाधु स्थापित कर दिया । एक तुम्हारा सम्प्रदाय बचा । भगवान् ने कहा—'जिसे दो उपवास का प्रायश्चित्त प्राप्त हो, उसे कोई तीन उपवास का प्रायश्चित्त दे, तो देने वाले को तीन उपवास का प्रायश्चित्त आए ।' तुम उन्हें (इक्कीस संप्रदायों को) साधु मानते हो और फिर उन्हें नई दीक्षा देते हो, सो तुम्हारे हिसाब से तुम्हें नई दीक्षा लेनी होगी । इस हिसाब से तुम्हारा संप्रदाय भी असाधु ठहर जाता है ।" यह सुन वे बोले—"भीखणजी ! आपकी बुद्धि प्रबल है ।" यह कहकर जाने लगे ।

स्वामीजी ने कहा—"यदि तुम यहां रहो, तो आज चर्चा करें ।" तब वे बोले—"हमारी यहां रहने की स्थिरता नहीं है ।" यह कहकर वे चलते बने ।

११. मान्यता और प्ररूपणा का भेद

एक गांव में स्वामीजी ठहरे हुए थे । वहां अमरसिंहजी के दो साधु—ईसरदासजी और मोजीरामजी आए । वे जहां ठहरे वहां स्वामीजी गए और उनसे प्रश्न पूछा—"किसी व्यक्ति ने अनुकम्पा ला भूख से पीड़ित आदमी को मूली दी । उसमें क्या हुआ ?"

जब वे बोले—"ऐसा प्रश्न, जो मिथ्यात्वी होता है, वही पूछता है ।"

तब स्वामीजी बोले—"पूछने वालों ने तो पूछ लिया, पर उत्तर देने वाला उत्तर देने से मिथ्यात्वी बनता हो, तो उत्तर मत दो ।"

तब वे बोले—"हम तो मूली में पाप बतलाते हैं ।"

तब स्वामीजी ने कहा—"मूली में पुण्य और पाप दोनों हैं । पर अनुकम्पा ला

मूली खिलाने पर कुछ लोग 'मिश्र' कहते हैं।"

तब उन्होंने कहा —"जो 'मिश्र' कहता है, वह पापी।"

फिर पूछा—"कोई पाप कहता है?"

वे बोले—"जो पाप कहता है, वह भी पापी।"

फिर पूछा— "कोई पुण्य कहता है ?"

तब बोले—"जो पुण्य कहता है, वह भी पापी।"

तब स्वामीजी गहरी विचारणा कर बोले—"कुछ लोग पुण्य मानते हैं।"

तब वे बोले—"वही मानेगा, जो मन में जचेगा।"

तब स्वामीजी बोले—"तुम्हारी मान्यता पुण्य की है। तुम लोग पुण्य की प्ररूपणा नहीं करते, किन्तु उसे मानते हो।" इत्यादि बातें कर उन्हें निरुत्तर कर स्थान पर पधारे।

१२. स्वर्गगामी या नरकगामी

पाली में एक व्यक्ति स्वामीजी से चर्चा करते समय अन्ट-सन्ट बोला। उसने कहा—"तुम्हारे श्रावक ऐसे दुष्ट हैं कि किसी के गले में फांसी का फंदा नहीं निकालते।" वह बहुत विपरीत बोलने लगा, तब स्वामी भीखणजी बोले—"तुम्हारा और हमारा मत कहो। समुच्चय में ही बात करो।"

तब कुछ पास आकर बोला—"क्या समुच्चय में बात कहूं ?"

तब स्वामीजी बोले – "एक आदमी ने वृक्ष से लटक कर फांसी ले ली। उस मार्ग से जाते हुए दो व्यक्तियों ने उसे देखा—"एक फांसी के फंदे को खोलता है, वह कैसा और जो फांसी के फंदे को नहीं खोलता, वह कैसा ?"

तब वह बोला—"जो फांसी के फंदे को खोलता है, वह महान, उत्तम पुरुष है, मोक्षगामी, स्वर्गगामी और दयालु है।" इस प्रकार उसके अनेक गुण बतलाए। "फांसी के फंदे को नहीं खोलने वाला महान् पापी, महान् दुष्ट और नरकगामी है।"

तब स्वामीजी ने कहा—"तुम और तुम्हारे धर्मगुरु दोनों जा रहे हो तो उसके फांसी के फंदे को कौन खोलेगा ?"

तब वह बोला—"मैं खोलूंगा।"

"तुम्हारे गुरु खोलेंगे या नहीं ?"

तब वह बोला—"वे क्यों खोलेंगे; वे तो साधु हैं।"

तब स्वामीजी बोले—"मोक्षगामी और स्वर्गगामी तो तुम ठहरे और तुम्हारे हिसाब से नरकगामी तुम्हारे गुरु ठहरे।"

तब वह अपने ही तर्क में उलझ गया और उत्तर देने में असमर्थ रहा।

१३. मुझे तो अवगुण 'निकालने' हो हैं

किसी ने कहा—"भीखणजी ! बाईस संप्रदाय वाले तुम्हारे अवगुण निकालते हैं ?"

तब स्वामीजी बोले—"अवगुण निकालते हैं या भीतर डालते हैं ?"

तब वह बोला—"निकालते हैं।"

तब स्वामीजी ने कहा—"भले ही निकाले", कुछ-एक वे अवगुण "निकाल" रहे हैं, कुछ-एक मैं "निकाल" रहा हूं। मुझे तो अवगुण "निकालने" ही हैं।

१४. 'सातो'

पीपाड़ में कुछ लोगों ने मनसूबा कर पूछा—"भीखणजी ! लोकभाषा में यों कहा जाता है—"सात-सात दूंगा और एक-एक गिनूंगा।" उसका अर्थ क्या है ?"

तब स्वामीजी बोले—"उसका अर्थ बिल्कुल सीधा है। सात सुपारी देते हैं और एक "साता" गिनते हैं।"

लोग यह सुनकर आश्चर्यचकित हो गए।

१५. तुम्हारे लिए नरक ही बचा

भीखणजी स्वामी देसूरी जा रहे थे। बीच में घाणेराव के महाजन मिले। उन्होंने पूछा—"तुम्हारा क्या नाम है ?"

स्वामीजी बोले—"मेरा नाम है भीखण।"

तब वे बोले—"भीखण तेरापंथी, वे हो तुम !"

तब स्वामीजी ने कहा—"हां, वही हूं।"

तब वे क्रोध के साथ बोले—"तुम्हारा मुंह दीख जाने पर आदमी नरक में जाता है।"

तब स्वामीजी ने कहा—"तुम्हारा मुंह दीखने पर ?"

तब वे बोले—"हमारा मुंह दीखने पर आदमी देवलोक और मोक्ष में जाता है।"

तब स्वामीजी ने कहा—"हम तो यों नहीं कहते—किसी का मुंह दीखने पर कोई स्वर्ग या नरक जाता है। परन्तु तुम्हारे कहने के हिसाब से तुम्हारा मुंह हमने देखा; अतः मोक्ष और देवलोक में तो हम जाएंगे। और हमारा मुंह तुमने देखा है, अतः तुम्हारे कहने के अनुसार तुम्हारे हिस्से में नरक ही रहा।"

१६. प्रायश्चित्त किस बात का ?

सं० १८४५ के वर्ष (स्वामीजी ने) पीपाड़ में चातुर्मास किया। हस्तुजी और कस्तुरांजी का पिता था जगू गांधी। उसे चर्चा करते समय स्वामीजी की मान्यता में विश्वास पैदा हो गया। उसके बाद वेषधारी साधु ने जगू गांधी से कहा—"भीखणजी की मान्यता गलत है—किसी श्रावक को बासती[2] देने में भी पाप कहते हैं और किसी गृहस्थ की चादर चोर ले गया, उसमें भी पाप कहते हैं। इस प्रकार चोर और श्रावक को सरीखा गिनते हैं।"

तब जगू गांधी ने स्वामीजी से यह बात पूछी—"यह कैसे न्याय संगत होगा ?"

तब स्वामीजी ने कहा—"उनसे पूछना—"तुम्हारी चादर कोई चुरा कर ले गया

---

१. साता—सुपारी, सिंघोड़ा खारक आदि की पांच-पांच अथवा सात-सात की संख्या, जो विवाह के समय कन्या या वर पक्ष में दी-ली जाती है।

२. खादी का एक प्रकार। इस विषय में एक दोहा है—गजी मेमूंदी, बासती……।

अथवा तुमने अपनी चादर किसी श्रावक को दे दी, इन दोनों में से तुम्हें किस बात का प्रायश्चित्त करना होगा ?" यदि वे चोर चादर को चुरा कर ले गया, उसका प्रायश्चित्त न बतलाये और श्रावक को चादर दी, उसका प्रायश्चित्त बतलाए, तो उनके हिसाब से ही श्रावक को चादर देना दोषपूर्ण ठहरता है।"

इसके बाद जगू गांधी ने उनको छोड़ स्वामीजी को गुरु बना लिया।

१७. बहुत अप्रिय लगा

संवत् १८४५ में पीपाड़ चातुर्मास में बहुत लोगों ने स्वामीजी के विचारों को स्वीकार किया। जगू गांधी ने स्वामीजी के विचारों को स्वीकार किया, वह वेषधारियों के श्रावकों को बहुत अखरा। तब लोगों ने कहा—"भीखणजी ! जगू ने आपके विचारों को स्वीकार किया, वह दूसरों को भी अखरा, किन्तु खेतसीजी लूणावत को बहुत ज्यादा अखरा। वह बहुत चिंता करता है।"

तब स्वामीजी ने कहा—"कोई परदेश में मर गया, उसकी खबर आने पर चिंता तो बहुत लोग करते हैं पर लम्बी कैंचूली तो एक ही पहनती हैं[1]।"

१८. रात छोटी और बड़ी

उसी (पीपाड़ के) चातुर्मास में (स्वामीजी का) व्याख्यान सुन लोग बहुत राजी होते थे। कोई द्वेषी कहता—"रात बहुत चली गई। सवा प्रहर या डेढ़ प्रहर।" तब स्वामीजी ने कहा—"दुःख की रात बड़ी लगती है। विवाह आदि के प्रसंग पर सुख की रात छोटी लगती है। ठीक संध्या के समय पर मनुष्य मर जाता है, तो वह दुःख की रात्रि बहुत बड़ी लगती है। इसी प्रकार जिनको व्याख्यान अच्छा नहीं लगता, उन्हें रात बहुत बड़ी लगती है।

१९. झांझ विवाह की या शव यात्रा की

उसी (पीपाड़ के) चतुर्मास में कुछ लोग व्याख्यान नहीं सुनते, दूर बैठे निंदा करते हैं। तब किसी ने कहा—"भीखणजी ! आप तो व्याख्यान देते हैं और ये निंदा करते हैं।'

तब स्वामीजी ने कहा—"झांझ के बजने पर कुत्ते का स्वभाव रोने का होता है, पर वह यों नहीं समझता कि यह झांझ विवाह की है या शव यात्रा की। वैसे ही ये यह नहीं समझते कि व्याख्यान में ज्ञान की बात आती है, उससे राजी होना तो कहीं रहा, प्रत्युत निंदा करते हैं। इनका निंदा करने का स्वभाव है, इसलिए इन्हें उलटी बात सूझती है।"

२०. जैसा गुड़ वैसा मिठास

उस पीपाड़ में एक गेबीराम नाम का चारण 'भक्त' था। लोगों में पूजा जाता था। वह अन्य भक्तों को लपसी खिलाता था। उसे लोगों ने बहकाया—"तुम भक्तों को लपसी खिलाते हो, उसमें भीखणजी पाप कहते हैं।"

तब वह भक्त गेबीराम हाथ में घोटा ले, घुंघरु बजाता हुआ, स्वामीजी के पास

---

१. स्त्री विधवा होने पर लम्बी कैंचूली पहनती है।

आया और बोला—"हे भीखण बाबा ! मैं भक्तों को लपसी खिलाता हूं, उसमें क्या होता है।"

स्वामीजी बोले—"लपसी में जैसा गुड़ डाला जाता है, वह वैसी ही मीठी होती है।"

यह सुन वह बहुत राजी हुआ, भीखण बाबा ने बहुत अच्छा उत्तर दिया।

लोग बोले—"भीखणजी ने मानो पहले ही उत्तर घड़ रखा था।"

२१. खेती गांव की सीमा पर····

सं० १८५३ में स्वामीजी ने सोजत में चतुर्मास किया। बहुत लोगों ने स्वामीजी के विचार को स्वीकार किया। तब किसी ने कहा—"भीखणजी ! आपने उपकार तो अच्छा किया, बहुत लोगों को तत्त्व समझा दिया।"

तब स्वामीजी बोले—"खेती तो की है, पर गांव की सीमा पर। यदि गधे उसमें नहीं घुसेंगे, तो वह टिक पाएगी, अन्यथा उसका टिकना कठिन है।"

२२. लड्डू खण्डित है पर है बूंदी का

स्वामीजी अपने गुरु से पृथक् हो गए। साध्वियों की दीक्षा नहीं हुई थी, तब की बात है। किसी ने कहा—"तुम्हारे तीर्थ तीन ही हैं। लड्डू है, पर वह खण्डित है।"

तब स्वामीजी बोले—"खण्डित तो है, पर है वह चौगुनी/चार गुणा चीनी, घी का।"

२३. समालोचना भी आवश्यक

रीयां गांव में स्वामीजी ने व्याख्यान में आचार की गाथा कही। उसे सुन मोतीराम बोहरा बोला—"भीखणजी! बन्दर बूढ़ा हो जाता है, फिर भी गूलांचें भरना नहीं छोड़ता। वैसे ही तुम बूढ़े हो गए, फिर भी तुमने दूसरों की टीका-टिप्पणी करना नहीं छोड़ा है।

तब स्वामीजी बोले—"तुम्हारे बाप ने हुण्डियां लिखीं, तुम्हारे दादे ने हुण्डियां लिखीं, तुमने भी पाट-पाटिए समटे नहीं।"[1]

दीपचंद मुणोत ने मन में सोच अपने साथी-मित्रों से कहा— 'भीखणजी का ऐसा वचन निकला है, इसलिए लगता है कि इसके पाट-पाटिए सिमट जाएंगे।"

तब सब ने अपने-अपने रुपए टान लिए। कुछ ही दिनों में उसका दिवाला निकल गया, पाट-पाटिए सिमट गए—व्यापार ठप्प हो गया।

२४. हिंसा में पुण्य कैसे ?

रीयां गांव में अमरसिंहजी का साधु तिलोकजी स्वामीजी के पास आकर बोला—"सूत्र में अन्न-पुण्य, पान-पुण्य आदि नव प्रकार के पुण्य बतलाए हैं। भगवान ने प्रदेशी की 'दानशाला' कही, पर पापशाला नहीं कही। भगवान ने 'अन्नपुण्य' कहा, पर 'अन्नपाप' नहीं कहा। अरे ! तुमने तो दान-दया उठा दी।"

स्वामीजी बोले—"किसी ने अनुकम्पा कर किसी को सेर बाजरा दिया। उसमें

---

१. यह वाक्यांश है। इसका अर्थ है—दुकान उठाई नहीं, दिवाला निकाला नहीं।

पुण्य तो है न ?"

तब वह बोला—"हम क्या जाने ? हम तो लिखा हुआ पढ़ते हैं । हमने आगरा का पानी पिया है, हमने दिल्ली का पानी पिया है ।"

तब स्वामीजी बोले—"दिल्ली और आगरा में तो गायें कटती हैं । इसमें (दिल्ली और आगरा का पानी पिया, उसमें) कौन सी विशेषता हुई ? सूत्र पढ़े हो, तो बतलाओ ।"

इतने में लूंका गच्छ का रतनजी यति आया । उसने यह बात सुनी और तिलोकजी को टोकते हुए बोला—"हम शिथिल हो गए हैं, तो भी अनाज के एक दाने में चार पर्याप्ति, चार प्राण मानते हैं । उसे खिलाने से पुण्य कैसे होगा ? और तुम मुख-वस्त्रिका बांध कर क्यों खराब हुए, जबकि तुम एकेन्द्रिय जीव को खिलाने में पुण्य बतलाते हो ?"

इस प्रकार उसे निरुत्तर कर दिया, तब वह चला गया ।

२५. वास्तविकता कौन जानेगा ?

रीयां गांव में हरजीमलजी सेठ ने कपड़ा लेने की प्रार्थना की । स्वामीजी बोले "तुम साधुओं के लिए वस्त्र मोल लेकर देते हो, तो उसे हम नहीं ले सकते ।"

तब सेठ बोला—"दूसरे साधु तो लेते हैं । मैंने वस्त्र खरीद कर दिया, उसमें मुझे क्या हुआ ?"

तब स्वामीजी बोले—"उन्हीं को पूछ लो ।"

तब सेठ बोला—"कहने में तो वे भी खरीद कर वस्त्र देने में पाप ही बतलाते हैं, पर उसे स्वीकार तो कर लेते हैं ।"

"हमारे पहनने-ओढने के वस्त्रों में से कोई वस्त्र आप लें ।

तब स्वामीजी बोले—"वह भी नहीं लेंगे । दूसरे साधु भी वस्त्र ले गए और भीखणजी भी वस्त्र ले गए । इसमें वास्तविकता का पता कौन लगाएगा ?"

२६. यह झगड़ा हमसे नहीं निपटेगा

हरजीमलजी सेठ अनुरागी हो गया, तब आचार्य रूघनाथजी का साधु उरजोजी एक लंबा कागज लेकर पढ़ने लगा । भीखणजी ने अमुक गांव में सचित्त पानी लिया, अमुक गांव में किवाड़ बन्द कर सोए, अमुक गांव में नितपिंड आहार लिया—इत्यादि अनेक दोष उस पत्र से पढ़ने लगा ।

तब सेठ बोला—"तुम जोधपुर जाओ । राजा के पास जा पुकार करो । यह तो बकवास है । यह झगड़ा हमसे निपटने वाला नहीं है । तुम इतने दोष बतलाते हो और भीखणजी कहेंगे—'हमने एक भी दोष का सेवन नहीं किया ।' इसकी सचाई हम कैसे जान पाएंगे ?"

तब उरजोजी बोला—"भीखणजी भी हमें कहते हैं, तुम्हें यह दोष लगता है, तुम्हें यह दोष लगता है ।"

तब सेठ बोला—"भीखणजी तो सूत्र के साक्ष्य से समुच्चय में (किसी का नाम लिए बिना) कहते हैं—"साधुओं को यह काम करना नहीं है, साधुओं को यह काम करना नहीं है ।"

यह कह उसे निरुत्तर कर दिया ।

२७. सूखे ठूंठों को क्या शीतदाह लगे ?

पीपाड़ में व्याख्यान के समय बहुत लोगों के सुनते हुए ताराचंद सिंघी बोला—"तुम व्याख्यान सुनते हो, तुम्हें शीतदाह लग जाएगा, कुम्हला जाओगे।"

तब स्वामीजी बोले—"शीतदाह हरे वृक्षों को जलाता है, पर वह सूखे ठूंठों को क्या जलाएगा ?"

यह सुन लोग बहुत राजी हुए कहने लगे—"अच्छा उत्तर दिया।"

२८. मृत्युभोज के लड्डू

किशनगढ़ में स्वामीजी पधारे। गोचरी के लिए गए। वेषधारी साधु चर्चा करने उनके पीछे-पीछे आए। स्वामी "पांडिया के बास" मोहल्ले में गोचरी के लिए गए। वेषधारी साधु उस मोहल्ले के मोड़ पर चर्चा करने की दृष्टि से खड़े थे।"

तब मलजी मेहता ने कहा—"इस चर्चा में तुम स्वाद नहीं पाओगे।" बहुत कहा—पर उन्होंने उनकी एक बात नहीं मानी। इतने में स्वामीजी गोचरी कर वापस आए।

तब वेषधारी साधुओं ने कहा—"भीखणजी ! तुम वैरागी कहलाते हो, इस मोहल्ले में 'मृत्युभोज' था, वहां से पकवान लाए हो ?"

तब भीखणजी स्वामी ने कहा—"इसमें दोष क्या ?"

तब वेषधारी साधु बोले—"तुम वैरागी कहलाते हो और ऐसा काम करते हो ?"

बहुत लोग इकट्ठे हो गए। स्वामीजी बोले—"हम तो मृत्युभोज के पकवान नहीं लाए।"

तब वेषधारी साधुओं ने कहा—"यदि नहीं लाए हो, तो पात्र दिखलाओ।"

स्वामीजी ने बहुत देर तक पात्र नहीं दिखलाए। पीछे वेषधारी साधुओं ने पात्र दिखलाने के लिए बहुत आग्रह किया। तब बहुत लोगों के सामने उन्होंने पात्र दिखलाए। उनमें लड्डू नहीं। तब वेषधारी साधु बहुत लज्जित हुए। तब मलजी ने कहा—"मैंने तुम्हें पहले ही बरजा था कि भीखणजी से चर्चा मत करो। क्या लाभ हुआ ? बहुत लोगों में तुमने अपनी प्रतिष्ठा गंवाई।"

२९. श्रावक और कसाई[1]

खेरवे में स्वामीजी के पास ओटो सियाल अंट-संट बोला—"तुम श्रावकों को देने में भी पाप कहते हो और कसाई को देने में भी पाप कहते हो। इस दृष्टि से तुमने श्रावक और कसाई को समान गिन लिया।"

तब स्वामीजी बोले—"ओटोजी ! तुम्हारी मां को लोटा भर कर सजीव पानी पिलाने से क्या होता हैं !"

तब वह बोला—"पाप होता है ?"

तब स्वामीजी फिर बोले—"वेश्या को लोटा भर कर सजीव पानी पिलाने से क्या

---

१. 'भिक्खु दृष्टांत' मूल राजस्थानी विभाग में 'कसाई' के स्थान पर भूल से 'वेश्या' मुद्रित हो गया है।

होता है ?"

तब वह बोला—"इसमें भी पाप है।"

तब स्वामीजी बोले—"तुम्हारे हिसाब से तुमने मां और वेश्या को क्या समान गिन लिया ?"

तब वह बहुत कठिनाई में फंस गया। लोग बोले—"मोटोजी ! तुमने मां और वेश्या को सरीखा मान लिया ?"

३०. मुनि वस्त्र कैसे रख सकता है ?

ढूंढाड़ प्रदेश में स्वामी भीखणजी के पास कुछ सरावगी चर्चा करने के लिए आए और बोले—"मुनि धागे जितना भी वस्त्र नहीं रख सकता। जो रखते हैं, वे परिषह से दूर भागते हैं।"

तब स्वामीजी बोले—"परीषह कितने हैं ?"

तब वे बोले—"परीषह बाईस।"

तब स्वामीजी बोले—"पहला परीषह कौन-सा है।"

तब वे बोले—"पहला परीषह भूख का है।"

स्वामी ने पूछा—"तुम्हारे मुनि आहार करते हैं या नहीं ?"

तब वे बोले—"दो दिन से एक बार करते हैं।"

तब स्वामीजी बोले—"तुम्हारे मुनि तुम्हारे ही हिसाव से प्रथम परीषह से पराजित हो गए।"

तब वे बोले—"हमारे मुनि भूख लगने पर आहार करते है।"

तब स्वामीजी बोले—"हम भी ठंड लगने पर कपड़े ओढते हैं।"

स्वामीजी ने फिर पूछा—"तुम्हारे मुनि पानी पीते हैं या नहीं ?"

तब उन्होंने कहा—"पानी भी पीते हैं।"

तब स्वामीजी बोले—"तुम्हारे मुनि इस हिसाब से दूसरे परीषह से भी पराजित हो गए।"

तब वे बोले—"वे प्यास लगने पर पानी पीते हैं।"

तब स्वामीजी बोले—"हम भी सर्दी आदि से बचने के लिए वस्त्र ओढते हैं। और यदि भूख लगने पर अन्य खाने तथा प्यास लगने पर पांनी पीने से वे परीषह से पराजित नहीं होते हैं, तो ठंड आदि से बचने के लिए वस्त्र रखने पर भी हम परिषह से पराजित नहीं होते।"

इत्यादि अनेकविध चर्चा से वे निरुत्तर हो गए।

० तुम लड़ने की दृष्टि से आए हो ?

फिर दूसरे दिन वे बहुत इकट्ठे होकर आए। स्वामीजी शौचार्थ जंगल जा रहे थे। वे सामने मिले। टेढे होकर बोले—"हम तो चर्चा करने आए और आप शौच के लिए बाहर जा रहे हैं ?"

उनके चेहरों की भाव-भंगिमा देखकर स्वामीजी बोले—"आज तो तुम लड़ने की दृष्टि से आए लगते हो।"

तब वे बोले—"आपको इस बात की कैसे खबर पड़ी ?"

स्वामीजी बोले—"हममें अवधि आदि अतीन्द्रिय ज्ञान तो नहीं है, फिर भी तुम्हारे चेहरे की भाव भंगिमा देखकर हमने कहा।"

तब वे सच बोले—"हम आए तो लड़ने की दृष्टि से ही थे, दान-दया की चर्चा करनी थी।"

तब स्वामीजी बोले—"दान-दया के उत्तर तो बहुत लिखे पड़े हैं। चर्चा तो कल वाली ही कड़ी थी।"

बाद में उनमें से कुछ लोग चर्चा कर स्वामीजी की शरण में आ गए।

३१. सवस्त्र या निर्वस्त्र

एक दिन बहुत सारे सरावगी लोगों ने स्वामीजी से कहा—"यदि आप वस्त्र न रखें, तो आपकी करनी (तपस्या) बहुत कठोर होगी।"

तब स्वामीजी ने कहा—"हमने श्वेताम्बर शास्त्रों के आधार पर घर छोड़ा है। उनमें तीन चादर, चोलपट्टा आदि रखने का विधान है, इसलिए हम वस्त्र रखते हैं। यदि दिगम्बर शास्त्रों के प्रति विश्वास हो जाए, तो हम वस्त्रों को छोड़ नग्न हो जाएंगे, फिर वस्त्र नहीं रखेंगे।"

३२. रोटी के लिए कैसे छोड़ूं ?

एक बहिन बहुत बार स्वामीजी से आहार लेने के लिए प्रार्थना किया करती थी—कभी मेरे घर भी आप गोचरी के लिए पधारें। एक दिन स्वामीजी उसके घर पर पधारे। वह स्वामीजी को बहुत राजी हुई और आहार देने लगी।

तब स्वामीजी ने पूछा—"लगता है, तुम्हें हाथ तो धोने पड़ेंगे।"

तब वह बोली—"हाथ तो धोने पड़ेंगे।"

तब स्वामीजी ने पूछा—"हाथ सजीव पानी से धोओगी या गरम पानी से ?"

तब वह बोली—"गरम पानी से धोऊंगी।"

तब स्वामीजी बोले—"कहां धोओगी ?"

तब उसने नाली की ओर संकेत करते हुए कहा—"यहां धोऊंगी।"

तब स्वामीजी ने कहा—"यह पानी कहां गिरेगा ?"

तब उसने कहा—"यह नीचे गिरेगा।"

स्वामीजी ने कहा—"नीचे पानी गिरने से वायुकाय आदि जीवों की हिंसा होगी, इसलिए मैं तुम्हारा आहार नहीं ले सकता।"

तब वह बोली—"आप तो आहार देखकर ले लें। हम गृहस्थ हैं और अपना कार्य करते हैं, उसमें आपको क्या आपत्ति होती है ? हमारी सांसारिक क्रिया हम कैसे छोड़ेंगे ?

तब स्वामीजी ने कहा—"हे बहिन ! तुम्हारी इस कर्म बंधन करने वाली सावद्य क्रिया को भी तुम नहीं छोड़ती हो तो रोटी के लिए मैं अपनी निरवद्य क्रिया को कैसे छोड़ूं ?" यह कह कर स्वामीजी वहां से चले गए।

३३. समझाने की कला

माधोपुर में अनेक लोग आचार्य के अनुयायी बने। गोचरी जाने पर वे कहते—आगे पधारो। बहनें यह नहीं चाहतीं। तब भाइयों ने बहिनों से कहा—इस शरीर में सबसे ऊंचा सिर होता है और सबसे नीचे पैर होते हैं। इनके पैरों में हम शिर झुकाते हैं, फिर चौके की क्या बात ? ऐसा कह, उन्हें समझा, स्वामीजी को भीतर ले जाकर आहार का दान दिया।

लगता है कि यह कला भी भाइयों को स्वामीजी ने सिखलाई थी।

३४. जैसा दिया जाता है वैसा पाता है

'काफरला' गांव में साधु गोचरी गए। एक जाटनी के घर में धोवन पानी था, पर वह साधुओं को दे नहीं रही थी। उसने कहा—जैसा दिया जाता है, वैसा मिलता है। मैं धोवन पानी नहीं पी सकती। (इसलिए इसे नहीं दे सकती।)

साधुओं ने आकर स्वामीजी से कहा—एक जाटनी के घर पर धोवन पानी बहुत है किन्तु वह दे नहीं रही है तब स्वामीजी वहां पधारे और बहिन से कहा—"धोवन का पानी दो।"

तब उस बहिन ने कहा—"जैसा दिया जाता है वैसा मिलता है और मुझसे धोवन पानी पीया नहीं जाता।" (इसलिए इसे नहीं दे सकती।)

तब स्वामीजी ने कहा—"गाय को घास डाली जाती है और वह दूध देती है। ऐसे ही साधुओं को धोवन पानी देने से सुख मिलता है।'

यह सुन कर उसने कहा—"लो महाराज !"

स्वामीजी धोवन पानी ले अपने स्थान पर आ गए।

३५. भैंस का प्रसव हो, तब आएं

खारची में स्वामीजी पधारे। एक बहिन ने कहा—',स्वामीजी ! मेरी भैंस का प्रसव हो तब पधारे, तब मैं दूध देने का अच्छा लाभ ले सकती हूं।

वह कैसे ?

भैंस के प्रसव होने पर एक मास तक उसका दूध-दही देवी के चढ़ा खा-पी लेते हैं। उसका बिलौना नहीं करते। भैंस के प्रसव के समय आप पधारें।"

तब स्वामीजी बोले—"कब तुम्हारे भैंस का प्रसव हो, कब हमें समाचार मिले और कब हम आए ?

३६. दीक्षा के डर से तो ज्वर नहीं हुआ ?

केलवा में एक बहिन कहती है—"स्वामीजी यहां पधारेंगे, तब साध्वी बनूंगी।" इस प्रकार वह बात करती रहती है। कुछ दिनों बाद स्वामीजी वहां पधार गए।"

स्वामीजी के आने के डर से उसको ज्वर चढ़ गया। सांझ के समय वह दर्शन करने आई। तब स्वामीजी ने पूछा—"क्या हुआ ? इस प्रकार क्यों बोलती हो।"

तब सुबकती हुई वह बोली—"स्वामीजी आप पधारे और मुझे ज्वर हो गया।"

तब स्वामीजी ने पूछा—"दीक्षा के डर से तो ज्वर नहीं हुआ है ?

तब वह बोली—"यह बात मन में आई तो थी।"

तब स्वामीजी ने कहा—"यों दहलती हो, तो कैसे काम होगा ? दीक्षा का काम तो जीवन भर का है।"

३७. यदि दामाद रोने लग जाए

खेरवा के चतरो शाह ने स्वामीजी से कहा—"महाराज ! मन में दीक्षा लेने का विचार उठ रहा है।"

तब स्वामीजी ने कहा—"तुम्हारा हृदय दुर्बल हैं। तुम्हारे पुत्र आदि रोने लगते हैं, तब यदि तुम भी रोने लग जाओ, तो काम कठिन होगा।"

तब उसने कहा—"आंसू तो आ ही जाते हैं।"

तब स्वामीजी ने कहा—"दामाद ससुराल में अपनी स्त्री को लाने जाता है, तब उसकी स्त्री तो रोती है, पर उसके देखा-देखी दामाद भी रोने लग जाए, तो वह लोगों में भद्दा लगता है। इसी प्रकार कोई साधु बनता है, तब उसके सम्बन्धी रोते हैं, यह तो उनका स्वार्थ है, पर उनके देखा-देखी दीक्षा लेने वाला रोने लग जाए, तो बात बिगड़ जाती हैं।"

३८ तुम्हारा पति कैसे मरा ?

पीपाड़ में स्वामीजी गोचरी पधारे। एक बहिन ने इस प्रकार कहा—"अमुक बहिन ने भीखणजी की मान्यता स्वीकार की, उससे उसका पति मर गया।"

तब स्वामीजी बोले—"बहिन ! तू भी अवस्था में छोटी लगती हैं। तू तो भीखणजी की निंदा कर रही है, फिर तेरा पति कैसे मर गया ?

तब पास में खड़ी बहिनों ने कहा—"भीखणजी ये ही हैं।" तब वह लज्जित होकर घर में भाग गई।

३९. सम्पत्ति मिलने से कौन-सा ज्ञान आ जाता है ?

आऊवा में उत्तमोजी ईराणी बोला—"भीखणजी ! तुम देवालय का निषेध करते हो पर पुराने जमाने में तो बड़े-बड़े लखपति और करोड़पति लोगों ने देवालय बनाए थे।"

तब स्वामीजी बोले—"तुम्हारे घर में पचास हजार की सम्पत्ति होने पर देवालय कराओगे या नहीं ?

तब वह बोला—"मैं कराऊंगा।

तब स्वामीजी ने पूछा—'तुम्हारे में जीव के भेद, गुणस्थान, उपयोग, जोग, लेश्या कितनी ?

तब वह बोला—"यह तो मैं नहीं जानता।"

तब स्वामीजी बोले—"ऐसे ही समझदार पहले हुए होंगे ! सम्पत्ति मिलने मात्र से कौन-सा ज्ञान आ जाता है ?

४०. 'का' कितने और 'कं' कितने ?

आऊवा में सावुलजी का बेटा नगजी बोला—"भीखणजी ! "तस्सुत्तरी" के पाठ

में 'ता कितने और 'तं' कितने ?

तब स्वामीजी बोले—"भगवती में 'का' कितने 'कं' कितने, 'खा' कितने 'खं' कितने, 'गा', कितने और 'गं' कितने, 'घा' कितने और 'घं कितने ?"

तब वह निरुत्तर हो गया।

४१. एक के खण्डित होने पर, सब खण्डित

किसी ने पूछा—"भीखणजी ! तुम ऐसे कहते हो कि एक महाव्रत के खण्डित हो जाने पर पांचों ही महाव्रत खण्डित हो जाते हैं", यह कैसे ?

तब स्वामीजी बोले—"जब पाप का उदय होता है, तब जीव संसार में ही दुःख भोगता रहता है।"

जैसे, एक भिक्षाचर को शहर में घूमते हुए पांच रोटी का आटा मिला। वह रोटी बनाने लगा। एक रोटी सेक कर उसने चूल्हे के पीछे रखी, एक रोटी तवे पर सिक रही है, एक रोटी अंगारों पर सिक रही है, एक रोटी का लोंदा हाथ में है, एक रोटी का आटा कठौती में है। उस समय एक कुत्ता आया। वह कठौती में पड़े हुए एक रोटी के आटे को ले भागा। उस कुत्ते के पीछे भिखारी दौड़ा। वह लड़खड़ा कर नीचे गिर गया। उसके हाथ में रोटी का लोंदा था, वह धूल में मिल गया। वापस आकर देखा, तो जो रोटी चूल्हे के पीछे रखी थी, वह बिल्ली ले गई, जो तवे पर थी वह तवे पर ही जल गई तथा जो अंगारों पर थी, वह अंगारों पर ही जल गई। इस प्रकार एक महाव्रत के खण्डित होने पर पांचों ही महाव्रत खण्डित हो जाते हैं।

४२. प्रतिकूलता में भी अजेय

स्वामी भीखणजी बिलाड़ा पधारे। स्त्री और पुरुष बहुत द्वेष करते। आहार और पानी भी पूरा नहीं मिलता। तब स्वामीजी ने साधुओं से कहा—एक मास तक यहां रहने का भाव है।

तब साधु बोले—यहां आहार-पानी की बहुत कठिनाई है। अनेक व्यक्ति आहार नहीं देते।

इस स्थिति में स्वामीजी ने एक साधु को आसपास के गांवों में भेजना शुरू किया। एक साधु को रावलों में और एक साधु को गांव के महाजनों के घर भेजने लगे।

स्वामीजी स्वयं आहार लाने के लिए गए किन्तु महाजनों में यह निषेध व्यवस्था की गई थी 'भीखणजी को एक भी रोटी देगा उसे ग्यारह सामायिक का दंड भुगतना पड़ेगा। जहां जाते और भोजन-जल के बारे में पूछते वहां उत्तर मिलता—हम तो स्थानक में सामायिक करते हैं।

किसी एक स्थान पर आहार-पानी के बारे में पूछने पर उस बहिन ने कहा—मेरी ननद स्थानक में सामायिक कर रही है। भीखणजी को रोटी देने से उसकी सामायिक नष्ट हो जाएगी, ऐसी उल्टी श्रद्धा।

कहीं भाई आहार-पानी दे देता और कहीं बहिन आहार-पानी दे देती।

इस प्रकार कुछ दिन बीत गए। आचार्य रुघनाथजी जोधपुर से चल कर आए।

लोग व्याख्यान सुनने आए। वे लम्बे विहार करके आए थे इसलिए उन्हें ज्वर हो गया। उनके पास जो साधु थे वे अनपढ़ थे। वे व्याख्यान देना जानते नहीं थे। तब परिषद् जैसे आई वैसे ही लौट गई। बाजार में कुछ लोग स्वामीजी का व्याख्यान सुनने लग गए। कुछ दिनों बाद लोगों ने कहा—आप परस्पर चर्चा करें।

एक दिन ब्राह्मणों को उकसाया। मेरा शिष्य अवनीत हो गया, वह ब्राह्मणों को दान देने में पाप कहता है। ब्राह्मण स्वामीजी के पास आ विवाद करने लगे। उस समय रामचंद्र कटारिया बोला—यदि तुम्हें दान देने में आचार्य रघुनाथजी धर्म कहें तो मेरी कोठी में २५ मन अनाज भरा पड़ा है वह सारा का सारा दान कर दूंगा। तब ब्राह्मण और रामचन्द्र सारे लोग आचार्य (रघुनाथजी) के पास आए। तब रामचन्द्र ने कहा—मेरी कोठी में २५ मन अनाज पड़ा है। यदि आप ब्राह्मणों को देने में धर्म कहें तो मैं २५ मन गेहूं इनकी पोटली में डाल दूं। आप कहें तो घूघरी बनाकर इन्हें खिला दूं, आप कहें तो आटा पिसा कर दे दूं। आप कहें तो रोटियां बना दो मन चना की कड्ढी बना ब्राह्मणो को भोजन करा दूं। जिसमें ज्यादा धर्म हो वह आप बताएं।

तब आचार्य रघुनाथजी बोले हम तो साधु हैं हम कैसे कह सकते हैं, भाई! हम इस विषय में मौन हैं।

तब रामचन्द्र बोला—आप इस विषय में कुछ नहीं कह सकते तो भीखणजी कैसे कहेंगे? आपकी अपेक्षा तो वे कठोर आचार पालते हैं। आप बड़े हैं फिर लोगों को कैसे उकसाते हैं? चर्चा करनी हो तो न्याय की चर्चा की जाए। यह कह कर वह वापिस लौट आया।

स्वामीजी को रहते एक मास होने को आया। तब आपने भारीमालजी स्वामी को आचार्य रघुनाथजी के पास भेजा। आपके श्रावक चर्चा करने की बात करते हैं। यदि चर्चा करनी हो तो करें।

आचार्य रघुनाथजी ने कहा—किसे चर्चा करनी है रे!

वहां बहुत उपकार हुआ। बहुत लोगों को तत्त्व समझाकर आचार्य भिक्षु वहां से विहार कर गए।

४३. मेरणियों का मोह

कंटालिया में एक भाई दीक्षा लेने को तैयार हुआ, पर वह बोला—"मेरा अपनी मां के प्रति मोह है। अतः मेरी माता जीवित है, तब तक लगता है मैं दीक्षा नहीं ले पाऊंगा।" कुछ दिनों बाद उसकी मां की मृत्यु हो गई।

उसके बाद स्वामीजी ने उसे फिर उपदेश दिया। तब वह बोला—स्वामीजी! मैं पहाड़ी इलाके में व्यापार करता हूं। वहां मेरिणयों[1] के प्रति मेरे मन में मोह हो गया है।"

स्वामीजी बोले—"मां तो एक थी सो मर गई, पर मेरणियां तो बहुत हैं। वे सब कब मरें, कब तूं दीक्षा ले?"

४४. अधिक धर्म किसे? (१)

दान पर भीखणजी स्वामी ने एक दृष्टांत दिया। पांच व्यक्तियों न साझेदारी में

चनों की खेती की। ५०० मन चने पैदा हुए। पांचों जनों ने विचार किया—"घर में धन तो बहुत है। इन चनों का दान कर धर्म कमाएं।"

एक व्यक्ति ने १०० मन चने भिखारियों को लूटा दिया।

दूसरे ने १०० मन चनों के भूंगड़े भूनाए।

तीसरे व्यक्ति ने १०० मन चनों की 'घूघरी' करके खिलाई।

चौथे व्यक्ति ने १०० मन चनों की रोटियां कराई और साथ में कढी बना कर खिलाई।

पांचवें व्यक्ति ने १०० मन चनों का विसर्जन कर उन्हें छूने का भी त्याग कर दिया।

जो सावद्य-दान में पुण्य-धर्म बतलाते हैं उन्हें पूछना चाहिए कि इनमें अधिक धर्म किसे हुआ?

४५. अधिक धर्म किसे (२)

स्वामीजी ने दान के विषय में एक और दृष्टांत दिया। एक बूढ़ा आदमी भीख मांगता हुआ घूम रहा था। किसी ने अनुकंपा कर उसे सेर चने दिए। तब उस बूढ़े ने किसी से कहा—"एक आदमी ने तो मुझे सेर चने दिए पर मेरे दांत नहीं है, इसलिए तुम इन्हें पीस के आटा बना दो।" तब दूसरी बहिन ने अनुकपा कर चनों को पीस आटा बना दिया।

उसे आगे जा किसी से कहा—मुझे एक धर्मात्मा ने तो सेर चने दिए। दूसरी बहिन ने उन्हें पीस आटा बना दिया। तुम मुझे उस आटे की रोटियां बना दो। तब तीसरी बहिन ने उस सेर आटे में नमक और पानी मिला उसकी रोटियां बना दीं। वह रोटी खाकर तृप्त हो गया।

कुछ देर बाद उसे बहुत प्यास लगी।

तब वह आगे जाकर बोला—"है रे कोई धर्मात्मा, जो मुझे पानी पिलाए।" तब चौथी बहिन ने अनुकंपा कर सजीव जल पिलाया।

एक व्यक्ति ने सेर चने दिए, दूसरे ने पीस के आटा बना दिया, तीसरे ने उसकी रोटियाँ बना दीं, चौथे ने उसे पानी पिलाया। इन चारों में अधिक धर्म किसे हुआ?

४६. ऐसा पौत्र-शिष्य नहीं चाहिए

टीकमजी का शिष्य जालोर वासी कचरोजी सिरियारी में स्वामीजी के पास आया और बोला—"भीखणजी कहां हैं? भीखणजी कहां हैं?"

तब स्वामीजी बोले—"भीखण मेरा ही नाम है।"

तब वह बोला—"मेरे मन में आपको देखने की बड़ी उत्कंठा थी।"

तब स्वामीजी बोले—"लो देख लो।"

फिर कचरोजी बोला—"मुझे आप कोई प्रश्न पूछें?"

स्वामीजी बोले—"तुम देखने आए हो, फिर तुम्हें क्या प्रश्न पूछें?"

वह बोला—"कुछ तो पूछो।"

---

१. 'मेर' जाति की महिलाएं

तब स्वामीजी बोले —"तुम्हारे तीसरे महाव्रत के द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव और गुण क्या है ?"

तब कचरोजी बोला—"यह तो मैं नहीं जानता। यह पन्ने में लिखा हुआ है।"

तब स्वामीजी ने कहा—"यदि पन्ना फट गया या गुम हो गया, तो क्या करोगे ?"

तब वह बोला—"मेरे गुरु ने तुम्हें प्रश्न पूछा, उसका तुम्हें उत्तर नहीं आया।"

तब स्वामीजी बोले—"तुम्हारे गुरु ने मुझे जो प्रश्न पूछा, वही प्रश्न तुम मुझे पूछ लो। उनको उत्तर दिया है, तो तुम्हें भी देंगे।"

तब कचरोजी बोला—"मेरे हिसाब से तुम तो मेरे दादा-गुरु हो। अतः तुम्हें मैं कैसे जीत पाऊंगा ?"

तब स्वामीजी बोले—"मुझे ऐसे पौत्र-शिष्य नहीं चाहिए।"

४७. इसका हेतु क्या है ?

उदयपुर में स्वामीजी के पास एक वेषधारी साधु आया और बोला—"मुझे आप प्रश्न पूछें।"

तब स्वामीजी बोले—"तुम हमारे स्थान पर आए हो, फिर क्या प्रश्न पूछें ?

तब वह बोला—"कुछ तो पूछें ?

तब स्वामीजी ने कहा—"तुम संज्ञी (समनस्क) हो या असंज्ञी (अमनस्क) ?"

तब वह बोला—"मैं संज्ञी हूं।"

स्वामीजी ने पूछा—"तुम संज्ञी हो, इसका न्याय बताओ।

तब वह बोला—"नहीं, नहीं, मैंने गलत कह दिया, उसके लिए "मिच्छामि दुक्कड़"[1], मैं असंज्ञी हूं।"

स्वामीजी ने पूछा—"तुम असंज्ञी हो उसका न्याय बताओ।'

तब वह बोला—"मिच्छामि दुक्कडं।" मैं न संज्ञी हूं, न असंज्ञी हूं।

तब स्वामीजी बोले—"संज्ञी-असंज्ञी दोनों नहीं हो, यह किस न्याय से ?"

तब वह रोष में आकर बोला—"तुमने 'न्याय, न्याय' कर हमारा संप्रदाय बिखेर दिया।' वह जाते-जाते छाती में मुक्के का प्रहार कर गया।

४८. आसोजी ! जी रहे हो ?

मांढा में स्वामीजी रात को व्याख्यान दे रहे थे। आसोजी नींद बहुत ले रहे थे। तब स्वामीजी ने कहा—"आसोजी ! नींद आ रही है ?"

आसोजी बोला—नहीं महाराज।"

बार-बार पूछा—"नींद आ रही है ?"

उसने बार-बार कहा—"नहीं, महाराज !"

तब स्वामीजी ने उसके असत्य को प्रगट करने के लिए अपनी प्रत्युत्पन्नमति क प्रयोग करते हुए पूछा—"आसोजी ! जी रहे हो ?"

"नहीं, महाराज !"

---

१. "मिथ्या दुष्कृत"—प्रायश्चित्त।

४९. सच्चा तो मुझे ही किया

मुनि अखैरामजी के बारे में साधु परस्पर बात कर रहे थे। तब खेतसीजी स्वामी बोले—"अब तो अखैरामजी स्वामी ने अपनी आत्मा को वश में किया है, ऐसा लगता है।" तब स्वामीजी बोले—"मुझे पूरी प्रतीत नहीं है।" यह बात किसी ने अखैरामजी तक पहुंचा दी। उन्हें वह बात अच्छी नहीं लगी।

मुनि अखैरामजी ने राजनगर में चतुर्मास किया वहां उन्होंने स्वामीजी के बारे में अनेक दोष पन्ने में लिखकर संघ से अपना सम्बन्ध-विच्छेद कर लिया।

चतुर्मास पूरा होने पर अखैरामजी स्वामीजी से मिले। खेतसीजी स्वामी बड़ी तत्परता के साथ उन्हें वंदना करने गए। तब अखैरामजी बोले "मैं संघ से अलग हो चुका हूं। खेतसीजी स्वामी ने प्रयत्न कर अखैरामजी को समझाया। तब अखैरामजी आंसू बहाते हुए स्वामीजी से बोले—आपने मेरी प्रतीति नहीं की उससे मेरा मन उदास हो गया, जबकि खेतसीजी ने मेरा विश्वास दिलाया था।

तब स्वामीजी बोले—"मैंने प्रतीति नहीं की, यह ठीक ही था। तुमने सच्चा तो मुझे ही बनाया। बेचारे खेतसी ने तुम्हारा विश्वास दिलाया, तुमने उसी को झुठलाया।"

यह सुन वे (अखैरामजी) राजी हो गए।

५०. "एकलड़ो" जीव

स्वामीजी पुर पधारे। मेघो भाट आकर चर्चा करने लगा—"कालवादी ऐसा कहते हैं कि भीखणजी उपदेश की गाथा में तो ऐसा कहते है, "अकेला जीव संसार में भ्रमण करेगा" और नव पदार्थ में पांच को जीव बतलाते हैं। इस दृष्टि से "एकलड़ा" जीव संसार में भ्रमण करेगा ऐसा नहीं, किन्तु "पांचलड़ा" जीव संसार में भ्रमण करेगा, ऐसा कहना चाहिए।"

तब स्वामीजी बोले—कालवादी सिद्ध जीवों में कितनी आत्मा बतलाते हैं?"

तब मेघो भाट बोला—"वे सिद्धों में चार आत्मा बतलाते हैं।"

तब स्वामीजी ने पूछा—कालवादी चार आत्माओं को जीव कहते हैं या अजीव?"

तब मेघो भाट बोला—"वे चार आत्माओं को जीव बतलाते हैं।"

तब स्वामीजी बोले—"वे सिद्धों में चार आत्मा बतलाते हैं और वे उन आत्माओं को जीव बतलाते हैं। इस दृष्टि से "चौलड़ा" जीव तो उन्होंने ही मान लिया। एक "लड़" हमारी अधिक हुई।" यह कह उसे समझा दिया। स्वामीजी का उत्तर सुन वह बहुत प्रसन्न हुआ।

५१. आत्मा सात या आठ?

माधोपुर में श्रावक गूजरमलजी और केसूरामजी परस्पर चर्चा में उलझ गए। गूजरमलजी ने श्रावक में आठ आत्माएं[1] बतलाईं और केसूरामजी ने सात।

१. मूल आत्मा की तरह आत्मा की पर्याय भी आत्मा कहलाती है। उनका वर्गीकरण करने से आत्मा के आठ प्रकार होते हैं।

गूजरमलजी बोले—"यदि चारित्र आत्मा श्रावक में न हो तो उसके सचित वनस्पति खाने के त्याग का क्या अर्थ ?"

इतने में वहां स्वामीजी पधारे। उनके परस्पर बढ़े हुए विवाद को देखकर 'कोई कानों में बात न कर सके' इस दृष्टि से स्वामीजी ने अपने दोनों और पट्ट रखवा दिए। फिर अपेक्षा-दृष्टि का प्रयोग कर दोनों को समझाया। स्वामीजी ने कहा—"श्रावक में पांचों ही 'चारित्र'[1] नहीं होते, इस दृष्टि से उसमें आत्माएं सात कही जा सकती हैं और त्याग की अपेक्षा उसमें आंशिक चारित्र होता है इस दृष्टि से उसमें आत्माएं आठ कही जा सकती हैं। यह कह कर उनकी उलझन सुलझा दी।

५२. सम्यक्त्व रहना कठिन

गूजरमल से चर्चा करते समय स्वामीजी ने पन्ना पढ कर एक तत्त्व बतलाया। तब गूजरमलजी ने कहा—"आप मुझे अक्षर पढ़ाएं तब स्वामीजी ने अक्षर पढ़ा दिए।

स्वामीजी ने कहा—'गूजरमल ! तुम सम्यक्त्व को रख सकोगे, यह कठिन लगता है। क्योंकि तुम्हारी आस्था कच्ची है।" यह सुन कर लोगों को आश्चर्य हुआ।

जीवन की संध्या में गूजरमल ने केसूरामजी आदि भाइयों से कहा—"स्वामीजी की मान्यता और आचार सम्बन्धी प्ररूपणा तो सही है, पर मुनि नदी को पार करे, उसमें धर्म है' यह प्ररूपणा स्वामीजी की भी सही नहीं है।"

भाइयों ने बहुत कहा—"भगवान ने नदी पार करने की आज्ञा सूत्र में दी है। इस लिए उस प्रवृत्ति में पाप नहीं है।"

गूजरमलजी बोले—"यह बात हृदय में नहीं बैठती।"

तब लोग बोले—"भीखणजी स्वामी ने कहा था, 'तुम सम्यक्त्व को नहीं रख सकोगे, वह वचन प्रमाणित हो गया।"

५३. उठो प्रतिक्रमण करो !

पाली में रात्रीकालीन व्याख्यान समाप्त होने पर स्वामीजी पट्ट पर विराज रहे थे और दो भाई (विजयचंदजी पटुआ और···उनके साथी दुकान के नीचे खड़े थे। चर्चा करते-करते दोनों को अनुयायी बना दिया। इतने में पश्चिम रात्री हो गई, प्रतिक्रमण का समय आ गया। साधुओं से कहा—"उठो, प्रतिक्रमण करो !"

[साधुओं ने पूछा—"आप कब विराज गये ?"

स्वामीजी ने कहा—"यह तो पूछो कि आप कब सोये ?"]

५४. नगजी स्वामी का तेज

करेड़ा में स्वामीजी पधारे। लोक कहते हैं—"नगजी स्वामी का तेज बहुत है।"

स्वामीजी ने पूछा—"क्या तेज है ?"

तब लोगों ने कहा—"नगजी स्वामी गोचरी पधारते हैं, तब कुत्ती बहुत भौंकती है।

(बहुत कहा—रे कुत्तिया ! साधुओं को देख मत भौंक, पर वह कहा नहीं मानती। तब उन्होंने कुत्तिया की टांग पकड़ उसे घुमाया और फेंक दिया। वह सीधी

---

१. जैन शास्त्रों में पांच प्रकार का चारित्र बतलाया गया है। वे साधु में ही होते हैं।

हो गई। उसके बाद उसने भौंकना बंद कर दिया।"

तब स्वामीजी बोले—"कुत्तिया गिरी, वहां जगह का प्रमार्जन किया या नहीं ?"

तब वे गृहस्थ बोले—"तुम वहां जाकर उसका प्रमार्जन करो। व्यर्थ ही दोष बतलाते हो।

ऐसे मूर्ख थे वे गृहस्थ !

५५. शंका है तो चर्चा करें

पाली की घटना है। मयारामजी गोचरी में जितनी रोटियां मंगाई थीं, उनसे आठ रोटियां अधिक ले आए।

स्वामीजी ने गिन कर कहा—"आहार मंगाया, उससे अधिक लाए हो।"

तब मयारामजी बोला—"जो अधिक हो, उसे यहां रख दो, यहां रख दो।"

तब स्वामीजी ने आठ रोटिया निकाल उसे दे दीं। मयारामजी ने दूसरे साधुओं को लेने का अनुरोध किया, पर किसी ने उन्हें लिया नहीं।

तब वह बोला—"इन रोटियों को विधिवत् एकान्त में डाल देने का विचार है।"

स्वामीजी ने कहा—"ऐसा करो तो दूसरे दिन विगय (दूध, दही, आदि) का वर्जन कर देना।"

तब आक्रोश में आकर अंट-संट बोलने लगा—"मैं तो ऐसे आचार्य को मान्य नहीं करूंगा।" उसने अंट-संट बोलते हुए कहा—"नव पदार्थों में पांच जीव और चार अजीव, यह मान्यता ही मिथ्या है।" उनमें एक जीव और शेष आठ अजीव हैं।"

तब स्वामीजी क्षमापूर्वक उसे आश्वस्त कर आहार को समेट, बोले—आओ, तुम्हें शंका है, तो उसकी चर्चा करेंगे।" ऐसा कह कर वे उसी समय धूप में ही विहार कर गये।

उत्तराध्ययन सूत्र के आधार पर उसकी शंका मिटा दी। प्रायश्चित्त दिया और मुनि वेणीरामजी के पास रख दिया। कुछेक दिनों के बाद वह संघ से अलग हो गया।

५६. सीख किसे ?

स्वामीजी शौचार्थ जा रहे थे। एक वेषधारी साधु साथ हो गया। उसे हरियाली पर चलता देख स्वामीजी बोले—"यह साफ मार्ग रहा, फिर हरियाली पर क्यों चलते हो ?"

तब वह बोला—"मेरे बारे में यदि किसी को यह कहा, तो मैं गांव में जाकर कहूंगा कि भीखणजी हरियाली पर शौच-निवृत्ति कर रहे थे।

५७. मैं नहीं बता सकता

रीयां और पीपाड़ के बीच में एक वेषधारी साधु मिला। स्वामीजी को एकान्त में ले गया। थोड़ी देर से वापस आ गए। तब मुनि हेमराजजी ने पूछा—"स्वामीनाथ ! उसने आप से क्या पूछा ?"

स्वामीजी बोले—"उसने अपने दोषों की आलोचना की।"

मुनि हेमराजजी ने पूछा—"किन दोनों की आलोचना की थी ?"

तब स्वामीजी बोले—"मैं नहीं बता सकता।"

५८. लड़ना हो तो मुझसे लड़ो

पुर के बाहर स्वामीजी शौच-निवृत्ति के लिए गए। एक वेषधारी साधु उनके सामने आ रास्ता रोक कर खड़ा हो गया। और उनके चारों तरफ गोलाकार लकीर खींची और बकझक करने लगा। तब एक चरवाहे ने आकर उसे कहा—"इन गुरुजी से झगड़ा मत कर।"

भारीमालजी स्वामी की ओर इंगित करते हुए बोला 'विवाद करना हो तो इन से कर लड़ना हो तो मुझ से लड़।"

५९. निमंत्रण सबको, भोजन एक को

साधुपन स्वीकार कर उसे भली-भांति पालता है, वह महान् पुरुष होता है। कुछ कहते हैं—"पांचमें आरे में पूरा साधुपन नहीं पाला जा सकता है। इस समय ऐसा ही साधुपन पाला जा सकता है।" इस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया।

किसी ने भोज के लिए पूरे परिवारों को निमंत्रण दिया। भोजन के समय वह प्रत्येक परिवार में से एक-एक व्यक्ति को भीतर ले जाता है, शेष सबको बाहर ही रोक देता है।

लोगों ने कहा—"तुमने पूरे परिवार को सामूहिक निमंत्रण दिया और उनमें से एक-एक को भोजन करने भीतर ले जाता है, यह क्यों ?

तब वह बोला—"मेरी सामर्थ्य इतनी ही है।" उसने आगे कहा—"अमुक ने अपने पिता के पीछे धूल उड़ा दी, मृत्यु-भोज किया ही नहीं। मैं एक-एक को तो भोज कराता हूं।"

तब लोगों ने कहा—"तुम भी मृत्यु-भोज नहीं करते तो कौन तुम्हारे द्वार पर आकर धरना देता ? पूरे परिवारों को सामूहिक निमंत्रण देकर एक-एक को भोजन कराते हो, इससे तुम्हारा जन्म बिगड़ता है।"

इसी प्रकार दीक्षा लेते समय पांच महाव्रत स्वीकार करता है और आचरण के समय उनका पूरा पालन नहीं करता, उसके इहलोक और परलोक—दोनों बिगड़ जाते हैं।

६०. दिवालिया कौन ?

साधु का आचार बताया जाता है, उसे कुछ शिथिल आचार वाले निंदा मानते हैं। इस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—

एक साहूकार अपने बेटे को शिक्षा देता है—"जिससे उधार ले, उसकी राशि लौटा देनी चाहिए। न लौटाने वाले को लोग दिवालिया कहते हैं।" उसका पड़ोसी दिवालिया था, वह यह सुन कर जल-भुन जाता है। वह कहता है—"यह बेटे को शिक्षा नहीं दे रहा है, मेरी छाती को जला रहा है हृदय पर आघात लगा रहा है।"

इसी प्रकार कोई साधु-साधु का आचार बतलाता है, उसे सुन कर वेषधारी साधु जल-भुन जाता है और कहता है—"यह मेरी निंदा कर रहा है।"

६१. समझदार जान लेता है

कुछ लोग कहते हैं, "सावद्य दान के विषय में हम मौन रहते हैं। हम ऐसा नहीं कहते कि 'तू दे'।" वे इस प्रकार कहते हैं और उसमें पुण्य और मिश्र[1] का प्रतिपादन करते हैं। इस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया

किसी स्त्री ने कहा—"यह लोटा हमारी दुकान में दे देना।" समझने वाला मन में जानता है कि उसने वह अपने पति को देने के लिए दिया है।

इसी प्रकार सावद्य दान के विषय में पूछने पर कहते हैं कि इस विषय में हम मौन हैं। छिपे-छिपे पुण्य और मिश्र का प्रतिपादन करते हैं। समझने वाला जान लेता है कि सावद्य दान के विषय में इनकी पुण्य और मिश्र की मान्यता है।

६२. किसने कहा पाप है ?

पुण्य और मिश्र की मान्यता वाले प्रत्यक्ष तो पुण्य और मिश्र की प्ररूपणा नहीं करते, पर मन में तो पुण्य और मिश्र की मान्यता रखते हैं। उस श्रद्धा की पहिचान करवाने के लिए स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—

किसी स्त्री को कोई कहता है—"तुम्हारे पति का नाम 'पेमो' है ?"

"किसने कहा पेमो है ?"

"नाथू है ?"

"किसने कहा नाथू है ?"

"पाथू है ?"

"किसने कहा पाथू है ?"

पति का मूल नाम आने पर वह मौन हो जाती है। उससे समझ लेना चाहिए कि उसके पति का नाम यही है।

इसी प्रकार "क्या सावद्य दान में पाप होता है ?" यह पूछने पर कहते हैं "किसने कहा पाप है ?"

"क्या मिश्र है ?"

"किसने कहा मिश्र है ?"

"क्या पुण्य है ?" यह पूछने पर वे मौन हो जाते हैं। तब समझने वाला जान लेता है, इनके 'पुण्य' की मान्यता है। इसी प्रकार मिश्र के बारे में भी यही बात लागू होती है।

६३. घर किसका बसेगा ?

वेषधारी साधुओं को कोई कहता है—"स्थानक तुम्हारे लिए बनाया हुआ है।" तब वे कहते "हमने कब कहा हमारे लिए स्थानक बनाएं।" इस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया।

लड़का कब कहता है 'मेरी सगाई (मंगनी) कर दो ?

पर सगाई करने पर ब्याह कौन करेगा ?

---

१. जिस प्रवृत्ति में पुण्य और पाप का मिश्रण हो, उसे मिश्र कहते हैं।

"वह लड़का ही करेगा।"

"वह वधू किसकी कहलाएगी ?"

"लड़के की।"

"घर किसका बसेगा।"

"लड़के का ही बसेगा।"

इस प्रकार स्थानक किनका कहलाएगा ?

उन्हीं साधुओं का। वे ही उस स्थानक में रहते हैं। वे ही प्रसन्न होते हैं।

६४. हमने कब कहा ?

दामाद कब कहता है कि मेरे लिए हलुआ बनाओ। पर बनने पर वह खा लेता है। वह उसे खा लेता है, इसलिए दूसरी बार भी उसके लिए हलुआ बना दिया जाता है। यदि वह हलुआ खाने का त्याग कर लेता है तो फिर वह किसलिए बनाया जाएगा ?

इस प्रकार ये साधु कहते हैं, 'हमने कब कहा हमारे लिए स्थानक बनाओ,' उनके लिए बनाए गए स्थानक में वे रह जाते हैं। तब उनके लिए वे बनाये जाते हैं। यदि वे स्थान में रहने के त्याग करें, तो फिर गृहस्थ किसलिए बनाए !

६५. मारना तो छोड़ो

वेषधारी साधु कहते हैं—"हम मरते जीवों की रक्षा करते हैं, भीखणजी नहीं करते।"

तब स्वामीजी बोले—"तुम्हारी रक्षा की बात दूर रही, मारना तो छोड़ो। अंधेरी रात्री में दरवाजे बन्द करते हो अनेक जीव मर जाते हैं। यदि दरवाजे को बन्द करने का त्याग करो, तो अनेक जीवों की रक्षा हो जाएगी। जैसे कोई चौकीदार था, उसने चौकीदारी तो छोड़ दी और चोरी करने लग गया। लोगों को कहता है 'मैं चौकीदारी करता हूं, इसलिए मुझे सुरक्षा करने के लिए पैसे दो।'

तब लोग बोले—'तुम्हारी चौकीदारी दूर रही, तुम चोरी करना तो छोड़ो। तुम दिन में दुकान और घर देख जाते हो और रात को सेंध मारते हो, चोरी करते हो। पैसे तुम्हें घर बैठे ही दे देंगे, तुम चोरी करना छोड़ दो।'

वैसे ही वेषधारी साधु कहते हैं—'हम जीवों की रक्षा करते हैं।'

स्वामीजी बोले—'तुम्हारी रक्षा की बात दूर रही तुम उन्हें मारना छोड़ो।'

६६. दोष की स्थापना करने पर साधुपन कैसे रहेगा ?

कुछ लोग ऐसा कहते हैं—"अभी पांचवां अर है। इसलिए पूरा साधुपन पाला नहीं जा सकता।" तब उनको स्वामीजी ने कहा—"चौथे अर में 'तेला' (तीन दिनों का उपवास) कितने दिनों का होता है ?"

तब उन्होंने कहा—"तीन दिन का होता है।"

स्वामीजी ने कहा—"एक भूंगड़ा (भूना हुआ चना) खा ले, तो तेला रहता है, या टूट जाता है ?

तब उन्होंने कहा—''टूट जाता है।

स्वामीजी ने फिर पूछा —''पांचवे अर में ''तेला कितने दिनों का होता है ?

तब उन्होंने कहा—''तीन दिनों का होता है।

स्वामीजी ने पूछा—' इस समय एक भूंगड़ा खा लेने पर तेला रहता है या टूट जाता है ?

तब उन्होंने कहा—''टूट जाता है।

तब स्वामीजी बोले—'तब तुम पंचम काल के सिर पर क्यों दोष मढ़ते हो ? एक भूंगड़ा खा लेने पर तेला टूट जाता है, तो दोष की स्थापना करने पर साधुपन कैसे रहेगा ?

६७. त्याग को तोड़ने वाला कौन और पालने वाला कौन ?

कुछ लोग कहते हैं—''ये (शिथिलाचारी साधु) दोषों का सेवन करते हैं, फिर भी अपने से तो अच्छे हैं। ये सजीव जल नहीं पीते, स्त्री का सेवन नहीं करते। इस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया —

एक व्यक्ति ने तीन एकासन किए। प्रत्येक दिन उसने छह-छह रोटियां खाईं। एक व्यक्ति ने तेला (तीन दिन का उपवास) किया और प्रत्येक दिन आधी-आधी रोटी खाई। इन दोनों में त्याग को तोड़ने वाला कौन और पालने वाला कौन ? तेला करने वाले ने त्याग को तोड़ा और एकासन करने वाले ने त्याग का पूरा पालन किया।

इसी प्रकार गृहस्थ स्वीकार किए हुए व्रतों का सम्यक् पालन करता है, वह एकासन करने वाले जैसा है और जो साधुपन को स्वीकार कर दोषों का सेवन करता है वह तो तेले में रोटी खाने वाले जैसा है।

६८. जन्मपत्री तो बाद में बनती है

पाली की घटना है। लखजी बीकानेर मरणासन्न था, तब उसने स्थानक के निमित्त इक्कावन रुपये देने की घोषणा की। उन रुपयों से एक जगह खरीद कर वहां लकड़ी का फाटक लगा दिया। इसमें विशेष आरंभ नहीं हुआ तब किसी ने स्वामीजी से कहा—''इसमें कौन-सा आरम्भ है। कोई विशेष आरंभ नहीं हुआ।''

तब स्वामीजी ने कहा—''कोई जन्मता है, उस समय उसके जन्म का समय अंकित किया जाता है, जन्मपत्री और वर्षफल तो बाद में बनते हैं। वैसे ही इस स्थानक की स्थापना तो हो गई है, लम्बे आयुष्य वाला देखेगा, इस पर भवन खड़ा हो रहा है।''

फिर कुछ वर्षों बाद उस स्थान में भवन खड़ा होने लगा, तब टेकचंद पोरवाल ने कहा—भीखणजी कहते थे—यहां भवन खड़ा होगा सो अब हो ही गया।

६९. फूलझड़ी से क्या होगा ?

सामने वालों को समझाने के लिए कड़े दृष्टांत का प्रयोग किया जाता। तब किसी ने स्वामीजी से कहा—''आप कड़े दृष्टांत का प्रयोग करते हो।''

तब स्वामीजी ने कहा—''रोग तो गंभीर बात का हुआ और कहता है, इसे

फूलझड़ी से दाग दो।" पर फूलझड़ी से दागने पर वह रोग कैसे मिटेगा ? वह मिटेगा आग में तपे हुए लोहे के कुश[1] के दागने से।

ऐसे ही मिथ्यात्व का रोग बड़ा जटिल है, वह कड़े दृष्टांत के बिना कैसे मिट सकता है ?

७०. आचार्य पद तो मिलना कठिन है

चन्द्रभाणजी ने तिलोकचंदजी को आचार्य पद का प्रलोभन देकर स्वामीजी से विमुख कर दिया। तब स्वामीजी ने कहा—"तुम्हें आचार्य पद तो मिलना कठिन है। लगता है, सूरदास-पद मिल जाए। यह भी लगता है, तुम्हें चन्द्रभाणजी जंगल में छोड़ेगा।"

कुछ वर्षों बाद चन्द्रभाणजी ने तिलोकचंदजी को दृष्टि की दुर्बलता के कारण जंगल में छोड़ दिया।[2] स्वामीजी का वचन सत्य हो गया।

७१. विवेक

एक लड्डू में जहर मिला हुआ है और दूसरे में नहीं है। किन्तु समझदार आदमी निर्णय किए बिना दोनों में से किसी को भी नहीं खाता। इसी प्रकार साधु और असाधु का निर्णय किए बिना किसी को भी वंदना नहीं करता।

७२. हमें पुण्य कैसे होगा ?

वेषधारी साधु सावद्य दान में पुण्य कहते हैं। समझदार आदमी उसका सही मूल्यांकन करता है। "तुम असंयती को देने में पुण्य बतलाते हो, सो उसे देते हो या नहीं ?"

तब वे कहते हैं—"हम साधु हैं। इसलिए असंयती को देने से हमें दोष लगता है, उसे हम नहीं दे सकते।"

इस विषय में स्वामीजी ने एक दृष्टांत दिया—एक पुरुष से किसी ने कहा—"तुम्हारे शरीर में वायु का रोग है, सो सात मंजिले मकान से छलांग भरो, तुम्हारा वायु का रोग मिट जाएगा।"

तब वह बोला—"यह वायु का रोग तो तुम्हारे शरीर में भी है, पहले तुम छलांग भरो।"

---

१. राजस्थानी कोष खण्ड ४ पृष्ठ में 'हलवानी' के अन्तर्गत उद्धृत।

२. चूरू से विहार कर चन्द्रभाणजी और तिलोकचंदजी जुहारिया जा रहे थे। रास्ते में चन्द्रभाणजी ने एक गोलाकार कुंडल बनाया। उसमें चींटियां चल रही थीं। तिलोकचंदजी से पूछा—"बताओ, यहां क्या है ?" वे बोले "मुझे कुछ भी दिखाई नहीं देता। तब चंद्रभाणजी ने कहा—तुम्हें खड़े-खड़े चींटिया दिखाई नहीं देतीं, इसलिए तुम अब अकेले चल नहीं सकते। अब तुम मारणान्तिक संलेखना शुरू कर दो। उन्होंने कहा—"अभी शरीर दुर्बल नहीं है। मैं संलेखना प्रारंभ कैसे कर सकता हूं ? आप मेरे आगे-आगे चलें, मैं आपके पीछे-पीछे चलूंगा। उन्होंने कहा—"यह संभव नहीं है।" उस समय चन्द्रभाणजी जंगल में ही उनका संबंध-विच्छेद कर आगे चले गये। स्वामीजी ने जो कहा, वे दोनों बातें एक साथ सत्य हो गईं।

तब वह बोला—"छलांग लगाने से मेरी तो हड्डियों का कचूमर निकल जाएगा। तुम्हीं छलांग लगाओ।"

तब वह बोला—"तुम्हारी हड्डियों का कचूमर निकल जाएगा, तो मेरा वायु का रोग कैसे मिटेगा ?

वैसे ही वेषधारी साधु कहते हैं, "असंयती को देने से हमारा साधुपन भग्न हो जाता है। तुम दो, तुम्हें पुण्य होगा।"

तब समझदार आदमी ने कहा—"जिस दान से तुम्हारा जिस साधुपन भग्न होता है, उस दान से हमें पुण्य कैसे होगा ?"

७३. यह बात तो मूर्ख मान सकता है

(इसी विषय में दूसरा दृष्टांत) दो मनुष्यों के परस्पर लंबे समय से वैर-विरोध चल रहा था। बाद में उन्होंने परस्पर मेल-मिलाप कर लिया। एक व्यक्ति दूसरे को निमंत्रण देकर भोजन कराने अपने घर ले गया। भोजन परोस कर बोला—"भाई साहब ! भोजन करें।"

तब वह बोला—"तुम भी मेरे साथ भोजन करने बैठो।" वह उसके साथ भोजन नहीं करता।

तब वह बोला—"यदि तुम साथ में भोजन नहीं करोगे, तो मुझे भी भोजन करने का त्याग है।"

उसका निष्कर्ष था कि यदि भोजन में विषैले द्रव्य मिलाए हुए हैं, तब तो यह भोजन नहीं करेगा और यदि वह शुद्ध है तो साथ में भोजन कर लेगा।

ऐसे ही असंयती को दान देने में पुण्य बतलाते हैं तब समझदार आदमी जान लेता है कि ये स्वयं तो देते नहीं और दूसरों को देने में पुण्य बतलाते हैं। किन्तु यह बात तो जो मूर्ख होगा, वही मानेगा। यदि उसमें पुण्य हो, तो पहले स्वयं वैसा करेंगे, दूसरा व्यक्ति तभी उसे मानेगा।

७४. बुद्धि की पकड़

एक वेषधारी साधु बोला—"यदि भीखणजी को कटारे से मार डालूं तो हमारा झगड़ा ही समाप्त हो जाए।" कुछ समय बाद उसका शील भंग हो गया। तब उसे नई दीक्षा दी गई। लोगों में यह बात फैलाई गई कि इसने भीखणजी को कटार से मारने की बात कही, इसलिए इसे नई दीक्षा दी गई।

यह बात स्वामीजी ने भी सुनी। आपने अपनी बुद्धि से विचार किया—"लगता है, इसका शील भंग हुआ है।"

एक दिन वह मिला तब स्वामीजी ने पूछा—"तुम्हारा शील तुम्हारी संसार-पक्षीया पत्नी से भंग हुआ अथवा अन्य स्त्री से भंग हुआ ?"

तब वह बोला—"पर स्त्री से भंग नहीं हुआ और अपनी संसारपक्षीया स्त्री से भी स्पर्श रूप भंग हुआ, पूर्ण भंग नहीं हुआ। फिर भी नई दीक्षा दी गई।"

७५. कथनी-करणी का अन्तर

वेषधारी साधु कुसलोजी और तिलोकजी कठोर चर्या में चलने लगे। उनकी

नीति यह थी कि इस प्रकार हम भीखणजी के श्रावकों को अपने पक्ष में कर सकते हैं। बड़ी कठोर प्ररूपणा करने लगे—"साधु तीसरे प्रहर में ही गोचरी करे। गांव में न रहे।"

कुछ दिनों बाद स्वामीजी मिले। आपने देखा कि वे पहले प्रहर में गोचरी कर रहे थे। तब स्वामीजी ने पूछा—"तुम तीसरे प्रहर में गोचरी करना बतलाते हो फिर पहले प्रहर में गोचरी कैसे कर रहे हो ?

तब वे तड़क कर बोले—"हम तो धोवन पानी लाने के लिए घूम रहे हैं।"

स्वामीजी बोले—"धोवन पानी लाने में दोष नहीं है, तो रोटी लाने में क्या दोष होगा ?"

वे फिर बोले—"साधु को लड्डू नहीं खाना चाहिए, उसे घी नहीं खाना चाहिए। उन्हें कौन-से बच्चों और बच्चियों को पैदा करना है ?"

स्वामीजी बोले—"तुम कहते हो, 'साधु को लड्डू नही खाना चाहिए,' तो 'देवकी के पुत्रों ने लड्डू का दान लिया'—यह सूत्रों में बतलाया गया है, वह कैसे ?"

तब वे बोले—"वे तो महान् पुरुष थे।"

तब स्वामीजी बोले—"महान् पुरुष होते हैं, वे ही खाते हैं।"

तब वे क्रोध कर बोले—"तुम तेरापंथियों ने दान-दया का लोप कर दिया, इसलिए हम तुम्हें लोगों की दृष्टि में गिरा देंगे।"

स्वामीजी बोले—"दो हजार वेषधारी साधु पहले से ही यह बात कह रहे हैं, उनमें यदि दो कम हैं, तो तुम उस संख्या को पूरा कर दो और यदि दो हजार पूरे हैं तो तुम दो अधिक हो जाओगे ?"

वहां से वे नेणवे गांव में गए। स्वामीजी के श्रावकों को शंकित बनाने का प्रयत्न करने लगे। तब श्रावक भी उनकी ठगाई को प्रकट करने लगे।

उन दोनों में एक बेले-बेले पारणा (प्रति दो दिवसीय उपवास के बाद भोजन) करता था। श्रावकों ने उसे कहा—"तुम तो तपस्या ठीक करते हो। तुम्हारा दूसरा साथी तपस्या नहीं कर रहा है।"

तब वह बोला—"तपस्या लोलुपता छूटने पर होती है मेरा साथी खाने का लोलुप है।"

तब श्रावकों ने उसके साथी से कहा—"तपस्या करने वाला तुम्हें लोलुप बतलाता है।"

तब वह बोला—"वह तपस्या करता है, पर क्रोधी है।"

तब उन्होंने तपस्या करने वाले से कहा—"तुम्हारा साथी तुम्हें क्रोधी बतलाता है। तब वे दोनों इकट्ठे हो परस्पर झगड़ने लगे। यह देख लोग बोले—

"जोडी तो जुगती मिली, कुशलो ने तिलोक।
ऊ थापै ऊ ऊथपै, किण विध जासी मोख।।

"इन दोनों की कैसी जोड़ी मिली है। परस्पर एक दूसरे को हीन बतला रहे हैं। इनका मोक्ष कैसे होगा ?

फिर तिरस्कृत हो वहां से चले गए।

७६. दोनों सच

एक ही बड़े संप्रदाय के अवान्तर संप्रदायों में बंटे हुए साधु परस्पर एक दूसरे को झूठा बतलाते थे। तब स्वामीजी बोले—"कथनी की दृष्टि से दोनों सच हैं।" वे भी झूठे हैं इस दृष्टि से दोनों सच बोल रहे हैं।

७७. चार अंगुल वस्त्र खण्ड के लिए

पादू में एक भाई ने कहा—"हेमजी स्वामी की चादर प्रमाण से बड़ी लग रही है। तब स्वामीजी ने लम्बाई और चौड़ाई दोनों ओर से नाप कर उसे दिखा दी। वह प्रमाणोपेत निकली। तब स्वामीजी ने उसे बहुत उलाहना दिया। आपने कहा "चार आंगुल के वस्त्र-खण्ड के लिए क्या हम अपना साधुपन खोएंगे? क्या तुम हमें इतने भोले समझ रहे हो? तुम्हें इतनी ही प्रतीति नहीं है तो कोई साधु यदि मार्ग में सजीव जल पी ले या और कुछ कर ले, तो तुम कहां-कहां उसके पीछे जाओगे? इस प्रकार उसे बहुत कड़ी चेतावनी दी।

तब वह हाथ जोड़ बोला—"मुझे झूठा ही संदेह हो गया, आप क्षमा करें।"

७८. इसमें शंका की क्या बात?

तेरापंथ—दीक्षा से पूर्व स्वामीजी अपने गुरुजी के साथ गोचरी के लिए गए। एक भाई चरखा कात रहा था, उसके हाथ से आहार का दान लिया।

तब गुरुजी बोले—"भीखणजी! क्या शंका हुई?"

तब स्वामीजी बोले—"साक्षात् अकल्पनीय आहार का दान लिया, उसमें फिर शंका की क्या बात?"

तब गुरुजी बोले—"भीखणजी! दृष्टि गहरी रखनी चाहिए। पहले तुम्हारे जैसा एक नया शिष्य गुरु के साथ गोचरी गया था। अकल्पनीय आहार लेते समय उसने गुरु को वरजा था। तब गुरु ने वह आहार नहीं लिया। फिर किसी समय जंगल में विहार करते समय उसे बहुत प्यास लगी। उसने गुरु से कहा "मुझे बहुत प्यास लगी।' गुरु ने कहा—"साधु का मार्ग है, दृढ़ता रखो। पर शिष्य प्यास से छटपटा रहा था। उसने सजीव जल पी लिया। उसे बड़ा प्रायश्चित्त प्राप्त हुआ। अन्यथा थोड़े प्रायश्चित में ही उसका काम निपट जाता।"

तब स्वामीजी ने सोचा—"इनकी दृष्टि ही ऐसी है।"

७९. साहूकार—दिवालिया

कुछ साधु कहते हैं—"अभी पांचवां अर है, पूरा साधुपन नहीं पाला जा सकता।

तब स्वामीजी बोले—"ऋण पत्र साहूकार और दिवालिया दोनों के लिए लिखा जाता है—जब ऋण-दाता मांगेगा तब तुरन्त रुपये लौटा देंगे। उसमें कोई आपत्ति नहीं करेंगे। चमकते हुए खरे रुपए लेंगे।"

"पर साहूकार और दिवालिया का पता तो वापस मांगने पर ही चलता है। साहूकार ब्याज-सहित लौटा देता है और दिवालिया मूल से भी मुकर जाता है।

"इसी प्रकार भगवान् ने सूत्र का निरूपण किया, उसके अनुसार जो चलता है वह साधु और पांचवें अर का नाम लेकर जो उसके अनुसार नहीं चलता वह असाधु है।

८०. पंचों को पूछूंगा

एक वैद्य ने किसी आदमी की आंखों की शल्य-चिकित्सा की। आंख के ठीक होने पर वैद्य ने पुरस्कार मांगा।

तब वह बोला—"पंचों को पूछूंगा। यदि पंच कहेंगे, 'तुझे दीखने लग गया,' तब मैं तुम्हें पुरस्कार दूंगा।"

तब वैद्य बोला—"तुम्हें कैसा दिखाई देता है ?"

तब वह फिर बोला—"पंच कहेंगे कि 'तुझे ठीक दिखाई दे रहा है,' तब तुम्हें पुरस्कार दूंगा।"

वैद्य ने सोचा—"पुरस्कार मिल चुका !"

इसी प्रकार किसी को सिद्धांत समझाकर कहा जाता है, 'अब तुम गुरु स्वीकार करो,' तब वह कहता है, 'दो-चार व्यक्तियों को पूछूंगा और पहले जो गुरु हैं, उन्हें भी पूछूंगा। वे कहेंगे तो गुरु-धारणा कर लूंगा।' तब जान लेना चाहिए इसने सिद्धांत को ठीक से नहीं समझा।

८१. बड़ा मूर्ख

किसी व्यक्ति ने वेषधारी साधुओं को छोड़ सच्चा सिद्धांत स्वीकार कर लिया और स्वामीजी का अनुगामी बन गया, परन्तु वेषधारी साधुओं से संग-परिचय नहीं छोड़ पा रहा था। वह बार-बार उनके पास जाता।

तब स्वामीजी ने पूछा—"उनका संग-परिचय क्यों रखता है ?"

तब वह बोला—"मेरे मन में उनके प्रति पहले का स्नेह-भाव है।

तब स्वामीजी बोले—"किसी व्यक्ति को 'मेर' पकड़ कर ले गये और उसका घर-बार लूट लिया, उसकी पिटाइ भी की। बाद में घर वाले परिश्रम कर उसे छुड़ा लाए। कुछ समय बाद मेले में इकट्ठे हुए। वह 'मेरों को पहिचान उनसे मिला। तब लोगों ने पूछा—"इनके साथ तुम्हारी क्या जान-पहिचान है ?' तब वह बोला—मेरे शरीर पर भाई साहब के हाथ की चोट लगी है, यही भाई साहब से मेरी जान-पहिचान है।"

तब लोगों ने जान लिया, 'यह पूरा मूर्ख है।'

इसी प्रकार इन कुगुरुओं के योग से कोई मिथ्या मार्ग की ओर जा रहा था। तब सद्गुरु उसे अच्छे मार्ग पर ले गए और यदि वह उन कुगुरुओं से संग-परिचय रखता है, तब वह बड़ा मूर्ख है।

८२. कहीं नया झगड़ा खड़ा न हो

स्वामीजी ने सिरियारी में चतुर्मास किया। वहां पोतियाबंध मत का कपूरजी नाम का साधु था और उस मत की कुछ श्राविकाएं भी थीं। संवत्सरी-पर्व आया, तब कपूरजी ने स्वामीजी से कहा—"भीखणजी ! श्राविकाओं से खटपट हो गई, अतः उनसे क्षमायाचना करने जा रहा हूं।"

स्वामीजी बोले—"तुम क्षमायाचना करने जा रहे हो, पर कहीं नया झगड़ा खड़ा न कर दो।"

तब कपूरजी ने कहा—"नया झगड़ा क्यों करूंगा ?"

उसके बाद में वह श्राविकाओं के पास जाकर बोला—"अपन परस्पर क्षमायाचना करते हैं। तुमने तो बहुत अयोग्य व्यवहार किया, पर मुझे तो राग-द्वेष नहीं रखना।"

तब श्राविकाओं ने कहा—"अयोग्य व्यवहार तुमने किया है या हमने ?" इस प्रकार परस्पर झगड़ा बढ़ गया।

वापस आकर स्वामीजी से बोला—"भीखणजी ! झगड़ा तो उल्टा बढ़ गया।"

तब स्वामीजी बोले—"हमने तुम्हें पहले ही कहा था।"

८३. यहां कौन-सा दुःख था

हेमजी स्वामी ने स्वामीजी से कहा—"तिलोकजी, चन्द्रभाणजी, सन्तोषचन्दजी, शिवरामदासजी आदि गण से पृथक् होकर अलग-अलग घूम रहे हैं। वे सब इकट्ठे होकर एक साथ रहें, तो उनका भी एक गण बन सकता है।

तब स्वामीजी बोले—"ऐसी करामात हो, तो यहां से क्यों जाते ? यहां कौन-सा दुःख था ?"

८४. हम तो हृदय परिवर्तन करते हैं

किसी वेषधारी साधु ने कहा—"भीखणजी करोड़ कसाइयों से भी ज्यादा भारी।

तब स्वामीजी बोले—"उनकी दृष्टि से तो यह बिलकुल ठीक है। कारण, कसाई तो बकरों को मारते हैं। उन्होंने कहने वालों का क्या बिगाड़ा ? और हम तो उनके श्रावकों का हृदय-परिवर्तन करते हैं। फलतः श्रावक उनके सम्प्रदाय से टूट जाते हैं। इसलिए वे ऐसा कहते है।

८५. आज तो रह जाते हैं

भीखणजी स्वामी सिरियारी से विहार कर रहे थे। तब सामो भंडारी उनके चरणों में अपनी पगड़ी रख कर आग्रहपूर्वक बोला—"आज आप विहार न करें।"

तब स्वामीजी बोले—"आज तो हम रह जाते हैं, पर भविष्य में ऐसा आग्रहपूर्ण अनुरोध मत करना।"

८६. आज तो वापस चलें

स्वामीजी आगरिया से विहार कर रहे थे, तब भाइयों ने वहां रहने के लिए अत्यंत आग्रह किया। पर स्वामीजी ने उसे स्वीकार नहीं किया। वे विहार कर गए। गांव के बाहर कुछ दूर गए। तब भारीमालजी स्वामी बोले—"आपने प्रार्थना नहीं मानी, इसलिए बेचारे भाई बहुत खिन्न और रूंआसे हो गए।

तब स्वामीजी बोले—"आज तो वापस चलें, (पर उन्हें समझा देना कि) भविष्य में आग्रहपूर्ण अनुरोध न करें।"

८७. हम भगवान् के घर के सन्देशवाहक है

केलवा में परिषद् जुड़ी हुई थी। वहां के जागीरदार ठाकर मोखमसिंहजी ने स्वामीजी से पूछा—"गांव-गांव से आपके पास प्रार्थनाएं आती हैं। बहुत पुरुष और

स्त्रियां आपको चाहते हैं। वे आपको देखकर बहुत प्रसन्न होते हैं उन्हें आप बहुत प्रिय लगते हैं। इसका क्या कारण ? आपमें ऐसा कौन-सा गुण है ?"

तब स्वामीजी बोले—"कोई साहूकार परदेश गया हुआ था। उसने अपने घर सन्देशवाहक भेजा और खर्चे के लिए रुपए-पैसे भी भेजे। सेठाणीजी सन्देशवाहक को देखकर बहुत राजी हुई। गरम पानी से उसके पैर धुलाए। भली-भांति खाना पका कर उसे खिलाया। उसके पास बैठकर अपने पति के समाचार पूछने लगीं—"साहजी शरीर में कैसे हैं—उनका स्वास्थ्य कैसा है ? उनके शरीर में सुख-शांति है ? साहजी कहां सोते हैं ? कहां बैठते हैं ?' सन्देशवाहक जैसे-जैसे समाचार बतलाता है, वैसे-वैसे वह सुनकर बहुत राजी होती है। पर सन्देशवाहक को देख प्रसन्न होने का कारण यह है कि वह उसके पति का समाचार उसे बतलाता है।

"इसी प्रकार हम भगवान् के गुण और उनका सन्देश लोगों को बतलाते हैं। संसार से मुक्त होने का मार्ग बतलाते हैं। यही कारण है कि पुरुष और स्त्रियां हमसे बहुत प्रसन्न रहती हैं।"

८८. यह किसने देखा ?

किसी समय केलवा में ठाकर मोखमसिंहजी ने पूछा—"आप भविष्य और अतीत का लेखा-जोखा बतलाते हैं। वह किसने देखा है ?'

तब स्वामीजी बोले—"तुम्हारे बाप, दादे और परदादे हुए। तुम उन पीढ़ियों के नाम और उनकी पुरानी बातें जानते हो, वे सब किसने देखे हैं ?"

तब ठाकर बोले—"बही-भाटों की पोथियों में पुरखों के नाम और बातें लिखी हुई हैं उनके आधार पर हम जानते हैं।"

तब स्वामीजी बोले—"बहीभाटों के झूठ बोलने का त्याग नहीं है। उनकी लिखी हुई बातों को भी तुम सच मानते हो, तब फिर ज्ञानी पुरुषों द्वारा कहे हुए शास्त्र असत्य कैसे होंगे ? वे सत्य ही हैं।"

यह सुन ठाकर बहुत प्रसन्न हुए और बोले—"आपने बहुत अच्छा समाधान किया।"

८९. मेरी सामर्थ्य इतनी ही है

ढुंढाड (जयपुर राज्य का एक प्रदेश) के एक गांव में स्वामीजी पधारे। वहां के जागीरदार ने स्वामीजी के चरणों में अट्ठन्नी[1] के टक्के[2] रखे। स्वामीजी बोले—"हम तो टक्के-पैसे नहीं लेते।"

तब जागीरदार बोला—"आप मोहर लायक हैं, पर मेरी सामर्थ्य इतनी ही है। अगली बार आप पधारेंगे तब पूरा रुपया भेंट करूंगा।"

तब स्वामीजी बोले—"हम तो रुपए, मोहर आदि कुछ भी नहीं रखते।"

यह सुन जागीरदार बहुत खुश हुआ। वह गुणग्राम करने लगा—"आपकी करणी धन्य है।"

१. आधा रुपया।

२. दो पैसे का सिक्का।

९०. सम्यक्‌दृष्टि को पाप नहीं लगता ?

पुर की घटना है। ऋषि गुलाबजी दो साधुओं सहित स्वामीजी के पास चर्चा करने आए। वेषधारी साधुओं के अनेक श्रावक उनके साथ थे। वे श्रावक अंट-संट बोलने लगे।

तब स्वामीजी ने कहा—"होली में किसी को राव बना तमाशबीन 'गेरिआ' (होली खेलने वाले) उसके साथ होते हैं। उसी प्रकार ऋषि गुलाबजी को राव बना तुम लोग गेरिआ बने हो, ऐसा लगता है। ज्ञान की बात तो कुछ दिखाई नहीं देती।"

फिर स्वामीजी ने ऋषि गुलाबजी से पूछा—"शीतलजी के सम्प्रदाय के साधुओं को तुम साधु मानते हो या असाधु ?"

तब वे बोले—"असाधु मानता हूं।"

"शीतलजी के साधु अनशन करते हैं, उन्हें तुम क्या मानते हो ?"

तब वे बोले—"अकाम-मरण।"[1]

"रुघनाथजी, जयमलजी आदि सम्प्रदायों के साधुओं को क्या मानते हो ?"

तब वे बोले—"असाधु मानता हूं।"

"उनके साधु अनशन करते हों, उसे क्या मानते हो ?"

"अकाममरण।"

"फिर वे श्रावक बोले—आप भीखणजी को क्या मानते हैं ?"

उनके उत्तर देने से पहले ही स्वामीजी बोले—"हमने इन्हें पहले कभी देखा ही नहीं। हमारी और इनकी मान्यताएं तथा आचार परम्पराएं मिल जाएं, तो हमें इनके साथ संघीय सम्बन्ध स्थापित करने में कोई संकोच नहीं होगा।" उस समय उनमें से कुछ श्रावक तो वहां से चले गए।

अब ऋषि गुलाबजी से स्वामीजी ने पूछा—"सम्यक्-दृष्टि के पाप का बन्ध होता है या नहीं ?"

तब उन्होंने उत्तर दिया—"नहीं होता।"

तब स्वामीजी ने पूछा—"यदि सम्यग्दृष्टि स्त्री का सेवन करे तो ?"

तब वह बोला—"पाप नहीं लगता।"

"तुम अपने आपको सम्यक्‌दृष्टि मानते हो; यदि तुम स्त्री का सेवन करो ?"

तब बोले—"पाप तो नहीं लगता, पर साधु के वेष में यह बात शोभा नहीं देती।"

तब स्वामीजी बोले—"सिर पर वस्त्र लपेट कर यदि स्त्री का सेवन करो तो ?" इत्यादि अनेक प्रश्न पूछे।

तब वे उत्तर देने में असमर्थ रहे। बहुत उलझ गए। तब क्रोध में आकर बोले—"आप हमसे चर्चा कर रहे हैं; यदि गोगुन्दा के भाइयों से चर्चा करें, तो आपको पता चले। गोगुन्दा के भाई 'तुंगिया नगरी के श्रावक' हैं। वहां के श्रावक 'अकबरी मोहर' हैं।"

---

१. मोक्ष के उद्देश्य-रहित मरण।

तब स्वामीजी बोले—"इससे भी ज्यादा तेज क्षेत्र हो तो बता दो।"

ऋषि गुलाबजी आगमों की बत्तीसी को कंधों पर उठाए घूमते थे। परन्तु मान्यता सही नहीं थी। स्वामीजी ने उनसे पांच महाव्रतों के द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के बारे प्रश्न किए।

तब बोले—"ये सब पन्ने में लिखे हैं।"

स्वामीजी बोले—"पन्ना फट जाएगा तो? साधुपन तुम पालते हो, या पन्ना पालता है?" इत्यादि प्रश्नों से वे बहुत उलझन में फंस गए।

० ये हमारे पहले के गुरु हैं

कालान्तर में स्वामीजी गोगुन्दा पधारे। वहां के भाइयों से चर्चा कर उन्हें तेरापंथ का अनुयायी बना लिया। यह सुन कर ऋषि गुलाबजी वहां आए और स्वामीजी से चर्चा करने लगे। तब भाई बोले—"महाराज! इनसे तो चर्चा हम करेंगे। ये हमारे पहले के गुरु हैं।" फिर भाइयों ने ऋषि गुलाबजी से चर्चा कर उन्हें निरुत्तर कर दिया।

तब वे क्रोध में आकर बोले—गोगुंदा के भाई ठीकरी के रुपए हैं।" बहुत खिन्न होकर चले गए।

गोगुन्दा के श्रावकों ने १८२२ पन्नों के भगवती सूत्र का दान दिया और प्रज्ञापना सूत्र का भी।

९१. एक भीखन बाकी बचा

पाली का प्रसंग है। संवेगी साधु खंतिविजयजी ने आचार्य रुघनाथजी से चर्चा की—"किसी गृहस्थ ने साधुओं को भिक्षा में मिश्री के बदले नमक दे दिया तो क्या किया जाय?"

खंतिविजयजी बोले—"वह साधु के पात्र में आ गया इसलिए उसे खा लेना चाहिए।"

आचार्य रुघनाथजी ने कहा—"या तो वह नमक देने वालों को वापस कर दिया जाए या उसका व्युत्सर्ग कर दिया जाए।"

उन्होंने एक ब्राह्मण को मध्यस्थ बनाया था। उसने कहा—"वह खाना चाहिए।"

फिर आचार्य रुघनाथजी ने आचारांग की प्रति निकाली। उस समय खंतिविजयजी ने आचार्य रुघनाथजी के हाथ से पन्ना छीन, उसे फाड़ डाला। बहुत लोगों के बीच उन्होंने आचार्य रुघनाथजी की अवमानना की। तब खंतिविजयजी के पक्ष की बहिनें गाने लगीं—

"ज्ञानी गुरु जीत गए, जीत गए। सूत्र के प्रताप से हमारे ज्ञानी गुरु जीत गए।"

तब आचार्य रुघनाथजी बहुत उदास हो गए। फिर उन्होंने अपने श्रावकों से कहा—"इन खंतिविजयजी को जीत सके वैसा तो भीखण ही है। हम 'बाईस टोले' सच्चे हैं, उन्हें भी वह असत्य ठहरा देता है, तो यह तो साक्षात् तांबे का रुपया है, इसे हटाना तो बहुत सरल है।

तब आचार्य रुघनाथजी के श्रावक स्वामीजी के श्रावकों से कहने लगे—"तुम्हारे गुरु मेवाड़ में हैं सो प्रार्थना कर उन्हें यहां बुलाओ।"

कुछ दिनों बाद स्वामीजी मेवाड़ से मारवाड़ पधारे। पाली में आचार्य रुघनाथजी के श्रावक स्वामीजी से कहने लगे—"पूज्यजी ने कहा है, 'आप खंतिविजयजी से चर्चा कर उन्हे निरुत्तर करें। वे उल्टी-सुल्टी बातें बहुत करते हैं—मैंने ढूंढियों के मुंह में अंगुली डाल कर देख लिया है, पर मुझे कहीं भी दांत नहीं मिला। एक सांवरे रंग वाला भीखन बाकी बचा है।' इस प्रकार वह अवांछनीय शब्दों का प्रयोग करता है।"

० निक्षेपों की चर्चा

कुछ दिनों बाद स्वामीजी विहार करते-करते काफरला गांव (मारवाड़) में पधारे। खंतिविजयजी भी पीपाड़ के अनेक श्रावकों के साथ मंदिर की प्रतिष्ठा के लिए वहां आए।

उन्हें अनेक लोगों ने कहा—"आप भीखणजी से चर्चा करें।" एक दिन कुम्हारों के मोहल्ले में स्वामीजी जा रहे थे। सामने वे भी आ गए। उन्होंने स्वामीजी से पूछा—"तुम्हारा नाम क्या ?"

स्वामीजी बोले—"मेरा नाम भीखण।"

खंतिविजयजी बोले—"जो तेरापंथी भीखणजी हैं, वे तुम ही हो ?"

तब स्वामीजी बोले—"हां, मैं वही हूं।"

तब खंतिविजयजी बोले—"तुमसे निक्षेपों की चर्चा करनी है।"

स्वामीजी बोले—"निक्षेप कितने हैं ?"

वे बोले—"निक्षेप चार हैं—नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव।"

स्वामीजी ने पूछा—"इनमें से वंदना-भक्ति किन निक्षेपों की करनी चाहिए है"

खंतिविजयजी बोले—'चारों ही निक्षेपों की वंदना-भक्ति करनी चाहिए।"

स्वामीजी बोले—"एक भाव निक्षेप की हम भी वंदना-पूजा करते हैं। शेष तीन निक्षेपों की चर्चा रही। इनमें पहला नाम निक्षेप है। किसी कुम्हार का नाम भगवान रख दिया। उसे तुम वंदना करते हो या नहीं ?"

तब खंतिबिजयजी बोले—"उसको क्या वंदना करें ? उसमें प्रभु के गुण नहीं है।"

स्वामीजी बोले—"गुण वाले को तो हम भी वंदना करते हैं।"

इसका उत्तर देने में वे सकपका गए।

फिर स्वामीजी ने स्थापना निक्षेप के विषय में चर्चा शुरू की—

"रत्नों की प्रतिमा हो तो उसको वंदना करते हो या नहीं ?"

वे बोले—"वंदना करते हैं।"

फिर पूछा—"सोने की प्रतिमा हो तो ?"

वे बोले—"वंदना करते हैं।"

"चांदी की प्रतिमा हो तो ?"

"वंदना करते हैं।"

"सर्वधातु की प्रतिमा हो तो ?"

"वंदना करते हैं।"

"पाषाण की प्रतिमा हो तो ?"

"वंदना करते हैं।"

"गोबर की प्रतिमा हो, तो वंदना करते हैं या नहीं ?"

तब खंतिविजयजी क्रोध में आकर बोले—"तुमसे निक्षेपों की चर्चा नहीं करेंगे।

"तुम तो प्रभु की आशातना करते हो, वह हमें अच्छी नहीं लगती" यह कह कर वह वहां से चले गए। स्वामीजी भी अपने स्थान पर आ गए।

० हाथ क्यों कांप रहा है ?

फिर खंतिविजयजी से लोगों ने कहा—"आप भीखणजी से चर्चा करें।" इस प्रकार लोगों द्वारा बार-बार कहने पर खंतिविजयजी बहुत लोगों के साथ बाजार में आए और स्वामीजी जहां ठहरे हुए थे, वहां से दस दुकानों की दूरी पर बैठ गए।

फिर लोगों ने स्वामीजी से कहा—"खंतिविजयजी चर्चा करने आये हैं सो आप वहां चलें।"

तब स्वामीजी बोले—"मेरा तो यहीं रहने का भाव है। खंतिविजयजी इतनी दूर आए हैं। यदि चर्चा करने का मन होगा, तो इतनी-सी दूर और आ जाएंगे।"

तब लोगों ने खंतिविजयजी से जाकर कहा—"आप चलें।" इस प्रकार उन पर दबाब डाल एक दुकान के अन्तर पर ला बिठा दिया। वे बोले—"यहां से तो एक पग भी आगे नहीं सरकूंगा।"

फिर लोगों ने आकर स्वामीजी से कहा—"अब तो आप भी पधारें।" तब स्वामी जी और भारीमालजी स्वामी पधारे। अब चर्चा प्रारम्भ हुई।

स्वामीजी बोले—"चर्चा सूत्रों से सम्बन्धित करनी है और आचारांग आदि ग्यारह अंगों से सम्बन्धित चर्चा करनी है। आचारांग सम्बन्धी चर्चा करने लगे। तब स्वामीजी बोले—"आचारांग सूत्र में ऐसा कहा है—

"धर्म के निमित्त जीवों को मारने में दोष नहीं है, यह अनार्य वचन है।" यह पाठ स्वामीजी ने दिखाया।

तब खंतिविजयजी बोले—"यह पाठ अशुद्ध है। रे शिष्य ! अपनी प्रति ला।"

उस पोथी मंगा कर देखी तो उसमें भी वैसा ही पाठ निकला। तब स्वामीजी ने कहा "पढ़ो। तब उन्होंने परिषद् के बीच पढ़ने से आनाकानी की। उनके हाथ कांपने लगे।"

तब स्वामीजी बोले—"तुम्हारा हाथ क्यों कांप रहा है ?" चार कारणों से हाथ कांपते हैं—

एक तो कंपन वायु से हाथ कांपते हैं,

अथवा क्रोध के कारण हाथ कांपते हैं,

अथवा चर्चा में हार जाने पर हाथ कांपते हैं,

अथवा मैथुन के आवेश से हाथ कांपते हैं।

तब वे क्रोध के आवेश में बोले—"साले का सिर काट डालूं।"

तब स्वामीजी बोले—"जगत् की सभी स्त्रियां मेरे मां और बहिन के समान हैं। और यदि तुम्हारे घर में कोई स्त्री हो, तो वह मेरी बहिन होगी। यदि इस दृष्टि से साला कहा हो, तो ठीक है। और यदि तुम्हारे घर में स्त्री न हो और मुझे साला कहते हो, तो तुम्हें झूठ लगता है। और तुमने साधुपन स्वीकार किया, तुमने छह काय के जीवों को मारने का त्याग किया था। तुम मुझे साधु भले ही मत मानो, पर कम से कम मैं त्रसकाय में तो हूं। मेरा सिर काटने को कहा, तो क्या साधुपन स्वीकार करते समय मुझे मारने की छूट रखी थी?" यह सुन वे निरुत्तर हो गए।

फिर मोतीरामजी चौधरी ने कहा—"यहां से उठो! हमें लज्जित कर रहे हो? ये तो क्षमाशील साधु हैं और तुम अंट-संट बोल रहे हो।" ऐसा कह हाथ पकड़ उन्हें वहां से ले गए।

० फिर चर्चा नहीं की

कुछ दिनों बाद स्वामीजी और खंतिविजयजी पीपाड़ आए। तब लोगों ने सोचा, अब इनमें परस्पर चर्चा होगी। स्वामीजी जहां गोचरी जाते हैं, वहां आचार्य रुघनाथजी के श्रावक कहते हैं—"पूज्यजी ने कहा है—खंतिविजयजी से चर्चा कर उन्हें निष्प्रभाव करो।"

तब स्वामीजी बोले—"वे करेंगे तो उनसे चर्चा करने का भाव है।"

फिर सरूपजी मेहता ने खंतिविजयजी के पास जाकर कहा—भीखणजी चर्चा करने को तैयार है, इसलिए तुम उनके साथ चर्चा करो।" पर वे स्वामीजी से चर्चा करने को तैयार नहीं हुए। स्वामीजी ने पूरे एक मास तक वहां रह कर प्रस्थान कर दिया। स्वामीजी विहार कर जा रहे थे, खंतिविजयजी के उपाश्रय के पास खड़े रहे, फिर भी खंतिविजयजी ने कोई चर्चा नहीं की।

० गुड़ के बदले अफीम

उसके बाद पाली में एक दिन खंतिविजयजी से चर्चा हुई। खंतिविजयजी ने कहा—मिश्री के बदले नमक आ जाए, तो वह पात्र में गिर गया, इसलिए खा लेना चाहिए।"

तब स्वामीजी ने कहा—"किसी ने गुड़ के बदले अफीम दे दिया और मिश्री के बदले सोमल क्षार दे दिया। वह भी तुम्हारे अनुसार खा लेना चाहिए, क्योंकि वह भी पात्र में आ गिरा है।"

तब वे हतप्रभ हो गए। सही उत्तर देने में अपने आपको समर्थ नहीं पाया।

६२. खाई मिश्री, जाना जहर

पीपाड़ निवासी चोथजी बोहरा ने पाली में दुकान शुरू की। चतुर्मास पूर्ण होने पर स्वामीजी उसकी दूकान पर वस्त्र-याचना करने गए। उसने दो वासती का दान देकर पूछा—"मैं तुम्हें असाधु मानता हूं। तुम्हें वासती का दान दिया, उसमें मुझे क्या हुआ?"

तब स्वामीजी बोले—"किसी ने मिश्री खाई और जानता है कि मैंने जहर खा लिया है, तो वह मरता है या नहीं ?"

तब वह बोला—"नहीं मरता, क्योंकि उसका गुण मारने का नहीं है।"

स्वामीजी बोले—"वैसे ही हम साधु हैं और तुमने हमें असाधु जान कर दान दे दिया, तो वह तुम्हारे ज्ञान की खामी है; किन्तु साधु को दान देने में धर्म ही होता है।"

९३. नकल करने का पाठ किससे पढ़ा

स्वामीजी अमरसिंहजी के स्थानक में गए। उसके भीतर खेजड़ी का पेड़ देख कर स्वामीजी बोले—"रात के समय यहां प्रस्रवण डालते होंगे ? तब इस पेड़ की दया कैसे पलेगी ?"

तब उनका साधु स्वामीजी के शब्दों की नकल करते हुए बोला।

तब स्वामीजी बोले—"यह नकल करने का पाठ अपने मन से ही पढ़ा या गुरुजी के पास पढ़ा ?"

तब अमरसिंहजी ने अपने शिष्य को रोका और स्वामीजी से कहा—"आप कुछ मन में मत लाना।"

९४. तुम्हारी कौन-सी सामर्थ्य ?

गुमानजी का शिष्य रतनजी बोला—'मैं भीखणजी से चर्चा करना चाहता हूं।"

तब गुमानजी बोले—"हम भी भीखणजी से चर्चा करने में सकुचाते हैं, तब तुम्हारी कौन-सी सामर्थ्य ?"

तब रतनजी ने पूछा—"आप क्यों सकुचाते हैं।"

तब गुमानजी बोले—"भीखणजी से कोई चर्चा करता है, तब वे किसी उत्तर को पकड़, उस विषय पर गीतिका बना देते हैं। फिर गृहस्थों को सिखा देते हैं। इससे चर्चा करने वाले की गांव-गांव में अपकीर्ति होती है। इस दृष्टि से हम भीखणजी से चर्चा करते सकुचाते हैं।

९५. हम ऐसा अन्याय नहीं करेंगे

स्वामीजी ने पाली में चातुर्मास किया। उस समय बावेचाजी ने दूकान के मालिक से कहा—"तुम्हें दुगुना किराया देंगे, तुम यह दूकान हमें दे दो।" तब दूकान के मालिक ने कहा—अभी तो वहां स्वामीजी ठहरे हुए हैं, यदि तुम पूरी दूकान को रुपयों से पाट दो तो भी मैं वह तुम्हें नहीं दूंगा। स्वामीजी के विहार कर जाने के बाद भले तुम ले लेना। फिर बावेचाजी ने हाकिम जेठमलजी के पास जा अपने-अपने घर की चाभियां उनके सामने डाल दीं और कहा—या तो यहां भीखणजी रहेंगे या हम रहेंगे।

तब हाकिम बोले—'ऐसा अन्याय तो हम नहीं करेंगे। बस्ती में वेश्या और कसाई रहते हैं, उन्हें भी हम नहीं निकालते तो फिर भीखणजी को हम कैसे निकालेंगे।'

हाकिम ने दृष्टांत दिया—विजयसिंहजी के राज्य में मोती नाम का बनजारा था। उसके लाख बैल थे, इसलिए वह 'लक्खी बनजारा' कहलाता था। वह नमक लेने के लिए

मारवाड़ में आता था। वह लोगों के खेतों को उजाड़ देता। तब जाटों ने राजा विजय सिंहजी के सामने पुकार की--मोती बनजारा हमारे खेतों को उजाड़ देता है। तब राजाजी ने मोती बनजारे से कहा—'जाटों के खेतों को मत उजाड़ो।'

तब मोती बोला—'मैं तो आऊंगा तब ऐसे ही होगा।'

राजाजी ने कहा—"ऐसे ही होगा तो फिर हमारे देश में मत आना। यदि हमारे पास नमक है तो दूसरे बहुत बनजारे आएंगे। हम किसी को अन्याय नहीं करने देंगे।"

इस दृष्टांत के आधार पर जेठमलजी ने कहा—तुम चले जाओगे तो दूसरे व्यापारियों को लाकर बसा देंगे किन्तु साधुओं को निकालने का अन्याय हम नहीं करेंगे।

तब बावेचाजी अपनी-अपनी चाभियां ले अपने-अपने घर चले गए।

० अब हम तुम्हें दान नहीं देंगे

कुछ समय बाद बावेचा लोगों ने ब्राह्मणों से कहा—हम तुम्हें दान देते हैं, उसमें भीखणजी पाप बतलाते हैं, इसलिए अब हम तुम्हें दान नहीं देंगे।

तब ब्राह्मण स्वामीजी के पास आकर बोले—हमें दान देने में आप पाप बतलाते हैं, इसलिए बावेचा हमें दान नहीं देते हैं।

तब स्वामीजी ने कहा—तुम्हें बावेचा लोग पांच रुपये दें तो भी मुझे मनाही करने का त्याग है।

तब ब्राह्मणों ने बावेचा लोगों से कहा—बापजी ने प्रत्येक ब्राह्मण को पांच-पांच रुपये देने का आदेश दिया है।

यह सुन बावेचा लोग बहुत लज्जित हुए।

० परीषह सहने में कितना दृढ़

स्वामीजी रात्री में व्याख्यान देते थे। उस समय बावेचा लोग ढोलक बजाते, गाते और व्याख्यान में विघ्न डालते। तब भाइयों ने कहा—महाराज! आप दूसरी जगह ठहरें।

तब स्वामीजी बोले—खेतसीजी नवदीक्षित है। हम देखना चाहते हैं कि यह परिषह सहने में कितना दृढ़ है। कुछ दिनों तक विघ्न डाला, फिर बावेचा लोग थक कर मौन हो गये।

० झगड़ा मत करो

पर्युषण के दिनों में बावेचा लोगों ने इन्द्रध्वज की यात्रा निकाली। उन्होंने स्वामीजी के सामने बहुत समय तक खड़े रहकर गाया, बजाया और तानें मिलाई। तब कुछ श्रावक बावेचा लोगों से झगड़ा करने लगे। तब स्वामीजी ने कहा—झगड़ा मत करो। इन्हें रोको मत कारण कि ये प्रतिमा को भगवान् मानते हैं। ये या तो भगवान् के पास गाना-बजाना करते हैं या भगवान् के साधुओं के पास।

तब बावेचा लोग बोले—भीखणजी हर बात को सम्यग्दृष्टि से ग्रहण कर लेते हैं। ऐसा कहते हुए वे आगे बढ़ गए।

९६. यह शोभाचंद सेवक निष्पक्ष

नाडोलाई में शोभाचंद नाम का सेवक था। उसे पाली में बुला कर बावेचाजी ने कहा—'भीखणजी खेरवे गांव में हैं। तुम उनके विषय में निन्दात्मक कविता लिखो। सतरह प्रकार की पूजा रची जा रही है। उसमें से तुम्हें दस-बीस रुपये देंगे।'

तब शोभाचंद बोला—भीखणजी से बात करने के बाद उनके बारे में निन्दात्मक कविता लिखूंगा। यह कह कर वह खेरवे में आया। स्वामीजी को वंदना की स्वामीजी बोले—तुम्हारा नाम शोभाचंद ?

तब वह बोला—हां महाराज !

फिर स्वामीजी ने पूछा—तूं रोडीदास सेवक का बेटा है ?

तब वह बोला—हां, महाराज !

फिर शोभाचंद बोला—आप भगवान् की उत्थापना करते हैं, यह बात आपने अच्छी नहीं की।

तब स्वामीजी बोले—हम तो भगवान् के वचनों के आधार पर घर छोड़ साधु बने हैं, फिर हम भगवान् की कैसे उत्थापना कर सकते हैं ?

फिर शोभाचंद बोला—आप देवालय की उत्थापना करते हैं ?

तब स्वामीजी बोले—देवालय में हजारों मन पत्थर होता है। हम तो सेर दो सेर पत्थर की भी उत्थापना कहां करते हैं—कहां उठाते हैं।

तब वह बोला—आप प्रतिमा की उत्थापना करते हैं, प्रतिमा को पत्थर कहते हैं।

तब स्वामीजी बोले—हम प्रतिमा की उत्थापना कहां करते हैं ? हमें झूठ बोलने का त्याग है। इसलिए हम सोने की प्रतिमा को सोने की प्रतिमा, चांदी की प्रतिमा को चांदी की प्रतिमा, सर्वधातु की प्रतिमा को सर्वधातु की प्रतिमा और पाषाण की प्रतिमा को पाषाण की प्रतिमा कहते हैं।

यह सुनकर शोभाचंद बहुत हर्षित हुआ। ऐसे पुरुषों का अवगुण मैं कैसे बोलूं ? ऐसे पुरुषों का तो मुझे गुणानुवाद करना चाहिए—यह सोचकर उसने स्वामीजी की स्तुति में दो छंद लिखें। स्वामीजी को सुना, उन्हें वंदना कर, वह पाली आ गया।

बावेचा लोगों ने पूछा—क्या तुमने छंद बनाए ?

शोभाचंद बोला—हां, बनाए।

बस, यह सुनकर शोभाचंद को साथ ले स्वामीजी के श्रावकों के पास आकर बोले—यह शोभाचंद सेवक निष्पक्ष आदमी है। भीखणजी को यह जैसा जानता है वैसा ही कहेगा। कहो भाई ! भीखणजी कैसे हैं ?

तब शोभाचंद बोला—'क्यों कहलाते हो ? उनकी मान्यता उनके पास है और अपनी मान्यता अपने पास।'

फिर भी बावेचा बंधु माने नहीं। वे बोले—तुम कहो।

फिर शोभाचंद बोला—मुझे भीखणजी में गुण या अवगुण जो भी दिखता है वैसा कहूंगा। तब बावेचा लोग बोले—'तुम्हें जैसा लगे वैसा कहो।'

तब शोभाचंद ने जो छन्द बनाए उन्हें सुनाने लगा—

छन्द

अनभय कथनी रहिणी करणी अति आठूंइ कर्म जिपै अधिकारी।
गुणवंत अनंत सिद्धंत कला गुण प्राकम पोंहोच विद्या पुण भारी।
शास्तर सार बत्तीस जाणै सहु केवल ज्ञानो का गुण, उपकारी।
पंचइंद्री कूं जीत न मानत पाखंड साध मुनिंद्र बड़ा सतधारी।
साधवा मुक्ति का वास बन्दा सहु भिक्खम स्वाम सिद्धंत है भारी।
स्वामी परभव के साधन साचहै वाचहै सूत्र कला विस्तारी।
तेरा हो पंथ साचा त्रिऊं लोक में नाग सुरेन्द्र नमैं नरनारी।
सुणि बात है साच सिद्धंत सुज्ञान की बोहत गुणी करणी बलिहारी।
पृथ्वी के तारक पंचमें आर में भीखण स्वामी का मारग भारी ॥१॥

इन छंदों को सुन बावेचा लोग वहां से चुपचाप सरक गए। स्वामीजी के श्रावक बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने खुशी में झूमते हुए शोभाचंद को लगभग २०-२५ रुपयों का पुरस्कार दिया।

९७. फूलों के दृष्टांत की तुलना नहीं हो सकती

स्वामीजी के पास देहरावासी लोग आकर बोले—'तुम्हें नदी पार करने में यदि धर्म है तो मूर्ति के सामने हम फूल चढ़ाते हैं, उसमें भी धर्म होगा।'

तब स्वामीजी बोले—एक ओर नदी का जल कटि तक है, दूसरी ओर उसका जल घुटनों तक है और तीसरी ओर वह सूखी है तो हम उस सूखी नदी से जाने को प्राथमिकता देंगे। अधिक जल वाली नदी को दो-चार कोस का चक्कर लेकर भी टालने का प्रयत्न करते हैं। और तुम जो फूल चढ़ाते हो, वहां एक ओर सूखे फूल पड़े हैं, दूसरी ओर दो-तीन दिन के कुम्हलाए फूल पड़े हैं और तीसरी ओर कच्ची कलियां हैं। तुम कौन से चढ़ाओगे ?

तब वे बोले—'हम तो कच्ची कलियों को नखों से तोड़-तोड़ कर चढ़ायेंगे।'

तब स्वामीजी बोले—तुम्हारा परिणाम (भाव) तो जीव-हिंसा के अभिमुख है और हमारा परिणाम दया की ओर अभिमुख है। इस न्याय से साधु द्वारा नदी पार करने के साथ फूलों के दृष्टांत की तुलना नहीं हो सकती।

९८. साधु ही कहलाता है

किसी ने पूछा—भीखणजी ! तुम अन्य संप्रदायों के साधुओं को साधु नहीं मानते तो उन्हें ये अमुक संप्रदाय के साधु, ये अमुक संप्रदाय के साधु—ऐसा क्यों कहते हो ?

तब स्वामीजी बोले—किसी के घर मृत्युभोज होने पर गांव में निमंत्रण दिया जाता है—अमुक को निमंत्रण है खेमाशाह के घर का, अमुक को निमंत्रण है पेमाशाह के घर का, और यदि उन्होंने दिवाला निकाल दिया हो तो भी वे 'शाह' ही कहलाते हैं।

इसी प्रकार कोई साधुपन नहीं पालता और साधु का नाम धराता है तो वह द्रव्य-निक्षेप की दृष्टि से साधु ही कहलाता है।

९९. मूल्यांकन तुम कर लेना

किसी ने पूछा—इतने संप्रदाय हैं उनमें साधु कौन और असाधु कौन ?

तब स्वामीजी बोले—किसी को आंखों से दिखाई नहीं देता। उसने वैद्य से पूछा—शहर में नंगे कितने हैं और वस्त्र-पहने कितने हैं ?

तब वैद्य बोला—आंखों में दवा डाल कर तुम्हारी दृष्टि मैं लौटा दूंगा, फिर तुम्हीं देख लेना कितने नंगे हैं और कितने वस्त्र-पहने हैं।

इसी प्रकार पहचान तो हम बतला देते हैं, फिर साधु कौन और असाधु कौन इसका निर्णय तुम स्वयं कर लेना।

किसी का भी नाम लेकर असाधु कहने से वह झगड़ा करने लग जाता है। इसे ध्यान में रख कर साधु-असाधु के लक्षण तो हम दे देंगे, उनका मूल्यांकन तुम कर लेना।

१००. साधु कौन ? असाधु कौन

एक बार फिर किसी ने पूछा—इन (अमुक-अमुक संप्रदायों) में साधु कौन और असाधु कौन ?

तब स्वामीजी बोले—किसी ने पूछा, शहर में साहूकार कौन और दिवालिया कौन ? एक समझदार आदमी ने उत्तर दिया—ऋण लेकर लौटा देता है, वह साहूकार और ऋण को नहीं लौटाता तथा मांगने पर झगड़ा करता है, वह दिवालिया।

इसी प्रकार पांच महाव्रतों को स्वीकार कर उनकी सम्यक् पालना करता है वह साधु और जो उनकी सम्यक् पालना नहीं करता वह असाधु है।

१०१. मेरे तो प्राण जा रहे हैं

कोई बोला—अनुकंपा ला कच्चा जल पिलाने से पुण्य होता है, क्योंकि उसका परिणाम (भाव) अच्छा है, जीव को बचाने का है, किन्तु जल के जीवों की हिंसा करने का नहीं है।

तब स्वामीजी बोले—एक आदमी दूसरे को कटारी से मारने लगा।

तब वह बोला—मुझे मत मार।

तब मारने वाला बोला—मेरा तुझे मारने का भाव नहीं है। मैं तो कटारी का मूल्यांकन कर रहा हूं—इस कटारी में कितनी मारक क्षमता है।

तब वह बोला—समुद्र में डूब जाए तुम्हारा मूल्यांकन मेरे तो प्राण जा रहे हैं।

इसी प्रकार जीवों को खिलाने-पिलाने में जो पुण्य कहते हैं उनकी मान्यता सही नहीं है।

१०२. वह अवसर तो उसी समय था

स्वामीजी ने अन्य संप्रदाय के साधुओं के स्थान पर पूछा—तुम कितनी मूर्तियां हो ?

तब उन्होंने कहा—हम इतनी मूर्तियां हैं।

स्वामीजी अपने स्थान पर आ गए।

पीछे से किसी व्यक्ति ने उन साधुओं से कहा—तुम्हें तो भीखणजी ने 'भगत'

(संन्यासी) बना दिया। तब उस अन्य संप्रदाय के साधु ने स्वामीजी के पास आकर पूछा—आप कितनी मूर्तियां हैं ?

तब स्वामीजी बोले—वह अवसर तो उसी समय था। हम तो इतने साधु हैं।

१०३. भीखणजी ! तुम भी लोटे को मांजो

स्वामीजी के गृहस्थ जीवन की घटना है। एक दिन वे शौच के लिये जंगल जा रहे थे तब सोजत का महाजन साथ में हो गया। वापस लौटे तब सोजत का महाजन लोटे को बार-बार मांजता है और सजीव जल से बार-बार धोता है। उसने कहा—भीखणजी ! तुम भी लोटे को मांजो। तब स्वामीजी बोले—मैं तो लोटे में जंगल नहीं गया था। मैं तो लोटे से दूर जंगल गया था।

तब वह बोला—मैं कौन-सा लोटे में गया था ?

तब स्वामीजी बोले—तब लोटे को इतना क्यों मांजते हो ?

वह बोला—लोटा पास में था।

स्वामीजी बोले—तुम्हारा मुंह और सिर भी पास में था। इन्हें मांजते हो या नहीं ?

१०४. हमने तो थाली के दो टुकड़े नहीं किए

अन्य सम्प्रदाय के साधुओं ने कहा—भीखणजी जब घर में थे और अपने भाई से अलग हुए तब बटवारे के लिए एक थाली को ऊंखल में डाल उसके दो टुकड़े कर डाले।

हेमजी स्वामी ने स्वामीजी से यह बात पूछी—जब आप घर में थे तब आपने थाली के दो टुकड़े किए यह बात सच है या झूठ ?

तब स्वामीजी बोले—हम तो ऐसे भोले नहीं थे कि पहले ही रुपये का पौन रुपया कर डालें। हमने तो ऐसा नहीं किया। पर अमुक आचार्य के गुरु, जब घर में थे तब ऊंट को मार डाला। वे किसी दूसरे गांव से वस्त्र की गांठें ला रहे थे। रास्ते में डकैत मिल गए। तब उन्होंने सोचा—ये डाकू कपड़ा छीन लेंगे और ऊंट को भी ले जायेंगे। यह सोच कर उन्होंने तलवार से ऊंट की टांगे काट कर उसे मार डाला। गृहस्थावस्था की क्या बात ? (वहां कुछ घटनाएं हो भी सकती हैं।) फिर भी हमने तो घर में रहते हुए थाली के दो टुकड़े नहीं किए।

१०५. जब स्त्रियां गाने लगीं

स्वामीजी घर में थे तब भोजन करने के लिए ससुराल में गए। स्त्रियां 'गालियां' गाने लगीं—'यह कौन है काला और चितकबरा।'

तब स्वामीजी बोले—तुम लंगड़े और अंधे को तो अच्छा बतलाती हो और मेरे विषय में उल्टा गा रही हो।

स्वामीजी का साला लंगड़ा था। इस दृष्टि से स्वामीजी ने कहा—तुम कुडौल को सुडौल और सुडौल को कुडौल बता रही हो।

यह कहते हुए स्वामीजी भोजन किए बिना भूखे ही उठ गए।

गृहस्थावस्था में भी उन्हें झूठ से चिढ़ थी। उन्हें झूठ अच्छा नहीं लगता था।

१०६. गहना कहां से आएगा ?

स्वामीजी घर में थे तब उनके गांव कंटालिया में कोई चोर किसी का गहना चुराकर ले गया। तब बोरनदी गांव से एक अंधे कुम्हार को बुलाया। उसके शरीर में देवता आता है, ऐसा कहा जाता था, इस दृष्टि से उसे चोरी गए गहने का पता लगाने के लिए बुलाया।

उस कुम्हार ने स्वामीजी से पूछा—भीखणजी ! यहां किस पर बहम किया जाता है।

तब स्वामीजी ने उसकी ठगाई को प्रगट करने के लिए कहा—बहम तो मजनूं पर किया जा रहा है।

रात का समय हुआ। अंधे कुम्हार ने अपने शरीर में देवता का प्रवेश कराया। बहुत लोगों के सामने वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा—डाल दे रे, डाल दे।

लोग बोले—चोर का नाम बताओ।

तब वह बोला—ओ ! ओ ! मजनूं रे मजनूं। गहना मजनूं ने लिया है।

वहां एक अतीत (संन्यासी) बैठा था। वह अपना घोटा लेकर उठा और बोला—मजनूं तो मेरे बकरे का नाम है। उस पर तुम चोरी का आरोप लगाते हो ?

तब लोगों ने जान लिया, यह ठगी है।

स्वामीजी ने लोगों से कहा—तुम आंख वालों ने तो गहना खोया और अंधे से निकलवाना चाहते हो, तब वह गहना कहां से आएगा ?

१०७. तभी तो उससे मुक्ति मिलेगी

भीखणजी स्वामी घर में थे तब उनके मन में वैराग्य उत्पन्न हुआ। तब उन्होंने कैर का ओसामन तांबे के लोटे में डाल एक-दूसरे पर रखे हुए बर्तनों की पंक्ति में रखा। बहुत समय बाद उसे पीया तो बहुत कष्ट हुआ। तब उन्होंने सोचा, साधुपन बहुत कठिन है ! फिर सोचा, ऐसा कठिन है तभी तो उससे मुक्ति मिलेगी। नई दीक्षा स्वीकारने के बाद सं. १८४९ के लगभग स्वामीजी ने हेमजी स्वामी से कहा हमने कष्ट की बात जानकर साधुपन स्वीकार किया था, पर वैसा (कैर का ओसामन) जल पीने का काम कभी नहीं पड़ा।

तब हेमजी स्वामी ने कहा—ऐसे वैराग्य से आपने घर छोड़ा तब आप अमुक संप्रदाय में कैसे रहते ?

१०८. दो घड़ी सांस रोका जा सकता है

स्वामीजी आचार्य रुघनाथजी के संप्रदाय से अलग हुए तब उन्होंने कहा—भीखणजी अभी पांचवां अर है। कोई दो घड़ी भी शुद्ध साधुपन पालता है तो वह केवली हो जाता है।

तब स्वामीजी बोले—यदि ऐसे ही केवलज्ञान उत्पन्न होता हो तो दो घड़ी तो नाक को बन्द करके भी बैठे रह सकते हैं। और प्रभवस्वामी आदि पांचवें अर में हुए। क्या उन्होंने शुद्ध साधुपन नहीं पाला ?

१०९. मेरी मां ने अधिक आंसू बहाए थे

स्वामीजी आचार्य रुघनाथजी के संप्रदाय से अलग हुए तब आचार्यजी की आंखों में आंसू छलक पड़े। तब स्वामीजी ने सोचा—इनकी अपेक्षा घर छोड़ते समय मेरी मा ने अधिक आंसू बहाए थे। ऐसा सोच उन्होंने अभिनिष्क्रमण कर दिया।

११०. ढंढण के अंतराय था

संवत् १८५९ की घटना है। देवगढ़ में चौदह साधु और चौदह साध्वियों के साथ स्वामीजी विराज रहे थे। वहां तीन वेशधारी साधु आकर बोले—भीखणजी! हम तीन साधु हैं, उन्हें भी पूरा आहार-पानी नहीं मिलता तो आप इतनी संख्या में हैं तो आपको आहार-पानी कैसे मिलता है?

तब स्वामीजी बोले—द्वारका में हजारों साधुओं को आहार-पानी मिलता था, पर ढंढण मुनि के अंतराय था, इसलिए उन अकेले को आहार-पानी मिलना कठिन हो रहा था।

१११. तंबाकू अच्छी तो है नहीं

स्वामीजी गृहस्थावस्था में थे तब उपहार आदि लेकर निमंत्रण देने के लिए राजपूत के साथ किसी दूसरे गांव जा रहे थे।

तब राजपूत बोला—भीखणजी! तंबाकू के बिना अब मैं आगे नहीं चल सकता।

तब स्वामीजी बोले—ठाकर साहब! आगे चलें, सूर्य अस्त होने वाला है।

राजपूत बोला—तंबाकू के बिना अब तो नहीं चला जा सकता।

तब स्वामीजी ने कुछ पीछे रह, जंगली कंडे को महीन पीस उसकी पुड़िया बना ली और कहा—ठाकर साहब! अच्छी तंबाकू तो है नहीं, ऐसी-वैसी है।

तब राजपूत ने एक चिऊंटी भर कर उसे सूंघा और कहा—ठीक ही है, काम चल जाएगा।

तब स्वामीजी ने वह पुड़िया राजपूत को सौंप दी। इस चातुर्य से वे कुशल-क्षेम के साथ अपने स्थान पर पहुंच गए।

११२. वह बुद्धि किस काम की

स्वामीजी ने सिरियारी में चतुर्मास किया। जोधपुर नरेश विजयसिंहजी नाथद्वारा जा रहे थे। वर्षा के कारण सिरियारी में ठहरे। उनके कुछ उच्च अधिकारी वहां स्वामीजी के दर्शन करने आए और प्रश्न पूछने लगे। पहले मुर्गी हुई या अंडा? पहले घन या अहरन? पहले बाप हुआ या बेटा? इत्यादि अनेक प्रश्नों के युक्तिसंगत उत्तर स्वामीजी ने दिए। तब वे अधिकारी प्रसन्न होकर बोले—ये प्रश्न हमने बहुत स्थानों पर पूछे, पर ऐसे उत्तर किसी ने नहीं दिए। आपकी बुद्धि तो ऐसी है कि आप किसी राजा के मंत्री होते तो अनेक देशों का राज्य उस राजा के अधीन कर देते।

तब स्वामीजी बोले—मर कर वह कहां जाता है?

अधिकारी बोले—जाता तो नरक में ही।

तब स्वामीजी बोले—वही बुद्धि अच्छी है जो जिनधर्म का सेवन करती है। वह

बुद्धि किस काम की जिससे मनुष्य कर्म का बंध करता है।

जिस बुद्धि के विस्तार से मनुष्य नरक में जाए वह बुद्धि किस काम की। तब वे अधिकारी बहुत प्रसन्न हुए।

११३. वे ठंडे पड़ गए

स्वामीजी जोधपुर पधारे। तब वेषधारी साधु इकट्ठे होकर चर्चा करने आए। वे उल्टी-सीधी चर्चा करने लगे—जीव बचाने से क्या होता है? विजयसिंहजी ने 'अमारी' की घोषणा कराई, उससे उनको क्या हुआ? इत्यादि प्रश्नों को वे राजद्वार तक ले जाने लगे।

तब स्वामीजी बोले—शास्त्रों में राजा की नरक गति बतलाई गई है इत्यादि सारी चर्चा शास्त्र खोल कर राजाजी के सामने करो।

यह सुन वे ठंडे पड़ गए।

११४. सम्यगदृष्टि या मिथ्यादृष्टि?

आचार्य रुघनाथजी ने स्वामीजी से पूछा—विजयसिंहजी ने अपने राज्य में 'अमारी' की घोषणा कराई, जलाशयों पर पानी छानने के लिए गलने रखवाए, दीओं पर ढक्कन डलवाए, बूढ़े बैलों पर भार लादना बंद करवाया और बूढे माता-पिता की सेवा करने का निर्देश दिया। इन सब कामों में राजाजी को क्या फल हुआ?

तब स्वामीजी बोले—राजाजी सम्यग्दृष्टि हैं या मिथ्यादृष्टि?

ऐसा पूछने पर उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया।

११५. सब एक हो जाओ

किसी ने कहा—भीखणजी! तुम और अमुक-अमुक संप्रदाय वाले एक हो जाओ।

तब स्वामीजी बोले—तुम महाजन, कुम्हार, जाट, गूजर ये सब एक हो सकते हो या नहीं?

तब वह बोला—हम तो एक नहीं होंगे क्योंकि उनकी जाति ही भिन्न है।

तब स्वामीजी बोले—वे भी मूलतः मिथ्यादृष्टि हैं, गाजीखां और मुल्लाखां के साथी हैं।

उसने पूछा—गाजीखां मुल्लाखां कौन थे?

तब स्वामीजी बोले—एक ब्राह्मण और एक ब्राह्मणी दोनों परदेश गए। वहां ब्राह्मण ने बहुत धन कमाया। कुछ समय बाद ब्राह्मण मर गया। तब ब्राह्मणी एक पठान के घर में चली गई। उसके दो पुत्र हुए। एक का नाम रखा गाजीखां और दूसरे का नाम मुल्लाखां। कुछ समय बाद वह पठान भी मर गया। तब ब्राह्मणी धन और पुत्रों को ले अपने देश लौट आई। उसके धन को देखकर बहुत सगे-संबंधी इकट्ठे हुए। कोई उसको बुआ कहता है, कोई चाची कहता है।

अब ब्राह्मणी ने कहा—इन बच्चों को यज्ञोपवीत दो। उसने उसके उपलक्ष में भोज किया और बहुत ब्राह्मणों को भोजन करवाया। यज्ञोपवीत दिलाने के लिए पुत्रों

को पुकारा—आओ रे बेटे गाजीखां ! आओ रे बेटे मुल्लाखां !

ये नाम सुन ब्राह्मण कुपित होकर बोले—हे पापीनी ! ये क्या नाम ? ब्राह्मणों के नाम तो श्रीकृष्ण, रामकृष्ण, हरिकृष्ण, हरिलाल अथवा रामलाल, श्रीधर—इत्यादि होते हैं । गाजीखां, मुल्लाखां तो मुसलमानों के नाम हैं । वे कटार निकाल कर बोले—सच बता, ये किसके पुत्र हैं ? यदि सच नहीं बताया तो तुम्हें मारेंगे और हम भी मरेंगे ।

तब वह बोली—मारो मत । मैं सच-सच बता देती हूं । तब उसने सारी बात उन्हें बता दी और कहा—ये पठान से उत्पन्न पुत्र हैं ।

तब ब्राह्मण बोले—हे पापीनी ? तुमने हमें भ्रष्ट कर दिया । अब हम गंगाजी में नहा, उसकी मिट्टी का लेप कर शुद्ध होंगे ।

तब वह बोली—भाई ! इन दोनों बच्चों को भी साथ ले जाओ और शुद्ध कर दो, लौटने पर मैं तुम सबको ब्रह्मभोज दूंगी ।

तब ब्राह्मण बोले—ये तो पठान से उत्पन्न होने के कारण मूलतः अशुद्ध हैं । ये शुद्ध कैसे होंगे ? हम तो मूलतः शुद्ध हैं । तुम्हारा अन्न खाया इसीलिए तीर्थयात्रा कर शुद्ध होंगे । पर वे मूलतः अशुद्ध हैं, फिर वे शुद्ध कैसे होंगे ।

भीखणजी स्वामी ने कहा—किसी साधु को दोष लगता है तो वह प्रायश्चित्त कर शुद्ध हो जाता है । पर वे (अमुक-अमुक संप्रदाय वाले) मूल से ही मिथ्यादृष्टि हैं, उनकी श्रद्धा विपरीत है, गाजीखां और मुल्लाखां के साथी हैं, वे शुद्ध कैसे होंगे ? सम्यग्दृष्टि आए और उनका नई दीक्षा रूप जन्म हो तब वे शुद्ध हो सकते हैं ।[1]

११६. बनी बनाई ब्राह्मणी

किसी ने पूछा—भीखणजी ! ये भी धोवन का पानी और गर्म पानी पीते हैं' साधु का वेश रखते हैं, लोच कराते हैं, फिर ये साधु क्यों नहीं ?

तब स्वामीजी बोले—ये बनी बनाई ब्राह्मणी के साथी हैं ।

वह बनी बनाई ब्राह्मणी कैसे ?

स्वामीजी बोले—एक मेर जाति के लोगों का गांव था । वहां कोई उच्च जाति का घर नहीं था । जो भी महाजन आता है वह दुःख पाता है । उन महाजनों ने 'मेरों' से कहा—यहां कोई उच्च जाति का घर नहीं है, इसलिए हम तुम्हें ऋण देते हैं । उच्च जाति के घर के बिना भोजन-पानी की कठिनाई होती है ।

तब 'मेर' लोगों ने शहर में जा महाजनों से कहा—आप हमारे गांव में बस जाएं । हम आपका सम्मान रखेंगे, सुरक्षा करेंगे । पर वहां कोई आया नहीं ।

उस समय एक ढेढ जाति के लोगों का गुरु मर गया था । उसकी पत्नी को मेरों ने ब्राह्मणी बनाया । उसे ब्राह्मणी जैसे कपड़े पहना दिए । उसके लिए स्थान बनाया और तुलसी का पोधा रोपा । स्थान की चूने से पुताई की । मेरणियों ने उस घर को

१. आचार्य भिक्षु ने तात्कालिक जातीय मान्यताओं के आधार पर प्रचलित उस कहानी की वस्तुस्थिति को स्पष्ट करने के लिए केवल उल्लेख किया है । यह उनकी अपनी मान्यता नहीं है ।

ब्राह्मणी के घर जैसा बना दिया। उसके घर में दो रुपये के गेहूं, अठन्नी के मूंग और एक रुपये का घी रख दिया। उसे कहा—जो महाजन आए, उससे पैसे ले, रोटियां बना, उसे खिलाया कर।

अब उस गांव में कोई महाजन आता है तो मेर लोग उसे उस ब्राह्मणी का घर बतला देते। एक बार चार व्यापारी बहुत दूर से चलते, थके-मांदे वहां आए। उन्होंने मेरों से कहा—कोई उच्च जाति का घर हो तो बताओ तब उन्होंने ब्राह्मणी का घर बता दिया।

व्यापारी आकर बोले—बहिन ! रोटियां बना, हमें परोस।

तब उसने गेहूं की मोटी-मोटी रोटियां बना, गाय के घी से चुपड़ा। दाल बनाई, उसमें काचरी डाली। वे व्यापारी खाते समय भोजन की प्रशंसा करने लगे – हमने अमुक गांव की रसोई पकाने वाली स्त्री देखी, अमुक शहर की रसोई पकाने वाली स्त्री भी देखी। बड़े-बड़े शहरों और अनेक गांवों की रसोई पकाने वाली स्त्रियां देखीं, पर ऐसी चतुराई कहीं भी नहीं देखी। दाल कैसी स्वादिष्ट बनी है। उसमें काचरी डालने से वह कैसी स्वादिष्ट बनी है।

तब वह ब्राह्मणी बोली—भाई ! काचरी के स्वाद का तो 'तीखण' मिलता तब पता चलता।

उन्होंने पूछा—यह 'तीखण' क्या है ?

तब वह बोली—काचरी को छीलने की छुरी।

तब वे बोले—छुरी नहीं थी तो काचरी को किससे छीला ?

तब वह बोली—दांतों से छील-छील कर वह दाल में डाली है।

तब वे बोले—रे पापीनी ! तुमने हमको भ्रष्ट कर दिया। वे थाली को ऊपर से गिराने लगे।

तब वह बोली—रे भाई ! थाली को तोड़ मत देना। मैं उसे अमुक 'डोम' से मांग कर लाई हूं।

व्यापारी बोले—तुम किस जाति की हो ?

तब वह बोली—मैं बनी बनाई ब्राह्मणी हूं। मैं जाति से तो ढेढ हूं। 'मेर' लोगों ने मुझे ब्राह्मणी बनाया। उसने आदि से अंत तक सारी बात सुनाई।

भीखणजी स्वामी बोले—इसी प्रकार ये धोवन, पानी और गरम पानी पीते हैं, पर सम्यक्त्व और चारित्र से रहित हैं इसलिए ये बनी बनाई ब्राह्मणी के साथी हैं।

११७. ऐसे हैं भीखणजी कला-कुशल

अमरसिंहजी के जीतमलजी ने हेमजी स्वामी से कहा—हेमजी ! भीखणजी स्वामी ने सोजत में चतुर्मास किया था। वहां उनके पास ही अमरसिंहजी के साधुओं ने चतुर्मास किया था। चतुर्मास के प्रारंभ में भीखणजी स्वामी मिश्र धर्म की मान्यता वालों का खंडन करते थे। उन्होंने ऐसा दृष्टांत दिया था—अमरसिंहजी के पुरखे आचार्य रुघनाथ जी, आचार्य जयमलजी के पुरखों को गुजरात से मारवाड़ में लाए थे। तब उनके परस्पर बहुत प्रेम था। दो-तीन पीढ़ी तक वह प्रेम बना रहा। फिर रुघनाथजी,

जयमलजी और कोहलोजी, जो भूधरजी के शिष्य थे, ने अमरसिंहजी के क्षेत्रों—जोधपुर आदि को अपना बना लिया। तब प्रेम टूट गया।

जैसे एक साहूकार जलपोत में बैठ समुद्र के उस पार व्यापार करने गया। वह वहां से लौट रहा था तब कपड़े की सन्दूक में एक गर्भवती चूहिया आ गई। उसका प्रसव हुआ।

साहूकार ने देख कर कहा—इसे समुद्र में नहीं डालना है। वह उसकी सार-सम्हाल करने लगा। फिर साहूकार अपने घर आ गया। फिर कुछ दिनों में चूहिया का परिवार बढ़ा।

तब चूहिया बोली—यह साहूकार उपकारी है। इसलिए हमें इसको नुकसान नहीं पहुंचाना है।

साहूकार भी चूहे और चूहिया को कष्ट नहीं देता। एक-दो पीढ़ी तक तो चूहे और चूहिया ने साहूकार को नुकसान नहीं पहुंचाया। फिर वे नुकसान करने लगे। वे साहूकार के कपड़ों और करंडियों को कुरेदने लगे।

इसी प्रकार दो-तीन पीढ़ियों तक अमरसिंहजी के साधुओं से प्रेम रखा। उसके बाद वे अमरसिंहजी के क्षेत्र पर अपना अधिकार जमाने लगे, श्रावक-श्राविकाओं को अपने पक्ष में करने लगे।

चतुर्मास के प्रारंभ में यह दृष्टांत दिया और मिश्र-धर्म की मान्यता वालों को समझाना शुरू किया। उससे अमरसिंहजी के पक्ष के लोग प्रसन्न रहे।

फिर चतुर्मास की समाप्ति के समय फतेहचंदजी गोटावत बोला—भीखणजी ने मिश्र धर्म की मान्यता वालों का ही खंडन किया, किन्तु ये पुण्य की मान्यता वाले निकट बैठे हैं, इनका खंडन क्यों नहीं किया ?

तब स्वामीजी बोले—एक जाटनी ने खेती की। ज्वार की बहुत पैदावार हुई। चार चोरों ने भूट्टे तोड़े और उनकी गांठें बांधी। जाट ने उन्हें देखा, अपनी सहज बुद्धि से विचार कर उनके पास आकर बोला—तुम्हारी जाति क्या है ?

एक व्यक्ति बोला—मैं राजपूत हूं।

दूसरा व्यक्ति बोला—मैं महाजन हूं।

तीसरा व्यक्ति बोला—मैं ब्राह्मण हूं।

चौथा व्यक्ति बोला—मैं जाट हूं।

तब जाट बोला राजपूत से—आप मालिक हैं, आपने भुट्टे लिए हैं, यह उचित बात है। महाजन व्यापारी है—ऋण देने वाला है. इसने भुट्टे लिए यह भी उचित है। ब्राह्मण पुण्य का दान लेता है, वह भी ठीक है। परन्तु जाट किस हिसाब से लेता है ? इसे मैं मेरी मां के पास ले जाकर उपालंभ दिलाऊंगा। यह कहकर उसकी गांठ को नीचे डाल, ज्वार के खेत में दूर ले जा, उसे उसी की पगड़ी से बबूल के तने से बांध दिया।

फिर वह जाट वापस आकर बोला—मेरी मां ने कहा है, राजपूत तो मालिक है, वह लेता है तो उचित है। बनिया ऋण देने वाला है, वह लेता है तो भी उचित है।

पर ब्राह्मण किस हिसाब से लेता है ? वह दिया हुआ लेता है। बिना दिया कैसे लेता है ? चलो, मेरी मां के पास—यह कहकर उसे भी पकड़ कर ले गया और बबूल के तने से बांध दिया।

फिर लौट कर वह जाट बोला—राजपूत लेता है तो वह उचित है, परन्तु बनिए ! तुम किस हिसाब से लेते हो ? तुमने किस दिन मुझे बीज दिए थे ? और कब तुम मेरे ऋणदाता बने थे ? यह कहकर उसे भी ले जा बबूल के तने से बांध दिया।

चौथी बार आकर बोला - ठाकुर साहब ! मालिक सुरक्षा करने के लिए है या चोरी करने के लिए ? यह कह कर उसे भी पकड़ ले गया और बबूल के तने से बांध दिया। फिर वह रावले में गया और उन चारों को बंदी बनवा दिया।

उस किसान ने अपनी बुद्धि से चारों को बंदी बना अपना माल रख लिया। यदि वह एक-साथ चारों से लड़ता-झगड़ता तो वह उनसे कैसे निपट पाता ?

इसी प्रकार मिश्रधर्म की मान्यता वालों में से कुछ लोगों को तो पहले समझा दिया, अब पुण्य की मान्यता वालों को समझाने की वारी है। बाद में पुण्य की मान्यता वालों का भी खंडन करना शुरू कर दिया।

ऐसे हैं भीखणजी कला-कुशल।

११८. त्याग किसलिए

किसी ने कहा—मुझे असंयती को दान देने का त्याग कराओ।

तब स्वामीजी बोले—तुमने मेरे वचनों पर श्रद्धा, प्रतीत और रुचि की है इसलिए त्याग कर रहे हो या मुझे बदनाम करने के लिए त्याग कर रहे हो ?

ऐसा कहने पर वह मौन हो गया।

११९. क्या दागा हुआ वापिस लिया जा सकता है ?

पीपाड़ में एक व्यक्ति ने स्वामीजी को गुरु बनाया। उसके घर वालों ने उसे धमकाया और कहा—वापस जाकर गुरु-मंत्र दे आओ।

वह वहां जाकर बोला—तुम्हारा गुरु-मंत्र वापस लो। जो त्याग कराए, वे भी वापस ले लो।

तब स्वामीजी बोले—क्या दागा हुआ वापिस लिया जा सकता है ?

१२०. प्रकंपन के बिना निर्जरा नहीं

पुर से विहार कर भीलवाड़ा आते समय मार्ग में हेमजी स्वामी को बहुत कष्ट हुआ। उन्होंने चन्द्रभानजी चौधरी से कहा आज तो हमें बहुत कष्ट हुआ। तब चन्द्रभान जी चौधरी ने कहा भीखणजी स्वामी कहते थे कि आत्म-प्रदेशों में प्रकंपन हुए बिना निर्जरा नहीं होती।

१२१. जब अनाज मिट्टी जैसा लगने लगे

रिणीही गांव में जीवोजी मेहता ने नगजी भलकट से कहा—भाइजी ! भीखणजी स्वामी कहते थे, जब अनाज मिट्टी जैसा लगे तब अनशन करना चाहिए। क्योंकि उससे पता चलता है कि आयु बहुत कम शेष रहा है। आज वैसा बीत रहा है, पर मैं

तो अनशन कर नहीं सकता। वह ऐसी बात कर रहा था और उसी रात्रि में उसका देहावसान हो गया।

१२२. साधु के बीमारी क्यों?

किसी ने पूछा—महाराज! साधुओं के बीमारी क्यों होती है?

स्वामीजी बोले—किसी आदमी ने पत्थर को आकाश की ओर उछाला, शिर उसके नीचे कर दिया, भविष्य में पत्थर उछालने का परित्याग किया, किन्तु पहले जो पत्थर उछाला है उसकी चोट तो लगेगी ही। फिर पत्थर नहीं उछालेगा तो चोट नहीं लगेगी। ऐसे ही पाप-कर्म का बन्धन किया उसको तो भुगतना ही पड़ेगा, पीछे पाप का त्याग कर लिया तो उसे दुःख नहीं भुगतना पड़ेगा।

१२३. चर्चा कैसे करें?

सीहवा गांव के वासी दामोजी ने पाली में अन्य संप्रदाय के साधुओं के स्थानक में जा उनसे चर्चा की। उसने कुछ प्रश्नों के उत्तर दिए और वह कुछ प्रश्नों के उत्तर नहीं दे सका फिर उसने स्वामीजी से कहा—मैंने चर्चा की पर उनके प्रश्नों का पूरा उत्तर नहीं दे सका।

तब स्वामीजी बोले—दामाशाह! जीर्ण-शीर्ण धनुष्य और दो-तीन बाण लेकर युद्ध शुरू करने वाला कैसे जीतेगा? तीरों से भरा तरकश पीठ पर बन्धा हो तभी युद्ध में कोई जीत सकता है। इसी प्रकार अन्य संप्रदाय वालों से चर्चा करनी हो तो पूरे उत्तर देना सीख कर ही करनी चाहिए। यदि वैसा न हो तो नहीं करनी चाहिए।

१२४. उसके हाथ में क्या आया?

किसी ने पूछा—भीखणजी! कोई बालक पत्थर से चींटियां मार रहा था। उसके हाथ से पत्थर छीन लिया, उसे क्या हुआ?

तब स्वामीजी बोले—उसके हाथ में क्या आया?

तब वह बोला—उसके हाथ में तो पत्थर आया।

तब स्वामीजी बोले—अब तुम ही सोच लो।

१२५. आपका नाम क्या है?

स्वामीजी पुर और भीलवाड़ा के बीच में थे। वहां ढंढाड से आया हुआ एक आदमी मिला। उसने पूछा—आपका नाम क्या है?

तब स्वामीजी बोले—मेरा नाम भीखण है।

तब वह बोला—भीखणजी की महिमा तो बहुत सुनी है। फिर आप अकेले ही वृक्ष के नीचे कैसे बैठे हैं? हमने तो जान रखा था कि आपके साथ बहुत आडंबर होगा, घोड़े, हाथी, रथ, पालकी आदि बहुत ठाठ बाट होगा।

तब स्वामीजी बोले—हम ऐसा आडम्बर नहीं रखते तभी हमारी महिमा है। साधु का मार्ग यही है।

यह सुनकर वह बहुत प्रसन्न हुआ।

१२६. मिश्र धर्म की मान्यता

जो सजीव पानी पिलाने में पुण्य मानते हैं, वे पुण्य की मान्यता वाले बोले—भीखणजी ! मिश्र धर्म की मान्यता बहुत खराब है ।

तब स्वामीजी बोले—किसी की एक आंख फूटी और किसी की दोनों ही फूट गई । इसी प्रकार उनकी एक आंखफूटी है और तुम्हारी दोनों ही आंखें फूट गई हैं ।

१२७. हिंसा होने वाली है

आचार्य रुघनाथजी के लोग बोले—भीखणजी ! देखो, जोधपुर में जयमलजी वालों के स्थानक आधाकर्मी हैं । उसमें हिंसा बहुत हुई है ।

तब स्वामीजी बोले— उनके तो हिंसा हुई है और दूसरों के हिंसा होने वाली है । लगता है कच्चे मकान पक्के बनेंगे ।

१२८. मरने वाला डूबता है या मारने वाला

किसी ने पूछा—भीखणजी ! किसी मनुष्य ने मरते हुए बकरे को बचाया, उसमें क्या हुआ ?

तब स्वामीजी बोले—ज्ञान से समझा-बुझा कर हिंसक को हिंसा से बचाने में धर्म होता है । स्वामीजी ने दो अंगुलियों को ऊपर कर कहा—कल्पना करो यह एक अंगुली राजपूत और दूसरी अंगुली बकरा । इन दोनों में कौन डूबता है ? मरने वाला डूबता हैं या मारने वाला ? नरक-निगोद में कौन गोता लगाएगा ?

तब वह बोला—मारने वाला डूबेगा ।

तब स्वामीजी बोले—साधु डूबने वाले को तारते हैं, राजपूत को समझाते हैं—बकरे को मारने से तुझे संसार समुद्र में गोता लगना पड़ेगा । इस प्रकार उसे ज्ञान से समझा-बुझाकर हिंसा से बचाना मोक्ष का मार्ग है । परन्तु साधु बकरे के जीने की इच्छा नहीं करता ।

जैसे एक साहूकार के दो लड़के हैं । एक लड़का अधिक ब्याज लेने वाले से ऋण लेता है और दूसरा लड़का उसके ऋण को चुकाता है, पिता किसे वर्जेगा ? ऋण लेने वाले को बर्जेगा, उतराने वाले को नहीं वर्जेगा । इसी प्रकार साधु पिता के समान है । राजपूत और बकरा—ये दोनों पुत्र के समान हैं । इन दोनों में कर्म रूपी ऋण को कौन सिर पर चढ़ाता है ? और कर्म रूपी ऋण को कौन चुकाता है ! राजपूत तो कर्म रूपी ऋण सिर पर चढ़ाता है और बकरा अपने किए हुए कर्मों को भोग अपना ऋण चुकाता है । साधु राजपूत को बर्जते हैं—तुम कर्म रूपी ऋण को सिर पर मत चढ़ाओ । कर्म का बंध करने पर तुम्हें संसार-समुद्र में बहुत गोता लगाना पड़ेगा । इस प्रकार राजपूत को समझा-बुझाकर उसे हिंसा से बचाते हैं ।

१२९. उपकार : संसार का या मोक्ष का

संसार के उपकार और मोक्ष के उपकार पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—किसी को सर्प काट गया । गारुडिक ने झाडा देकर उसे बचा लिया । तब वह चरणों में सिर झुका कर बोला— इतने दिन तो जीवन माता-पिता का दिया हुआ था और आज से

जीवन आपका दिया हुआ है। माता-पिता बोले—तुमने हमें पुत्र दिया है। बहिनों ने कहा—तुमने हमें भाई दिया है। स्त्री प्रसन्न होकर बोली—मेरी चूड़ियां और चुनरी अमर रहेगी, यह तुम्हारा ही प्रताप है। सगे-संबंधी भी राजी होकर बोले—तुमने बहुत अच्छा काम किया। लाख रूपये देने से भी यह उपकार बड़ा है।

किन्तु यह उपकार संसार का है।

अब मोक्ष का उपकार बताया जाता है—

किसी को जंगल में सर्प काट गया। वहां साधु आ पहुंचे। वह बोला—मुझे सर्प काट गया इसलिए आप झाड़ा दें। तब साधु बोले—हम झाड़ा देना जानते तो हैं पर दे नहीं सकते। तब वह बोला—मुझे दवा बताओ।

साधु बोले—हम दवा जानते तो हैं पर बता नहीं सकते।

तब वह बोला—तुम ऐसे ही मुंह बांध कर फिरते हो या तुम्हारे में कुछ करामात भी है?

तब साधु बोले—हमारे में ऐसी करामात है कि तुम यदि हमारी बात मानो तो तुम्हें किसी भी जन्म में सांप नहीं काटेगा।

तब वह बोला—वह क्या है मुझे बताओ।

तब साधु बोले—तुम विकल्प सहित अनशन कर दो—इस उपसर्ग से बच जाऊंगा तो भोजन करूंगा अन्यथा अन्न और जल का त्याग करूंगा। इस प्रकार उसे सविकल्प अनशन कराया, नमस्कार मंत्र सिखाया, अर्हत्-सिद्ध-साधु और धर्म इन चारों शरणों से उसे सनाथ बनाया, उसकी भाव धारा को पवित्र बनाया। वह वहां से मर कर देवता हो गया, मोक्षगामी बन गया। यह मोक्ष का उपकार है।

१३०. साधु किसे सराहेंगे?

संसार और मोक्ष के मार्ग पर स्वामीजी ने एक और दृष्टांत दिया—एक साहूकार के दो स्त्रियां थीं। एक ने रोने का त्याग कर दिया। वह धर्म के रहस्य को जानती थी। दूसरी धर्म के मर्म को नहीं समझती थी। कुछ समय बाद उसका पति परदेश में काल कर गया। जो स्त्री धर्म के मर्म को नहीं समझती थी, वह पति के देहावसान का समाचार सुन कर रोती है, विलपती है और जो स्त्री धर्म के मर्म को समझती है वह आंसू नहीं बहाती किंतु समता धार कर बैठी है। बहुत स्त्री-पुरुष इकट्ठे हुए। वे सब रोने वाली की प्रशंसा करते हैं—यह धन्य है, पतिव्रता है। और जो नहीं रोती उसकी निन्दा करते हैं—यह पापिनी तो चाहती थी कि पति मर जाए। इसकी आंखों में आंसू भी नहीं हैं।

१३१. पगड़ी कहां से आई?

कुछ लोग कहते हैं—भगवान् की आज्ञा के बाहर भी धर्म होता है।

तब स्वामीजी बोले—आज्ञा में धर्म है—यह तो भगवान् के द्वारा प्रतिपादित है। आज्ञा के बाहर धर्म है—यह किसके द्वारा प्रतिपादित है?

जैसे किसी ने पूछा—तुम्हारे सिर पर पगड़ी है, वह कहां से आई? तब जो साहूकार होता है वह तो उसकी उत्पत्ति का मूल स्रोत बता देता है। वह साक्षी

करा देता है—अमुक वजाज से खरीदी, अमुक रंगरेज के पास मैंने रंगाई। जो व्यक्ति पगड़ी चुरा कर लाया हो, वह उसका मूल स्रोत नहीं बता पाता। वह थोड़े में अटक जाता है।

इसी प्रकार जो आज्ञा के बाहर धर्म बतलाता है तथा अव्रत का सेवन कराने पर धर्म बतलाता है, वह स्थान-स्थान पर अटक जाता है। वह मूल स्रोत तक उसे नहीं ले जा पाता।

१३२. चर्चा घर के मालिक की तरह करो

कोई स्वामीजी के पास चर्चा करने आया। दान-दया और व्रत-अव्रत के विषय में चर्चा करते हुए वह स्थान-स्थान पर अटकता है, अट-संट बोलता है। न्याय-संगत एक चर्चा को छोड़ बीच में ही दूसरी शुरू कर देता है, दूसरी छोड़, बीच में तीसरी शुरू कर देता है, किन्तु प्रथम न्यायसंगत चर्चा का निर्वाह नहीं करता।

तब स्वामीजी बोले—घर का मालिक फसल को काटता है तो वह व्यवस्थित रूप में क्रमबद्ध काट लेता है। और यदि खेत में चोर घुस जाता है तो वह फसल को अस्त-व्यस्त रूप में काटता है—एक पौधा कहीं से तोड़ता है तथा दूसरा पौधा कहीं से तोड़ता है। इसी प्रकार तुम लोग चोर की भांति मत करो। घर मालिक की भांति न्याय की एक चर्चा को पार तक पहुंचा कर फिर दूसरी शुरू करो।

१३३. वे न्याय के अर्थी नहीं हैं

अन्य संप्रदाय के साधु आचार और सैद्धान्तिक मान्यता की न्यायसंगत चर्चा को छोड़ बीच में जीव बचाने की बात को ला विग्रह खड़ा कर देते हैं।

तब स्वामीजी बोले—कुटिल चोर चोरी करके जाते समय लाय लगा देता है। लोग लाय को बुझाने में लग जाते हैं और वह माल लेकर चंपत हो जाता है। इसी प्रकार आचार तो शुद्ध पाल नहीं सकते, अतः आचार और सैद्धान्तिक मान्यता की न्यायसंगत चर्चा को छोड़ लोगों को उकसाने वाली बातें करते हैं—ये जीव बचाने में पाप बतलाते हैं! इन्होंने दान-दया को उठा दिया है! भगवान् को चूका हुआ बतलाते हैं। इस प्रकार लोगों को उकसाते हैं पर वे न्याय के अर्थी नहीं हैं।

१३४. भगवान् का मार्ग राजपथ जैसा है

स्वामीजी ने कुमार्ग और सुमार्ग पर दृष्टांत दिया—भगवान् के मार्ग और पाषंडियों के मार्ग की पहचान कैसे करें।

भगवान् का मार्ग तो राजपथ जैसा है। वह कहीं भी बीच में नहीं रुकता। पाषंडियों का मार्ग पशुओं की पगडंडी जैसा है—थोड़ी दूर पगडंडी दिखाई देती है और आगे झाडी-झंकाड आ जाते हैं। इसी प्रकार वे थोड़ा-सा दान-शील आदि बतलाते हैं, फिर हिंसा में धर्म बतला देते हैं।

१३५. जो वर्तमान में होता है वही सत्य है

कुछ पाषंडी ऐसा कहते हैं—भीखणजी की ऐसी मान्यता है कि किसी ने मरते बकरे को बचाया और वह बाद में अनेक प्रकार की हिंसा करेगा, उसकी अनुमोदना

का पाप जितना ज्ञानी पुरुषों ने देखा है, उसे उसी समय लग गया। तुम लोग किसी को तपस्या का धारणा (उसके पहले दिन भोजन) कराते हो और भविष्य में वह तपस्या करेगा, उसका फल मुझे भी मिलेगा, यह सोच कर धारणा कराते हो, तब तुम्हारे हिसाब से मरते हुए असंयती को बचा लेने पर वह भविष्य में जो भी हिंसा करेगा उसका पाप तुम्हें लगेगा, यह तुम्हारी मान्यता से फलित होता है। इसका कारण यह है कि भविष्य में तपस्या करेगा उसका लाभ तुम्हें मिलता है तो जिसे बचाया, वह भविष्य में हिंसा करेगा, उसका पापांश भी तुम्हें लगेगा। ज्ञानी पुरुषों ने तो ऐसा कहा है—मरते हुए असंयती को किसी ने बचाया उसे जितना पाप ज्ञानी पुरुषों ने देखा उतना उसी समय लग चुका। भविष्य में वह जो करेगा उसका पुण्य-पाप उसे नहीं मिलेगा।

१३६. पाप उसी को लगेगा

किसी ने पूछा—तुम किसी को त्याग कराते हो और वह त्याग को तोड़ देता है तो तुम्हें पाप लगता है।

तब स्वामीजी बोले—किसी साहूकार ने सौ रुपयों का कपड़ा बेचा। उसे काफी लाभ हुआ। खरीददार ने एक-एक रुपये के दो-दो रुपये कमाये। किन्तु उसका लाभ उस बेचने वाले साहूकार को नहीं मिलता। और कपड़ा खरीदने वाला आगे चल कर सारा कपड़ा जला देता है तो उसका नुकसान उसी को भुगतना होता है, पर साहूकार के घर में वह नुकसान नहीं होता। इसी प्रकार हमने किसी को त्याग दिलाए, उसका लाभ हमें मिल चुका। त्याग लेने वाला यदि अपने लिए हुए त्याग को ठीक ढंग से पालेगा तो लाभ उसी को मिलेगा और यदि वह अपने त्याग को तोड़ेगा तो उसका पाप उसी को लगेगा, वह हमें नहीं लगेगा।

१३७. जैसा भाव वैसा लाभ

स्वामीजी ने एक और दृष्टांत दिया—किसी दाता ने साधु को घी का दान दिया। साधु ने असावधानी बरती। उस घी से अनेक चींटियां मरीं तो उनका पाप साधु को लगा किन्तु वह दाता को नहीं लगा। और उस साधु ने वह घी सहर्ष किसी तपस्वी साधु को दिया, स्वयं नहीं खाया। उसके तीर्थंकर गोत्रकर्म का बंध हुआ। उसका लाभ साधु को हुआ। अपने-अपने भाव के अनुसार लाभ होता है।

१३८. दुश्मन का सहयोग करने वाला भी दुश्मन

किसी ने पूछा—असंयती जीव के पोषण में पाप बतलाते हो, इसका न्याय क्या है?

तब स्वामीजी बोले—किसी साहूकार के रुपयों की नौली कमर में बंधी हुई थी। उसे देख चोर ने उसका पीछा किया। आगे साहूकार और उसके पीछे चोर दौड़ रहा है। इस प्रकार दौड़ते-दौड़ते चोर लड़खड़ा कर नीचे गिर गया। तब किसी ने चोर को अफीम खिला, पानी, पिला कर तैयार कर दिया। उस अफीम खिलाने वाले को साहूकार का दुश्मन मानना चाहिए क्योंकि उसने दुश्मन का सहयोग किया है।

इसी प्रकार छह काय जीवों को मारने वाले का पोषण करता है उसे भी छह काय के जीवों का दुश्मन मानना चाहिए क्योंकि उसने दुश्मन का सहयोग किया है इसलिए।

१३९. धर्म कहां से होगा ?

किसी ने खेत बोया। फसल पकने को आई इतने में उसके मालिक के नेहरुआ निकल आया। तब किसी ने दवा देकर उसे स्वस्थ बना लिया। वह स्वस्थ हुआ तब उसने फसल काटी। साहाय्य करने वाले को भी हिंसा का पाप लगा। इसी प्रकार हिंसा करने वाले का साहाय्य करने पर धर्म कहां से होगा ?

१४०. मोक्ष का उपकार करने वाला महान् होता है

किसी राजा ने दस चोर पकड़े। उन्हें मारने का आदेश दिया। तब एक साहूकार ने प्रार्थना की—महाराज ! यदि आप चोरों को मुक्त कर दें तो मैं प्रत्येक चोर के बदले में पांच सौ-पांच सौ रुपये दूंगा।

राजा ने कहा—चोर बहुत दुष्ट हैं। वे छोड़ने के योग्य नहीं हैं।

साहूकार ने फिर कहा—यदि आप सबको मुक्त न करें तो नौ चोरों को तो छोड़ दें।

राजा ने उसकी बात नहीं मानी। इसी प्रकार साहूकार ने बहुत प्रार्थना की। तब पांचसौ रुपये लेकर एक चोर को छोड़ दिया। नगरी के लोग साहूकार को धन्य-धन्य कहने लगे। उसका गुणानुवाद किया—इसने चोर को छुड़ा कर बहुत उपकार किया है। चोर भी बहुत प्रसन्न हुआ। उसने सोचा—साहूकार ने मेरे पर बहुत उपकार किया है।

अब चोर ने अपने घर जाकर चोरों के सगे-संबंधियों को सारे समाचार सुनाए। वे सारी बातें सुन बहुत रुष्ट हुए। वह चोर उन्हें साथ ले आया। शहर के दरवाजे पर एक पत्र टांग दिया। उसमें लिखा था—नौ चोरों को मारा गया है, उनका प्रतिशोध लेने के लिए नौ के ग्यारह गुना—९९ व्यक्तियों को मारने के बाद समझौता कर लूंगा। साहूकार को नहीं मारूंगा। साहूकार के बेटे, पोते और सगे-संबंधियों को भी नहीं मारूंगा। इस सूचना के बाद वह मनुष्यों को मारने लगा। किसी के बेटे को मारा, किसी के भाई को मारा, किसी के पिता को मारा। नगर में हाहाकार हो गया। नगरी के लोग साहूकार की निन्दा करने लगे। उसके घर जाकर रोने लगे। रे पापी ! यदि तुम्हारे घर में धन अधिक था तो उसे तुमने कूए में क्यों नहीं डाला ? तुमने चोर को छुड़ा हमारे परिवार के लोगों को मरवा दिया। साहूकार उद्विग्न हो गया। वह शहर को छोड़ दूसरे गांव में जाकर बस गया। बहुत दुःखी हुआ। जो लोग उसके गुण गाते थे वे ही उसके अवगुण गाने लगे।

संसार का उपकार ऐसा है। मोक्ष का उपकार करने वाला महान् होता है। उसमें कोई खतरा नहीं है।

१४१. भार नीचे ले जाता है

सिरियारी की घटना है। वोरा खिवेसरा ने पूछा—नरक में जीव जाता है, उसे नीचे कौन खींचता है ?

स्वामीजी बोले—कोई कूए में पत्थर डालता है उसे नीचे कौन खींचता है ? वह स्वयं के भार से अपने आप नीचे तल तक चला जाता है। इसी प्रकार कर्म के भार से भारी बना हुआ जीव अपने आप नरक में चला जाता है।

१४२. हल्कापन ऊपर लाता है

वोरा खिवेसरा ने एक और प्रश्न पूछा—जीव देवलोक में जाता है, उसे ऊपर कौन ले जाता है ?

तब स्वामीजी बोले—काठ को पानी के अंदर डालने पर वह ऊपर आ जाता है। उसे कोई ऊपर नहीं लाता। पर वह अपने हल्केपन के कारण ऊपर आकर तैरने लग जाता है। इसी प्रकार जीव भी कर्मों से हल्का होने पर अपने आप ऊपर देवगति में चला जाता है।

१४३. जीव भारहीन कैसे होता है ?

किसी ने पूछा—जीव हल्का कैसे होता है ?

तब स्वामीजी बोले—पैसा पानी में डालने पर डूब जाता है और उसी पैसे को तपा, कूट-पीट कर उसकी कटोरी बना लेने पर वह तैरने लग जाती है। उस कटोरी में रखा हुआ पैसा भी तैरने लग जाता है। इसी प्रकार जीव तप, संयम आदि के द्वारा हल्का हो जाता है। और हल्का होने के कारण वह तर जाता है।

१४४. निन्दा करता है पर प्रगट नहीं होने देता

कोई साधुओं की निन्दा करता है और अपनी चालाकी के कारण लोगों के सामने अपने आप को प्रगट नहीं होने देता। उस पर स्वामीजी ने दृष्टांत किया—किसी गांव में एक चुगलखोर रहता था। एक बार उस गांव में फोजो आए। उसने उन्हें लोगों के धन-धान्य की जानकारी दे दी। कुछ फोजी चले गए और कुछ फोजी वहीं ठहर गए। गांव के लोग बाहर भाग गए। कुछ लोग वापस आ गये। लोगों ने सुना कि चुगलखोर ने फोजियों को धन-धान्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने चुगलखोर को उलाहना दिया—अरे, तूने ऐसा काम किया ?

तब वह फोजियों को सुना कर बोला—यदि मैं फोजियों को जानकारी देता तो अमुक का धन वहां गड़ा हुआ है, अमुक का धन वहां गड़ा हुआ है और अमुक का धन वहां गड़ा हुआ है, यह सब बता देता। इस प्रकार चालाकी से उसने जो बाकी थे उनके धन की भी जानकारी दे दी।

इसी प्रकार जो निन्दक चालाक होता है वह निन्दा करता हुआ भी झूठ बोल कर अपने आपको निन्दा से अलग रख लेता है—निन्दक के रूप में प्रगट नहीं होने देता।

१४५. उस समय तो हम थे ही नहीं

कुछ लोग स्वामीजी को कहने लगे—ऐसी मान्यता तो कहीं भी नहीं सुनी। तुमने

दान-दया का लोप कर दिया।

तब स्वामीजी बोले--पर्युषण में कोई याचक को अनाज नहीं देता, आटा नहीं देता। पर्युषण धर्म के दिन हैं। यदि अन्न दान को धर्म मानें तो उन दिनों में दान देना बंद क्यों किया? यह बात तो बहुत पुरानी है। उस समय तो हम थे ही नहीं। फिर यह स्थापना किसने की?

१४६. तुम दुःखी क्यों होते हो?

कुछ लोग बोले--भीखणजी तुम्हारे श्रावक किसी को दान नहीं देते। ऐसी तुम्हारी मान्यता है।

तब स्वामीजी बोले—किसी शहर में वस्त्र की चार दुकाने थीं। उसमें से तीन व्यापारी किसी शादी में चले गये। पीछे से कपड़ा खरीदने वाले ग्राहक आए। तब जो एक व्यापारी शेष था वह राजी होता है या नाराज?

तब वे बोले—राजी होता है।

तब स्वामीजी बोले—तुम कहते हो भीखणजी के श्रावक दान नहीं देते तो जो दान लेने वाले हैं वे सब तुम्हारे ही पास आएंगे। तुम कहते हो वह धर्म तुम्हीं को होगा। फिर तुम दुःखी क्यों होते हो और निंदा क्यों करते हो? ऐसा कह उन्हें हतप्रभ कर दिया। वे वापस उत्तर नहीं दे सके।

१४७. संलेखना करनी पड़ेगी

स्वामीजी के नई दीक्षा लेने के कुछ वर्षों बाद तीन स्त्रियां दीक्षा लेने को तैयार हुई। तब स्वामीजी बोले--तुम तीनों साथ में दीक्षा लेती हो और कदाचित् एक का वियोग हो जाए तो फिर तुम दो कैसे रह पाओगी, क्योंकि मात्र दो साध्वियों का रहना सम्मत नहीं है। इसलिए तुम्हें संलेखना (समाधि-मरण की तैयारी के लिए की जाने वाली तपस्या) करनी पड़ेगी। तुम्हारा मन हो तो दीक्षा लेना। इस प्रकार उन्हें यह स्वीकार करा कर उन तीनों को साथ में दीक्षा दी। बाद में अनेक साध्वियां हो गईं। पर इस विषय में प्रारम्भ से ही स्वामीजी की नीति बहुत उदात्त और विशुद्ध थी।

१४८. मूल-मूल और प्रासंगिक-प्रासंगिक

दया के विषय में स्वामीजी ने तीन दृष्टांत दिए—चोर, हिंसक और व्यभिचारी-- इन तीनों को साधुओं ने समझाया। ये पापमय प्रवृत्ति कर रहे थे, उन्हें निष्पाप बना दिया। यह जिन धर्म की दया का रहस्य है। हे भव्य जीवो! तुम जिनधर्म को पहचानो।

(१) किसी माहेश्वरी की दूकान में साधु ठहरे। रात के समय वहां चोर आए। उन्होंने दूकान के दरवाजे खोल दिए। साधु बोले—तुम कौन हो? तब वे बोले—हम चोर हैं। साहूकार ने हजार रुपयों की थैली भीतर रखी है। उसे हम ले जाएंगे।

तब साधुओं ने उपदेश दिया—चोरी का फल बहुत बुरा होता है। भविष्य में नरक और निगोद का दुःख भुगतना पड़ेगा। इस प्रकार बुराई का विश्लेषण कर उसे समझाया—इस धन का उपयोग सब करेंगे और इसका परिणाम तुम्हें भुगतना पड़ेगा।

इस प्रकार उन्हें समझा-बुझा चोरी के त्याग करवाए। चोर साधुओं का गुणग्राम कर रहे थे। उस समय प्रभात हो गया। इतने में दुकान का मालिक आ गया। दुकान को नमस्कार कर थोड़ा-सा साधुओं के चरणों में भी झुका। चोरों को देखकर पूछा—तुम कौन हो ? वे बोले—हम चोर हैं। तुमने हुंडी भुगता कर हजार रुपयों की थैली भीतर रखी, उसे हम देख रहे थे। और रात में आ उसे लेने लगे। साधुओं ने हमें देखा और हमें समझा-बुझा कर चोरी का त्याग करवा दिया। भला हो इन साधुओं का। इन्होंने हमें बचा दिया, जो हम डूब रहे थे।

माहेश्वरी यह बात सुन साधुओं के चरणों में लुट गया और उनका गुण गाने लगा—मेरी दुकान में आप ठहरे, यह बहुत अच्छा हुआ। आपने मेरी थैली बचा ली।

यह धन यदि चोर ले जाते तो मेरे चार बेटे कुंआरे रह जाते। अब उन चारों को ब्याह दूंगा। यह आपका उपकार है।

माहेश्वरी ने ऐसा कहा पर साधुओं ने उसका धन बचाने के लिए चोरों को उपदेश नहीं दिया। उन्होंने चोरों का कल्याण करने के लिए उपदेश दिया था।

(२) बकरों को मारने वाला कसाई हाथ में छुरी लिए हुए साधुओं के पास आकर खड़ा हो गया। साधुओं ने पूछा—तुम कौन हो ?

तब वह बोला—मैं कसाई हूं।

तब साधुओं ने पूछा—तुम्हारा क्या धन्धा है ?

तब वह बोला—घर में बीस बकरे बंधे हुये हैं। उनके गले पर छुरी चला कर बेचूंगा।

तब साधुओं ने उसे उपदेश दिया—सेर भर अनाज के लिए ऐसा पाप करते हो ?

तब कसाई बोला—मुझे भगवान् ने कसाई के घर जन्म दिया है, इसलिए यह मेरा दोष नहीं।

तब साधु बोले भगवान् क्यों भेजेगा ? पहले ही तुमने बुरे कर्म किए इसलिए तुम कसाई के घर में जन्मे और फिर ऐसा कर्म करोगे तो तुम्हारे लिए नरक तैयार है। इस प्रकार विभिन्न रूपों में साधुओं ने उसे समझाया और बकरों को मारने का यावज्जीवन प्रत्याख्यान करा दिया।

कसाई बोला—मेरे घर पर बीस बकरे बंधे हुए हैं। आप कहें तो उन्हें हरी घास खाने को डालूं और ठंडा पानी पिलाऊं ? आप कहें तो उन्हें भेड़ों और बकरियों के समूह में चराने को भेजूं ? आप कहें तो उनके कान में कड़ी डालकर बाजार में छोड़ दूं ? और आप कहें तो आपको लाकर सौंप दूं ? आप उन्हें धोवन या गरम पानी पिलाना, सूखा चारा खिलाना। आप अपने बकरियों के समूह को अलग से चराने भेजना।

तब साधु बोले—तुम अपने प्रत्याख्यान की सुरक्षा करना, उसे अच्छे ढंग से पालना। इस प्रकार साधु उसे त्याग पालने का निर्देश देते हैं, पर बकरों की संभाल का निर्देश नहीं देते।

कसाई साधुओं का गुण गाता है—मेरी हिंसा छुड़ा दी। मुझे तार दिया। बकरे

जीवित रहे, इसलिए वे भी हर्षित हुए।

(३) एक पुरुष था परस्त्री का लंपट। उसने साधुओं के पास परस्त्री गमन से होने वाले पाप को सुना और उसे त्याग दिया। वह बहुत प्रसन्न हुआ और उसने साधुओं का गुणानुवाद किया—मैं संसार समुद्र में डूब रहा था, आपने मुझे तार दिया। आपने मुझे नरक में जाते हुये को बचा लिया।

उस स्त्री ने सुना कि मेरे प्रेमी ने शीलव्रत स्वीकार कर लिया है, तब वह उसके पास आकर बोली—मैं तो तुम्हारे साथ इकतारी किए हुये बैठी थी। सो या तो मेरा कहना मानो, मेरे साथ गृहवास करो अन्यथा मैं कुएं में गिर जाऊंगी।

तब उसने कहा—मुझे साधुओं ने परस्त्री गमन का बहुत पाप बतलाया, इसलिए मैंने उसका त्याग कर दिया। अब मुझे तुमसे कोई काम नहीं है। तब वह स्त्री क्रोध के आवेश में आ कुएं में गिर गई।

तात्पर्य की भाषा में चोर प्रतिबुद्ध हुये और दूकानदार का धन बच गया; कसाई प्रतिबुद्ध हुआ और बकरे बच गए, व्यभिचारी पुरुष ने शील स्वीकार किया, स्त्री कुएं में गिर गई। साधुओं ने चोर, कसाई और व्यभिचारी—तीनों को पाप से बचाने के लिए उपदेश दिया। उन तीनों को साधुओं ने तार दिया। वे तीनों तर गए। उसका साधुओं को धर्मलाभ हुआ। दूकानदार का धन बचा, बकरों का जीवन बचा—उसका धर्म और स्त्री कूएं में गिर गई उसका पाप साधुओं को नहीं लगता।

कुछ अज्ञानी कहते हैं—जीव बचे और धन बचा उससे उसे धर्म होता है तो उसकी मान्यता के अनुसार स्त्री मर गयी उसका पाप भी उसे लगेगा।

१४६. यत्न दया का या चींटी का?

किसी ने कहा—जीव बचा वह भी धर्म है।

तब स्वामीजी बोले—कोई चींटी को चींटी जानता है वह ज्ञान है या चींटी ज्ञान है?

तब वह बोला—कोई चींटी को चींटी जानता है वह ज्ञान है।

फिर स्वामीजी ने पूछा—चींटी को चींटी मानता है वह सम्यक्त्व है या चींटी सम्यक्त्व है?

तब वह बोला—चींटी को चींटी मानता है वह सम्यक्त्व है।

फिर स्वामीजी ने पूछा—चींटी को मारने का त्याग किया वह दया है या चींटी बची वह दया है?

तब वह बोला—चींटी बची वह दया है।

तब स्वामीजी बोले—चींटी हवा से उड़ गई तो क्या उसकी दया भी उड़ गई?

तब वह विमर्शपूर्वक विचार कर बोला—चींटी मारने का त्याग किया वह दया, चींटी बची वह दया नहीं।

तब स्वामीजी बोले—यत्न दया का करना चाहिये या चींटी का करना चाहिए?

तब वह बोला—यत्न दया का करना चाहिए।

१५०. वह ठीक ही है

किसी ने कहा—सूत्रों में कहा है साधु को जीव बचाना चाहिये।

तब स्वामीजी बोले—वह ठीक ही है। जीवों को वैसे ही रखना चाहिए जैसे वे हैं, किसी को दुःख नहीं देना चाहिए।

१५१. ऐसे होते हैं अज्ञानी

अन्य सम्प्रदाय के श्रावकों को पूरी पहचान नहीं, उस पर स्वामीजी ने दृष्टान्त दिया—कोई बहुरूपिया साधु का रूप बना कर आया। उसे पूछा—तुम किस सम्प्रदाय के हो?

तब वह बोला—मैं डूंगरनाथजी के सम्प्रदाय का हूं।

तुम्हारा नाम क्या है?

उसने कहा—मेरा नाम पत्थरनाथ है।

तुम क्या पढ़े हो?

तब वह बोला—पढ़ा कुछ भी नहीं हूं, पर यह जानता हूं कि बाईस टोले अच्छे हैं और तेरापन्थी बुरे।

'तब तुम महापुरुष हो' यह कह कर उन्होंने तीन प्रदक्षिणा से विधिपूर्वक उसे वन्दना की।

ऐसे अज्ञानी हैं। वे न्याय और निर्णय करना नहीं जानते।

१५२. भगवती कौन सा अधम्मो मंगल है?

स्वामीजी भगवती का वाचन कर रहे थे। एक व्यक्ति ने आकर कहा—स्वामीजी! 'धम्मो मंगल' कहो।

तब स्वामीजी बोले—भगवती सुनो।

वह फिर बोले—स्वामीजी धम्मो मंगल सुनाओ।

तब स्वामीजी बोले—भगवती कौनसा 'अधम्मो मंगल है' यह 'धम्मो मंगल' ही है। गांव जाते समय शकुन लिया जाता है, गधे और तीतर को बुलवाया जाता है। वैसे ही 'धम्मो मंगल' सुनना चाहते हो तो बात अलग है और निर्जरा के लिए सुनना चाहते हो, वह दूसरी बात है।

१५३. गधे की बात क्यों करते हैं?

किसी ने पूछा—जंगल में कोई साधु थक गया। सहज-भाव से कोई बैलगाड़ी आ रही थी। उस बैलगाड़ी पर साधु को बिठा कर गांव में लाया गया, उससे क्या हुआ?

तब स्वामीजी बोले—बैलगाड़ी नहीं, किंतु सवारी के गधे आ रहे थे। उन पर बिठा कर साधु को गांव में लाया गया, तब उसको क्या हुआ?

तब वह बोला—गधे की बात क्यों करते हैं?

तब स्वामीजी बोले—तुम बैलगाड़ी में बिठा कर लाने में धर्म कहते हो तो गधे

पर बिठा कर लाने में भी धर्म होगा। साधु तो उन दोनों की ही सवारी नहीं कर सकता।

१५४. पांचों का एक साथ पृथक्करण

चंडावल की घटना है। फत्तूजी आदि पांच साध्वियों से स्वामीजी ने कहा—तुम्हें जो वस्त्र चाहिए वह ले लो। उन्होंने जो मांगा वह उन्हें दिया। मन में शंका उत्पन्न हुई कि वस्त्र प्रमाण से अधिक होना चाहिए। तब स्वामीजी ने मुनि अखेरामजी को वहां भेजा और साध्वियों के स्थान से उनके वस्त्र मंगवा कर उनका नाप किया। तब वस्त्र प्रमाण से अधिक निकले। तब स्वामीजी ने उन्हें बहुत उलाहना दिया। वे भविष्य में वस्त्र आदि की मर्यादा रख सकेंगी—ऐसा विश्वस पैदा नहीं हुआ, इसलिए स्वामीजी ने उन पांचों साध्वियों का एक साथ संघ से सम्बन्ध-विच्छेद कर दिया।

१५५. सामायिक नहीं तो संवर कर

ढूंढाड प्रदेश में एक भाई था। उसे वीरभाणजी ने शंकाशील बना दिया। वह स्वामीजी के पास आया। स्वामीजी ने उसे सामायिक करने को कहा।

तब वह बोला—सामायिक तो नहीं करूंगा। (मैं अब आपको साधु नहीं मानता) सभव है सामायिक में आपके लिये मेरे मुंह से 'स्वामी महाराज' यह शब्द निकल जाए। ऐसा कहने से मुझे सामायिक में दोष लगेगा।

तब स्वामीजी बोले—तू एक मुहूर्त्त का संवर कर। संवर की प्रेरणा दे उसे संवर करा दिया। फिर उससे चर्चा की, भिन्न-भिन्न प्रकार से तत्त्व को समझा, उसकी शंका मेट दी। वह स्वामीजी के चरणों में प्रणत हो गया।

१५६. कहीं सूत्र में आया होगा

स्वामीजी नाथद्वारा में विराज रहे थे। नैणसिंहजी का दामाद उदयपुर से वहां आया। नैणसिंहजी ने कहा—महाराज ! आप इनको समझाएं।

तब स्वामीजी उसे समझाने लगे। उसने कहा—साधु को आधाकर्मी (साधु के निमित्त बनाए हुए) स्थानक में नहीं रहना चाहिये।

तब वह बोला—ठीक है, नहीं रहना चाहिये।

स्वामीजी ने आगे कहा—कुछ व्यक्ति साधु कहलाते हैं और आधाकर्मी स्थानक में रहते हैं।

तब वह बोला—यदि रहते हैं तो कहीं सूत्र में आया होगा।

फिर स्वामीजी बोले—साधु को किंवाड़ बन्द नहीं करना चाहिये, एक घर से प्रतिदिन आहार नहीं लेना चाहिये।

तब वह बोला—यह बात आपने बिल्कुल ठीक कही। किंवाड बन्द कर साधु को किसकी सुरक्षा करनी है ? किंवाड़ बन्द करने वाला साधु ही नहीं होता।

तब स्वामीजी ने कहा—कुछ साधु किंवाड़ बन्द करते हैं, प्रतिदिन एक घर का आहार लेते हैं।

तब वह बोला—हां महाराज ! किंवाड बन्द करते हैं, प्रतिदिन एक घर का

आहार लेते हैं तो कहीं सूत्र में आया होगा।

तब स्वामीजी ने जान लिया कि यह समझने वाला नहीं है क्योंकि इसकी बुद्धि प्रखर नहीं है।

१५७. गेहूं की दाल नहीं होती

स्वामीजी किसी से चर्चा कर रहे थे, तब उन्होंने देखा कि इसकी बुद्धि बिल्कुल कमजोर है। लोगों ने कहा—स्वामीजी ! आप इसे समझाएं।

तब स्वामीजी बोले—मूंग, मोठ और चने की दाल हो सकती है, पर गेहूं की दाल नहीं हो सकती। इसी प्रकार जिसके कर्म का लेप कम होता है और जो बुद्धिमान होता है वह समझ सकता है, किन्तु बुद्धि से हीन आदमी नहीं समझ सकता।

१५८. उतने कारीगर नहीं

किसी ने कहा—आप उद्यम करें तो चारों तरफ ऐसे सुलभबोधि जीव हैं जो समझ सकते हैं।

तब स्वामीजी बोले—मकराणा के पत्थर में प्रतिमा होने की क्षमता तो है, पर हर पत्थर को प्रतिमा बनाने के लिए जितने चाहिए उतने कारीगर नहीं हैं। इसी प्रकार समझ सकने वाले तो बहुत हैं पर उतने समझाने वाले नहीं हैं।

१५९. केवली श्रुत-व्यतिरिक्त ही होते हैं

वेणीरामजी स्वामी ने स्वामीजी से कहा—हेमजी को अस्खलित और व्यवस्थित रूप से व्याख्यान कंठस्थ नहीं हैं। वे रचना करते जाते हैं और व्याख्यान देते जाते हैं।

तब स्वामीजी बोले—केवली श्रुत-व्यतिरिक्त ही होते हैं। उनके श्रुत से कोई प्रयोजन नहीं होता।

१६०. कौनसा खपरेल लाओगे

वेणीरामजी स्वामी अभी छोटी अवस्था में ही थे। तब उन्होंने स्वामीजी से कहा—हिंगुल से पात्र नहीं रंगने चाहिए।

तब स्वामीजी बोले—मेरे तो पात्र रंगे हुए ही हैं, तुम्हें शंका हो तो तुम मत रंगना।

तब वेणीरामजी स्वामी बोले—मेरा तो खपरेल से रंगने का भाव है।

तब स्वामीजी बोले—तुम खपरेल लेने जाओगे, तब इधर पास में पीला और कच्चे रंग का खपरेल पड़ा है और आगे लाल और पक्के रंग का खपरेल पड़ा है। तुम्हारे अनुसार पहले पास में जो दिखाई दिया वही लेना चाहिए। और यदि अच्छा खपरेल खोजा जाए तो ध्यान तो अच्छे रंग का ही हुआ। यह कह कर स्वामीजी ने उन्हें समझाया। और वे समझ गए।

१६१. दुरंगे क्यों रंगते हो ?

कोई कहता है—पात्रों को दो रंग में (लाल और काला) क्यों रंगते हैं ?

तब स्वामीजी बोले—उनमें कुंथुओं (सूक्ष्म जीवों) का अच्छी तरह से पता लग जाता है। वे एक रंग से दूसरे रग पर आते हैं तब सरलता से दिख जाते हैं। कोरा

हिंगुल बोझिल भी होता है। काला रंग हल्का होता है। उस पर से चिकनाहट उतारना आसान होता है। इत्यादि अनेक कारणों से पात्रों को कई रंगों से रंगा जाता है। सूत्र में अनेक रंगों से रंगने का निषेध नहीं है।

१६२. खामियां बताते रहते

वेणीरामजी स्वामी छोटी अवस्था में थे तब वे खामियां बताते रहते—स्वामीजी ! आपने बिना देखे और बिना प्रमार्जन किए पैर पसार दिए।

एक दिन वेणीरामजी स्वामी कुछ दूर बैठे थे। स्वामीजी ने गुप्तरूप से प्रमार्जन कर पैर पसारे और साधुओं से कहा—देखो, वह बेणा दूर बैठा देख रहा है।

इतने में वेणीरामजी स्वामी बोल उठे—वह देखो, स्वामीजी ने बिना देखे पैर पसार दिए।

तब स्वामीजी और पास बैठे दूसरे साधु मुस्कराने लगे। साधुओं ने कहा—स्वामीजी ने प्रमार्जन कर पैर पसारे हैं।

तब वेणीरामजी शर्माये हुए स्वामीजी के पास आ पैरों में पड़ गए।

१६३. ऐसे थे विनम्र वेणीरामजी

पींपाड़ की घटना है वेणीरामजी स्वामी दूसरी दूकान में बैठे थे। स्वामीजी ने उन्हें—ओ वेणीराम ! ओ वेणीराम !—इस प्रकार दो-तीन बार पुकारा। पर वे वापस बोले नहीं।

तब स्वामीजी ने गुमानजी लुणावत से कहा—लगता है बेणां संघ से अलग होगा।

तब गुमानजी वेणीरामजी स्वामी के पास जाकर बोले—आपको स्वामीजी ने पुकारा, आप बोले नहीं, इस पर स्वामीजी ने कहा—लगता है बेणा संघ से अलग होगा।

यह सुनकर वेणीरामजी स्वामी भयभीत हो गए और स्वामीजी के पास आ उनके चरणों में गिर पड़े।

तब स्वामीजी बोले—रे मूर्ख ! पुकारने पर वापस बोलता नहीं है ?

तब वेणीरामजी स्वामी विनम्रता के साथ बोले—महाराज ! मैंने सुना नहीं। उन्होंने बहुत विनम्रता की।

ऐसे थे विनीत वेणीरामजी स्वामी और ऐसे थे शक्तिशाली स्वामीजी।

१६४. ऐसे थे स्वामीजी अवसरज्ञ

वेणीरामजी स्वामी ने कहा—मैं थली प्रदेश में जाऊं और चन्द्रभानजी से चर्चा करूं।

तब स्वामीजी बोले—तुम्हें उनसे चर्चा करने का त्याग है। ऐसा ही अवसर देखा, इसलिए वह त्याग करा दिया। ऐसे थे स्वामीजी अवसरज्ञ।

१६५. संभव है आंखें गवां बैठें

मेंणाजी साध्वी और वेणीरामजी को लक्ष्य कर स्वामीजी ने कहा—ये आंखों में

दवा ज्यादा डालते हैं। संभव है कहीं आंख गवां बैठे। फिर भी उन्होंने दवा डालना नहीं छोड़ा। कुछ समय बाद उनकी आंखें बहुत कमजोर हो गई। आंखों में दवा अधिक डाली, इसलिए आंखों को क्षति पहुंची।

१६६. वह वापस लेने योग्य नहीं

नाथद्वारा की घटना है। गुजरात से एक अन्य सम्प्रदाय का साधु सिंघजी आया और स्वामीजी के पास उसने दीक्षा ली। कुछ दिन वह ठीक रहा, फिर अयोग्य समझ सिरियारी में उसे संघ से अलग कर दिया। वह मांढा गांव चला गया।

फिर खेतसीजी स्वामी बोले—सिंघजी को प्रायश्चित्त देकर उसे संघ में वापस लें। मैं जाकर उसे ले आता हूं।

तब स्वामीजी बोले—वह लेने योग्य नहीं। फिर भी खेतसीजी स्वामी कमर कस कर उसे लाने के लिए तैयार हो गए।

तब स्वामीजी बोले—उसके साथ तुमने यदि आहार कर लिया तो तुम्हारे साथ हमें आहार करने का त्याग है, यह सुनकर खेतसीजी स्वामी सिंघजी को लाने नहीं गए।

ऐसे थे शक्तिशाली भीखणजी स्वामी।

बाद में सिंघजी का समाचार सुना कि वह (किसी गृहस्थ के घर में) गुदड़ी ओढ चक्की के पास सो रहा है।

१६७. भूमि को नाप आओ

दो साधु परस्पर आग्रह करने लगे। वे दोनों स्वामीजी के पास आए। इसके तुंबे में से पानी की बूंदें गिर रही थीं। एक कहने लगा—इतनी दूर बूंदें गिरीं। दूसरे ने कहा—इतने कदमों तक बूंदें गिरीं। इस प्रकार परस्पर विवाद करने लगे। समझाने पर भी नहीं समझ पाए।

तब स्वामीजी ने कहा—तुम दोनों रस्सी लेकर जाओ और उस स्थान को नाप आओ। तब वे दोनों आग्रह छोड़ सीधे सरल हो गए।

१६८. लोलुप वह होगा

दो साधु परस्पर आग्रह करने लगे। एक कहता है—तुम लोलुप हो। दूसरा कहता है—तुम लोलुप है। इस प्रकार विवाद करते-करते वे स्वामीजी के पास पहुंचे। फिर भी उन्होंने विवाद नहीं छोड़ा।

तब स्वामीजी बोले—तुम दोनों 'विगय' (दूध दही, घी आदि) खाने का त्याग करो, आज्ञा की छूट रखो। जो पहले विगय खाने की आज्ञा मांगेगा, वह लोलुप होगा। एक साधु ने लगभग चार महीनों तक विगय नहीं खाई, फिर उसने आज्ञा मांगी, तब दूसरे साधु के अपने आप विगय खाने की छूट हो गई। इस प्रयोग से वे अपने आप समझ गए।

१६९. अवगुण किसका देख रहे हो ?

सं० १८५६ की घटना है। स्वामीजी वायु की बीमारी के कारण नाथद्वारा में लगभग तेरह मास रहे। वहां मुनि हेमराजजी गोचरी गए। वे चने की और मूंग की

दाल इकट्ठी ले आए।

स्वामीजी ने उसे देख पूछा—यह चने की और मूंग की दाल किसने इकट्ठी की ?

तब हेमजी स्वामी बोले—मैं मिलाकर लाया हूं।

तब स्वामीजी बोले—बीमार साधुओं के लिए चेष्टा पूर्वक मांग अलग-अलग लानी तो कहीं रही, पर जो अलग-अलग थीं उन्हें तुमने इकट्ठा क्यों किया।

तब हेमजी स्वामी बोले—अनजान में ये इकट्ठी हो गई।

तब स्वामीजी ने उन्हें बहुत उलाहना दिया। तब वे एकांत स्थान में जाकर लेट गए। उदास हो गए। बाद में स्वामीजी ने आहार कर उनके पास आकर कहा—अवगुण अपनी आत्मा का देख रहा है या मेरा ?

तब हेमजी स्वामी बोले—महाराज ! अवगुण तो अपना ही देख रहा हूं।

तब स्वामीजी बोले—ठीक है। आज के बाद सावधान रहना। उठो, जाओ, आहार कर लो। यह कह कर उन्हें आहार करा दिया।

१७०. वे किसी को माफ नहीं करेंगे

काफरला गांव में खेतसीजी स्वामी और हेमजी स्वामी गोचरी गए। वहां कई प्रकार का धोवन-पानी था। उनका स्वाद चखे बिना उन्हें इकट्ठा कर दिया। तब खेतसीजी स्वामी ने कहा—हेमजी ! आज चखे बिना धोवक-पानी को इकट्ठा कर दिया है। यदि वह ठीक नहीं निकला तो स्वामीजी इतना उलाहना देंगे कि कुछ कहा नहीं जा सकता। वे किसी की लिहाज नहीं रखेंगे। उसके बाद काफरला के मंदिर में उस धोवक-पानी को चख कर देखा। वह अच्छा निकला। तब उनका मन प्रसन्न हो गया।

१७१. बीमार के लिए ऐसी व्यवस्था करते

स्वामीजी बीमार साधुओं के लिए दाल मंगाते तब उन्हें दो तरफ रखते—कुछ तीखी होती, कुछ कडवी होती, किसी में नमक ज्यादा होता, किसी में नमक कम होता। बीमार को कोनसी रुचती है, कौनसी नहीं रुचती। इसलिए वे उन्हें अलग-अलग रखते। बीमार के लिए ऐसी व्यवस्था करते।

१७२. तुम्हे यह शंका क्यों हुई ?

सं० १८५५ की घटना है। स्वामीजी कांकरोली में 'सहलोतां की पोल' में ठहरे हुए थे। रात के समय पोल की खिड़की खोल कर स्वामीजी देहचिन्ता से निवृत्त होने के लिए बाहर गए।

तब हेमजी स्वामी ने पूछा—महाराज ! क्या खिड़की खोलने में कोई आपत्ति नहीं है।

तब स्वामीजी बोले—यह पाली का चोथजी संकलेचा दर्शन करने आया हुआ है। यह बहुत शंकाशील है। पर इस बात की शंका तो इसके भी नहीं हुई। तुम्हें यह शंका क्यों हुई ?

तब हेमजी स्वामी ने कहा—मेरे मन में शंका किसलिए हो ? मैं तो ऐसे ही पूछ रहा हूं।

तब स्वामीजी बोले—तू पूछता है इसमें कोई आपत्ति नहीं है। इस खिड़की को खोलने में कोई आपत्ति होगी तो हम क्यों खोलेंगे?

१७३. अंधे ही खाने वाले और अंधे ही परोसने वाले

जिनका आचार त्रुटिपूर्ण है और मान्यता भी त्रुटिपूर्ण है, ऐसे ही सम्यक्दृष्टि हीन गुरु और ऐसे ही श्रद्धाभ्रष्ट और सम्यक्दृष्टि हीन श्रावक। वे कहते हैं—हमें भीखणजी साधु और श्रावक नहीं मानते।

तब स्वामीजी बोले—कोयलों की 'राब' बनाई। उसे काले बर्तन में पकाया। अमावस की रात। अंधे ही खाने वाले और अन्धे परोसने वाले। वे खाते हैं और एक-दूसरे को सावधान करने के लिए खंखारते हुए कहते हैं—खबरदार कोई काली चीज खाने में न आ जाए। पर कौन क्या टाले? सब कुछ काला ही काला इकट्ठा हो रहा है।

इसी प्रकार जिनकी मान्यता और आचार का कोई ठिकाना नहीं है, वे साधु और श्रावक कैसे होंगे?

१७४. डंडे भी नहीं दिख रहे हैं

अन्य सम्प्रदाय के कुछ श्रावक बोले—भीखणजी! इस बात का तार (निष्कर्ष) निकालें।

तब स्वामीजी बोले—तार क्या निकालें, डंडे भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। जैसे आधाकर्म (साधु-निमित्त बने हुए) आदि बड़े दोष भी दिखाई नहीं दे रहे हैं तो छोटे दोषों की खबर कैसे पड़ेगी?

१७५. उतना बचा जो ढक्कन में समा गया

जिधर हवा का वेग था उधर एक बुढ़िया ने चक्की चलाना शुरू किया। वह जैसे पीसती है वैसे ही आटा उड़ता जाता है। उसने रात भर पीसा और उतना ही बचा जो ढक्कन में समा गया।

इसी प्रकार जो साधुपन और श्रावकपन को स्वीकार कर, जान-जान कर दोष लगाते हैं और उसका प्रायश्चित्त करते नहीं, उनके शेष कुछ बचता नहीं।

१७६. दंड तो गांव ही दे रहा है

साध्वियों ने स्वामीजी के निर्देश के बिना धामली गांव में चतुर्मास किया। वहां आहार-पानी मिलने में बहुत कठिनाई रही।

किसी ने स्वामीजी से पूछा—साध्वियों ने आपके निर्देश के बिना धामली में चतुर्मास किया है उन्हें आप क्या दंड देंगे?

तब स्वामीजी बोले—प्रथम तो उन्हें वह गांव दंड दे ही रहा है। (बचा-खुचा दंड वे आएंगी तब देंगे।) चतुर्मास के बाद जब वे साध्वियां आईं तब उन्हें प्रायश्चित्त देकर शुद्ध कर दिया।

१७७. सामने बोलने वाली है

धन्नाजी की कठोर प्रकृति को देख स्वामीजी ने सोचा, इसे निभाना भारमलजी

के लिए कठिन होगा। यह सामने बोलने वाली है। ऐसा सोच उसे संघ से अलग करने का उपाय खोजा और बड़ी चतुराई के साथ परोक्ष में ही संघ से अलग कर दिया।

१७८. यह सच्चा है या झूठा ?

'भगवान महावीर में जब छहों लेश्याएं थीं और आठों ही कर्म थे, तब उस छद्मस्थ अवस्था में भगवान् ने लब्धि का प्रयोग किया। इस प्रमाद को मूर्ख व्यक्ति धर्म बतलाते हैं।

स्वामीजी ने जब इस गाथा की रचना की भारमलजी स्वामी ने कहा—'छद्मस्थ चूका तिण समे'- इस पद को आप बदल दें। इस पद को लेकर लोग झगड़ा कर सकते हैं।

तब स्वामीजी बोले—यह पद सच्चा है या झूठा ?

तब भारमलजी स्वामी बोले—है तो सच्चा।

तब स्वामीजी बोले यदि यह सच्चा है तो फिर लोगों की क्या चिन्ता ! न्याय-मार्ग पर चलने में कोई आपत्ति नहीं है।

१७९. बीच में बोलने की जरूरत ही क्या ?

संवत् १८५३ की घटना है। स्वामीजी ने सोजत में चतुर्मास किया। उसके बाद विहार करते-करते मांढा में पधारे।

हेमजी स्वामी तब गृहस्थावस्था में थे। स्वामीजी के दर्शन करने सिरियारी से मांढा गांव में आए। पोल के चबूतरे पर स्वामीजी सो रहे थे और नीचे खाट डाल कर हेमजी स्वामी सो गए। उस समय स्वामीजी और साधु परस्पर साधु-साध्वियों को विभिन्न क्षेत्रों में भेजने की बात कर रहे थे—अमुक साधु को अमुक गांव भेजना और अमुक साधु को अमुक गांव भेजना। परंतु सिरियारी में किसी साधु या साध्वी को भेजने की बात नहीं की।

तब हेमजी स्वामी बोले—स्वामीनाथ ! सिरियारी में किसी साधु-साध्वी को भेजने की बात ही नहीं की ?

तब स्वामीजी ने उन्हें कठोर शब्दों में उलाहना दिया। आपने साधुओं से कहा—गृहस्थों के सुनते हुए ऐसी बात ही नहीं करनी चाहिए। हेमजी स्वामी की ओर अभिमुख होकर कहा—तुम्हें साधुओं की बातचीत के बीच में बोलने की जरूरत ही क्या ? यह बात हेमजी स्वामी को बहुत कड़ी लगी। वे मौन साध कर सोते रहे।

० मेरे जीते जी साधु बनेगा या........?

प्रभात हुआ। हेमजी स्वामी दर्शन कर सिरियारी की ओर जाने वाले नीमली के मार्ग से चले और स्वामीजी ने मांढा से कुशलपुर की ओर विहार किया। आगे जाते समय स्वामीजी को अपशकुन हुए। तब वे वापस मुड़ नीमली की ओर चल पड़े। हेमजी स्वामी तो धीमे-धीमे चल रहे थे और स्वामीजी की रफ्तार तेज थी। वे हेमजी स्वामी के निकट पहुंच गए। पीछे से उन्होंने पुकारा—हेमड़ा ! हम भी आ रहे हैं यह सुन हेमजी स्वामी खड़े रहे और उन्होंने स्वामीजी को वंदना की।

तब स्वामीजी बोले—आज तो हम तुम पर ही आए हैं।

तब हेमजी स्वामी बोले—भले पधारे।

स्वामीजी बोले—साधुपन लूंगा-लूंगा—इस प्रकार ललचाते हुए तुझे लगभग तीन वर्ष हो गए। अब तू पक्की बात कर।

तब हेमजी स्वामी बोले—स्वामीनाथ! साधुपन स्वीकार करने का विचार पक्का है।

स्वामीजी बोले—मेरे जीते जी लेगा या मरने के बाद?

यह बात सुनी, उन्हें बहुत अप्रिय लगी। स्वामीनाथ! आप ऐसी बात करते हैं। यदि आपको शंका हो तो मुझे नौ वर्ष के बाद अब्रह्मचर्य सेवन का त्याग करा दें।

स्वामीजी बोले—तुझे त्याग है, इस प्रकार तत्काल त्याग करा दिए। त्याग करा कर बोले—तुमने ब्याह करने के लिए नौ वर्ष रखे हैं न?

हां, स्वामीनाथ!

तब स्वामीजी बोले—एक वर्ष तो ब्याह करने में लग जाएगा। शेष आठ वर्ष बचे। उसमें भी स्त्री एक वर्ष तक अपने पीहर में रहेगी। शेष बचे सात वर्ष। उसमें भी दिन में अब्रह्मचर्य सेवन का त्याग है। शेष बचे साढ़े तीन वर्ष। पांचों तिथियों में अब्रह्मचर्य सेवन का तुझे त्याग है। शेष बचे लगभग दो वर्ष चार महीने। इस प्रकार काल को समेटते-समेटते पहरों और घड़ियों के हिसाब में आए। तब अब्रह्मचर्य सेवन का काल बचा लगभग छह मास।

स्वामीजी ने एक बात और कही—ब्याह के बाद एक या दो पुत्र और पुत्री को जन्म देकर पत्नी मर जाती है तब सारी आपदा स्वयं के गले पर आ जाती है, दुःखी हो जाता है। फिर साधुपन स्वीकार करना कठिन हो जाता है। यह कहकर स्वामीजी ने हेमजी स्वामी को फिर उपदेश दिया—तू यावज्जीवन ब्रह्मचर्य को स्वीकार कर। हाथ जोड़।

यह बात चल रही थी इतने में खेतसीजी स्वामी बोले—जोड़, जोड़, हाथ जोड़, स्वामीजी कह रहे हैं। तब हेमजी स्वामी ने हाथ जोड़ लिए।

तब स्वामीजी ने पूछा—क्या तुम्हें ब्रह्मचर्य व्रत स्वीकार करा दूं? स्वामीजी ने इसे दोहराया।

तब हेमजी स्वामी बोले—स्वीकार करा दें।

तब स्वामीजी ने पंच पद की साक्षी से यावज्जीवन अब्रह्मचर्य सेवन का त्याग करा दिया।

हेमजी स्वामी बोले—अब आप सिरियारी में जल्दी पधारना।

तब स्वामीजी बोले—अभी हम वहां साध्वी हीरांजी को भेज रहे हैं सो साधु का प्रतिक्रमण तू सीख लेना। यह कह स्वामीजी नीमली में आ गए।

पीछे की सारी बात उन्होंने मार्ग में खड़े-खड़े की थी।

हेमजी स्वामी के पास मिठाई थी। स्वामीजी ने, उनके अनुरोध पर, उसे स्वीकार किया।

० आपने भारी काम किया

नीमली की घटना है। स्वामीजी ने भारमलजी से कहा—अब तुम्हारे लिए

निश्चिन्तता हो गई है। पहले तो हम थे, अब अन्य मतावलंबियों से चर्चा करने के लिए तुम्हारे पास हेमजी है ही। इस चर्चा के बाद हेमजी स्वामी बोले— मैंने ब्रह्मचर्य व्रत स्वीकार किया है इसकी चर्चा लोगों में न करें।

तब स्वामीजी बोले—मैं नहीं करूंगा।

हेमजी स्वामी सिरियारी चले गए और स्वामीजी चेलावास पधारे। वहां स्वामी जी ने वेणीरामजी स्वामी से कहा—हेमजी ने ब्रह्मचर्य व्रत स्वीकार कर लिया, पर उसने कहा है अभी इस बात को लोगों में प्रसिद्ध न किया जाए। हेमजी के ब्रह्मचर्य की बात सुनकर वेणीरामजी स्वामी बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने स्वामीजी की बहुत प्रशंसा की—आपने भारी काम किया। उन्होंने कहा —मैंने बहुत प्रयत्न किया था पर कोई सफलता नहीं मिली। आपने अच्छा काम किया और उन्होंने जो ब्रह्मचर्य व्रत स्वीकार किया है उसे प्रगट करना है, छुपाकर नहीं रखना है। आप भले ही मत कहें।

वेणीरामजी स्वामी ने वह बात प्रसिद्ध कर दी। चेलावास के भाई बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा—हम तो पहले ही जानते थे कि हेमजी दीक्षा लेंगे।

० कुआंरे लड़के बहुत हैं

स्वामीजी सिरियारी पधारे। हेमजी स्वामी की शोभायात्रा निकाली जा रही थी और उन्हें भोज दिए जा रहे थे। दीक्षा का मुहूर्त्त निश्चित हुआ—माघ शुक्ला त्रयोदशी, शनिवार। उनके बड़े बाप के बेटे ने रावले में जाकर शिकायत की। तब ठकुरानी ने अपने कर्मचारियों के साथ स्वामीजी से कहलाया —आप हमारे गांव में न रहें।

तब गांव के पंच इकट्ठे हो, हेमजी स्वामी को साथ ले रावले में गए। ठकुरानी हेमजी स्वामी को कपड़ों और गहनों से अलंकृत देख बोली—मैं तुम्हें इसी वेष में कपड़ों और गहनों सहित ब्याह दूंगी। मेरे पुत्र दौलतसिंह की सौगंध खाकर यह कह रही हूं।

तब हेमजी स्वामी ने ठकुरानी को उत्तर दिया—यदि आप किसी का ब्याह करना चाहती हैं तो गांव में कुआंरे लड़के बहुत हैं। मुझे तो शादी करने का त्याग है यह कह कर वे स्वामीजी के पास आ गए। स्वामीजी के गांव में रहने की स्वीकृति लेकर पंच भी वापस आ गए।

० अब तेरह साधु हो गए

हेमजी स्वामी के माघ शुक्ला पूर्णिमा के बाद छह काय के जीवों की हिंसा करने का त्याग किया हुआ था। उनके ज्ञातिजनों ने कहा - फाल्गुन कृष्णा द्वितीया के दिन तुम्हारी बहिन की शादी का मुहूर्त्त है। उस दिन बहिन को ब्याह कर फिर तुम दीक्षा लेना। हेमजी स्वामी ने उनका कहा मान लिया।

हेमजी स्वामी ने स्वामीजी से आकर पूछा—क्या मैं ऐसा करूं ?

तब स्वामीजी ने उलाहना की भाषा में कहा—हे भोले आदमी ! तू अनर्थ कर रहा है। तुझे एक दिन का भी अतिक्रमण नहीं करना है।

हेमजी स्वामी अपने घर आए। फाल्गुन कृष्णा द्वितीया के दिन बहिन की शादी के बाद दीक्षा लेना है, ऐसा पत्र जो उनसे लिखवाया गया था, उसे फाड़ डाला।

उन्होंने घर वालों से कहा—आप लोग मेरे साथ ऐसा धोखा करते हैं मेरे त्याग का भंग करवा रहे हैं।

तब लोगों ने कहा—लगता है इन्हें भीखणजी का बोधपाठ मिल गया है। इक्कीस दिन तक शोभा यात्रा और भोज का कार्य संपन्न कर संवत् १८५३, माघ शुक्ला त्रयोदशी के दिन गांव के बाहर, वट वृक्ष के नीचे, हजारों मनुष्यों की उपस्थिति में बड़े उत्सव के साथ स्वामीजी के हाथों उनकी दीक्षा संपन्न हुई।

इससे पूर्व स्वामीजी के संघ में बारह साधु थे, अब तेरह हो गए—हेमजी स्वामी तेरहवें साधु बने। उसके बाद संघ बढ़ता गया—संघ में वृद्धि होती गई।

'बंकचूलिका' नामक प्रकीर्णक में कहा गया है कि सम्वत् १८५३ के बाद धर्म का बहुत-उद्योत होगा। वह बात हेमजी स्वामी की दीक्षा के साथ चरितार्थ हो गई। उन्हें दीक्षित कर स्वामीजी ने वहां से विहार कर दिया। उनकी दीक्षा के पश्चात् बहुत उपकार हुआ।

१८०. एक मात्र भीखणजी स्वामी ही हैं

टीकम डोसी कच्छ देश से पाली में आया। उसके अनेक विषयों में सन्देह उत्पन्न हो गया था उसे मिटाने के लिए।

तब अन्य सम्प्रदाय के श्रावकों ने कहा—टोडरमलजी तुम्हारे सन्देहों का निवारण कर देंगे। तुम स्थानक में चलो। यह कहकर उसे स्थानक में ले गए। उसने टोडरमलजी से चर्चा की। उसे अपने प्रश्नों के सन्तोषजनक उत्तर नहीं मिले।

तब टीकम डोसी बोला—मेरे प्रश्नों का उत्तर देने वाले एक मात्र भीखणजी स्वामी ही हैं, कोई दूसरा मुझे दिखाई नहीं देता, यह कहकर वह अपने स्थान पर आ गया।

कुछ दिनों बाद स्वामीजी मेवाड़ से मारवाड़ पधारे। पहले सिरियारी आए। वहां से प्रस्थान कर सम्वत् १८५९ का चातुर्मास प्रवास पाली में किया। टीकम डोसी ने स्वामीजी से अनेक प्रश्न पूछे। स्वामीजी ने उनके उत्तर दिए। टीकम डोसी बोला—बंकचूलिका में कहा गया है, सम्वत् १८५३ के बाद धर्म का उद्योत होगा। इस वचन के अनुसार सम्वत् १८५३ से पूर्व साधु नहीं, ऐसी संभावना होती है।

तब स्वामीजी ने कहा—संवत् १८५३ से पूर्व साधु नहीं होंगे, ऐसा वहां नहीं कहा गया। यह कहा गया है कि धर्म का बहुत उपगार होगा। इस दृष्टि से धर्म के उद्योत की बात कही गई है। सं० १८५३ से पहले उद्योत अल्प हुआ। उसके बाद उद्योत अधिक होगा। इस युक्ति से उसे समझा दिया।

१८१. खामी बताए तो तेले का प्रायश्चित्त

भारमलजी स्वामी बाल-मुनि थे, तब स्वामीजी ने कहा—"कोई गृहस्थ खामी बतलाए, ऐसा काम तुझे नहीं करना चाहिए।" गृहस्थ खामी बतलाए वैसा काम यदि तू करेगा, तो तुझे एक तेले का प्रायश्चित्त करना होगा।

तब भारमलजी स्वामी बोले—' यदि कोई झूठ-मूठ खामी बतला दे, तो ?"

तब स्वामीजी ने कहा—"कोई झूठ-मूठ खामी बतलाए, तो समझ लेना पहले

किए हुए पाप उदय में आए हैं।"

भारमलजी स्वामी बड़े विनीत थे। उन्होंने स्वामीजी का वचन शिरोधार्य कर लिया। ऐसे विनीत और उत्तम पुरुष होते हैं, वे किसी को खामी बताने का अवसर ही कैसे देंगे?

१८२. नींद में गिर जाऊं तो

स्वामीजी ने बाल-मुनि भारमलजी को यह आज्ञा दी—"तुम खड़े-खड़े (कण्ठस्थ) समग्र उत्तराध्ययन सूत्र का पुनरावर्त्तन किया करो।"

तब भारमलजी स्वामी बोले—स्वामीनाथ! कदाचित् नींद में नीचे गिर जाऊं, तो?

तब स्वामीजी ने वापस कहा—"कोने का प्रमार्जन कर, उसके सहारे खड़े रहो।"

इस प्रकार भारमलजी स्वामी ने अनेक बार समग्र उत्तराध्ययन सूत्र का स्वाध्याय किया। ऐसे थे वे वैरागी पुरुष!

१८३. आदत बदलने का उपाय

साधुओं और साध्वियों की कठोर प्रकृति को देखते तो उनकी स्खलना और खामी को मिटाने के लिए स्वामीजी इस प्रकार दृष्टान्त देते थे—"कषाय करना मानो अग्नि को प्रज्वलित करना है; कषायी मनुष्य सांप की भांति फुफकारता है।" यह कहकर प्रकृति को सुधारने का प्रयत्न करते।

१८४. अन्त में 'मोरियो मारू' गाते हैं

अन्य सम्प्रदाय के साधु व्याख्यान देते हैं, सूत्र-सिद्धान्त का वाचन करते हैं और अन्त में जीवों की हिंसा करने में पुण्य और मिश्र धर्म की प्ररूपणा करते हैं और सावद्य अनुकम्पा में धर्म बतलाते हैं, इस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—"बहिने रात्री जागरण में लौकिक दृष्टि से अच्छे-अच्छे गीत गाती हैं और अन्त में "मोरियो मारू"[1] का गीत गाती हैं। इसी प्रकार अन्य सम्प्रदाय के साधु व्याख्यान के प्रारम्भ में तो अनेक बातें कहते हैं, किन्तु अन्त में सावद्य दान और दया में पुण्य और मिश्र की प्ररूपणा करते हैं।

१८५. ऐसे हैं ये दृढधर्मी

आसकरण दांती ने विजयचंदजी पटवा से कहा—"विजयचंदजी! तुम्हारे गुरु भीखणजी किवाड़ खोल मेड़ी में ठहरे।"

यह सुनकर विजयचंदजी बोले—"मेरे गुरु इस प्रकार नहीं ठहरते।"

तब आसकरणजी ने कहा—"भाई विजयचन्द! मेरा विश्वास तो कर।"

तब विजयचंदजी बोले—तुम्हारा पूरा विश्वास है तुम सदा झूठ बोलते हो।" ऐसा कहकर उसे पराभूत कर दिया। साधुओं के पास जाकर उन्हें पूछा तक नहीं।

यह बात स्वामीजी के कानों तक पहुंची, तब स्वामीजी बोले—"ऐसा लगता है,

---

१. लड़की की विदाई में गाए जाने वाला गीत।

मानो विजयचन्दजी पटवा क्षायक सम्यक्त्व के धनी हैं। कुछ लोग साधुओं में अनेक दोष बतलाते हैं, इन्हें सुनाते हैं, पर वे उन दोषों के बारे में साधुओं को पूछते तक नहीं। ऐसे हैं वे दृढधर्मी।

१८६. मुझे पता नहीं चला

एक दिन सांझ के समय विजयचन्दजी स्वामीजी के पास सामायिक और प्रतिक्रमण करने आए। आकाश में बादल छाए हुए थे, इसलिए कितना दिन शेष है इसका पता नहीं चल रहा था। तब उन्होंने स्वामीजी से प्रार्थना की—"महाराज! आप पानी पी, उसे चुकता कर दें।"

तब स्वामीजी ने पानी पी उसे चुकता कर दिया। बाद में धूप निकली। दिन काफी शेष था। तब स्वामीजी बोले—"साधुओं को रात्रि में पानी नहीं पीना है। गृहस्थ के रात्रि में पानी पीने का त्याग नहीं होता। इसलिए वे रात को पानी पी लेते हैं।"

यह सुनकर विजयचन्दजी स्वामीजी के चरणों में गिर पड़े और बोले—"हे महा-पुरुष! आप अवसर के जानकार हैं, पर मुझे उसका पता नहीं चला।"

ऐसे थे वे साधुओं के विनीत। उन्होंने स्वामीजी के सामने बहुत विनम्रता की।

१८७. जहां उपकार हो, वहां कष्ट क्या ?

नानजी स्वामी ने हेमजी स्वामी से कहा—हेमजी! भीखणजी स्वामी हम साधुओं को दुकान में बिठाते और गाने में स्वर मिलाने वाले भाई हमारे इधर-उधर बैठ जाते। पसीना बहुत आ जाता।

स्वामीजी कहते—जहां उपकार हो, वहां कष्टों की कोई चिन्ता नहीं।

गर्मी के दिनों में और चतुर्मास में सिरियारी की पक्की हाटों में स्वामीजी व्याख्यान देते थे। भीखणजी स्वामी और भारमलजी स्वामी आगे साथ-साथ बैठते और उनके पार्श्व में गाने में स्वर मिलाने वाले भाई बैठते। दूसरे साधु हाट के भीतर बैठते। गर्मी का बहुत कष्ट था। इस प्रकार कष्ट सहकर उपकार किया।

१८८. जितना पचा सके उतना दो

सम्वत् १८५६ की घटना है। स्वामीजी ने पांच साधुओं के साथ नाथद्वारा में चतुर्मास किया। भारमलजी स्वामी, खेतसीजी स्वामी और हेमराजजी स्वामी—तीनों एकान्तर (एक दिन उपवास और एक दिन आहार) करते थे। स्वामीजी अष्टमी और चतुर्दशी को उपवास करते थे। उदैरामजी स्वामी बेले-बेले की तपस्या करते और पारणा में आयंबिल (केवल एक अन्न और जल) करते।

खेतसीजी स्वामी उदैरामजी को आहार अधिक देते, तब स्वामीजी ने उन्हें बरजा और कहा—"उदैरामजी के दो दिन के उपवास का पारणा है। ये जितना आहार पचा सकें, उतना ही दो।" स्वामीजी के कहने पर भी खेतसीजी स्वामी उदैरामजी को अधिक आहार देने की चेष्टा करते। यह देख स्वामीजी ने कहा—"खेतसीजी! उदैरामजी की मृत्यु तुम्हारे हाथों होगी, ऐसा लगता है।"

० स्वामीजी का वचन मिल गया

स्वामीजी स्वर्गवासी हो गए। सं० १८६१ की घटना है। उदैरामजी मारवाड़ में विहार करते हुए "आयंबिल वर्धमान तप" कर रहे थे। उसकी ४१ पंक्तियां सम्पन्न हो गईं। उसके बाद एक अठाई (आठ दिन के उपवास) की। इसका पारणा खारचियां गांव (मारवाड़ जंक्शन के पास) में किया। उनके शरीर में कोई आकस्मिक वेदना हो गई। वे भारमलजी स्वामी के पास चेलावास जा रहे थे। किन्तु वे कराड़ी गांव पहुंचते-पहुंचते थक गए। तब तपस्वी भोपजी चेलावास गए और उन्होंने भारमलजी स्वामी को सारे समाचार बताये। तब खेतसीजी स्वामी, हेमजी स्वामी और तपस्वी भोपजी आदि गए और उन्हें कंधे पर बिठा कर चेलावास ले आए। घास का बिछौना कर उस पर सुला दिया।

साध्वी हीरांजी ने हेमजी स्वामी के पास आकर कहा—"आप लेखन क्या कर रहे हैं ? यह ग्रन्थ की प्रतिलिपि क्या कर रहे हैं ? तपस्वी उदैरामजी को पानी पिलाएं।" तब खेतसीजी स्वामी और हेमजी स्वामी दोनों आए। खेतसीजी स्वामी ने उदैरामजी को पीछे से हाथों का सहारा दे बिठाया। इतने में उनकी आंखें खिंच गईं। भारमलजी स्वामी ने कहा—"यदि तुम भीतर से जागृत हो और स्वीकारते हो तो तुम्हें चारों आहार का त्याग है।" वे खेतसीजी स्वामी के हाथों में ही चल बसे। तब खेतसीजी स्वामी ने कहा—"मुझे स्वामीजी ने कहा था—उदैरामजी की मौत तुम्हारे हाथों होगी। सो उनकी मौत मेरे हाथों में ही हुई। स्वामीजी का वचन मिल गया।"

१८९. यह रीत पुरानी है

सोजत के बाजार में एक छतरी थी, वहां स्वामीजी ठहरे। बरजूजी, नाथांजी आदि ७ साध्वियां किसी दूसरे गांव से वहां आईं। स्वामीजी को वंदना कर उन्होंने कहा—ठहरने के लिए स्थान चाहिए।

तब स्वामीजी स्वयं उठे। पास में ही एक उपाश्रय था, उसका दरवाजा बन्द था, साध्वियों को साथ ले वहां आए और बोले—"यहां कोई भाई है, इस उपाश्रय में रहने की स्वीकृति देने वाला ?

तब एक भाई बोला—"मेरी स्वीकृति है।" उसने दूसरे स्थान से कुञ्ची ला, ताला खोल, किंवाड़ खोल दिए। उस उपाश्रय में साध्वियों को ठहरा कर स्वामीजी अपने स्थान में आ गए।

यह घटना नाथांजी के मुख से सुनी, वैसे ही लिखी है। 'साध्वियों को किंवाड़ खोल कर नहीं ठहरना चाहिए'—ऐसी प्ररूपणा करने वाले अनजान हैं। साध्वियां किंवाड़ खुलवा कर रह सकती हैं, यह रीत ठेट स्वामीजी से चली आ रही है।

१९०. तुम्हारी स्वीकृति की जरूरत नहीं

खेरवा वासी भगजी दीक्षा के लिए तैयार हुए। तब उनके चचेरे भाइयों ने बहुत विग्रह खड़ा कर दिया। वे ऐसा कहने लगे, "इस दीक्षा में हमारी स्वीकृति नहीं है।"

तब स्वामीजी ने कहा—"तुम्हारी स्वीकृति की जरूरत भी नहीं है।"

फिर भगजी ने बड़ी बहिन की स्वीकृति लेकर दीक्षा ग्रहण की। इस पर उन चचेरे भाइयों ने बहुत विग्रह खड़ा कर दिया। स्वामीजी के सम्मुख बहुत दिनों तक वे झगड़ा करते रहे, पर स्वामीजी ने उसकी कोई परवाह नहीं की।

एक दिन स्वामीजी ने भगजी से पूछा—"तुझे वे जबरदस्ती वापस घर में ले जाए तो तू क्या करेगा ?

तब भगजी बोले—"यदि वे मुझे घर में ले जाए तो मुझे चारों आहार करने का त्याग है।

सं० १८६० का चतुर्मास स्वामीजी ने सिरियारी में किया। उस चतुर्मास में भगजी के चचेरे भाइयों ने फिर बहुत विग्रह खड़ा किया। पर स्वामीजी न्याय-मार्ग पर थे, इसलिए उन्होंने किसी की परवाह नहीं की।

१९१. मर्यादा का निर्माण

देसूरी से दीक्षित साधु नाथूजी खाने के बहुत लोलुप थे। उसे ध्यान में रख कर स्वामीजी ने साधुओं के लिए घृत, दूध, दही, चीनी और "कडाई विगय" (मिठाई तथा तली हुई चीजें), खाने की मर्यादा की। यह घटना सम्वत् १८५९ की है।

१९२. संघीय सम्बन्ध नहीं रहेगा

स्वामीजी ने वीरभाणजी से कहा—"तुम्हें पन्ना को दीक्षा देने की आज्ञा नहीं है। यदि तुमने उसे दीक्षा दी तो अपने परस्पर संघीय सम्बन्ध नहीं रहेगा। इस पर भी वीरभाणजी ने पन्ना को दीक्षा दी। तब स्वामीजी ने वीरभाणजी का संघ से सम्बन्ध-विच्छेद कर दिया। तब वीरभाणजी ने "इंद्रियां सावद्य है"—इस विपरीत मान्यता का प्रतिपादन शुरू कर दिया।

१९३. देख-देख दीक्षा देना

स्वामीजी ने ओटा सुनार और वीरां कुम्हारी को दीक्षित किया। उनकी प्रवृत्तियां मुनि-जीवन के अनुकूल नहीं रहीं। इसलिये महाजन के सिवाय दूसरों को दीक्षित करने की स्वामीजी के मन में रुचि नहीं रही।

१९४. शंका का समाधान

टीकम डोसी अनेक विषयों में संदिग्ध हो गए। वह लगभग उनतीस पन्ने लिख कर लाया। वह चर्चा करने लगा। बहुत बोलता था। तब स्वामीजी ने उसके पन्ने पढ उत्तर लिख दिये और वे उसे पढा दिए। लगभग २६ पन्नों में जो जिज्ञासाएं लिखी हुई थीं, उनका तो समाधान कर दिया। तब उसकी आंखों में आंसू की धार बहने लगी। वह गद्-गद् स्वर में बोला—'स्वामीजी ! यदि आप नहीं होते, तो मेरी क्या गति होती ? आप तीर्थंकर, केवली समान हैं।' उसने इस प्रकार बहुत गुणानुवाद किया। स्वामीजी की रचनाओं को सुन वह बहुत प्रसन्न हुआ। वह बोला—'ये रचनाएं क्या हैं ! ये तो सूत्रों की निर्युक्तियां हैं।' वह लंबे समय तक उपासना कर वापस अपने प्रदेश कच्छ चला गया।

कच्छ में जाने के बाद फिर उसके मन में सन्देह के बादल उमड़ आए। तब उसने आजीवन चतुर्विध आहार का प्रत्याख्यान कर अनशन कर दिया। उसने कहा—'अब

मेरे सन्देहों का समाधान सीमंधर स्वामी करेंगे। पन्द्रह दिन के अनशन के पश्चात् उसका देहावसान हो गया।

१९५. स्वच्छंदचारी होना श्रेय नहीं

चंद्रभाणजी संघ से अलग होने लगे, तब स्वामीजी ने कहा—'संलेखना और अनशन करना श्रेय है, परन्तु साधु-संघ को छोड़ स्वच्छंदचारी होना श्रेय नहीं।

तब वे बोले—'मैं और भारीमाल दोनों संलेखना शुरू करें।'

तब स्वामीजी बोले—'अपन दोनों करें।

तब चंद्रभाणजी बोले—'आपके साथ तो नहीं करूंगा। भारमलजी के साथ कर सकता हूं।'

स्वामीजी ने फिर अपना संकल्प दोहराया—'अपन दोनों करें।'

फिर चंद्रभाणजी और तिलोकचंदजी दोनों मान-अहंकार के वशीभूत हो संघ से अलग हो गए। उसका विस्तार स्वामीजी कृत 'रास' से जान लेना चाहिए। वे जाते समय बोले—'लोगों में साख तो हमारी ही घटेगी पर आपके श्रावकों को तो शीतदाह से जले हुये आक के समान करूं, तो समझना मेरा नाम चंद्रभाण है।

तब चतरोजी श्रावक बोला—"तुम थोड़ी दूर जाओ, मैं सन्देश-वाहक भेज कर गांव-गांव में सन्देश पहुंचा दूंगा। कोई भी तुम्हें अन्तःकरण से नहीं चाहेगा—कोई तुम्हारा साथ नहीं देगा। फिर शीतदाह से जले हुये आक जैसे तुम ही बनोगे।"

बाद में वे वहां से चल पड़े। कुछ दूर जाने पर उन्हें आचार्य रुघनाथजी मिले। उन्होंने कहा—'तुम हमारे साथ आ जाओ। हम तुम्हारी रीति को मान्यता देंगे।' उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया।

० भीखणजी तो विद्यमान हैं ?

फिर किसी ने रोयट के श्रावकों से कहा—"चंद्रभाण और तिलोकचंद दोनों पढे-लिखे साधु भीखणजी के संघ से अलग हो गए हैं।"

तब श्रावक बोले—'भीखणजी तो विद्यमान हैं ?'

"वे तो हैं।"

तब वे श्रावक बोले—"भीखणजी हैं, तो पढे-लिखे साधु और बहुत हो जाएंगे। वे निकल गए, उससे किञ्चित् भी अन्तर आने वाला नहीं है।"

० आपने भारी निर्णय किया।

स्वामीजी ने अनुभव किया—ये लोगों में निंदा करेंगे, आस्था उतारने का प्रयत्न करेंगे। यह संघ के हित में नहीं होगा। इस दृष्टि से स्वामीजी ने उनकी पीछे-पीछे विहार किया। फलतः स्वामीजी को एक वर्ष में सातसौ कोस (लगभग २२४० किलो मीटर) चलना पड़ा। ठेट चूरू तक पधारे। श्रद्धालु क्षेत्रों में कहीं भी उनके पैर जमे नहीं। उन दोनों ने अपने विहार के दौरान अनेक प्रवंचनाएं कीं—जिस गांव में जाना होता उस गांव का मार्ग नहीं पूछते और दूसरे गांव का मार्ग पूछते और ऐसा इसलिए करते कि हम जिन गांवों में जाएं, उन गांवों में भीखणजी स्वामी न आए। पीछे से स्वामीजी पधारते और लोगों को पूछते—'वे कौन से गांव गए हैं ?'

तब लोग कहते—'वे अमुक गांव का मार्ग पूछते थे।' फिर स्वामीजी अपनी बुद्धि से विचार कर देखते, अमुक गांव का मार्ग पूछा, पर वे गए अमुक गांव में हैं। तब स्वामीजी कहते—'हम अमुक गांव में चलें।'

तब साधु कहते—'उन्होंने तो अमुक गांव का मार्ग पूछा था, ऐसा लोग बतलाते थे। और आप अमुक गांव में क्यों पधार रहे हैं ?'

तब स्वामीजी ने कहा—'मैं उनकी चालबाजी को जानता हूं। जिस गांव का मार्ग पूछा, वहां नहीं गए हैं, किंतु जहां हम जाना चाहते हैं, वहीं गए हैं, ऐसा लगता है।' आगे जाकर देखते, तो वे उसी गांव में आगे बैठे मिलते और कभी-कभी गोचरी करते हुए मिलते। साधु उन्हें देखकर आश्चर्य करते। वे कहते—'आपने भारी निर्णय किया।"

वे स्थान-स्थान पर लोगों को शंकित बनाते और स्वामीजी पीछे से उनकी शंका को मिटा देते। फिर से श्रावक-श्राविकाओं को निर्मल बना देते। उनकी पहिचान करा देते। इस प्रकार उस महान् पुरुष ने बड़ा उद्यम किया और जिन-मार्ग की बड़ी प्रभावना की।

० वन्दना तो करेंगे ही

स्वामीजी चूरू की ओर पधारे, तब चंद्रभाणजी और तिलोकचंदजी ने पहले ही शिवरामदासजी ओर संतोषचंदजी को अपने पक्ष में कर अपने साथ मिला लिया। बाद में स्वामीजी पधारे, तब शिवरामदासजी और सन्तोषचन्दजी स्वामीजी को आते देख 'मत्थएण वंदामि' कहकर खड़े हो गए।

तब चंद्रभाणजी ने कहा—'अपना और इनका संघीय-सम्बन्ध एक नहीं है, फिर तुमने इन्हें वंदना क्यों की ?'

तब शिवरामदासजी और संतोषचंदजी बोले—'ये अपने गुरु हैं। इन्हें वंदना तो करेंगे ही।' बाद में स्वामीजी ने उन दोनों से बात कर उन्हें समझा लिया। उन्हें चंद्रभाणजी के चरित्र की पहिचान करा दी।

स्वामीजी वापस मारवार पधार गए। पीछे से उन्होंने चंद्रभाणजी और तिलोकचंदजी से अपना सम्बंध-विच्छेद कर दिया। उनके चरित्र को पहिचान भी लिया। वे बोले—'इन्हें स्वामीजी जैसे छलना करने वाले बतलाते थे, वे वैसे ही निकले।' बाद में शिवरामदासजी और संतोषचंदजी दोनों संघ के अनुकूल रहे। चंद्रभाणजी और तिलोकचंदजी विमुख रहे। फिर भी स्वामीजी ने उनकी परवाह नहीं की। ऐसे थे वे साहसिक पुरुष। वे थे एकांततः न्याय के पक्षधर।

१९६. सामजी और रामजी

बूंदी निवासी सामजी और रामजी दोनों भाई सरावगी थे और जाति से बैद। वे दोनों एक साथ जन्मे हुए थे। उनकी आकृति और सूरत एक जैसी थी। वे केलवा में स्वामीजी के पास दीक्षा लेने आए। शामजी ने वहां दीक्षा ले ली। यह संवत् १८३८ की बात है।

कुछ दिनों बाद नाथद्वारा में बहुत वैराग्य और बड़े उत्सव के साथ खेतसीजी

स्वामी और रंगुजी ने एक साथ दीक्षा ली। जिन-मार्ग का बहुत उद्योत हुआ।

फिर कुछ दिनों बाद रामजी स्वामी ने दीक्षा ली। शामजी खेतसीजी स्वामी से दीक्षा-पर्याय में बड़े थे और रामजी छोटे थे। कुछ समय बाद सामजी और रामजी का सिंघाड़ा बनाया। वे अलग विहार कर स्वामीजी के दर्शन करने आए। तब खेतसीजी स्वामी ने सामजी के बदले रामजी को वंदना की, क्योंकि वे दोनों ही एक जैसे लग रहे थे। तब रामजी ने कहा—'मैं रामजी हूं, सामजी तो वे हैं।' यह घटना बहुत बार घट जाती।

तब स्वामीजी ने अपनी निर्मल मति से कहा—'रामजी ! तुम पहले खेतसीजी को वंदना किया करो। तब खेतसीजी अपने आप जान लेगा कि जो ये खड़े हैं, वे सामजी हैं। ऐसी थी निर्मल प्रज्ञा स्वामीजी की।

१९७. जो ठंठी रोटी छोड़े, वह लड्डू भी छोड़े

कोटा वाले आचार्य दौलतरामजी के सम्प्रदाय के चार साधु वर्धमानजी, बड़ो रूपजी, छोटो रूपजी सूरतोजी स्वामीजी के संघ में दीक्षित हो गए। छोटा रूपजी बोला—'मुझे ठन्डी रोटी नहीं रुचती।

तब स्वामीजी ने आहार का संविभाग किया और प्रत्येक ठंडी रोटी पर एक-एक लड्डू रख दिया और कहा—''जो ठंडी रोटी छोड़े, वह लड्डू भी छोड़ दे। जो गर्म रोटी लेगा, वह लड्डू नहीं ले पाएगा।' तब सबने दीक्षा-पर्याय के क्रम से अपना-अपना विभाग ले लिया। किसी ने ठंडी या गरम की चर्चा ही नहीं की।

१९८. तड़क कर क्यों बोलते हो ?

जाढण गांव में छह साधुओं के साथ स्वामीजी पधारे। उस गांव में एक राजपूत के घर मृत्युभोज था। वहां किसी सम्प्रदाय के दो साधु आए और मृत्यु-भोज वाले घर से लपसी ले आए। स्वामीजी के साधुओं से भी लोगों ने कहा—'दूसरे साधु मृत्यु-भोज वाले घर से लपसी लाए हैं, तुम भी वहां से ले आओ।''

तब साधुओं ने कहा—''हम मृत्यु-भोज वाले घर से भिक्षा नहीं ला सकते।'' साधुओं ने स्थान पर आकर स्वामीजी से सारी बात कही। तब स्वामीजी ने सोचा—'हम पाली जा रहे हैं, कोई व्यक्ति व्यर्थ ही हमारा नाम इस घटना के साथ जोड़ेगा।' यह सोचकर स्वामीजी ने उन साधुओं के पास जाकर पूछा—'तुम मृत्युभोज वाले घर से लपसी लाए या नहीं ?'

तब वे बोले—'तुम क्यों पूछते हो ? क्या तुम्हारे और हमारे भोजन-पानी का सम्बन्ध है ?'

स्वामीजी बोले—'तुम भी पाली जा रहे हो और हम भी पाली जा रहे हैं। सो लपसी लाए तो तुम और कोई नाम लेगा हमारा, इसलिए हम पूछते हैं। हमारे पात्र तुम देख लो और तुम्हारे पात्र हमें दिखला दो।

तब वे तड़क कर बोले....'लाए, लाए और फिर लाए।'

तब स्वामीजी बोले....'तड़क कर क्यों बोलते हो ? यही कहो कि हमारे लाने की रीति है, इसलिए हम लाए हैं।' इस प्रकार अपनी बुद्धि से यथार्थ कहलवा कर अपने

स्थान पर आ गए।

१९९. गुड़ कौन लाया ?

स्वामीजी जब स्थानकवासी संप्रदाय में थे, तब एक दरजी के घर गोचरी गए। तब वह दरजी बोला—'तुम्हारा चेला कल गुड़ ले गया था, इसलिए आज तुम भिक्षा कैसे लोगे ?'

तब स्वामीजी ने स्थान पर आकर सब साधुओं से पूछा—'कल अमुक दरजी के घर से गुड़ कौन लाया ?'

पर सब साधुओं ने इनकार कर दिया। बाद में स्वामीजी सब साधुओं को साथ लेकर दरजी के घर आए। उस दरजी से पूछा—'कल जो गुड़ ले गया था, वह इनमें से कौन सा है, तुम पहिचान कर बताओ।'

तब दरजी ने उस साधु की ओर इंगित किया, जो अवस्था में छोटा था, नाम था रायचंद और अमुक आचार्य का शिष्य था।

'तब स्वामीजी ने जान लिया कि यही है जो गुड़ ले गया था, किंतु इसने स्वीकार नहीं किया।'

इस प्रकार स्वामीजी ने ठगी और झूठ को अनावृत कर दिया।

२००. पत्र लिखना मत

पीपाड़ की घटना है। अन्य सम्प्रदाय का श्रावक मालजी स्वामीजी से चर्चा कर रहा था।

स्वामीजी ने पूछा—'मालजी ! छह काय के जीवों को खाने से क्या होता है ?'

तब उसने कहा—'पाप होता है।'

फिर स्वामीजी ने पूछा—'छह काय के जीवों को खिलाने से क्या होता है ?'

उसने कहा—'पाप होता है।'

तब स्वामीजी बोले—भारमलजी ! स्याही तैयार कर लिख लो—मालजी पानी पिलाने में पाप कहता है।'

तब मालजी तेज स्वर में बोलने लगा—'मैंने पानी पिलाने में पाप कब कहा ?'

तब स्वामीजी बोले—'पानी छह काय के भीतर है या बाहर ?''

तब वह बोला—'है, है और है। पर मत लिखना, मत लिखना।'

इस प्रकार वह हतप्रभ होकर वहां से चला गया।

२०१. अपने प्रश्न को देखो

स्वामीजी भीलवाड़ा में विराज रहे थे। वहां अन्य संप्रदाय के एक श्रावक ने स्वामीजी से पूछा—'भीखणजी ! किसी श्रावक ने सर्व पापों का त्याग कर दिया, उसे आहार-पानी देने में क्या होगा ?'

तब स्वामीजी बोले—'धर्म होगा ?'

तब उसने कहा—'श्रावक को देने में आप तो पाप मानते हैं, फिर आपने धर्म कैसे कहा ?'

तब स्वामीजी बोले—'तुमने जो प्रश्न पूछा, उसे देखो, श्रावक ने सर्व पाप का त्याग कर दिया, तब वह साधु हो गया और साधु को देने में धर्म ही होता है।'

२०२. तीनों घर बधाइयां

स्वामीजी स्थानकवासी संप्रदाय से अलग होकर नई दीक्षा लेने को तैयार हुए। तब अपने पास के साधुओं की प्रकृति की ओर ध्यान दिया। भारमलजी स्वामी के पिता किसनोजी थे, उनकी प्रकृति बहुत उग्र थी। वे आहार ज्यादा मंगवाते और वह अधिक मंगाई हुई रोटी साधारण होती, तो उसे नहीं लेते। अच्छी रोटी नहीं दी जाती, तो कलह करने लग जाते। तब बिलाड़ा में स्वामीजी ने भारमलजी स्वामी से कहा—'तुम्हारा पिता तो साधुपन के योग्य नहीं है। उसे हम अलग कर देंगे। बोलो! तुम्हारा क्या मन है?

तब भारमलजी स्वामी ने कहा—'मुझे तो आपसे काम है।' आपकी जैसी इच्छा हो वैसे करें।

स्वामीजी ने किसनोजी से कहा—अब तुम्हारा और हमारा पारस्परिक संबंध नहीं है।

यह सुन किसनोजी बोले—मैं अपने पुत्र को साथ ले जाऊंगा।

तब स्वामीजी बोले—वह हमारे साथ न आए तो उसकी इच्छा।

तब किसनोजी जबरदस्ती से भारमलजी स्वामी को साथ ले दूसरी दूकान में चले गए। उन्होंने आहार पानी ला भारमलजी से आहार करने को कहा।

तब भारमलजी स्वामी ने कहा—मैं तो आहार पानी नहीं करूंगा।

वे प्रतिदिन मनुहार करते हैं पर भारमलजी स्वामी आहार नहीं करते। तीसरा दिन आया। तब मनुहार की।

तब भारमलजी स्वामी ने कहा—आपके हाथ से आहार करने का यावज्जीवन त्याग है।

तब किसनोजी ने भारमलजी स्वामी को स्वामीजी को सौंप दिया। बोले—यह आपसे ही राजी है। इसे आप अपने पास रखें। आपने नई दीक्षा नहीं ली तब तक मेरी भी कोई व्यवस्था कर दें।

तब स्वामीजी ने उन्हें आचार्य जयमलजी को सौंप दिया। तब जयमलजी बोले—'भीखणजी की बुद्धि को देखो। किसनोजी को हमें सौंपा, इससे तीनों घर बधाइयां बटीं। हमने जाना, हमें एक चेला मिला। किसनोजी ने देखा, उन्हें स्थान मिल गया और भीखणजी ने देखा, उनकी आपदा टल गई।'

कुछ समय बाद किसनोजी आदि दो साधु मृत्यु-भोज से लपसी ला उसे खा, विहार कर गए। मार्ग में प्यास बहुत लगी। लपसी खाई हुई थी, गरमी के दिन थे। उन्होंने प्यास को सहा, पर सजीव जल नहीं पिया। आखिर किसनोजी काल कर गए।

मृत्युभोज से लपसी लाए, यह तो उनके संप्रदाय की रीति है। पर वे नियम में दृढ़ रहे, काल कर गए, पर सजीव जल नहीं पिया।

२०३. इसलिए बरजते हैं

स्वामीजी के पास अथवा उनके साधुओं के पास लोग व्याख्यान सुनने आते, उन्हें अमुक संप्रदाय के साधु बरजते। तब स्वामीजी ने एक दृष्टांत दिया—रयणादेवी ने जिनऋषि और जिनपाल को तीन दिशाओं के बगीचों में जाने की मनाही नहीं की, केवल दक्षिण दिशा के बाग में जाने की मनाही की। वह झूठ बोली, उसने भय दिखलाया वहां जाने पर सांप काट खाएगा। उसने सोचा, 'यदि ये दक्षिण के बगीचे में जायेंगे तो मेरी क्रूरता को जान लेंगे, मेरी ठगाई प्रगट हो जाएगी।' यह सोच उसने दक्षिण के बगीचे में जाने की मनाही की। इस प्रकार अमुक संप्रदाय के साधु बाईस टोलों, चौरासी गच्छों तथा ३६३ पाषण्डियों के पास जाने की प्रायः मनाही नहीं करते, किंतु शुद्ध साधुओं के पास जाने की मनाही करते हैं। कारण कि भीखणजी के पास जाने पर वे हमें अशुद्ध मान लेंगे और भीखणजी हमारे श्रावकों को अपने पक्ष में कर लेंगे, इसलिए ये अपने श्रावकों को बरजते हैं।

२०४. स्वामीजी बोले

अमुक सम्प्रदाय के साधु लोगों में साधुओं के प्रति विरोध-भाव पैदा करते थे।

तब स्वामीजी बोले—"अतीत में भृगु पुरोहित ने अपने पुत्रों को बहकाया और कहा साधुओं का विश्वास मत करना।" उसके कहने से उसके पुत्रों ने भी साधुओं को बुरा मान लिया। बाद में वे साधुओं से मिले, तब वे अपने पिता को मिथ्याभाषी जान कर मुनि बन गए।

इसी प्रकार अमुक-अमुक संप्रदाय के साधु साधुओं को बुरा बतलाते हैं, परन्तु जो उत्तम मनुष्य होते हैं, वे साधुओं के संपर्क में आ, उनकी वास्तविकता को पहिचान ठीक स्थान पर आ जाते हैं।

२०५. 'ठाने' नहीं, खाने के लिए

अमुक संप्रदाय के अच्छे-अच्छे स्थान देखकर 'ठाने' बैठ जाते थे—स्थिरवास कर लेते थे। तब स्वामीजी ने कहा—"ये 'ठाने' नहीं बैठते हैं, खाने बैठते हैं।"

असली स्थिरवास तो अमीचंदजी का है। सं० १८४७ में मारवाड़ में महामारी फैली। तब दूसरे स्थिरवास वाले चतुर्मास में पदयात्रा कर विहार कर गए और अमीचंद जी चतुर्मास में और पर्युषणों में भाद्र कृष्णा चतुर्दशी के दिन रात के समय बाजरी से भरी हुई गाड़ी के ऊपर बैठ कर गए। मार्ग में प्यास लगी तब अनछना सजीव जल जाट के हाथ से पिया। इस दृष्टि से असली स्थिरवास तो अमीचंदजी का था सो वे पैरों से नहीं चले।

२०६. सब एक हो जाएं

किसी ने स्वामीजी से कहा—"आप और अन्य संप्रदाय के साधु एक हो जाएं।"

तब स्वामीजी ने पूछा—"तुम महाजन हो, सो महाजन और गैर महाजन एक हो सकते हो या नहीं?"

तब वह बोला—"नहीं हो सकते।"

तब स्वामीजी बोले—"इसी प्रकार साधु और केवल वेषधारी साधु एक नहीं हो सकते। इतर जाति महाजन कुल में जन्म लेने से ही महाजन हो सकती है। इसी प्रकार 'केवल वेषधारी' साधुओं का सम्यक्त्व और चारित्र में जन्म हो जाने अर्थात् सम्यक्त्व और चारित्र आ जाने पर ही हम एक हो सकते हैं।

२०७. यह चर्चा बहुत सूक्ष्म है

वेषधारियों के श्रावक बोले—"प्रतिमाधारी श्रावक को शुद्ध दान देने से क्या होता है?"

तब स्वामीजी बोले—"कोई किसी को सजीव जल पिलाता है और कंद-मूल खिलाता है, उसमें तुम क्या मानते हो?"

तब वे बोले—"हमें तो प्रतिमाधारी श्रावक के बारे में ही बताओ, दूसरी बात में तो हम नहीं समझते।"

तब स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—कोई बोला, मुझे चींटी और कुंथुआ दिखाओ। तब उसने पूछा—तुम्हें हाथी दिखाई देता है या नहीं? तब वह बोला—'हाथी तो मुझे दिखाई नहीं देता। तब उसने कहा—'हाथी भी तुम्हें दिखाई नहीं देता, तो चींटी और कुंथुआ कैसे दिखाई देगा?"

"इसी प्रकार किसी को जीव खिलाने में पाप होता है, उसे भी तुम नहीं जानते, तो फिर 'प्रतिमाधारी को अव्रत सेवन कराने में पाप होता है', यह मान्यता तुम्हारे हृदय में कैसे पैठ पाएगी? यह चर्चा तो बहुत सूक्ष्म है।"

२०८. पुस्तक और ज्ञान

कुछ लोग कहते हैं—"पुस्तक को जमीन पर नहीं रखना चाहिए और उसकी ओर पीठ कर नहीं बैठना चाहिए। क्योंकि पुस्तक-पन्ने तो ज्ञान है। उसकी आसातना (अविनय) नहीं करनी चाहिए।

तब स्वामीजी बोले—"पुस्तक पन्नों को तुम ज्ञान कहते हो, तो पुस्तक-पन्ने फट गए, तो क्या ज्ञान फट गया? पुस्तक-पन्ने जीर्ण हो गए, तो क्या ज्ञान भी जीर्ण हो गया? पन्ने उड़ गए, तो क्या ज्ञान भी उड़ गया? पन्ने जल गए, तो क्या ज्ञान भी जल गया? पन्ने चुरा लिए गए, तो क्या ज्ञान भी चुरा लिया गया? पन्ने तो अजीव हैं और ज्ञान जीव है। अक्षरों का आकार तो पहिचानने के लिए है; जो पन्ने में लिखा हुआ है, उसका बोध ज्ञान होता है, वह आत्मा है और वह अपने पास ही है। पन्ने भिन्न हैं—आत्मा से अन्य हैं।

२०९. पुण्य या मिश्र

अमुक संप्रदाय के साधु गृहस्थों से कहते थे—"भिखारी आदि को अन्न आदि देने में पुण्य होता है अथवा मिश्र होता है।"

तब गृहस्थ बोले—"यदि तुम्हारे आहार अधिक आ जाए, तो तुम भिखारी आदि को देते हो या नहीं?"

तब उन्होंने कहा—"हम तो नहीं देते। ऐसा करना हमारी मर्यादा में नहीं है।

यदि हम दें, तो हमारे साधुपन में दोष लगता है। और तुम भिखारी आदि को देते हो, उसमें तुम्हें पुण्य होता है अथवा मिश्र होता है।"

इस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—"जिस बवंडर से हाथी उड़ जाता है, उससे रूई की पूनी क्यों नहीं उड़ेगी ? अवश्य ही उड़ेगी।"

"इसी प्रकार साधु से अन्य भिखारी आदि को दान देने से साधु का व्रत टूट जाता है, तो फिर गृहस्थ को पाप क्यों नहीं लगेगा ? लगेगा ही।"

२१०. हिंसा के बिना धर्म नहीं होता तो ?

हिंसा धर्मी कहते हैं—हिंसा के बिना धर्म नहीं होता। वे दृष्टांत देकर कहते हैं—दो श्रावक थे। उनमें से एक ने अग्नि के आरंभ का त्याग किया और दूसरे ने नहीं किया। दोनों ने एक-एक पैसे के चने लिए। जिसे अग्नि के आरंभ का त्याग नहीं था, उसने चनों को भुन कर भूंगड़े बना लिए और जिसने अग्नि के आरंभ का त्याग किया था, वह कोरे चने चबा रहा था। इतने में एक मास के उपवास के पारणे के लिए मुनिराज उसके घर पधारे। जिसे त्याग नहीं था, उसने भूंगड़े देकर तीर्थंकर गोत्र बंध कर लिया और जिसे त्याग था वह टुगर-टुगर देखता रहा। वह क्या दान देगा ?

'इस प्रकार हिंसा से धर्म होता है, हिंसा के बिना धर्म नहीं होता' जो इस प्रकार कहते थे, उस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—"दो श्रावक थे। उनमें से एक ने आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत स्वीकार किया और दूसरे ने अब्रह्मचर्य का त्याग नहीं किया। शादी की। बाद में उसके पांच पुत्र पैदा हुए। उन्होंने धर्म का तत्त्व समझा। उनमें दो वैरागी बने। पिता ने उन दोनों को हर्षोल्लास के साथ दीक्षा की स्वीकृति दी। बहुत हर्षोल्लास आया उससे उसने तीर्थंकर गोत्र का बंध कर लिया।

तुम हिंसा में धर्म कहते हो तो तुम्हारे मतानुसार अब्रह्मचर्य में भी धर्म होगा। तुम्हारे मतानुसार हिंसा के बिना धर्म नहीं होता, तो अब्रह्मचर्य के बिना भी धर्म नहीं होता।

इस प्रकार उत्तर सुन कर वह हतप्रभ और वापस उत्तर देने में असमर्थ हो गया।

२११. क्या कोई है रे बैरी ?

'किसी को बैरी नहीं बनाना चाहिए।' इस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—"क्या कोई है रे बैरी ? लोक-भाषा में कहा जाता है, 'किसी को ऋण देकर देखो।' (ऋण चुकाना नहीं चाहता, इसलिए अपने आप बैरी बन जाता है।)

क्या कोई है रे बैरी ? धर्म की भाषा में कहा जाता, 'किसी से कड़े प्रश्न पूछ कर देखो।' उसे कड़े प्रश्न का उत्तर नहीं आता है, तो वह अपने आप बैरी बन जाता है।

"क्या कोई है रे बैरी ?" तब कहा जाता है, किसी की खामी बताकर देखो। खामी बताने पर उसे अप्रिय लगता है, तब वह अपने आप बैरी बन जाता है।"

२१२. लेटे-लेटे करेंगे

किसी ने भीखणजी स्वामी से कहा—"आप वृद्ध हैं। आपकी आयु बहुत अधिक है। इसलिए आप प्रतिक्रमण बैठे-बैठे करें। आप खड़े होने का इतना कष्ट क्यों करते हैं ?"

तब स्वामीजी बोले—"यदि हम बैठे-बैठे प्रतिक्रमण करेंगे, पीछे होने वाले लेटे-लेटे करेंगे, यह संभव है।

२१३. महात्मा-धर्म

पुर की घटना है। स्वामीजी ने कहा—"दश प्रकार का श्रमण-धर्म है।"

तब जैचंद वीराणी बोला —"महाराज ! दश प्रकार का यति-धर्म।"

तब स्वामीजी ने कहा—"भले ही दश प्रकार का महात्मा-धर्म कहो न !"

२१४. जैसी नीति वैसा फल

कोई साधु बार-बार असावधानी करता है, पर उसकी नीति में अन्तर नहीं।' उस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—"अनाज का कण पड़ा हुआ देख कर किसी साधु से गुरु ने कहा —'यह अनाज का कण पड़ा है, इस पर पैर मत रखना।'

तब वह बोला—'स्वामीनाथ ! पैर नहीं रखूंगा।'

थोड़ी देर बाद इधर-उधर घूमता हुआ आया और उस अनाज के कण पर पैर रख दिया।

तब गुरु बोले—'तुम्हें इस पर पैर रखना बरजा था न ?

तब वह साधु बोला—'स्वामीनाथ ! मेरा ध्यान नहीं रहा।'

तब गुरु बोले—'अब इस पर पैर रख दिया, तो कल सबेरे तुम्हें 'विगय' खाने का त्याग है।'

थोड़ी देर बाद फिर इधर-उधर घूमता हुआ आया और उस पर पैर रख दिया।

इस प्रकार असावधानी के कारण उसने बार-बार उस पर पैर रखा, किन्तु वह उस अनाज के कण पर पैर रखना और विगय-वर्जन करना चाहता नहीं है। उसकी सावधानी में कमी है। दोष की स्थापना नहीं हैं, इसलिए उसकी नीति शुद्ध है। यदि नीति शुद्ध हो, पर कर्मों के उदय से असावधानी हो जाए, तो उससे कोई असाधु नहीं बनता। और मोह के उदय से जान-बूझ कर दोषों का सेवन करता है, उनकी स्थापना करता है और उनका प्रायश्चित्त भी नहीं करता, उससे वह असाधु होता है।

२१५. एक अक्षर का अन्तर

किसी ने पूछा—"तुममें और अमुक संप्रदाय वालों में क्या अन्तर है ?

तब स्वामीजी बोले—"एक अक्षर का अन्तर है—एक अकार का अन्तर है। साधु और असाधु में 'अकार' का अन्तर होता है, वही हम में और इनमें अन्तर है।

२१६ .परिग्रह किसका ?

कोई स्थानक के लिए रुपए देने की घोषणा करता है। तब स्वामीजी बोले—"ये

रुपए, जो स्थानक में रहते हैं, उन्हीं के मानने चाहिए।" इस विषय को समझाने के लिए स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—

"अमुक गढ में इतना खजाना है; वह खजाना गढपति का ही होता है।"

"इसी प्रकार स्थानक के निमित्त जो रुपये हैं, वह परिग्रह स्थानक में रहने वालों का ही मानना चाहिए।"

२१७. पंक्तियां टेढी-मेढी क्यों ?

हेमजी स्वामी प्रतिलिपि करते थे। उन्होंने स्वामीजी को अपना लिखा हुआ पन्ना दिखलाया। पंक्तियों को टेढा-मेढा देख स्वामीजी बोले—"किसान हल जोतता है, वह भी हल की रेखा को सीधा बनाता है। तूने पंक्तियां टेढी-मेढी क्यों लिखी ? पंक्तियां सीधी होनी चाहिए।

तब हेमजी स्वामी बोले—"ठीक है, स्वामीनाथ !"

२१८. क्या आपने व्याकरण पढा है ?

स्वामीजी के पास एक ब्राह्मण आया और उसने पूछा—"साधुजी ! आपने व्याकरण पढा है ?"

स्वामीजी बोले—"हमने व्याकरण नहीं पढा।"

तब ब्राह्मण बोला—"व्याकरण पढे बिना शास्त्र का अर्थ नहीं समझा जा सकता।"

तब स्वामीजी बोले—"तुम तो व्याकरण पढे हो ?"

तब वह बोला—"मैं तो व्याकरण पढा हूं।"

"तुम तो शास्त्र का अर्थ समझ लेते हो ?"

तब वह बोला—"मैं तो शास्त्र का अर्थ समझ लेता हूं।"

तब स्वामीजी ने कहा—"कयरे मग्ग मक्खाया—इस पाठ का अर्थ करो।"

तब वह ब्राह्मण बोला—"कयरे" का अर्थ है—कैर, "मग्ग" का अर्थ है—मूंग और 'अक्खाया' का अर्थ है—उन्हें 'आखा'—अक्षत रूप में अर्थात् बिना तोड़े नहीं खाना चाहिए।"

तब स्वामीजी बोले—यह अर्थ तो सही नहीं है।"

तब वह बोला—"इसका अर्थ क्या है ?"

तब स्वामीजी बोले—"कयरे" का अर्थ है—कितने, 'मग्ग' का अर्थ है—मोक्ष-मार्ग, और अक्खाया का अर्थ है—तीर्थंकरों द्वारा आख्यात—कहे गए हैं। इस पाठ का अर्थ यह है।"

२१९. केवली राज्य कैसे भोगेगा ?

संवत् १८५४ की घटना है। स्वामीजी ने चार साधुओं के साथ खैरवा में चौमासा किया। वहां पर्युषण के दिनों में कुछ श्रावक गच्छवासियों (यतियों) के पास व्याख्यान सुन वापस स्वामीजी के पास आए और कहने लगे—"स्वामीनाथ ! आज हमने उपाश्रय में व्याख्यान सुना, उसमें ऐसी बात कही गई—कूर्मापुत्र ने केवली होने के बाद छह मास

तक राज्य किया था। उस अवधि में कुछ साधु उनके पास आकर खड़े हो गए, पर उन्होंने वंदना नहीं की।

तब कूर्मापुत्र बोले—'मुझे केवलज्ञान उत्पन्न हुआ है, फिर तुम वंदना नहीं करते हो, इसका क्या कारण ?

तब साधु बोले—'आप केवली हैं, परंतु आप गृहस्थ के वेष में हैं, इसलिए हमने वंदना नहीं की।'

तब कूर्मापुत्र बोला—'तुमने ठीक कहा। अब मैं इस बात को समझ गया हूं।'

"यह बात हमने उपाश्रय में सुनी है। क्या यह सच है ?"

तब स्वामीजी बोले—"इस बात को जो सच मानता है, वह सम्यग्दृष्टि नहीं। जो राज्य भोगता है, वह मोहकर्म का उदय है और केवली मोह-कर्म को क्षीण करके होता है; सो केवली होने के बाद राज्य को कैसे भोगेगा ? इस बात का वाचन करने वाले में सम्यग्दृष्टि नहीं है, ऐसा प्रत्यक्ष दिखाई देता है। और तुम जैसे श्रोताओं का मन भी संशय से भर जाता है। इस प्रकार कह कर स्वामीजी ने उन्हें समझा दिया।

२२०. बुद्धि के बिना सम्यग्दृष्टि कैसे होगा ?

केलवा में नगजी नाम का एक श्रावक था, वह अचक्षु था। वह ज्यादा बुद्धिमान भी नहीं था। वीरभाणजी ने कहा—"हमने नगजी को सम्यग्दृष्टि वाला बना दिया है।"

तब स्वामीजी बोले—"सम्यग्दृष्टि आए, ऐसी तो उसकी बुद्धि ही नहीं लगती। फिर उसे सम्यग्दृष्टि वाला कैसे बनाया और उसे क्या सिखाया ?"

तब वीरभाणजी बोले—"ओलखणा दोरी भवजीवां"—यह गीतिका उसे सिखाई। और एक 'नन्दण मनिहारे का व्याख्यान' सिखाया।"

कुछ दिनों बाद स्वामीजी केलवा पधारे। स्वामीजी ने नगजी से पूछा—"तुमने 'नन्दण मनिहारे का व्याख्यान' सीखा है, सो वह 'मणिया' (मनका) लकड़ी का है या सोने का है या रुद्राक्ष की माला है ?"

तब नगजी बोला—"वह मनका शास्त्रों में आया है, इसलिए वह सोने का होगा, लकड़ी का या रुद्राक्ष की माला का कैसे होगा ?"

तब स्वामीजी ने पूछा—"रे नगजी ! 'साधवीयां नै जड़णो चाल्यो'—सो यह 'धविया' (धौंकनी) गाडिए लुहारों की छोटी 'धवियां' है या दूसरे लुहारों की बड़ी 'धवियां'—धौंकनिया हैं ?"

तब नगजी बोला—"वे छोटी क्यों होंगी ? शास्त्रों में कहा है, तो वे बड़ी ही होंगी।"

स्वामीजी ने मन में जान लिया—जिसमें बुद्धि नहीं, वह सम्यग्दृष्टि वाला कैसे होगा ? वीरभाणजी ने कहा—नगजी को सम्यग्दृष्टि वाला बना दिया, यह बात कमजोर निकली।

२२१. यह भी धर्म होगा

अमुक सम्प्रदाय के साधु कहते हैं—"किसी को रुपया देने से उन रुपयों पर होने वाली ममता मिट जाती है, वह धर्म है।"

तब स्वामीजी बोले—"किसी किसान ने बीस हलों या बीस बीघों की खेती की। उसने दस हलों या दस बीघों की खेती किसी ब्राह्मण को दे दी। तो उन साधुओं के अनुसार उस किसान की उस खेती पर से ममता मिट गई। उनके अनुसार यह भी धर्म होगा।"

२२२. आपके भी गले उतर गई

पाली की घटना है। स्वामीजी शौचार्थ जंगल में गए तब हीरजी यति उनके साथ-साथ गए। अंट-संट प्रश्न पूछे। उनकी मान्यता थी—(१) हिंसा में धर्म होता है। (२) सम्यक् दृष्टि को पाप नहीं लगता। (३) सब जगत् के सब जीवों को मार देने पर भी संसार-भ्रमण का एक क्षण भी नहीं बढता। (४) सब जीवों की दया करने पर भी संसार-भ्रमण का एक क्षण भी नहीं घटता। (५) जैसी नियति होती है, वैसा ही होता है—क्रिया करने की आवश्यकता नहीं, केवली ने देखा है, उस समय मोक्ष में चला जाएगा। इत्यादि विरुद्ध मान्यताएं उन्होंने स्वामीजी के सामने रखी। तब स्वामीजी ने उनका उत्तर नहीं दिया। रास्ते चलते साधु बोल नहीं सकते; इसलिए स्वामीजी मौन रहे।

तब हीरजी बोले—"मैंने जो कहा, वे मान्यताएं, आपके भी गले उतर गईं, ऐसा लगता है, इसीलिए आपने मेरे प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया।"

तब स्वामीजी बोले—"कोई सूअर मैला खा रहा था। कोई साहूकार शौच से निवृत्त हो रहा था। सहज ही उसकी दृष्टि उस सूअर पर पड़ी। तब वह सूअर बोला—लगता है साहजी का मन भी मैला खाने के लिए ललचा गया है।"

"इसी प्रकार तुम भी कहते हो। किन्तु हम तुम्हारी इस अशुद्ध मान्यता को मैले के समान मानते हैं; इसीलिए उसकी मन से भी बांछा नहीं करते।"

२२३. अशुद्ध बर्तन में घी कौन डाले ?

एक दिन हीरजी ने स्वामीजी से विपरीत प्रश्न पूछे और बोले—"मुझे इनका उत्तर दें।"

तब स्वामीजी बोले—"कोई मल से भरा हुआ बर्तन ले आया और बोला—'इसमें मुझे घी तोल दो।' पर अशुद्ध बर्तन में घी कौन डालेगा ?

"इसी प्रकार जो अशुद्ध, बुरा और विपरीत हो, उसे शुद्ध उत्तर देने में भी कोई गुण नहीं होता। इसलिए अभी हम तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर नहीं देंगे।"

२२४. दूसरे पर रंग तब चढ़ता है

"बैरागी की वाणी सुनने से वैराग्य उत्पन्न होता है'—इस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—"कसूंबा स्वयं गलता है, तब वह वस्त्रों को रंग सकता है। कसूंबा की गांठ बांध देने पर भी उसका वस्त्र पर रंग नहीं चढ़ता, क्योंकि वह स्वयं घुला हुआ

नहीं है ।

"इसी प्रकार शुद्ध मान्यता और आचार वाला वैरागी साधु, जो स्वयं वैराग्य में लीन है, दूसरों पर वैराग्य का रंग चढा देता है।"

२२५. मान्यता एक, स्पर्शना भिन्न-भिन्न

कुछ लोग कहते हैं—"साधु का धर्म भिन्न है और गृहस्थ का धर्म भिन्न है।"

तब स्वामीजी बोले—"चौथे गुणस्थान की और तेरहवें गुणस्थान की तत्त्व विषयक मान्यता तो एक है, किन्तु उनकी स्पर्शना भिन्न-भिन्न है—चौथे का स्पर्श सम्यग्दृष्टि करता है और तेरहवें का स्पर्श केवली करता है। सचित्त जल में असंख्य जलीय जीव होते हैं और फफूंदी में अनन्त जीव होते हैं, इसकी मान्यता एवं प्ररूपणा चौथे, पांचवे, छट्ठे और तेरहवें गुणस्थान वाले सभी करते हैं। किन्तु स्पर्शना में अन्तर है—चौथे और पांचवे गुणस्थान वाले जल के जीवों की हिंसा करते हैं, और साधु के उन जीवों की हिंसा करने का त्याग होता है। यह स्पर्शना चौथे और पांचवे गुणस्थान से भिन्न है।

"हिंसा में पाप होता है—उसकी मान्यता और प्ररूपणा चौथे, पांचवें, छठे और तेरहवें गुणस्थान वाले सभी करते हैं, इस दृष्टि से मान्यता तो एक है। किन्तु चौथे और पांचवें वाले हिंसा करते हैं और साधु के हिंसा का त्याग होता है; इस दृष्टि से उनकी स्पर्शना भिन्न-भिन्न हैं, पर मान्यता भिन्न नहीं।"

चौथे और तेरहवें गुणस्थान वालों की मान्यता एक है। यदि चौथे गुणस्थान वालों की मान्यता तेहरवें गुणस्थान की मान्यता से भिन्न हो जाए, तो वह पहले गुणस्थान में चला जाए—मिथ्यादृष्टि हो जाए।"

२२६. वचन नहीं, वक्ता प्यारा होता है

रोयट में स्वामीजी ने शालिभद्र का व्याख्यान दिया; सो भाई उसे सुनकर बहुत प्रसन्न हुए। वे बोले—स्वामीनाथ! पहले भी शालीभद्र का व्याख्यान बहुत बार सुना है, पर इस बार जैसा सुना वैसा कभी नहीं सुना।"

तब स्वामीजी बोले—"व्याख्यान तो वही है, पर कहने वाले के मुंह का अन्तर है।"

२२७. जगह तो परिग्रह है

किसी ने स्वामीजी से पूछा—"पौषध करने वाले को स्थान दिया, उसको क्या हुआ?

तब स्वामीजी बोले—"उसने कहा—'मेरी जगह में पौषध करो, यह कहने वाले को धर्म होता है।"

तब फिर पूछा—"जगह दी, उसमें क्या हुआ?"

तब स्वामीजी बोले—"क्या उसने जगह सदा के लिए दे दी? उसने अपनी जगह में पौषध करने की स्वीकृति दी, वह धर्म है। जगह तो परिग्रह है, उसके सेवन करने और कराने से धर्म नहीं होता। सामायिक और पौषध की स्वीकृति देता है, वह धर्म है।"

२२८. सामायिक की सुरक्षा

कोई कहता है—"सामायिक में शरीर का प्रमार्जन कर खुजलाना धर्म है और शरीर का प्रमार्जन किए बिना उसे खुजलाता है, तो उसे पाप लगता है।"

तब स्वामीजी बोले—"चींटी और मच्छर सामायिक में काट खाए, तो शरीर को काटा या सामायिक को।"

तब वह बोला—"शरीर को काटा।"

तब स्वामीजी बोले—"शरीर का प्रमार्जन करके खुजलाता है, तो वह सुरक्षा सामायिक की करता है, या शरीर की?"

तब वह विपरीत मान्यता के आधार पर बोला—"सुरक्षा सामायिक की करता है।"

तब स्वामीजी बोले—"वह नहीं खुजलाता, तो सामायिक की सुरक्षा तो और ज्यादा होती। जो बिना प्रमार्जन किए खुजलाने का त्याग है। सामायिक में प्रमार्जन किए बिना शरीर को नहीं खुजला सकता। यदि शरीर को न खुजलाता, मच्छर आदि के काटने को सहन करता, तो निर्जरा अधिक होती। उससे सामायिक और अधिक पुष्ट होता। इस दृष्टि से जो शरीर का प्रमार्जन करता है, वह सामायिक की सुरक्षा के लिए नहीं करता। मच्छर ने शरीर को काटा, सामायिक को नहीं काटा, ये तो वे भी कहते हैं। शरीर की सुरक्षा के लिए उसका प्रमार्जन करते हैं और उसे खुजलाते हैं, किन्तु सामायिक की सुरक्षा के लिए प्रमार्जन नहीं करते। ढाई द्वीप (मनुष्य-क्षेत्र) के बाहर समुद्रों में रहने वाले तिर्यंच श्रावक सामायिक और पौषध व्रत का अभ्यास करते हैं, वे कौन-सी प्रमार्जनी रखते हैं? सामायिक की सुरक्षा वे भी बहुत सावधानी से करते हैं। अयतना (असंयम) न करना ही सामायिक की सुरक्षा है।

२२९. पौषध में प्रतिलेखन क्यों?

पौषध में कोई श्रावक वस्त्र अधिक रखता है, कोई कम रखता है। जो अधिक रखता है, उसके अधिक अव्रत; जो कम रखता है, उसके कम अव्रत। तब कोई प्रश्न करता है—"यदि कोई पौषध में प्रतिलेखन न करे, तो उसे प्रायश्चित्त क्यों दिया जाए?"

तब स्वामीजी बोले—"पौषध में अप्रतिलेखित[1] वस्त्रों को भोगने का त्याग होता है। उसने प्रतिलेखना नहीं की और उन्हें काम में लेता है, इसलिए उसके त्याग का भंग होता है। उसका प्रायश्चित्त प्राप्त होता है। पौषध में भी शरीर अव्रत में है। उस शरीर की सुख-सुविधा के लिए वस्त्रों को इधर-उधर करता है, उनका प्रमार्जन करता है, वह सावद्य है।

"पौषध के समय जो वस्त्र अपने पास रखे, उनका न तो प्रतिलेखन करता है और न उन्हें काम में लेता है, तो उससे विशेष कठिनाई को सहनी होती है। उससे पौषध और अधिक पुष्ट होता है। कष्ट सहने की सामर्थ्य नहीं है, इसलिए वस्त्रों का प्रतिलेखन कर उनको काम में लेता है।

---

१. जिन वस्त्रों की प्रतिलेखना न की हो।

"जैसे किसी व्यक्ति को अनछना जल पीने का त्याग है। वह जल को छानता है, पीने के लिए छानता है, दया के लिए नहीं छानता है। यदि वह नहीं छानता है, तो दया और अधिक पुष्ट होती है।"

"वह कैसे ?"

"यदि वह नहीं छानता है, तो पी नहीं सकता, क्योंकि उसे अनछना जल पीने का त्याग है। अनछने जल पीने का त्याग है, इसलिए यदि वह जल नहीं छानेगा, तो जल पी नहीं सकेगा। इस दृष्टि से वह जल को छानता है, वह अपनी अव्रत (छूट) का उपभोग करने के लिए छानता है। उसमें धर्म नहीं है।

२३०. तो संयम और असंयम दोनों सूखेंगे

कुछ कहते हैं—"श्रावक के असंयम का सिंचन करने से संयम बढता है।" उस पर वे कुहेतु का प्रयोग करते हैं—नीम के पेड़ में आम का पेड़ पैदा हो गया। नीम की जड़ में पानी सींचने से नीम और आम दोनों ही प्रफुल्लित हो जाते हैं। इसी प्रकार श्रावक के असंयम का सिंचन करने से दोनों बढते हैं।"

तब स्वामीजी बोले—"इस प्रकार असंयम का सिंचन करने से संयम बढता है, तो उनके अनुसार श्रावक यदि अब्रह्मचर्य का सेवन करता है, वह असंयम का सेवन करता है, उससे संयम भी पुष्ट होना चाहिए। और नीम की जड़ में अग्नि डालने से नीम और आम दोनों जल जाते हैं, जैसे किसी ने आजीवन ब्रह्मचर्य स्वीकार किया, उसने असंयम को जला डाला; प्रश्नकर्त्ता के अनुसार उसके असंयम और संयम दोनों ही जल जाने चाहिए।"

"गृहस्थ को पारणा कराने में असंयम का सिंचन हुआ, उससे संयम बढता है, ऐसा जो कहते हैं, उनके अनुसार उपवास कराने पर असंयम सूखता है, तो संयम भी सूखना चाहिए।"

"इसी प्रकार हिंसा, असत्य, चोरी, अब्रह्मचर्य और अपरिग्रह का सेवन कराने से असंयम का सिंचन होता है, तो प्रश्नकर्त्ता के अनुसार 'संयम बढता है' वह भी कहना चाहिए। और हिंसा, असत्य, चोरी, अब्रह्मचर्य और परिग्रह का त्याग करने-कराने से यदि असंयम सूखता है, तो उनके अनुसार 'व्रत सूखता है' यह भी कहना होगा।"

२३१. मौन की भाषा

कुछ कहते हैं—"सावद्य दान के विषय में 'पुण्य, पाप और मिश्र होता है,' यह नहीं करना चाहिए; इसलिए हम उसके विषय में मौन रखते हैं।"

तब स्वामीजी ने मौनी बाबा का दृष्टांत दिया—"कोई मौनी बाबा एक गांव में आया। उसके साथ बहुत सारे चेले थे। वे आटा, घी, गुड़ इत्यादि मुख से बोल कर नहीं मांगते, किन्तु संकेत जता कर मांगते हैं। अंगुलियों को ऊंचा कर संकेत करते हैं—इतना किलो आटा, इतना किलो घी, इतनी दाल और इतना गुड़।"

"तब गांव के चौधरी और पटवारी कम देना चाहते हैं, तब वह अपने चेलों को 'हूंकार' से संकेत कर घरों और दुकानों के खपरेल से बने छप्पर तुड़वा देता है।"

तब लोग बोले—"यह मौनी बाबा मौन के संकेत की भाषा बोलता है और

'हूंकार' से ही छह काया के जीवों को मरा देता है। यह अनबोला रहकर ही ऊधम मचा देता है, तो बोलता तो न जाने क्या कर डालता ?"

स्वामीजी बोले—"जैसा उस मौनी बाबा का मौन था, वैसा ही इनका सावद्य दान के विषय में मौन है। ये मुख से तो 'मौन' कहते जाते हैं और श्रावक-श्राविकाओं को भोजन कराने में पुण्य और मिश्र की आम्नाय—मान्यता बतलाते हैं। लड्डू खिलाकर दया पालने की प्ररूपणा करते हैं।"

२३२. खोल कर देने पर नहीं लेते

अमुक संप्रदाय के साधु स्वयं किवाड़ बंद करते हैं और खोलते हैं, किन्तु गृहस्थ किवाड़ खोल कर आहार देते हैं, तो वे नहीं लेते, इस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—

जैसे कोई आदमी पर-गांव जा रहा था। उसे कोई भंगी छू गया।

उससे पूछा—"तुम कौन हो ?"

तब उसने कहा—"मैं भंगी हूं।"

तब उस आदमी ने कहा—"तुमने मेरा भोजन छू लिया।"

इस प्रकार वे परस्पर गाली-गलौज करने लगे और गुत्थंगुत्था हो गए। वह आदमी भंगी को नीचे गिरा ऊपर बैठ गया।

भंगी ने कहा—'तू मुझे छोड़।'

तब वह बोला—'मैं तुझे नहीं छोड़ूंगा।'

तब भंगी ने कहा—'तूं जैसे कहेगा, वैसे करूंगा। तूं मुझे छोड़ दे।'

तब वह बोला—'तुम्हारी पत्नी अपने हाथ से लीप-पोत कर 'चोका' बनाए, कोरे घड़े में पानी ला, महाजन की दुकान से आटा ला, जैसी मेरी रोटी है, वैसी-की-वैसी रोटी बना कर दे, तो मैं तुझे छोड़ सकता हूं।'

तब भंगी ने उसकी सारी शर्तें स्वीकार कर लीं। जैसा उसने कहा, उसी रीति से भंगी ने अपनी स्त्री से रोटी बनवा दी।

जो समझदार होगा, वह उस आदमी को मूर्ख मानेगा, जिसने भंगी द्वारा छुई हुई रोटी तो नहीं खाई, किन्तु उसके द्वारा बनाई हुई रोटी खा ली। इससे उसे लोग विवेक-शून्य मानेंगे।

"इसी प्रकार गृहस्थ किवाड़ खोल कर आहार देते हैं, वह तो नहीं लेते और अंधेरी रात में स्वयं किवाड़ बंद करते हैं और खोलते हैं, उसकी मन में शंका भी पैदा नहीं होती।

२३३. दोनों लोक बिगड़ जाते हैं

कुछ कहते हैं—"रोग आदि कारण की स्थिति में साधु को अशुद्ध आहार ले लेना चाहिए और उस स्थिति में आहार देने वाले श्रावक को पाप अल्प होता है, निर्जरा ज्यादा होती है।"

तब स्वामीजी बोले—"राजपूत का बेटा संग्राम करते-करते भाग जाता है तो उसे शूर कैसे कहा जाए ? उसे राजा जागिरदारी कैसे भोगने देगा ? लौकिक वातावरण में उसकी प्रतिष्ठा कैसे सुरक्षित रहेगी ?"

इसी प्रकार जो भगवान् के साधु कहलाते हैं और विशेष कारण की स्थिति में अशुद्ध आहार देने पर अल्प पाप और बहुत निर्जरा बतलाते हैं, अशुद्ध आहार देने की स्थापना करते हैं, वे इहलोक और परलोक में बुरे दिखते हैं।"

२३४. फिर मार्ग क्या पहिचाना ?

अल्प कर्म वाले जीव झूठे गुरु को छोड़ सच्चे गुरु को स्वीकार करते हैं, तब अन्य संप्रदाय के साधु और उनके श्रावक कहते हैं—"पाली में विजयचंद पटवा लोगों को रुपए देकर श्रावक बनाता है।"

तब स्वामीजी बोले—"तुम्हारे श्रावक रुपयों के बल पर अपना धर्म बदल लेते हैं, तब उन्होंने तुम्हारा मार्ग क्या पहिचाना ? तुम कहते हो कि वे रुपयों के बल पर दूसरे धर्म में चले जाते हैं तो शेष लोग भी रुपयों के बल पर दूसरे धर्म में चले जाएंगे। इससे लगता है, तुम्हारे श्रावकों ने तुम्हारे मार्ग को नहीं पहिचाना।

२३५. वर्तमान काल में मौन

"कोई सावद्य दान देता है, लेता है, उस समय उस विषय में साधु को उसके लाभा-लाभ के बारे में पूछने पर उसे वर्तमान काल में मौन रहना चाहिए।"—इस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—"कुश के दोनों छोर आग से गरम हो उठते हैं और वह बीच में ठंडा रहता है। इधर से पकड़ने पर हाथ जलते हैं और दूसरे छोर पर पकड़ने पर भी हाथ जलते हैं, पर उसे बीच में से पकड़ने पर हाथ नहीं जलते हैं।

इसी प्रकार वर्तमान काल में सावद्य दान के विषय में पुण्य कहने से छह काय के जीवों की हिंसा लगती है और पाप कहने से दान देने वालों के अंतराय होता है, इसलिए वर्तमान काल में मौन रखना चाहिए।"

२३६. हरियाली खाने के लिए बनाई है

कोई कहता है—भगवान् ने हरियाली खाने के लिए बनाई है।

तब स्वामीजी बोले—"तुम्हारे कथनानुसार तुम बाघ के आने पर क्यों भाग जाते हो ? तुझे भी तो भगवान् ने बाघ का भक्ष्य बनाया है ? तुम्हारे मतानुसार तुझे बाघ के खाने के लिए बनाया है।"

तब वह बोला—"मेरा जीव छटपटाता है और दुःख पाता है।"

"सब जीवों के बारे में तू ऐसे ही सोच। वे भी मारे जाने पर दुःख का अनुभव करते हैं।"

२३७. काचरी के बिना कौन-सा विवाह रुकेगा ?

हेमजी स्वामी दीक्षा लेने तैयार हुए, तब किसी गृहस्थ ने स्वामीजी से कहा—"हेमजी दीक्षा लेने को तैयार हुए हैं, पर उनमें तम्बाकू का व्यसन है।"

तब स्वामीजी बोले—"काचरों के बिना कौन-सा विवाह रुक जाएगा ?"

२३८. जन्म व्यर्थ ही गया

पुर की घटना है। छाजू खाबिया स्वामीजी के पास आकर "आबूगढ तीरथ

ताजा" यह गीतिका गाने लगा। उसमें एक गाथा है—"जिसमें आबूगढ तीर्थ में जा उसकी वंदना नहीं की, उसने अपना जन्म व्यर्थ ही गमा दिया।"

तब स्वामीजी बोले—"तुमने आबूगढ जा उसकी वंदना की या नहीं ?"

तब छाजूजी बोला—"महाराज! मैंने तो आबूगढ की वंदना नहीं की।"

तब स्वामीजी बोले—' इस हिसाब से तुम्हारा जन्म तो व्यर्थ ही गया ?"

तब छाजूजी बोला—"आपने उल्टी फांसी मेरे गले में ही डाल दी।"

२३९. ऐसी है तुम्हारी दया !

पुर की घटना है। भानो खाबिया स्वामीजी के पास आकर बोला—' महाराज! भीलवाड़ा में 'दया पाली गई', उसमें सात रुपयों के पक्वान्न, भुजिया आदी थे। उसमें से अधिकांश सामग्री को सोलह आदमी खा गए। कुछ कलाकंद बचा, उसे भी सांझ के समय दही में डाल स्वाद ले-ले कर खा गए।"

तब स्वामीजी ने कहा—"तू कहने में भी इतनी लोलुपता दरसा रहा है, तो खाते समय न जाने तुमने कैसा अनर्थ किया होगा ?"

तब भानो खाबिया बोला—"हमारे साथ एक पांच वर्ष का बच्चा भी था; उसे हाथ पकड़ कर उठा दिया। यह कल क्या उपवास करेगा ? यह कह कर उसे उठा दिया।"

तब स्वामीजी बोले—"तुमने तो ऐसा आहार किया है, जिससे अब्रह्मचर्य का सेवन कर सकते हो, पर बच्चा तो ऐसा काम नहीं करता। तुझे तो भोजन कराया और उस बच्चे को उठा दिया। ऐसा है तुम्हारा धर्म और ऐसी है तुम्हारी दया।"

२४०. कटार कोई पूनी नहीं है !

भीखणजी स्वामी आचार्य रुघनाथजी के पास दीक्षा लेने को तैयार हुए। तब स्वामीजी की बूआ बोली—"यदि तुमने दीक्षा ली, तो मैं कटार भोंक कर मर जाऊंगी।"

तब स्वामीजी बोले—"कटार कोई पूनी नहीं है, जो पेट में भोंकी जाए। कटार को भोंकना बड़ा कठिन काम है। तुम ऐसी बात क्यों करती हो ?"

२४१. तब एक हो जाते हैं

वेषधारी साधु कहते हैं—"अमुक-अमुक संप्रदाय वाले हम सभी एक हैं, भीखणजी हमसे न्यारे हैं।"

तब किसी ने कहा—"तुम लोगों के परस्पर अनबन चली है और भीखणजी से जब चर्चा करनी होती है, तब तुम एक कैसे हो जाते हो ?"

तब वे बोले—"राजपूत लोगों में भाइयों के परस्पर अनबन चलती है पर चोर को निकालने के लिए सब एक हो जाते हैं।"

यह बात स्वामीजी ने सुनी, तब उन्होंने दृष्टांत दिया—"अलग-अलग मोहल्लों के कुत्ते परस्पर लड़ते हैं। इस मोहल्ले के कुत्ते उस मोहल्ले के कुत्ते को अपने यहां नहीं आने देते और उस मोहल्ले के कुत्ते इस मोहल्ले के कुत्तों को अपने यहां नहीं आने देते। वे परस्पर लड़ते ही रहते हैं। और जब उधर से हाथी गुजरता है, तब सब एक साथ

उसे भौंकने लग जाते हैं। उन कुत्तों के परस्पर कब एका था ? पर जब हाथी आता है, तब सब एक हो जाते हैं।"

ऐसा है कुत्तों का स्वभाव।

इसी प्रकार अमुक-अमुक संप्रदाय के साधु परस्पर 'क' 'ख' की मान्यता को गलत बतलाता है और 'ख' 'क' की मान्यता को गलत बतलाता है। उनके परस्पर अनेक मान्यताओं का अन्तर है। वे परस्पर एक-दूसरे को साधु भी नहीं मानते और जब साधुओं से चर्चा करने का काम पड़ता है, तब वे एक हो जाते हैं।

२४२. बासी रोटी सजीव या अजीव ?

अमुक-अमुक संप्रदाय वालों में कुछ तो बासी रोटी, जिसे तोड़ने पर लार जैसी निकलती है, में द्वीन्द्रिय जीव बतलाते हैं। वे ऐसा कहते हैं—"जैसे पैर से नहेरूवा निकलता है, वैसे ही रोटी में लार निकलती है।" और उनमें से कुछेक भिक्षा में बासी रोटी प्राप्त कर खा लेते हैं। इस विषय पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया "कोई मुट्ठी भरकर चने और गेहूं खाता है, उसे साधु कहा जाए या असाधु ?"

तब वे बोले—"गेहूं खाने वाला असाधु कहलाएगा ?"

तब स्वामीजी बोले—"यदि गेहूं खाने वाला असाधु कहलाएगा, तो कृमियों को खाने वाला साधु कैसे कहलाएगा ? जो बासी रोटी में जीव बतलाते हैं, उनके मतानुसार बासी रोटी खाने वाला कृमि खाने वाला होता है। कृमि खाने वाले को साधु कैसे कहा जाए ? इस न्याय से बासी रोटी में जीव बताने वालों के मतानुसार बासी रोटी खाने वाले असाधु ठहरे।"

"और जो बासी रोटी खाते हैं, उनसे पूछा जाए—जो झूठ बोलता है, वह साधु या असाधु ?"

तब वे कहेंगे—"असाधु।"

तब स्वामीजी बोले—"तुम तो बासी रोटी को अजीव बतलाते हो; और वे बासी रोटी में द्वीन्द्रिय जीव बतलाते हैं। इस प्रकार तुम्हारे ही मतानुसार वे असत्यभाषी कहलाएंगे। फिर उन्हें साधु कैसे कहा जाए ?"

"तथा तुम तो बासी रोटी को अजीव बतलाते हो और वे बासी रोटी में जीव बतलाते हैं। और अजीव को जीव मानता है, उसे मिथ्यात्वी कहा जाता है। तुम्हारे मतानुसार बासी रोटी में जीव मानने वाले मिथ्यात्वी कहलाएंगे।"

"इस प्रकार 'क' के मतानुसार 'ख' असाधु हैं और 'ख' के मतानुसार 'क' असाधु हैं। और वे कहते हैं—'हम परस्पर एक-दूसरे को साधु मानते हैं"। ऐसा मिथ्यात्व रूपी अन्धकार उनके घर में है।

२४३. जोड़ने वाला अच्छा या तोड़ने वाला ?

किसी ने कहा—"भीखणजी ! तुम जोड़ें (रचनाएं) बहुत करते हो।"

तब स्वामीजी बोले—"एक साहूकार के दो पुत्र थे। एक जोड़ता है, और दूसरा तोड़ता है, गमाता है। जो जोड़ता है वह अच्छा या तोड़ता है, गमाता है वह अच्छा ? संसार की दृष्टि में जो जोड़ता है, वह अच्छा कहलाता है; जो तोड़ता है, गमाता है वह अच्छा नहीं कहलाता।" यह सुनकर वह अवाक् रह गया।

२४४. रचना इस प्रकार करते हैं

आगरिया की घटना है। प्रतापजी कोठारी बोला—"आप रचनाएं किस तरह करते हैं?"

स्वामीजी के पास एक टोपसी[1] थी। उसमें सफेदा घुला हुआ था। इतने में हवा चली। इस वातावरण को देख आप एक पद की रचना करते हुए बोले—"यह छोटी-सी टोपसी है। इसमें सफेदा घुला हुआ है। यत्न करके रखना, अन्यथा इसमें बालू गिर जाएगी। इस पद की रचना करते हुए बोले—रचना इस प्रकार करते हैं।" यह सुनकर प्रतापजी बहुत प्रसन्न हुए।

२४५. मुझे भोजन कराएं

संवत् १८५६ की घटना है। नाथद्वारा में स्वामीजी के पास एक दादूपंथी साधु आया। स्वामीजी का व्याख्यान सुन बहुत प्रसन्न हुआ। वह प्रतिदिन व्याख्यान सुनने लगा। एक दिन उसने स्वामीजी से कहा—"आप श्रावकों से कहें कि वे मुझे भोजन कराएं।"

तब स्वामीजी बोले—"चाहे श्रावकों से कह कर तुम्हें भोजन कराएं और चाहें अपने पात्र में से निकाल कर रोटी दें। कोई फर्क नहीं पड़ेगा। यदि गृहस्थ को भोजन कराने के लिए कहना हो तो रोटियां अधिक लाकर तुम्हें दे दें।"

तब दादूपंथी बोला—"इसका अर्थ यह हुआ कि आपकी मान्यता दान देते हुए लोगों को बरजने और मनाही करने की है।"

तब स्वामीजी बोले—"देने वाले को मनाही करो या तुम्हारे पास से छीन लो, एक ही बात है।"

यह सुनकर दादूपंथी चला गया।

२४६. तुम धन्य हो

अपनी महिमा बढाने के लिए जो छल-कपट पूर्वक बोलते हैं, उनकी पहिचान के लिए स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—"किसी ने बेला किया। वह अपने बेले की महिमा बढाने के लिए उपवास करने वाले का गुणानुवाद करता है—तू धन्य है! सो इस भयंकर गर्मी की मौसम में तूने उपवास किया है।

तब उपवास करने वाला बोला—"मैंने तो उपवास ही किया है, पर तुमने बेला किया है, तुम धन्य हो।"

इस प्रकार छलनापूर्ण वचन के द्वारा अपने बेले की महिमा बढाना चाहता है, उसे अभिमानी और अहंकारी जानना चाहिए।

२४७. दर्शन देने कहां जाऊं?

आचार्य रुघनाथजी की मां भी घर छोड़कर साध्वी बनी थी। उसके शरीर में कोई बीमारी हो गई। तब रुघनाथजी ने कहा—"भीखणजी! मेरी संसार पक्षीया माता को दर्शन दे आओ।"

---

१. रंग घोलने की छोटी दवात।

तब स्वामीजी दर्शन देने गए। स्थानक में जाकर साध्वियों से उनके बारे में पूछा।

तब साध्वियों ने बताया—"वे तो गोचरी गई हुई हैं।" तब स्वामीजी वापस आए।

तब आचार्य रुघनाथजी ने कहा—"दर्शन दे आए?"

तब स्वामीजी बोले—"मुझे कैसे पता चले वे किस 'मेड़ी'[1] पर गोचरी कर रही हैं? मैं कहां दर्शन देने जाऊं?" यह बात तब की है, जब स्वामीजी रुघनाथजी के संप्रदाय में थे।

२४८. धर्म हुआ या पाप?

कुछ हिंसाधर्मी कहते हैं—एकेन्द्रिय जीवों की अपेक्षा पंचेन्द्रिय जीव पुण्यवान् होते हैं। इसलिए एकेन्द्रिय जीव को मार कर पंचेन्द्रिय जीव की रक्षा करने में बहुत धर्म होता है।

तब स्वामीजी बोले—"एकेन्द्रिय की अपेक्षा द्वीन्द्रिय के पुण्य अनंत गुना होता है। द्वीन्द्रिय की अपेक्षा त्रीन्द्रिय का पुण्य अनंत गुना होता है। त्रीन्द्रिय की अपेक्षा चतुरिन्द्रिय का पुण्य अनंत गुना होती है। चतुरिन्द्रिय की अपेक्षा पंचेन्द्रिय का पुण्य अनंत गुना होता है। कोई पंचेन्द्रिय जीव मर रहा हो, उसे पैसा भर कृमि खिला कर कोई बचा ले तो उस बचाने वाले को धर्म हुआ या पाप?"

इस प्रकार पूछने पर वह उत्तर देने में असमर्थ हो गया।

स्वामीजी बोले—"जैसे द्वीन्द्रिय जीवों को मार कर पंचेन्द्रिय को बचाने में धर्म नहीं है, वैसे ही एकेन्द्रिय को मार कर पंचेन्द्रिय को बचाने में धर्म नहीं है।"

२४९. मैं तो ऐसा काम नहीं करूंगा?

हिंसाधर्मी ने इस प्रकार कहा—"कोई आचार्य या उपाध्याय जैसा बड़ा साधु था। वह विषय-वासना के वश में होकर गृहस्थ होने लगा। तब किसी श्रावक ने अपनी बहिन-बेटी द्वारा उसकी वासना-पूर्ति करा कर उसे वापस साधुपन में स्थिर कर दिया। उससे उसे बड़ा लाभ हुआ।"

तब स्वामीजी बोले—"तुम्हारा गुरु भ्रष्ट हो रहा हो, तो तुम अपनी बहिन-बेटी के द्वारा उसकी वासना-पूर्ति कराओगे या नहीं।"

तब वह बोला—"मैं तो ऐसा काम नहीं करूंगा।"

तब स्वामीजी बोले—"तुम इसमें धर्म बतलाते हो, तो फिर ऐसा काम क्यों नहीं करते? तुम यदि ऐसा काम नहीं करते हो, तो दूसरे के किसके बहिन-बेटियां फालतू पड़ी हैं?"

"ऐसी औंधी प्ररूपणा तो कुशील और कुपात्र होते हैं, वे करते हैं।"

---

१. मकान की ऊपर की मंजिल, माला या महल।

२५०. जितना हाथ लगे, उतना ही अच्छा

ढाई सौ बेला आदि तप की संपन्नता पर अपने-अपने समाज में लड्डू बंटवाते हैं। तब स्वामीजी बोले—"ये अपने मतलब से लड्डू बंटवाते हैं। मन में जानते हैं, इनमें से हमें भी मिलेगा।"

तब किसी ने कहा—"स्वामीनाथ ! ये सभी लड्डू तो नहीं लेते ?"

तब स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—"एक साहूकार की बेटी का ब्याह हो रहा था। उस समय विवाह-मंडप में ब्राह्मण ने वेदपाठ करते हुए अपनी लड़की के द्वारा घी चुरवाने के लिए एक धुन शुरू की—

"घी चुरा, घी चुरा।
घी चुरा, घी चुरा।"

तब ब्राह्मण-पुत्री बोली—

"किसमें चुराऊं, किसमें चुराऊं।
किसमें चुराऊं, किसमें चुराऊं।।"

तब ब्राह्मण बोला—

"नया छोटा घड़ा, नया छोटा घड़ा।
नया छोटा घड़ा, नया छोटा घड़ा।।"

तब ब्राह्मण-पुत्री बोली—

"सुस जाएगा, सुस जाएगा।
सुस जाएगा, सुस जाएगा।"

तब ब्राह्मण बोला—

"तुम्हारे बाप का क्या जाएगा, तुम्हारे बाप का क्या जाएगा।
तुम्हारे बाप का क्या जाएगा, तुम्हारे बाप का क्या जाएगा।।"

उस समय गीत गाने वाली महिलाओं में एक जाटनी बैठी थी। वह घी चुराने की धुन का अर्थ समझ गई। तब वह जाटनी अपने गीत में गाने लगी—

"दुलहन के पिता, सुनो ! तुम्हारा घी चुराया जा रहा है।"

तब ब्राह्मण ने धुन की लय में जाटनी से कहा—

"तुम इस बात को मत फैलाओ, आधा तेरा और आधा मेरा।।"

स्वामीजी बोले—"जैसे उस ब्राह्मण ने नए शिकोरे में घी चुराया, वह जानता था कि कुछ सुस जाएगा, फिर भी उसने सोचा, 'जितना हाथ लगे उतना ही अच्छा है।' जाटनी को आधा घी देना भी स्वीकार कर लिया। इसी प्रकार अमुक संप्रदाय के साधु अपने समाज में लड्डू बंटवाते हैं वे सब उन्हें भिक्षा में नहीं देते। उनमें से कुछ बच्चे-बच्चियां खा जाते हैं। फिर भी सोचते हैं। जितना मिला, उतना ही अच्छा।" इस प्रकार अपने स्वार्थ पूर्ति की पद्धति चलाई है।

२५१. अन्याय का प्रतिकार

जो न्याय की सीख नहीं मानता, कुटिल व्यवहार और अन्याय करता है, उसे पाठ पढाने के लिए स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—"एक साहूकार की हवेली के सामने

रावल (खेल करने वाली टोली) ने खेल तमाशा शुरु किया।"

तब साहूकार ने उन्हें बरजा—इस स्थान पर तुम तमाशा मत करो। तुम अश्लील बोलते हो। हमारे घर की बहु-बेटियां सुनती हैं। इसलिए तुम हमारी हवेली के सामने तमाशा मत करो। इस प्रकार सेठ ने उन्हें समझाया, पर उन्होंने सेठ को बात नहीं मानी। तमाशा शुरु कर दिया। बहुत लोग इकट्ठे हुए। रावल तान बजा रहे थे।

तब साहूकार ने अपनी हवेली पर नगाड़ों की जोड़ी चढाई और बच्चों से कहा—'नगाड़े बजाओ।' तब बच्चे नगाड़े बजाने लगे। खेल में भंग हो गया। लोग बिखर गए। रावलों को दान भी नहीं मिला। उनकी भद्दी भी लगी।

"इसी प्रकार कोई न्याय की सीख न माने, अन्याय करे, तब बुद्धिमान अपनी बुद्धि के द्वारा उसे हतप्रभ कर देता है, कला और चातुर्य के द्वारा उसे पाठ पढा देता है।"

२५२. मैं भी मनुष्यों को इकट्ठा करूं

साधु व्याख्यान देते हैं, वहां बड़ी परिषद् और बड़े उपकार को देखकर अमुक संप्रदाय के साधु और उनके श्रावक साधुओं की निंदा कर लोगों को इकट्ठा कर लेते हैं। उस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—

"किसी साहूकार की दुकान पर बहुत ग्राहकों और भीड़ को देखता है, वह उस दिवालिए पड़ोसी को अच्छा नहीं लगता। उसने सोचा—'इसकी दुकान पर इतनी भीड़ है, तो मैं भी मनुष्यों को इकट्ठा करूं।' यह सोच कपड़ों को डाल, नंगा हो नाचने लगा। तमाशा देखने के लिए बहुत लोग इकट्ठे हो गए। तब वह मन में राजी हुआ।"

इसी प्रकार साधुओं के पास बड़ी परिषद् देखते हैं, वह अमुक संप्रदाय के साधु और श्रावकों को अच्छा नहीं लगता। तब वे भी कदाग्रह—वाद-विवाद खड़ा कर मनुष्यों को इकट्ठा कर लेते हैं।

२५३. तू भगवान का स्मरण कर

सं० १८५५ की घटना है। पाली चतुर्मास में खेतसीजी स्वामी के रात के समय दस्त और वमन का प्रकोप हो गया। तब स्वामीजी ने हेमजी स्वामी को जगाया और खेतसीजी स्वामी रास्ते में मूर्च्छित होकर गिर गए थे, उन्हें दोनों हाथ पकड़ कर ले आए।

स्वामीजी बोले—"संसार की माया विचित्र है। खेतसीजी जैसा (मजबूत आदमी) ऐसे हो गया।"

खेतसीजी स्वामी को सुला दिया और सिरहाने में से नई चादर निकाल उन्हें ओढा दी। थोड़ी देर बाद वे सचेत हो गए, बोलने लगे। उन्होंने कहा—"आप रूपांजी को अच्छी तरह पढाना।"

तब स्वामीजी बोले—"तू तो भगवान् का स्मरण कर। रूपांजी की चिंता क्यों करता है?"

शिक्षा-पद

२५४. पांच रुपयों का कहीं पता ही नहीं चलता

सुपात्रदान की कला सिखाने के लिए स्वामीजी ने शिक्षा-वचन कहा—"किसी गांव में साधुओं ने चतुर्मास किया। एक दिन के अन्तराल से साधु गृहस्थ के घर भिक्षा के लिए जाए तो चार मास में दो मास जाना होता है। भिक्षा के दिन प्रति बार कोई पाव-पाव घी का दान दे, तो चतुर्मास में लगभग पन्द्रह सेर घी होता है। उसकी कीमत चार-पांच रुपए[1] होती है। उस दान में उत्कृष्ट रसानुभव होता है, तो उत्कृष्टतः तीर्थंकर-गोत्र-कर्म का बन्ध होता है। कोई व्यक्ति अनेक संसार भ्रमण के अनेक भवों को कम कर देता है। और छह काय की प्रतिपालना करने वाले मुनि की शारीरिक आवश्यकता-पूर्ति होती है। गृहस्थ के मृत्यु भोज, विवाह आदि प्रसंगों में अनेक रुपए लगते हैं, उनमें पांच रुपयों का तो कहीं पता ही नहीं चलता।" श्रावकों को तारने के लिए स्वामीजी ने यह शिक्षा दी।

२५५. बेचारे का जन्म बिगड़ जाता है

किसी साहूकार ने मृत्यु-भोज किया। उसने अनेक गांवों को न्योता दिया। लोगों के भोजन करते समय कुछ सामग्री कम हो गई। दूसरे गांवों से जो आए थे, उन्होंने थोड़ी देर भोजन नहीं किया और कहा—"बड़े मृत्यु-भोजों में ऐसे ही होता आया है। कभी घट जाता है, कभी बढ जाता है।" उन्होंने फिर कहा—"घड़ी-दो घड़ी बाद भोजन कर लेंगे, कोई खास बात नहीं।"

एक आदमी उस साहूकार का विरोधी था। वह बाजार में आ, गद्दे पर लेट गया और कहने लगा—"मृत्यु-भोज बिगड़ गया रे, बिगड़ गया।"

तब किसी ने पूछा—"इस भोज की प्रारम्भिक सामग्री जुटाने में तो तुम भी साथ रहे होंगे? फिर वह सामग्री घटी क्यों?"

तब वह बोला—"नहीं साह! मुझे पूछा भी कब था? यदि मुझे पूछा होता, तो सामग्री कम ही क्यों होती और भोज बिगड़ता ही क्यों?"

फिर उससे पूछा गया—"तुमने भोजन किया या नहीं?

तब बोला—"मैंने तो खूब डट कर खाया है। मैं तो पहले ही जानता था कि इसके सामग्री कम हो जाएगी।"

अब स्वामीजी बोले—"ऐसे कुपात्र पुरुषों का पोषण करने से भोज क्या बिगड़ता है, बेचारे भोज करने वाले का जन्म भी बिगड़ जाता है।

२५६. और भी बहुत विषय है

आमेट में पुर के भाई-बहिन वंदना के लिए आए। परस्पर की चर्चा में पूछा गया छह पर्याप्तियां और दस प्राण जीव हैं या अजीव?

तब किसी ने कहा—"जीव हैं", किसी ने कहा "अजीव हैं।" इस प्रकार परस्पर बहुत खींचातान करने लगे। बाद में स्वामीजी के पास आकर पृच्छा की—"महाराज!

---

१ उस समय का मूल्य है।

छह पर्याप्तियां और दस प्राण जीव हैं या अजीव ?"

तब स्वामीजी बोले—"जिस विषय की चर्चा करने से भ्रम पैदा हो, वैसी चर्चा करनी ही नहीं चाहिए। और भी बहुत विषय हैं चर्चा करने के लिए।" यह कह कर उन्हें समझा दिया, उनकी खींचातान को समाप्त कर दिया।

२५७. सांसारिक मोह की पहिचान

सांसारिक मोह की पहिचान के लिए स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—"कोई व्यक्ति ब्याह करने के बाद छोटी अवस्था में ही मर गया।" तब लोगों में बहुत भयंकर स्थिति बन गई। हाय-हाय करते हुए लोग बोले—'बेचारी लड़की का क्या हाल होगा? बेचारी बारह वर्ष की अवस्था में ही विधवा हो गई! यह किस प्रकार दिन काटेगी?" इस प्रकार लोग विलाप करने लगे।

स्वामीजी बोले—"लोग सोचते हैं कि ऐसा करने वाला उसकी दया कर रहा है, पर वास्तव में वह उस लड़की के काम-भोग की बांछा कर रहा है। वे जानते हैं कि यदि वह लड़का जीवित रहा होता तो इसके दो-चार बच्चे-बच्चियां हो जाते। यह लड़की सुख का भोग करती, तो अच्छा रहता—वे इस प्रकार की बांछा करते हैं। पर वे यह नहीं सोचते कि यह बहुत काम-भोग का सेवन करती, तो अधोगति में जाती। इसकी उन्हें कोई चिन्ता नहीं और वह लड़का किस गति में गया, उसकी भी उन्हें कोई चिन्ता नहीं। जो ज्ञानी पुरुष होते हैं वे जीवन या मरण का हर्ष या शोक नहीं करते।

२५८. संतोष हो गया

हेमजी स्वामी जब घर में थे, तब की घटना है। उनकी बहिन को मामा अपने घर ले गया। हेमजी स्वामी चिन्ता करने लगे। उन्होंने भीखणजी स्वामी के पास आकर कहा—"आज तो मेरा मन बहुत उदास है। बहिन की याद बहुत सता रही है। मन में ऐसी आ रही है कि घुड़सवार को भेजकर उसे वापस बुला लूं।"

तब स्वामीजी बोले—"सांसारिक सुख ऐसे ही क्षणिक होते हैं। संयोग का वियोग हो जाता है। शारीरिक और मानसिक दुःख पैदा हो जाता है। इसीलिए भगवान् ने मोक्ष के सुखों को शाश्वत और स्थिर कहा है। वहां सुखों का कभी विरह नहीं होता।" स्वामीजी का यह वचन सुन हेमजी स्वामी के मन में संतोष हो गया।

२५९. यह भावना मन में तो आई थी

पाली की घटना है। एक साध्वी ने बेला किया। बाद में पारणा की आज्ञा ले मृत्यु-भोज वाले घर से लपसी ले आई। वह स्वामीजी को दिखाई। स्वामीजी ने मन में विचारा और उसे पूछा—"क्या तुमने यह बेला इस लपसी के लिए ही तो नहीं किया है? सच बताओ।"

तब साध्वी ने कहा—"स्वामीनाथ! उसकी भावना मन में आई तो थी।"

तब स्वामीजी ने सब साधु-साध्वियों के लिए नियम बना दिया कि मृत्यु-भोज वाले घर में दूसरे दिन भी गोचरी के लिए न जाए। आचार्य के पास साधु-साध्वियां हों उनके लिए यह नियम लागू नहीं किया गया।

२६०. गृहस्थ के भरोसे न रहें

सम्वत् १८५७ की घटना है। स्वामीजी ने पुर में चतुर्मास किया। यह पता चला कि यहां फौजें आ रही हैं।[1] तब स्वामीजी ने वहां से विहार करने की बात सोची।

तब भाई बोले—"आप विहार क्यों कर रहे हैं ?"

तब स्वामीजी बोले—"पहले यहां अमुक सम्प्रदाय के साधुओं ने चतुर्मास किया था, उस समय फौज के आने से गांव के कुछ लोग वहां से चले गए। तब उन साधुओं ने कहा—'हम तो चतुर्मास में विहार नहीं करेंगे।' इस आग्रह से उन्होंने विहार नहीं किया। बाद में फौज आई। वे साधु "नागोर्‌यां री गवाड़" में चले गए। फौजियों ने उन्हें पकड़ कर कहा—"धन कहां है, बताओ ?" वे बोले नहीं, तब उनके नाक में मिर्चों का धुआं दिया और उनके मुंह पर मिर्चों का थेला बांध दिया। इस प्रकार बहुत कष्ट दिया। इस घटना को ध्यान में रख कर यहां से विहार करने का भाव है। यहां रहने का भाव नहीं है।"

तब भाई बोले—"आप विहार न करें। (यदि ऐसी ही स्थिति बनी और हमें जाना पड़ा तो) हम आपको अच्छी तरह ले जाएंगे, हम आपको यहा छोड़कर नहीं जाएंगे।"

तब स्वामीजी वहां ठहर गए।

बाद में फौज की हलचल बढी। तब भाई तो रातोंरात इधर-उधर भाग गए। सवेरे स्वामीजी भी विहार कर गुरला गांव पधार गए। कुछ भाई भी वहां आए। स्वामीजी ने उनसे कहा—"तुम कहते थे, हम साथ में चलेंगे। पर तुम तो रातोंरात पहले ही भाग कर आ गए।"

तब भाई बोले—"हम पहाड़ी पर खड़े देख रहे थे। वे स्वामीजी पधार रहे हैं, वे स्वामीजी पधार रहे हैं।"

तब स्वामीजी बोले—"दूर खड़े होकर देखने से क्या होता ? तुम कहते थे 'हम साथ रहेंगे।' सो साथ में तो रहे नहीं। गृहस्थ का क्या भरोसा ?

"गृहस्थ के भरोसे नहीं रहना चाहिए।"

२६१. मैं मार्ग जानता हूं

स्वामीजी नींमली से विहार कर चेलावास पधार रहे थे, तब वे मार्ग पूछने लगे। तब जैचन्दजी श्रावक बोला—"स्वामीनाथ ! मार्ग मैं जानता हूं। आप सुखे-सुखे पधारें।" आगे वह स्वामीजी को हरियाली में ले गया। मार्ग बन्द हो गया। तब स्वामीजी ने जैचन्दजी को बहुत उलाहना दिया—"तू कहता था कि मैं मार्ग जानता हूं।"

---

१. उस समय में फौजें—छोटी-छोटी टुकड़ियां लूट-खसोट के लिए गांवों में घूमा करती थीं। छोटे-छोटे राज्यों में परस्पर संघर्ष चलता रहता था। एक-दूसरे के प्रदेश में वे घुस जाते और लूट-खसोट करते।

तब जैचन्दजी बोला—"मैं तो मार्ग भूल गया।"

तब स्वामीजी ने कहा—"गृहस्थ के भरोसे नहीं रहना चाहिए।"

२६२. ऐसे होते हैं बुद्धिहीन !

दूसरा कोई उत्तर देता है, उसे नहीं समझ पाता और स्वयं क्या कह रहा है, वह भी नहीं जानता, ऐसे व्यक्ति के विषय में स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—"एक सहेली बोली—'मेरा पति ऐसे अक्षर लिखता है, जिन्हें कोई दूसरा पढ नहीं सकता।"

'तब दूसरी बोली—मेरा पति ऐसा लिखता है, जो स्वयं लिखा हुआ स्वयं ही नहीं पढ़ सकता।'

"जगत् में ऐसे बुद्धिहीन होते हैं, ऐसे ही कुछ लोग होते हैं—स्वयं की भाषा से स्वयं अनभिज्ञ। ऐसे लोग केवलीभाषित धर्म को कैसे पहिचान सकते हैं ?"

२६३. कोई पत्थर डाल दे तो ?

एक साधु गोचरी से आया और जितना आहार मंगाया था उससे अधिक ले आया।

तब स्वामीजी ने पूछा—आहार अधिक क्यों लाया ?

तब वह बोला—"जबरदस्ती डाल दिया।"

तब स्वामीजी बोले—"जबरदस्ती से कोई पत्थर डाल दे, तो लोगे या नहीं ?

२६४. एकेन्द्रिय ने कब कहा ?

किसी ने कहा—"एकेंद्रिय जीव को मार कर पंचेन्द्रिय का पोषण करने से लाभ होता है।"

तब स्वामीजी बोले—"किसी ने तुम्हारा अंगोछा[1] छीन कर ब्राह्मण को दे दिया। उसमें लाभ है या नहीं ? अथवा एक आदमी ने किसी के गेहूं के कोठे पर कब्जा कर उसे लुटा दिया, उसमें लाभ होगा या नहीं ?"

तब वह बोला—"इसमें तो लाभ नहीं, मालिक के मन के बिना दिया इसलिए।"

तब स्वामीजी बोले—एकेंद्रिय ने कब कहा—'मेरे प्राण लूट कर दूसरों का पोषण करना।' इस न्याय से एकेंद्रिय को मारने वाला उसके प्राणों की चोरी करता है, इसलिए उसमें लाभ नहीं।

२६५. विलाप करने से क्या होगा ?

दु:ख आने पर लोग विलाप करते हैं, इस विषय पर स्वामीजी ने दृष्टान्त दिया—किसी साहूकार ने गेहूं के कोठे भरे। ऊपर से उन पर ठप्पा मार, लिपाई पुताई कर उन्हें मजबूत बना दिया। उसके एक पड़ोसी ने भी कोठे में धूल, खाद और कचरा डाल, उसके ऊपर ठप्पा मार, लिपाई कर उसे साफ कर दिया। गेहूं के भाव तेज हो गए—दुगुने हो गए।

साहूकार अपने कोठे को खोल गेहूं बेचने लगा। पड़ोसी ने भी ग्राहकों से गेहूं

१. अंग पोंछने का वस्त्र

बेचने की साई (अग्रिम राशि) ली, उन्हें साथ लाया और कोठा खोला। उसके भीतर खाद निकली। तब वह रोने लगा। उसके देखादेखी लोग भी रोने लगे। 'देखो! बेचारे के गेहूं निकलना था, और खाद निकली'—यह कहकर वे रोने लगे।

'तब किसी समझदार ने पूछा—अरे! तू ने इस कोठे के भीतर डाला क्या था?'

तब वह रोता हुआ बोला—'मैंने डाली तो खाद ही थी।'

तब वह बोला—'तूने खाद डाली थी, तो गेहूं कहां से निकलेगा?

इसी प्रकार जीव ने जैसे पुण्य-पाप का बन्ध किया है वैसा ही उदय में आएगा। विलाप करने से क्या होगा?

२६६. दान-दया का लोप कर दिया

चेलावास के ठाकुर का नाम था जुंझारसिंहजी। आचार्य रुघनाथजी उनके पास जाकर बोले—"भीखण, जो मेरा चेला है, वह बकरों को बचाने में पाप बतलाता है। उसने दान और दया का लोप कर दिया।

तब स्वामीजी ने आकर उनसे कहा—"ठाकर साहब! कलाल के घर का पानी साधु को लेना चाहिए या नहीं?"

तब ठाकुर बोले—"कलाल के घर का पानी तो साधु को नहीं लेना चाहिए।"

तब स्वामीजी बोले—"इनको पूछें, ये लेते हैं या नहीं?"

तब आचार्य रुघनाथजी वहां से उठकर चले गए।

२६७. ऐसा अर्थ क्यों लिखा जाए?

गूंदोच की घटना है। आचार्य रुघनाथजी स्वामीजी से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने आवश्यक सूत्र की पुस्तक खोल कर स्वामीजी को बताया—"यह देखो! इसमें लिखा है—कायोत्सर्ग का भंग करके भी बिल्ली से चूहे को बचाना चाहिए।"

तब स्वामीजी ने जब वे उनके सम्प्रदाय में थे, तब सम्वत् १८११ में लिखी हुई आवश्यक की प्रति निकाल कर उन्हें बताई और उन्होंने कहा—"यह प्रति मैंने आपकी प्रति को देखकर लिखी है। इसमें तो वह अर्थ लिखा हुआ नहीं है।"

तब आचार्य रुघनाथजी बोले—हमने तो दूसरों की प्रति को देखकर यह अर्थ लिखा है।"

तब स्वामीजी बोले—"ऐसा झूठा अर्थ क्यों लिखना चाहिए?"

तब "पोतियाबन्ध" साध्वियां बोलीं—"हमारे पात्र से गर्म जल लो और उन पन्नों को जल में भिगो कर गला दो।" तब आचार्य रुघनाथजी मौन रहे। जिन-मार्ग का उद्योत हुआ। बहुत लोगों ने तत्त्व को समझा।

२६८. मूल तत्त्व तो समझ में आ गया

कोई आदमी स्वामीजी से चर्चा कर रहा था। मूल तत्त्व तो उसकी समझ में आ गया, फिर भी वह बोला—"आप कहते हैं वह बात तो ठीक है, पर कुछ विषय पूरी तरह से समझ में नहीं आते।"

तब स्वामीजी ने दृष्टान्त दिया—दस सेर चावलों का चरु चुल्हे पर चढाया। ऊपर के चावलों को सीझा हुआ देख कर सयाना आदमी जान लेता है कि भीतर के चावल भी सीझ गए हैं और मूर्ख आदमी सोचता है—ऊपर के चावल तो सीझ गए पर भीतर के चावल अभी सीझे नहीं हैं—यह सोचकर भीतर हाथ डालता है, तो उसका हाथ जल जाता है।

इसी प्रकार चतुर आदमी मूल तत्त्व को समझ लेने पर जान लेता है कि दूसरे तत्त्व भी सही हैं।

२६९. सुनने मात्र से रोग नहीं चला जाता

स्वामीजी से चर्चा करते समय न्याय-निर्णय की बात बताने पर भी किसी ने बात नहीं मानी, तब स्वामीजी बोले—"किसी रोगी को वैद्य औषध पिलाने लगा। उसने कहा—"यह औषध पी लो, तुम्हारा रोग चला जाएगा।"

तब रोगी बोला—मुंह में तो डालूंगा नहीं, मेरी पीठ पर उंडेल दो। यदि औषध अच्छा है, तो मेरी पीठ पर उंडेलने से ही रोग चला जाएगा।

तब वैद्य बोला—पीए बिना तो रोग नहीं जाएगा।

इसी प्रकार सूत्र और साधु का वचन मानने से मिथ्यात्वरूपी रोग जा सकता है पर उसे माने बिना, केवल सुनने मात्र से वह रोग नहीं चला जाता।

२७०. यह वही है

सम्वत् १८५४ की घटना है। स्वामीजी ने चन्दू और वीरां—इन दोनों साध्वियों को संघ से पृथक् कर दिया।

पीपाड़ में ऐसा प्रसंग बना—वे दोनों साध्वियां जहां हेमजी स्वामी विराज रहे थे, उस दुकान पर आकर बहुत सारे अन्य सम्प्रदाय के श्रावकों के सुनते हुए संघ के साधुओं और साध्वियों का अवर्णवाद बोलने लगीं। तब लोग बोले—"देखो! ये भीखणजी के संघ में थीं और अब ये उनके संघ के अवर्णवाद बोल रही हैं।

तब स्वामीजी सामने की दुकान में विराज रहे थे, वहां से उठ कर आए और कहा—"यह चन्दू जो कहती है, उसे तुम सच मानते हो, तो जानते हो यह पहले आचार्य रुघनाथजी के सम्प्रदाय में फत्तुजी की चेली थी। उस समय फत्तुजी के सिर पर कोई दोष का आरोप आया। तब यह चन्दू इस प्रकार कहती थी—'यदि सूर्य में कोई कलंक हो, तो मेरी गुरुणी में कोई दोष होगा।' और बाद में इसी चन्दू ने किसी बहिन की ओढनी मांग कर ली और अपनी गुरुणी को उसे ओढा कर नई दीक्षा दिलाई। यह वही है।"

स्वामीजी का यह वचन सुन कर लोग चारों ओर बिखर गए। चन्दूजी भी चलती बनी। उसके पिता विजयचन्द लूनावत तथा अन्य ज्ञातियों ने भी उसे अयोग्य समझ लिया।

२७१. परिचित स्थान छूटता नहीं

कुछ लोगों के स्वामीजी का सिद्धान्त समझ में आ गया, फिर भी वे अमुक सम्प्रदाय का संग नहीं छोड़ रहे थे। इस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—बैलगाड़ी के

दो पहियों के आने-जाने की लीक के बीच में किसी खरगोश ने अपना घर बसाया। बैल-गाड़ियों के आते-जाते समय उस खरगोश के सिर पर गाड़ी के नीचे बान्धी हुई रस्सी की चोट लगती। फिर भी वह उस स्थान को नहीं छोड़ता था।

इतने में दूसरे खरगोश ने कहा—"यहां तुम्हारे सिर पर चोट लगती है, इसलिए इस स्थान को तुम छोड़ दो।"

वहां रहने वाला खरगोश बोला—परिचित स्थान छूटता नहीं है।

इसी प्रकार सच्चे सिद्धांत का रहस्य समझ में आ गया, फिर भी पूर्व परिचित कुगुरु का संग छूट नहीं पाता।

२७२. वह हिंसा का कामी हो चुका

सम्वत् १८५५ की घटना है। पाली में हेमजी स्वामी टीकमजी से चर्चा कर रहे थे, तब एक महेश्वरी बोला—"सपेरे को चार पैसा देकर उससे किसी सर्प को मुक्त कराया, उसमें क्या हुआ?"

तब टीकमजी बोला—"अच्छा धर्म हुआ।"

तब वह महेश्वरी बोला—"वह सर्प सीधा चूहों के बिल में गया।"

तब टीकमजी बोला—"बिल में चूहा यदि नहीं होगा तो?"

यह बात हेमजी स्वामी ने स्वामीजी के पास आकर कही।

तब स्वामीजी बोले—"किसी ने कौए पर गोली चलाई। कौआ उड़ गया। कौए का आयुष्य शेष था, पर गोली चलाने वाले को तो पाप लग चुका।

इसी प्रकार सांप को मुक्त कराया और वह चूहों के बिल में गया। यदि बिल में चूहा नहीं है तो वह उसका भाग्य है, पर सर्प को मुक्त कराने वाला तो हिंसा का कामी हो चुका।"

भीखणजी स्वामी ने हेमजी स्वामी को कहा—"तुम्हें इस प्रकार का उत्तर देना था।"

२७३. व्याख्यान कण्ठस्थ कर

हेमजी स्वामी ने दीक्षा लेकर दशवैकालिक कंठस्थ किया; उसके बाद उत्तराध्ययन सूत्र कंठस्थ करने लगे। तब स्वामीजी बोले—"तू अच्छा गा सकता है; इसलिए व्याख्यान कंठस्थ कर। वास्तव में उपकार तो व्याख्यान से होता है।"

ऐसी थी उस महापुरुष की उपकार की नीत।

२७४. हमारे पास व्याख्यान कम थे

भारमलजी स्वामी ने हेमजी से कहा—"हम बाईस टोला से अलग हुए, तब कुछ वर्षों तक चतुर्मास में अंजना और देवकी का व्याख्यान तीन-तीर बार वांचते, क्योंकि उस समय हमारे पास व्याख्यान बहुत कम थे।"

२७५. नदी के दो तटों पर

सम्वत् १८२४ की घटना है। भीखणजी स्वामी ने चतुर्मास कंटालिया में किया और भारमलजी स्वामी का चतुर्मास बगड़ी में कराया। दोनों के बीच में नदी

बहती थी। स्वामीजी द्वारा पहले ही कहा हुआ था, नदी के इस तट पर स्वामीजी पधार जाते और उस तट पर भारमलजी स्वामी जाते। परस्पर बातें कर, हेतु, युक्ति, सीख और सुमति का शिक्षण और भली भांति दर्शन दे कर स्वामीजी वापस कंटालिया पधार जाते तथा भारीमालजी स्वामी बगड़ी पधार जाते। यह बात भारमलजी स्वामी सुनाते थे।

२७६. हम ऐसा नहीं जानते

भीखणजी स्वामी ने हेमजी स्वामी से कहा—"हमने उन्हें (अपने पूर्व गुरु को) छोड़ा, तब पांच वर्ष तक हमें पूरा आहार भी नहीं मिला। घी और चिकनाई की तो बात ही कहां? वस्त्र के रूप में कभी-कभी "वासती" मिलता; उसके थान की कीमत सवा रुपया थी। भारमल कहता—'आप इसका उत्तरीय (पछेवड़ी या चादर) करें।' तब मैं कहता—'एक चोलपट्टा (अधोवस्त्र) तुम करो और एक मेरे लिए करो।'

"हम सब साधु गोचरी में आहार पानी-लाकर जंगल में चले जाते। आहार-पानी को वृक्षों की छांह में रख कर हम सूर्य का आतप लेते। शाम को गांव में लौट आते।"

इस प्रकार हम कष्ट सहते थे। कर्म-बन्धन को तोड़ते थे।

हम ऐसा नहीं जानते थे कि हमारा मार्ग जमेगा और हमारे संघ में इस प्रकार स्त्री-पुरुष दीक्षा लेंगे और इस प्रकार श्रावक-श्राविका होंगे।

हमने सोचा था आत्मा का कार्य सिद्ध करेंगे, अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्राण न्योछावर कर देंगे। यह सोचकर हम तपस्या करते थे।

बाद में कोई-कोई व्यक्ति हमारे सिद्धान्तों में विश्वास करने लगा, तत्त्व को समझने लगा।

तब थिरपाल, फतैचन्द आदि हमारे साथ वाले साधुओं ने कहा—लगता है लोग तत्त्व को समझेंगे फिर आप इतनी कठोर तपस्या क्यों करते हैं? तपस्या करने के लिए तो हम हैं ही। आप बुद्धिमान हैं, आप धर्म का उद्योत करें, लोगों को तत्त्व समझायें। उसके बाद हम विशेष पुरुषार्थ करने लगे। हमने आचार और अनुकंपा की चौपइयां रची, व्रत अव्रत की चौपई रची। बहुत लोगों को तत्त्व समझाया फिर व्याख्यानों की रचना की।

२७७. तुम्हारी लेखनी बनाने का त्याग है

बचपन की बात है, भारमलजी स्वामी प्रतिलिपि करते थे, तब बार-बार लेखनी बनवाते[1] रहते थे।

एक दिन भीखणजी स्वामी बोले—"तुम्हारी लेखनी बनाने का त्याग है।"

तब वे अपने आप बनाने लगे। ऐसा करते-करते वे लेखनी बनाने की कला में प्रवीण हो गए।

---

१. बरू की लेखनी चाकू से छील कर तैयार की जाती है उसका मुंह घिसता है, तब उसे बार-बार छील कर बनाना होता है।

२७८. चलो, झंझट मिटा

किसी के बिमारी होती है, तब वह हाय ! त्राहि करने लग जाता है। तब स्वामीजी बोले—"ऐसा नहीं करना चाहिए। बीमारी होने पर दृढ़ रहना चाहिए।"

"जैसे किसी के सिर पर ऋण था। वह ऋण चुकाना नहीं चाहता था, किन्तु ऋणदाता ने शक्ति-प्रयोग से अपनी पूंजी वापस ले ली। तब मूर्ख आदमी तो विलाप करता है और समझदार होता है, वह सोचता है—'चलो, मेरा ऋण चुका। बाद में ही देना पड़ता, तो पहले ही झंझट मिटा; सिर का ऋण उतर गया।'

इसी प्रकार बिमारी होने पर जो सयाना होता है, वह सोचता है—'बंधे हुए कर्म भोग लिए; चलो झंझट समाप्त हुआ।' यह सोच वह विलाप नहीं करता।

२७९. यह सम्यग्दृष्टि देवता का युग है

स्वामीनाथ व्याख्यान में भैरव और शीतला को मानने का निषेध करते थे; तब हेमजी स्वामी बोले— "आप देवता को मानने का निषेध करते हैं, तो वे उपद्रव खड़ा कर देंगे।

तब स्वामीजी बोले—"यह सम्यग्दृष्टि देवता का युग है। सो कोई उपद्रव करता है, तो सम्यग्दृष्टि इन्द्र उस पर वज्र प्रहार कर देता है। इसलिए वे डरते हुए साधुओं को कष्ट नहीं देते।

२८०. ऐसा है साधु का मार्ग

स्वामीजी बोले—"यदि मृत मनुष्य किसी के काम आए तो साधु सांसारिक दृष्टि से किसी गृहस्थ के काम आए। साधु के पास कोई व्यक्ति आया। वह वहां पांच रुपये भूल गया। कोई दूसरा उन्हें उठा ले गया। साधु जानता है—'वे रुपए 'क' के हैं और 'ख' उन्हें ले गया। 'क' आकर पूछता है—'यहीं मेरे रुपए रह गए; उन्हें कौन ले गया ?' साधु उसे नहीं बताता कि 'ख' ले गया। क्योंकि उनकी केवल धर्म सुनाने की ही साझेदारी है। बाकी सावद्य कार्यों की दृष्टि से साधु गृहस्थ के कोई काम नहीं आता। ऐसा है साधु का मार्ग !"

२८१. इसमें कोई दोष नहीं

भीखणजी स्वामी गृहस्थ के घर से कुछ समय के लिए मांग कर लाई हुई सूई, कैंची, छूरी को एक रात या अनेक रात तक अपनी निश्रा में रखते थे।

तब अन्य संप्रदाय के साधु बोले—"साधुओं को रात्रि के समय सूई नहीं रखनी चाहिए। छूरी और कैंची भी रात्रि को नहीं रखनी चाहिए।

तब स्वामीजी बोले—"पट्ट में लोहे की कीलें रहती हैं तथा शंख, पत्थर और दवा, चंदन आदि घिसने के पत्थर या खरल—ये सब मांग कर लाई हुई वस्तुएं रात को रखी जाती हैं। इसी प्रकार लोहे का हमामदस्ता आदि गृहस्थ के घर से कुछ समय के लिए मांग कर लाई हुई वस्तुएं भी रात को रखी जाती हैं; इसमें कोई दोष नहीं है तो फिर सूई, कैंची, छूरी भी गृहस्थ के घर से कुछ समय के लिए मांग कर लाई हुई यदि रात्रि को रखी जाती है, तो उसमें कुछ दोष नहीं है।

२८२. तो फिर अनशन करना होगा

अमुक संप्रदाय के साधु बोले—"सूई टूट जाने पर साधु को तेले का प्रायश्चित्त आता है।"

तब स्वामीजी बोले—तुम्हारे अनुसार बाजोट टूट जाए तो फिर अनशन करना होगा।

२८३. मृत्यु के गीत

अमुक संप्रदाय के साधु बोले—"भीखणजी आचार की गीतिकाएं गाते हैं, तब लगता है कि वे मृत्यु के गीत गाते हैं।"

तब स्वामीजी बोले—"मृत्यु के गीत बिगड़े हुए लोगों के गाए जाते हैं; जो शुद्ध रीति के अनुसार चलते हैं, उनके·········नहीं गाए जाते।"

२८४. घर लूट लिया और ऊपर से दंड

पीपाड़ की घटना है। स्वामीजी ने एक गाथा गाई—"अचित्त वस्तु को जो खरीदवा कर लेते हैं, उनकी समिति और गुप्ति खण्डित हो जाती है। पांचों ही महाव्रत भग्न हो जाते हैं और चातुर्मासिक प्रायश्चित्त प्राप्त होता है। ऐसा आचरण करने वाले को साधु मत जानो।"

यह गाथा सुन मौजीरामजी बोरा बोला—"ओ जशु ! यहां आ देख, घर तो लूट लिया और फिर ऊपर से दंड और थोप दिया। इसी प्रकार भीखणजी पांचों महाव्रतों का भंग हो गया ऐसा कहते हैं तथा ऊपर से चातुर्मासिक प्रायश्चित्त और थोपते हैं।"

तब स्वामीजी बोले—"पांच महाव्रत का भंग हो जाने के बाद चातुर्मासिक प्रायश्चित्त नहीं बतलाया गया है, किन्तु यहां यह बतलाया गया है कि पांच महाव्रतों का उतना भंग होता है, जितने भंग की शुद्धि के लिए चातुर्मासिक प्रायश्चित्त प्राप्त होता है।" यह कह कर उन्हें समझा दिया।

२८५ केवल वर्तमान में मौन

कुछ कहते हैं—"सावद्य दान के विषय में भगवान ने मौन रखने को कहा है। इसलिए केवल वर्तमान काल में ही नहीं, सदैव मौन रखना चाहिए, पुण्य या पाप नहीं कहना चाहिए।" उस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—"तीन जनों की ऐसी मान्यता थी—एक व्यक्ति सावद्य दान देने में पुण्य मानता था; दूसरा उसमें मिश्र धर्म मानता था और तीसरा उसमें पाप मानता था। इन तीनों ने एक संकल्प किया—'यह सन्देह मिट जाए, तो घर में रहने का त्याग है।" अब इस सन्देह को दूर करने के लिए वे राज्य-दरबार में तो नहीं जाएंगे। इसे दूर करने के लिए तो साधुओं के पास ही आएंगे। साधुओं को पूछने पर कहेंगे—'हमारे तो मौन है।' फिर उनका संदेह कैसे मिटेगा? इस दृष्टि से मौन वर्तमान काल में (सावद्य दान देने के प्रसंग में ही) रखना चाहिए। सूत्रकृतांग (१।११; २।५) के अर्थ में ऐसे प्रसंग में मौन रखने को कहा है। और उपदेश-काल के संदर्भ में भगवती सूत्र (८।६) में भगवान ने गौतम से कहा—'तथारूप असंयती

को सजीव, अजीव; शुद्ध, अशुद्ध, दान देने में एकांत पाप है।' इस न्याय से उपदेश काल में 'जैसा फल होता है, वैसा' बताकर, उन्हें समझा (उनके संकल्पानुसार) दीक्षा दे देनी चाहिए।

२८६. सामायिक को धक्का देकर थोड़े ही 'पराते' (गिराते) हैं?

कुछ कहते हैं—"साधु सामायिक को 'पराते' नहीं—समाप्त नहीं कराते, तो उसे पूरा कराने का पाठ क्यों सिखलाते हैं?"

तब स्वामीजी बोले—"साधु सामायिक को 'पराते' नहीं, सो क्या उसे धक्का देकर थोड़ा ही गिराते (पराते) हैं? एक मुहूर्त्त के लिए सामायिक किया और एक मुहूर्त्त का काल पूरा होने पर सामायिक अपने आप पूरा हो गया। उसे 'पारता' (समाप्त करता) है, वह तो दोषों और अतिचारों की आलोचना करता है। वह आलोचना भगवान की आज्ञा में हैं। इसलिए 'पारने' का पाठ सिखलाते हैं; किन्तु वर्तमान काल में उसे 'पराते' नहीं हैं; क्योंकि सामायिक पूरा करने पर वह उठकर चला जाएगा। इस दृष्टि से उसे पूरा नहीं कराते। परन्तु दोष की आलोचना कराने और उसका पाठ सिखाने में कोई आपत्ति नहीं है।

२८७. यही भाव से भक्ति करेगा

एक व्यक्ति स्वामीजी से चर्चा करते समय अंट-संट बोलता था। तब स्वामीजी से किसी ने कहा—"महाराज! यह अंट-संट बोलता है, उससे आप क्या चर्चा करते हैं?"

स्वामीजी बोले—"छोटा बच्चा जब तक नहीं समझता है, तब तक वह अपने पिता की मूंछ को खींचता है और उसकी पगड़ी को भी उतार फेंकता है। किन्तु समझ आने के बाद वही अपने पिता की सेवा-चाकरी करता है। इसी प्रकार यह जब तक साधुओं के गुणों को नहीं पहिचानता है, तब तक अंट-संट बोलता है। गुण की पहिचान होने के बाद यही भाव से भक्ति करेगा।

२८८. अभी पंचांग का भाव तेज हैं

हम रात्री को व्याख्यान देते और अमुक संप्रदाय के साधु भी रात्री को व्याख्यान देते। हम बाजार में ठहरते; और देखा-देखी वे भी बाजार में ठहरते। इस प्रकार देखा-देखी काम करते हैं, पर शुद्ध मान्यता और आचार के बिना काम सिद्ध नहीं होता। इस पर स्वामीजी ने दृष्टांत दिया—"एक साहूकार था। वह स्वयं समझदार नहीं था। वह पड़ोसी की देखा-देखी व्यापार करता था। पड़ोसी जो वस्तु खरीदता, उसे वह भी खरीद लेता। जब पड़ोसी ने सोचा—'यह मेरी देखा-देखी कर रहा है या इसमें स्वयं की समझ है?' तब पड़ोसी ने अपने बेटे से कहा—'अभी पंचांगों के भावों में तेजी है; इसलिए परदेशों से पंचांग हमें खरीद लेने हैं। थोड़े दिनों में दुगुने दाम उठ जाएंगे।'

साहूकार ने यह बात सुनी और वह परदेश में जा, नए और पुराने पंचांगों को खरीद लाया। उसकी पूंजी नष्ट हो गई।

इसी प्रकार अमुक संप्रदाय के साधु भी साधुओं की देखा-देखी काम करते हैं

पर शुद्ध मान्यता और आचार के बिना कोई काम सिद्ध नहीं होता।

२८९. यह दिवाला कैसे पूरा होगा ?

किसी ने कहा—वेषधारी साधु भी एक मासिक उपवास आदि तपस्या करते हैं; लोच कराते हैं, धोवन और गरम पानी पीते हैं। क्या उनके यह क्रिया व्यर्थ ही जाएगी ?

तब स्वामीजी बोले—"किसी ने लाख रुपया का दिवाला निकाला। उसके बाद एक पैसे का तेल खरीद कर लिया और उसका पैसा चुका दिया। वह 'एक पैसे' का साहूकार होगा। एक रुपए का गेहूं लाया और रुपया चुका दिया; वह 'एक रुपए' का साहूकार होगा। इस प्रकार पैसे व रुपए का साहूकार हुआ, पर लाख रुपए का दिवाला निकाला, उस दृष्टि से वह साहूकार नहीं।"

इसी प्रकार पांच महाव्रतों को स्वीकार कर जो निरन्तर साधु के निमित्त बने हुए स्थान में रहते हैं, इस प्रकार के और भी अनेक दोषों का सेवन करते हैं, उनका प्रायश्चित्त नहीं करते, यह बड़ा दिवाला है। यह लोच और तपस्या के द्वारा कहां पूरा होगा ?

एक मासिक उपवास की तपस्या की जाती है और उसकी भलीभांति पालना की जाती है। उस तपस्या की दृष्टि से वह साहूकार है, पर पांच महाव्रतों में जो दोष लगाया गया, वह दिवाला उस तपस्या से कैसे पूरा होगा ?

२९०. दान मुख्यतः कायिक प्रयोग है

किसी ने कहा—"कोई मुख पर वस्त्र आदि दिए बिना बोलकर साधु को दान देता है, तो वह लेता है। और दाता का अनाज के एक दाने पर पैर टिक जाता है, तो उसके हाथ से साधु दान नहीं लेता और उसके घर से उस दिन के लिए भिक्षा अग्राह्य हो जाती है।"

तब स्वामीजी बोले—"साधु को कोई दान देता है, उसमें मुख्यतः कायिक प्रयोग होता है। चलते, उठते, बैठते, कायिक प्रयोग द्वारा अयतना (हिंसा) करके कोई साधु को दान देता है, दान देते समय कोई फूंक मार देता है और साधु ने उसके हाथ से भिक्षा लेनी स्वीकार कर ली है, तो उसके घर से उस दिन के लिए भिक्षा अग्राह्य हो जाती है। और यदि साधु ने उसके हाथ से भिक्षा लेना स्वीकार न किया हो और उठते समय उसने अयतना (हिंसा) की हो, तो उसी के हाथ से भिक्षा अग्राह्य होती है।

मुंह पर वस्त्र आदि दिए बिना बोलना वाचिक प्रयोग है। इस प्रकार बोलने से अयतना (हिंसा) होती है, पर उससे उस घर की तथा उस दाता के हाथ से भिक्षा लेना अग्राह्य नहीं है। औपपातिक सूत्र में एक प्रकार का अभिग्रह है कि कोई दाता निंदा करता हुआ भिक्षा दे, तभी वह उसके हाथ से ली जा सकती है। तो जो निन्दा करता है, गाली बकता है, वह कौनसी यतना करेगा ? इस दृष्टि से वाचिक अयतना के कारण दाता के हाथ से भिक्षा अग्राह्य नहीं होती। इसलिए उसके हाथ से भिक्षा लेने में कोई दोष नहीं हैं।

२९१. घी सहित घाट वापस ले ली

संवत् १८५५ आषाढ़ मास की घटना है। स्वामीजी बहुत साधुओं और साध्वियों के साथ विराज रहे थे। साध्वी अजबूजी गोचरी के लिए गई। किसी ने घी का दान दिया। दूसरे घर में एक बहिन ने 'घाट' (दलिया) का दान देकर पूछा—"तुम किस टोले की साध्वी हो?"

तब साध्वी अजबूजी ने कहा—"हम भीखणजी स्वामी के टोले की हैं।"

तब वह बहिन देती हुई बोली—"पिछली बार भी तुम मेरे घर से रोटी ले गई थी। (आज फिर आ गई) मेरी 'घाट' मुझे वापस दे दो।" यह कहकर वह घाट वापस लेने लगी, तब तक एक व्रजवासिनी ने उसे बरजा—"हे कीकी! 'अतीत' (साधु) को दिया हुआ दान वापस मत ले।

तब वह बोली—कुत्तों को खिला दूंगी, पर इनके पास से तो वापस ले लूंगी। यह कहकर उसने जबरदस्ती वह घाट घी-सहित वापस ले ली।

अजबूजी ने स्वामीजी के पास आकर यह सारी घटना सुनाई।

तब स्वामीजी बहुत विमर्श कर बोले—"यह कलिकाल है। इसमें ऐसा हो सकता है। कुछ लोग दान नहीं देते, कुछ लोग देने से इन्कार कर देते हैं और कुछ लोग जानबूझ कर अशुद्ध (जिसके हाथ से भिक्षा ग्राह्य नहीं होता वैसा) हो जाते हैं। परन्तु दान देने के बाद वापस लेने की बात पहले नहीं सुनी। यह तो कोई नई बात हुई है।"

व्रजवासिनी ने इस बात को गांव में फैला दिया।

उस (कीकी) के पति को लोग कहने लगे—"दूकान पर तो तुम कमाते हो, और घर में तुम्हारी स्त्री कमा रही है।" यह सुनकर वह भी मन में लज्जित होता है। कुछ दिनों बाद 'रक्षा-पूर्णिमा' के दिन अकस्मात् उसका पुत्र चल बसा। और कुछ दिनों बाद 'कीकी' का पति भी मर गया। तब शोभजी श्रावक ने एक तुक्का रचा—

"तू बादरशाह की पुत्री है। कीकी तेरा नाम है।
तूने घी सहित घाट वापस ले ली, पात्र को खाली कर दिया।"

पछतावा

कुछ समय बाद उसी बहिन (कीकी) के घर साधु गोचरी गए। वह साधुओं को दान देने लगी। साधुओं ने पूछा—"तुम्हारा नाम क्या है?"

तब वह बोली—"मैं वही पापिनी कीकी हूं, जिसने साध्वियों के पात्र से घाट वापस ली थी। कोई तो पाप का फल परभव में देखता है। मैंने तो वह इसी जन्म में देख लिया।" यह कहकर वह पछताने लगी।

२९२. सब घरों में गोचरी क्यों नहीं जाते?

संवत् १८५६ नाथद्वारा की घटना है। हेमजी स्वामी ने स्वामीजी से कहा—अपन श्रावकों के घर गोचरी के लिए जाते हैं। अनुक्रम से जो घर आते हैं, वहां गोचरी के लिए नहीं जाते (सामुदायिक गोचरी नहीं करते) इसका क्या कारण है?

तब स्वामीजी बोले—"यहां लोगों में द्वेष भावना बहुत है। इसलिए क्रम वार

गोचरी नहीं करते।"

तब हेमजी स्वामी बोले—"आप आज्ञा दें, तो मैं जाऊं।"

तब स्वामीजी बोले—"भले ही जाओ।"

तब हेमजी स्वामी मोहनगढ में गोचरी करते-करते किसी एक घर में गोचरी के लिए गए और पूछा—"क्या आहार-पानी बना हुआ है ?

तब बहिन बोली--"रोटी नमक पर पड़ी है।"

तब हेमजी स्वामी दूसरे माले पर गोचरी के लिए गए। उस घर की बहिन अंट-संट बोली, बहुत झगड़ा किया। आखिर रोटी दे दी। इसमें काफी समय लग गया। तब नीचे के घर वाली बहिन ने सोचा—ये साधु हमारे ही सम्प्रदाय के लगते हैं। हेमजी स्वामी वापस नीचे आए, तब वह बहिन बोली—"आप पधारें और आहार का दान लें। यह कहकर उसने दान देने के लिए रोटी हाथ में ली।"

तब हेमजी स्वामी ने कहा—"बहिन ! तू कहती थी, रोटी नमक पर पड़ी है।"

तब वह बोली—"मैंने आपको तेरापन्थी साधु जाना था; इसलिए वह बात कही।"

तब हेमजी बोले—"हम हैं तो तेरापन्थी ही। तुम्हारा मन हो तो दो।"

तब वह बड़ी मुश्किल से बिना मन बोली—"लो।"

इसके बाद हेमजी स्वामी अगले घर में गए। आहार-पानी के बारे में पूछा। तब वह बोली—"मुझे तो तेरापन्थी को रोटी देने का त्याग है।

तब हेमजी स्वामी बोले—"रोटी देने का त्याग है। तो पानी हो तो पानी का दान दे दो। तब उसने उठकर पानी का दान दिया।

हेमजी स्वामी ने स्थान पर आकर सारे समाचार स्वामीजी को सुनाए। स्वामीजी सुन कर बहुत प्रसन्न हुए।

२९३. जैसा गुरु वैसा देव और धर्म

गुरु का मूल्य कितना होता है, इस पर स्वामीजी ने तराजू की दण्डी का दृष्टांत दिया—"जैसे तराजू की दण्डी के तीन छिद्र होते हैं, बीच के छिद्र में यदि फर्क होता है तो तराजू का सन्तुलन बिगड़ जाता है, और बीच का सन्तुलन ठीक होता है तो उसका सन्तुलन ठीक हो जाता है। वैसे ही देव, गुरु और धर्म—इन तीनों के बीच में गुरु हैं। यदि गुरु अच्छे होते हैं, तो देव भी अच्छे होते हैं और वे अच्छे धर्म को बताते हैं। और यदि गुरु खराब होते हैं तो देव में भी अन्तर ला देते हैं और धर्म में भी अन्तर लाते हैं—अपनी-अपनी दृष्टि का अन्तर आ जाता है।

यदि गुरु ब्राह्मण होता है तो शिव को देव बताता है और धर्म बताता है—ब्रह्मभोज।

जद उणांरा श्रावक बोल्या—ऊंचा चालौ इम कहि ऊंचा ले गया। ऐ देखौ गुलाब ऋष बेलै-बेलै पारणौ करै, आटौ खाए चास मै घोल नै। गुलाब ऋष बोल्यौ—हूं बेलै-बेलै पारणौ करूं, आटौ खाऊं, चास मै घोल नै अनै सियाला मै एक अंचलौ ओढ़ूं तौ पिण मौने भीखणजी साध न सरधै।

जद बौहरौजी बोल्या—म्हारै नीलीयौ बळद है, थे तौ आटौ खाऔ अनै ऊं आटो ई न खाए, चारो ईज चरै, थे तौ अचंलौ ओढो हो अनै ऊ औढै ई कोई नहीं उघाड़ो ईज रहै, इम साध हुवै तौ उण नै ई साध कहीयै।

जद गुलाब ऋष बोल्यौ—देखो-देखो मौनै ढांढ़ौ कहै।

जद बौहरौजी बोल्या—म्हैं तौ ढांढ़ौ कोई कह्यौ नहीं थांरा मूंहढा सूं थे ही कहौ छौ।

० आवा रौ कहिणौ कठै हैं ०

इतलै फतैचन्द भेषधारी बोल्यौ—चरचा करणी है तौ म्हां कानी आव।

जद बोहरौजी बोल्यौ—आवा रौ कहिणौ कठै है। 'मिच्छामी दुक्कडं' दो। उणां कनै गयौ थांनक अधूरौ लीप्यौ देखनै बौल्यौ—पूरौ लीपायौ कोई नहीं।

जद ऊ बोल्यौ—म्हे कद लोपायौ है, गृहस्थ लोप्यौ है। इम सदोष आधाकर्मी भोगवै अनै कपट करै एहवा नै ओलखै ते उत्तम जीव जांणवा।

१३. इसौ प्रश्न तौ कबहु न सुण्यौ

स्वामीजी रा श्रावकां दिल्ली कांनी का भेषधारयां नै चरचा पूछी—नव पदार्थ मै जीव केता नै अजीव केता ?

जद ऊ भेषधारी बोल्यौ—पूज बलाकीदासजी देख्या, पूज हरीदासजी देख्या इत्यादिक अनेक नांम लीया, बड़े बड़े मोटे पुरुष देख्या पिण 'नव पदार्थ मै जीव केता अनै अजीव केता' इसौ अडबंग प्रश्न तौ कबहु न सुण्यौ। कहौ तौ जीव का १४ भेद हूं कहूं, कहौ तौ अजीव का १४ भेद हूं कहूं, कहौ तौ पुन का ९ भेद हूं कहूं, कहौ तौ पाप रा १८ भेद हूं कहूं जाव कहौ तौ मोख रा ४ भेद कहूं, पिण नव पदार्थ में जीव केता नै अजीव केता ? इसौ प्रश्न तौ कबहु न सुण्यौ। इम भणणहार बाजै पिण नव पदार्थ री ओळखणा नहीं।

१४. नव तत्त्व री ओळखणा बिनां समकत किम आवै ?

फेर दिल्ली कांनी का भेषधार्यां नै स्वामीजी कै श्रावकां प्रश्न पूछ्यौ—नवपदार्थ मै जीव केता अनै अजीव केता ?

जद ऊ भेषधारी बोल्यौ—पांच जीव नैं चार अजीव कहूं तौ श्रद्धा भीखणजी री। चार जीव नैं पांच अजीव कहूं तौ श्रद्धा रुघनाथजी री। एक जीव नै आठ अजीव कहूं तौ श्रद्धा बगतरामजी री। एक जीव एक अजीव सात जीव अजीव री प्रज्याय कहूं तौ श्रद्धा अमरसींगजी री। आठ जीव नै एक अजीव कहूं तौ श्रद्धा खींवसीजी री। सात नय चार निपेक्षा लगाय कर देव गुरां ना प्रसाद कर सूत्र नी युक्ति लगाय कर कहूं एक जीव एक अजीव सात जीव अजीव री अवस्था। इम नव तत्व ओळखणा नहीं, मन इच्छा प्रमाणै परूपै त्यांनै समकित किम आवै।

१५. इसा मानवी थोड़ा

लोटोती मै खरतरां ना श्री पूज जिनचंद सूरी आया। उपाश्रा मै घणा लोक बैठा बखाण बाचतां आश्रव रौ कथन आयौ जद बोल्या—आश्रव अजीव।

जद चैनजी श्रीमाल स्वामीजी रौ श्रावक बोल्यौ—श्रीजी महाराज ! आश्रव जीव है।

जद श्रीपूजजी बोल्या—आश्रव अजीव है।

जद चैनजी बोल्यौ—आश्रव जीव है ।

जद श्रीपूजजी बोल्या—थै खोटी धारी है ।

जद चैनजी बोल्यौ—आप ईज खोटी धारी है ।

श्रीपूजजी बोल्या—आ चरचा आंपे पछै करसां । बखाण ऊठयां लोक ठिकाणे गया । श्रीपूजजी चरचावादी सिद्धन्ती जत्यां नै बोलाया । कहै—सूत्र देखौ, आश्रव जीव है कै अजीव निरणय करौ ।

जद चरचावादियां निरणय कर आय कह्यौ—सूत्र रै न्याय तौ आश्रव जीव है । जद श्रीपूजजी चैनजी नै बोलायौ, कहै—आश्रव जीव है अनै म्हैं अजीव कह्यौ सो म्हांरे 'मिच्छामि दुक्कडं' छै । तौने खमावां छां । अबारूं तौ कहां छा, पिण खमावणौ तौ काले परषदा मै होसी । दूजे दिन प्रभात रा बखाण मै परखदारा वृंद मै श्रीपूजजी बोल्या—चैनजी म्हैं काले आश्रव नै अजीव कह्यौ अनै थे जीव कह्यौ सो थें तौ सांचा नै म्हे झूठा, म्हांरै मिच्छामि दुक्कडं है । थांनै खमावां छां । इणरीते मांन मेलै । इसा मानवी थोड़ा ।

१६. जीव रौ अजीव थयौ कांई ?

खरतरां नां श्री पूज रंगविजयजी जिनचंदसूरी कृष्णगढ़ हुंता । तिहां भारमलजी स्वामी १० साधां सूं कृष्णगढ़ पधारीया । नवा सैहर मै ऊतर्या । बगीची मै चरचा ठेहराई । ३५ साध नानगजी रा, उगराजी रा, अमरसींगजी रा इत्यादि चरचा करवा आया । ९ साधां सूं भारमलजी स्वामी पधार्या । सैकड़ां लोक भेळा थया । आश्रवरी चरचा चाली । नानगजी रौ निहालजी तौ बोल्यौ—आश्रव अजीव, अनै भारमलजी बोल्या—आश्रव जीव है, स्वामीजी बोल्या—कर्मा नै ग्रहै ते आश्रव, कर्मा नै ग्रहै ते तौ जीव है, अजीव तौ कर्मा नै ग्रहै नहीं । बली स्वामीजी बोल्या—गृहस्थ तौ आश्रवी अनै साधपणौ लीया पछै साधू ते संवरी । आश्रव अजीव कहौ तो कांई अजीव रौ जीव थयो ? अनै साधु भ्रष्ट होय ग्रहस्थ थयौ तौ कांई साधू संवरी जीव थौ ग्रहस्थ आश्रवी थयौ तौ कांई जीव रौ अजीव थयौ ? इम चरचा करनै कष्ट कीधौ । सुद्ध जाब देवा तौ समर्थ नहीं ।

जद बोल्या—"साध नै अजीव कहै रे ।" "साध ने अजीव कहै रे !"

इम हाकौ कर उठया । स्वामीजी पिण आपरै ठिकाणै पधार्या ।

० अै चरचालायक नहीं ०

पछै स्वामीजी री आज्ञा लेई खेतसीजी स्वामी हेमजी स्वामी रायचंदजी स्वामी गौचरी उठया, जद जिनचंद सूरी ब्राह्मण नै मेलनै उपासरा मै बोलाया । साधां नै आंवता देखनै श्री पूजजी पाट सूं हेठा ऊतर नै आंगणै बैठा । साधां नै बेसाण नै बोल्या—आप इणां सूं चरचा करौ, सो अे चरचा लायक नहीं है ।

एक दृष्टंत सुणौ—एक साहूकार री हवेली दोय साध गौचरी गया। ऊपर पगतिया री नाल चढ़ता अंधारौ देखनै पांछा फिर्या। ऊपर सूं हेलो पाड़े—"ऊंचा पधारौ—"ऊंचा पधारौ"। साध तौ पाछा फिर गया। थोड़ी बेला थी दोय साध फेर आया। ऊंचा जाय आहार पांणी बहिरचौ। ग्रहस्थ कह्यौ—पहिला दोय साध आया, सो तौ पाछा फिर गया, अनै आप ऊंचा पधारचा। जद उवे साध बोल्या—"उवे पाखंडी था, सो पाखंड कर गया—"इम कहि उवे पिण गया। थोड़ी बेला सूं दोय साध फेर आया तिवारे ग्रहस्थ बोल्या—दोय साध पहिला आया सो तौ नाळ सू पाछा फिर गया, पछै दोय साध आय बेहरनै उणां नै पाखंडी कहि गया, अनै अबै आप आया हौ जद उवे साध बोल्या—पहिला आया, सो तौ असल साध अंधारौ देखनै पाछा गया। पछै दोय साध आया ते हीणआचारी, दोय मूर्ख—पोते तो पालै नहीं, अनै पालै जिणसूं द्वेष-निंद्या करै। अनै म्हां सूं तौ पळै कोई नहीं। भेख रे ओटै रोटी मांग खावां। पहिला आया जिके धन्य है। इम कहि ते पिण गया।

श्री पूजजी बोल्या—पहिला ज्यूं तौ थे, दूजा ज्यूं ऐ मठधारी थांनक बांध बैठा ते, अनै तीजा ज्यूं म्हे म्हां सूं तो पळै कोई नहीं सो थे यांसूं चरचा करौ, पिण ऐं चरचा लायक नहीं। ए बात सुण नै—साध तीनूं ठिकाणै आय नै भारमलजी स्वामी नै सर्व समाचार कह्या।

० अठा स्यूं विहार कर जाइज्यो नहीं तौ....

पछै भारमलजी स्वामी जैपुर आय चोमासौ कीधौ अनै हेमराजजी स्वामी माधोपुर कांनीं विहार कीधौ। २२ कोस रै आसरे गया आगे नदी बहिती देखी, जद मन मै विचारचौ—कृष्णगढ़ मै भेषधार्‌यां अन्हाख कदाग्रह कीधौ तौ चोमासौ कृष्णगढ़ हुवै तौ ठीक, इम चिंतव विहार पाछौ करनै कृष्णगढ़ पधारचा। दोय जागां आज्ञा मांग एक हाट में ऊतरचा। पछै भेष-धारचां उणनै सीखाय नै जागां छोड़ाय दीधी। जद दूजी हाट जाची। जद उठै प्रथीकाय आंण न्हाखी। पछै उमेदमल श्रावगी री हाटे आज्ञा मांगी ऊतरचा। जद भेषधारी आय बोल्यौ—थे दगादार तेरापंथी हौ, म्हारां पिंडत-पिंडत तौ विहार कर गया, अनै थे छल करनै आया, कै तौ अठा सूं विहार कर जाइजौ, नहीं तौ पातरां बाजार मै ठोकरां रै मूंहढ़ै बूहा फिरैला।

हेमजी स्वामी सुणनै मून राखी। चोमासौ लागौ। बखाण मै लोक मोकळा आवै, पिण संवछरी नौ पोसी एक हुऔ नहीं। पछै लोक समझ्या। सो दीवाली रा पांच पोसा हुआ। जैपुर मै ए समाचार सुणनै भेषधारी तौ बेराजी हुआ नै भारमलजी स्वामी राजी हुआ। सं० १८६९ रौ चोमासौ कृष्णगढ़ कीधौ तठां सूं क्षेत्र नीं नींव लागी।

१७. सुभ जोग संवर किसै न्याय ?

रीयां मै राजमलजी बौहरौ रतनजी कनै गयौ । चरचा करता रतनजी बोल्यौ—सुभ जोग ते संवर ।

जद राजमलजी कह्यौ—संवर नौ स्वभाव तौ कर्म रोकण रौ है । अनै सुभ जोगां सूं तौ पुन्य बंधै, पिण रुकै नहीं, तिण सूं सुभजोग संवर किसै न्याय ?

जद रतनजी बोल्यौ—सुभ जोग प्रवर्त्ते तिण वेला असुभ जोग रा कर्म लागै ते न्याय, सुभ जोग संवर ।

जद राजमलजी बोहरौ बोल्यौ—इण लेखै असुभ जोग नै ई संवर कहौ, असुभ जोग वर्ते तिण वेला सुभ जोग रा कर्म न लागै ते लेखै ।

जद रतनजी बोल्यौ—सूत्र में तो अजोग संवर ईज कह्यौ है म्हांरै परंपरा थी सुभ जोगां नै संवर कहां छां ।

१८. धर्म हुवौ कै पाप ?

भगवानदासजी नम्बरीयौ नगर सेठ । संवेगियां री श्रद्धा । ते पाली मै रतनजी नै पूछ्यौ—काचा पाणी री लोटी मै माखी पड़ी बारै कांढे तिण ने धर्म हुवौ कै पाप ?

जद रतनजी जाब मै अटक्यौ, धर्म कहै तौ हिंस्या मै धर्म, देहरापंथ्यां री श्रद्धा मै मिलै । पाप कहै तो श्रद्धा उठै, जद क्रोध रै वश अकबक बोलवा लागो थे जांणो हूं नगर सेठ छूं, लोकां ने डरावूं, पिण म्हे न डरां इत्यादिक बोलवा लागो ।

१९. साहमीवच्छल नै क्यूं निषेधौ ?

फेर भगवानदासजी बोल्या—श्रावक नै पोख्या कांई हुवै ?

जद रतनजी बोल्या—बेला रा पारणा वाळा श्रावक नै पोख्यां धर्म ह्वै ।

जद भगवानदासजी बोल्या—साध बेला रा पारणा वाळा नै दीधा तथा पारणा विना ई श्रावक नै पोख्यां धर्म क्यूं न कहौ ? अनै इम सर्व श्रावकां नें पोख्यां धर्म कहो तौ म्हांरा साहमीवच्छल नें क्यूं निषेधौ ? अठै पिण सुद्ध जाब न आयौ ।

२०. ऊ वैद्य बुद्धिहीण

पीपार मै दौलजी लूंणावत सूं रतनजी चरचा करतां क्रोध मै आय बोल्यौ—सीतंगिया नै दूध मिश्री पावै ज्यूं सीतंग घणौ वधै ।

जद दौलजी बोल्यौ—ऊ वैद्य हीयाफूट बुद्धिहीण। उणरौ चंद्र बल खिसगयौ सो सीतंग नौ रोग जाणै नै फेर दूध मिश्री पावै। जद शुद्ध जाब देवा असमर्थ थयौ।

२१. अै किसो लेस्या रा लखण है ?

ऋणहि गांम वालौ जीवौजी। तिण नें किसनदासजी गुमांनजी रौ साध बोल्यौ—साधु में लेस्या ३ भलीज है, माठी लेस्या नहीं। इतलै जोरजी कटारीयौ आयौ। जद किसनदासजी बोल्यौ–औ आयौ जीवला रो भरमायौ। जद जीवोजी बोल्यौ—ऐ किसी लेस्या रा लखण है, थे यूं बोलौ हौ सो।

जद किसनदासजी बंध हो गयौ।

२२. डोरी राख्यां पिण दोष ?

संवत १८७९ रे चोमासा मै पाडिहारी छुरी रात्रि पीपार मै हेमजी स्वामी राखी। भीखणजी स्वामी भारमलजी स्वामी री रीत थी। ग्रहस्थ री थकी पाडिहारी राखता, तिण सूं राखी। जद भेखधारी कदाग्रह घणौ कीयौ। अणहूंतौ दोष बतावा लागा। ऋणहि गांम वाला जीवोजी नै कह्यौ—ग्रहस्थ री थकी पिण छुरी रात्रि राखणी नहीं।

जद जीवोजी बोल्यौ—इण में कांई दोष ?

जद भेषधारी बोल्या—रात्रि माहोमाहि झगड़ौ थाय रीस रै वस छुरी सूं मरै तथा मारे, ए दोष।

जद जीवोजी बोल्यौ–तौ नांगला, डोरयां पिण न राखणी डोरी सूं पिण पासी खाय ऊभा रहै, तौ थांरै लेखै डोरी राख्यां पिण दोष है।

२३. दोय तौ म्हैं कह्या आगै थे कहो

स्वामीजी रा श्रावक नै भेषधारी बोल्या—छै काया रा नाम आवै है ?

जद तिण कह्यौ—आवै है, प्रथीकाय अपकाय इत्यादि नाम कह्या जद भेषधारी बोल्यौ—अे तौ गोत है, नाम कठै है ?

जद उण श्रावक नै २ ई नाम आवता हा सो बोल्यौ—इंदी थावरकाय, बंभी थावरकाय ए-२ नाम कह्या।

जद भेषधारी बोल्यौ—आगै कहौ।

जद ऊ श्रावक बोल्यौ—म्हां कनै सीखण मतै है दोय तौ म्हैं कह्या थांनें आवै तौ आगै कहौ।

२४. सै पूरिया ई पूरिया है

संवत १८५६ रे वर्ष नाथद्वारा मैं भीखणजी स्वामी वाय रा कारण सूं १३ महीनां रै आसरै रह्या। भीलोडा रा ४ जणा आया। पूरौ नाबे रौ १ रतनजी छाजेर २ भैरूंदास चंडाल्यौ ३ एक जणौ फेर अे च्यारूं जणा स्वामीजी सूं घणा दिन चरचा कर नै समझ नै गुरु कीया।

जद हेमजी स्वामी भैरूंदास नै पूछ्यौ—थे थांनक करायौ तिण मैं रहे ते साध कडाई में किसायक ?

जद भैरूंदानजी बोल्यौ—आ सरधा नै औ आचार देखता तौ सै पूरीया ई पूरीया है।

जद हेमजी स्वामी पूछ्यौ—पूरीया कांई ?

जद भैरूंदासजी बोल्यौ—एक गांम रौ ठाकुर तिण रै भक्तां रौ इष्ट। सौ भक्तां नै जीमाय चरणामृत ले पग धोय नै पीये। सो एकदा घणा भक्तां नै जीमाय चरणामृत लैतां पोतारा गांम रौ पूरीयो मेघवाल भक्त थयौ ते पिण त्यां भक्तां भेळौ हुंतौ तिणरौ चरणामृत लेतां मूंहढ़ा साहमौ जोयौ ओलख्यौ।

जद बोल्यौ—पूरीया तूं रे !

जद ऊ बोल्यौ—मौने कांई कहौ ठाकरां ! सै पूरीया ई पूरीया है, कोई माहे सरगड़ौ है, कोई थोरी है, कोई बावरी है, कांई सैंधा रा ईंज लागू हो कांई ?

भैरूंदासजी बोल्यौ—ज्यूं आ सरधा आचार देखता और सै पूरीया सरीषा है।

२५. थुकमथुक्का धक्कमधका पछै छक्कमछक्का

स्वामी भीखणजी संवत १८५७ रै वर्ष भीलोडै पधारया। आचार सरधा री ढाळां राते बखाण मै कहिवा लागा। परषदा घणी आई। केयक नागौरी आदि घणा बखांण उठयां पछै स्वामीजी नै आण दराई काले विहार कियौ तौ तीर्थंकरां नीं आण है।

सील भागै त्यांरा टोला मझे, तिण नै दिख्या दै तांम रे
पिण छोटां रै पगे पाडै नहीं, इसड़ौ करै अज्ञानी काम रे
'तुम्हे जोयजो अंधारौ भेख मैं' आ ढाल थे कही।

सो "किणरौ सील भागौ अनै किणनें बड़ौ राख्यौ" इण बात रौ काळे तार काढणो है। मूंहढा मांहि थी अकबक बोलै, पिण स्वामीजी तौ मूंन राखी।

जद घणराजजी नागोरी बोल्यौ—देवळ री प्रतिमा बैठी ज्यूं बैठा हौ, पाछा बोलौ क्यूं नहीं, तौ पिण स्वामीजी मूंन राखी, जद लातर नै जाता

रह्या। कुसाल बागोर वालौ जद टोळा मै हूं तौ ते बोल्यौ—इण खेत्र मै स्वामीजी रै आवा रौ कांम ईज कांई है ?

जद स्वामीजी बोल्या—औ तौ काचौ ।

स्वामीजी नै घणराज ऊधौ अवळौ बोल्यौ, आ बात सिवदासजी गांधी राणांजी रौ प्रधान फौज मै हुंतौ त्यां सुणनै ओळूभो मेल्यौ । थूं घोटो लेई भीखणजी कनै जाय अजोग बोल्यौ । इसो सूरो है तो फोज साहमो जायनै कजीयो करै नीं । साधां सूं क्यूं कजीयौ करै ।

पछै भैरूंदास चंडाल्यौ बोल्यौ—ऐ आप सूं कजीयौ करै, पिण सर्व थोड़ा दिनां मै आपरा ईज ठैहरता दीसे है । तिण ऊपर एक दृष्टांत सुणौ—दिल्ली में पातसाह राज करै । मूंहढ़ा आगै राव रुघनाथ । अग्रवाल जाति । न्याव, तपास, सर्व काम रो करता । देश मै हुकम प्रसिद्ध है । तिण दिल्ली मै एक गरीब अगरवालौ पोता रा पुत्र ने झुग्गो, टोपी पेयराय सिणगार नै गोद लेई बाजार मै आयो जद किणहि हांसी करी पुत्र नै सिणगारयौ है, सो कांई राव रुघनाथ री बेटी सूं सगपण करवा रौ मतौ है ? जद ओ बोल्यौ—इण बात रो मोसो कांई बाहवे, जाति न्यात सुध हुवै कोई रै धन घणौ ह्वै कोई रे थोड़ो हुवै तौ पिण सगपण रौ अटकाव नहीं, इम कही ते गरीब अगरवालौ राव रुघनाथ री कचेड़ी मैं सैंकड़ां लोक बैठा तिहां आय बोल्यौ—राव रुघनाथ ! तुम्हारी लड़की, हमारा लड़का, सगपण करौ ।"

जद रूघनाथ री कुनिजर देख नै मूंहढ़ा आगला निषेध गाळ्यां बोलनै रैकारा तूंकारा देई बारै काढ़ दीयौ । पाछौ बाजार मै आयौ ।

लोकां पूछ्यौ—सगपण कीयौ ?

जद ऊ बोल्यौ—थुक्कमथुक्का तौ हुआ है ।

बीजे दिन डावरा नै सिणगार गोद लेई, फेर कचेड़ी मै जाय बोल्यौ—राव रुघनाथ ! तुम्हारी लड़की हमारा लड़का सगपण करौ" जद धक्का देई बारै कढ़ाय दीयौ ।

फेर लोकां पूछ्यौ—सगपण कीयौ जद बोल्यौ—धक्कमधक्का तौ हुआ है । हाकौ सुणनै रात्रि मै स्त्री पूछ्यौ—दोय दिन थया कचेड़ी मै बेदो क्यूं हुवै ?

जद राव रुघनाथ कह्यौ—एक दलद्री अगरवालो बेटा नै गोद लेई आय नै कहै—"तुम्हारी लड़की, हमारा लड़का, सगपण करौ ।" इण कारण हाकौ हुवै ।

जद स्त्री पूछ्यौ—डावरौ किसोयक है ?

जद राव रुघनाथ कहै—डावरौ तौ फूटरौ है, पिण घर मै खाली है ।

स्त्रियां कह्यौ—थां जिसो कठा सूं ल्यास्यौ ? थे तौ पातसाह रा काम रा करता, इसौ दूजो नहीं, उणरा घर मै नहीं तौ आपां रा घर मै धन घणौ ई है, सो ऊ धनवंत हुंतौ कांई वेळा लागै ।

इम सुण नै राव रुघनाथ रै पिण हीयै बैठी।

हिवै तीजे दिन ते गरीब अगरवालौ पुत्र नै गोद लेई कचेड़ी मै जाय बोल्यौ—"राव रुघनाथ ! तुम्हारी लड़की, हमारा लड़का, सगपण करो" जद स्त्रियां ऊंची बैठी थी, सो वडारणां नै मैलनै डावरा नै बुलाय लियौ। पुन्यवंत देखनै तिलक कर सगाई कर, गैहणा कपड़ा पैहराय, पालखी बैसांण नै सीख दीधी। घणा लोक साथै, छड़ीदार सिपाई, दास प्रमुख वृन्द सहित बाजार मै होय भारी महिला मै डेरा कराया लाखां रूपीयां सूंप दीया बाजार मै पालखी जाती देखनै लोक बोल्या—थुक्कमथुक्का, धक्कमधक्का वालौ सगपण कर छक्कमछक्का कर आयौ है। इम जाति न्याति सुध हुंतौ तौ सगपण मोटे ठिकांणे हुऔ। भैरूंदास बोल्यौ—ज्यूं आप सुद्ध साधपणौ पाळौ हो सो सर्व आपरै पगां पड़ता दीसै है।

परिशिष्ट

३

फुटकर संस्मरण

दृष्टांत

हेमजी स्वामी मूंहढा सूं एती वारता लिखाई संवत् १९०३ चौमासा में—

१. वचन तौ तीखौ पाल्यौ

सोजत मैं अणंदे पटवै कह्यौ हुंतौ—'इण भीखणीया रौ मूंहढौ न देखूं'। इम बार-बार क्रोध रै बस बोल्यौ। पाप रा उदा थी सात मै दिन आंधौ होय गयौ। लोक बोल्या—वचन तौ अणंदेजी तीखौ पाल्यौ। आंधा होय गया सो भीखणजी रौ मूंहढौ कदे ई देखै नहीं। लोक मै घणी निंद्या पायौ।

२. बचावौ तो थै ई कोई नहीं

पीपार मै मौजीरामजी बौहरा नीं बेटी रै कारण पड़्यौ। जद उरजोजी साध थांनक मै था त्यानै बोलावा आयौ कहै—घरे पधारजै।

जद उरजौजी बोल्या—कांई काम ?

जद मौजीरामजी बोल्या—डाबरी रै असाता घणी। तलफा तौड़ै है, सो कांई जंत्र मंत्र कलवाणी करौ, ज्यूं छोहरी रै साता हुवै।

जद उरजोजी बोल्या—म्हांरै साधां रै करणौ कठै है।

जद मौजीरामजी बोल्या—थे कहौ छौ नी म्हे जीव बचावां छां नै भीखणजी जीव बचावै नहीं। यूं ही कहौ–'जीव बचावां-जीव बचावां, पिण बचावौ तो थै ई कोई नहीं।

३. एक आळ्यौ फेर चाहिजै

जोधपुर मै जैमलजी रै थांनक हुवै जद रायचंदजी बोल्यौ—एक आळ्यौ तौ अठै चाहिजै। सोभाचंद फोफलियौ बोल्यौ—अठै आळ्यौ क्यूं चाहिजै ?

जद रायचन्दजी बोल्या—अठै पोथी पाना पड़्या रहै।

जद सोभाचन्दजी बोल्या—एक आळ्यौ इण जागा फेर चाहीजै।

जद रायचन्दजी बोल्यौ—अठै आळ्यौ क्यूं चाहीजै ?

जद सोभाचन्द बोल्यौ—अठै आपरा महाव्रत पड्या रहसी। गांम-गाँम कठै लीयां फिरौ।

४. तूंतरा-तूंतरा करनै बिखेर दां

भीखणजी स्वामी नीकलीया जद रुघनाथजी जैमलजी नै कह्यौ—आंपे तौ घणा छां अनै अै १३ जणा है। हीमत पकड़ौ तौ तूंतरा-तूंतरा करनै बिखेर दां।

जद जैमलजी बोल्या—"साहिपुरा ना राजा ऊपर राणाजी री फौज आई, कजीयौ करवा लागा। पिण राणाजी री फोज रौ जोर लागौ नहीं, ते कारण एक तौ साहिपुरा नौ कोट भारी, दौली पांणी सूं भरी खाई। माहै तोपां रौ जोर घणौ अनै राणांजी री फौज माहिला झगड़ौ करै ते अमराव पिण साहिपुरा वाळा सूं तोरण मते नहीं। सो छ महीना तांई खपीया लाखां रुपीया उपऱ्या पिण साहिपुरौ हाथ आयौ नहीं। फौज पाछी ठिकांणें गई।" ज्यूं भीखणजी सूं आंपे चरचा करां यांरौ वांसौ करां तौ एक तौ यांरै सूत्रां रौ जोर घणौ, कांम पड्यां सूत्र दिखावै। पोतै आचार में सेठा फेर आंपे माहि रह्या सो आंपां री माहिली वातां जाणै सो यां सू चरचा कीधां आंपां रा तूंतरा-तूंतरा कर नै विखेर देवैला यांरौ तिथ न करा तौ अै सांकडा चालै तौ आंपां रौ ईज जश हुसी। रुघनाथजी रा चेला तीखा चालै है यूं लोक कहसी। इम कही जैमलजी तौ वांसौ न कीयौ। अनै रुघनाथजी वांसौ कीयौ। चरचा ठाम-ठाम करी जद उणांरा श्रावक ईज घणा समझ्या।

५. फकीर वालौ दुपटौ

स्वामीजी नवौ साधपणौ लेवा त्यार थया। जद जोधपुर जैमलजी भेळौ चौमासौ कीधौ। जैमलजी रा साधां रै श्रद्धा बैठी। थिरपालजी फतैचन्दजी आदि रै वले जैमलजी रै पिण श्रद्धा बैठी। अै समाचार रुघनाथजी सुण्या। जद सोजत रा भायां कनै कागद लिखायनै जोधपुर मैल्या। जैमलजी नै कहिवायौ थांरै श्रद्धा भीखणजी री बैठी सुणी है सो थांरा टोळा माहिला चोखा-चोखा साध चोखी-चोखी आर्यां देखसी ते तौ लेसी। बाकी घणां नै लाडै कोडै घर छोड़ाया ते सर्व थांनै रोवसी। नाम तौ भीखणजी रौ हुसी टोळौ भीखणजी रौ बाजसी थांरो नांम पिण विशेष रहै नहीं। फकीर वालौ दुपटौ हुसी। जिम एक फकीर नै दुपटो राजा दीयौ। सो साहूकार नौ बेटौ परणीजै जद फकीर कनै दुपटौ मांग्यौ। जद फकीर बोल्यौ—मोनै जांन सांथै ले जावौ तौ देवूं। जद साहूकार दुपटौ लेई फकीर नै साथे ले लीयौ। हिवै जांन उण गामरै गोरवै ऊतरी। बींद देखवा लोक आया। वींद ने सरावै, गैहणा कपड़ा भारी बींद पिण रूपवंत घणौ, पिण दुपटो तौ घणौ ई भारी। दुपटा नै लोक घणौ सरावै। जद फकीर बोल्यौ-दुपटौ हम गरीब रौ है। जद साहूकार वरज्यो रे! बोल मती सांई! आगै सैहर माहै गया। फेर

लोक वींद री, गैहणा कपड़ा री प्रसंसा करै, पिण कहै, दुपटौ तौ वाह वाह ई है जद फकीर फेर बोल्यौ—दुपटौ तौ हम गरीब रौ है। वले साहूकार वरज्यौ रे सांई ! बोळ मती। इम हिज तोरण रै मूंहढै लोक दुपटा नै सरावै, जद फकीर कहै— दुपटौ तौ हम गरीब रौ है। जद साहूकार जांण्यौ वरज्यौ तौ ही रहै नहीं। जद दुपटौ न्हांख दीयौ, औ थारौ दुपटौ अबै जातौ रहै। "रुघनाथजी जैमलजी नै कहिवायौ। ज्यूं विहाव तौ साहूकार नां बेटा रौ। अनै घणी प्रसंसा दुपटा री ज्यूं साध साधवी तौ थांरा लेसी अनै टोळौ भीखणजी रौ बाजसी ए समाचार सुण नै जैमलजी रा परणांम भाग गया। जद जैमलजी बोल्या—भीखणजी हूं तौ गळा तांई कळ गयौ। पंडतां रै जांणी बरतै है। थे चोखौ पाळौ।

६. बड़ो कर्म है नाम को

जैमलजी जैपुर आया जद फरसरांम कूकरै चौमासा री वीणती कीधी। जद जैमलजी बोल्या—म्हांरौ चौमासौ हुआं वांदवां नैं बाई भाई केई आवै। दुर्बल पिण केई आशा धरनै आवै सो थांसूं सभै नहीं। तिण कारण अठे चौमासौ करण रौ अवसर नहीं। जद फरसराम बोल्यौ—आ हजार रुपीयां री थैली आपरा पाट हेठै आंण मेली है। फेर चाहीजै तौ पिण अटकाव नहीं। पिण चौमासौ अठै करौ। पछै चौमासौ जैपुर जैमलजी कीधौ। सांमीदासजौ जैपुर चौमासौ कीयौ। हिवै पज्जुसण संवच्छरी आयां पोसां री खांचाखांच घणी मंडी। केई तौ जैमलजी कांनी ले जावै नै केई सांमीदासजी कांनी ले जावै। इम करता सौ पोसा तो जैमलजी रै थया नै सो पोसाई सांमीदासजी रै थया। एक भायौ पोसौ करण आयौ आथण रौ। जद खांच नै सामीदासजी कांनी ले गया। प्रभाते गिणीया सौ जैमलजी रे तौ पोसा १०० हुआ। अनै सांमीदासजी रै १०१ थया। जद जैमलजी बोल्या—

धर्म तौ छै जिम छै, बड़ौ कर्म है नांम कौ।
एक भाया नै खांचतां, सिक्को रहि गयौ सांम कौ।

७. जांण्यौ एक मुसलौ वधतौ मार्‌यौ

नगजी जाति रौ गूजर। तिण घर छोड़ नै भेष पहिरचौ। ते दोनूं गुरु चेला विहार करता थका करेड़ै आवै। मारग मैं एक चोर उठ्यौ। सो गुरां रा तौ कपड़ा खोस लीया। नगजी रा लेवा लागौ। जद नगजी बोल्यौ—थां कनै तरवार है म्हारै लोह रौ संघट्टौ करणौ नहीं। सौ शस्त्र अलगा मेल दै। जब तिण शस्त्र दूरा मेल्या। कपड़ा लेवा आघौ आयौ। जद नगजी चोर रा दोनूं बाहुंड़ा पकड़्या। पछै कूटवा लागौ जद तिणरौ गुरु बोल्यौ—रे ! अनर्थ करै। मनुंष मारै है। जद नगजी बोल्यौ—यूं साधां नै खोसै जद विचरसा

किसतरै सूं । म्हें तौ घर में ई घणा ई मुसला मार्‍या था जांण्यौ एक मुसलौ बधतौ मार्‍यौ । एक तेलौ प्राछित रौ उरहौ लेसूं । पिण इणनै तौ छोडूं नहीं । पछै गुरु घणौ कह्यौ मार मती । जद कमडरी दोरी सूं दोनूं हाथ पूठै बांध गांम रै गोरवै आंणनै छोड़ दीयौ ।

८. भीखणजी रौ साध तौ एकलो नहीं फिरै

रूपचंद छोटौ । स्वामीजी रा दर्शण करवा आंवतो मार्ग मै ताराचंदजी स्वामी मिल्या । त्यां पूछ्यौ—थे किणरा साध ? जद रूपचंद बोल्यौ—हूं भीखणजी रौ ज ।

जद ताराचंदजी बोल्या—भीखणजी रौ साध तौ एकलौ नहीं फिरै । जद रूपजी बोल्यौ–हूं टोळा बारै छूं । मो में साधपणौ कोई नहीं, मौनैं वंदणा करौ मती । इम कहिनैं आघौ चाल्यौ । मारग मैं चोर उठ्यौ । तरवार काढ नें कहै—कपड़ा न्हांख दै । जद रूपजी पात्रा दिखाया । जब चोर बोल्यौ—कमडि खोल । जद रूपजी त्रिसूल चढाय मूंछां रौ केश तोड़नै बोल्यौ—इण पींपलरा पेड़ आगै जावा देऊं तौ असल गुरु नों मूंड्यौ ई नहीं । जद चोर न्हास गयौ । पछै रूपजी बड़ी रावळिया जाय सामी भीखणजी रा दर्शण कीया पछ रूपजी इद्रगढ़ गयौ । तेहनौ विस्तार तौ घणौ है ।

हेम दृष्टांत

मुनि हेमजी ने गृहस्थ अवस्था में अनेक व्यक्तियों से चर्चा की। प्रश्नों के उत्तर दिये। उन उत्तरों को उन्होंने स्वयं लिखाया। वे इस प्रकार हैं—

१. क्या इतनी चर्चा ही मुझे नहीं आती?

हेमजी के वेषधारियों से स्वयं चलाकर पहले बोलने का त्याग था। वैसी स्थिति में अमरसिंहजी के स्थानक में जाकर खड़े हो गए।

साधुओं ने पूछा—कहां के हो?

हेमजी स्वामी बोले—सिरियारी का हूं।

इतना कहकर उनसे चर्चा के रूप में प्रश्न पूछा—सामायक जीव या अजीव? तब वह साधु बोला—भीखणजी के श्रावकों से चर्चा करने की मेरे गुरु की आज्ञा नहीं है।

बीच में दूसरी बात करके थोड़ी देर के बाद हेमजी स्वामी ने पूछा—तुम्हारा ओघा (रजोहरण) जीव है या अजीव?

तब वह बोला—इतनी चर्चा ही मुझे नहीं आती क्या? ओघा अजीव है।

तब हेमजी स्वामी बोले—तुम कहते थे न भीखणजी के श्रावकों से चर्चा करने की मेरे गुरु की आज्ञा नहीं है, तो अब यह ओघे की चर्चा क्यों बतलाई? या यों मानूं कि सरल प्रश्न तो बतला दिया और कठिन प्रश्न नहीं आता तब कहते हो—मेरे गुरु की आज्ञा नहीं। इस प्रकार निरुत्तर कर वापस आ गए।

२. नरक में भी अजीव जाएगा?

सिरियारी में टीकमजी से पूछा—जीव मारे, वह धर्म या पाप?

टीकमजी बोले—पाप।

फिर पूछा—झूठ बोले वह धर्म या पाप?

टीकमजी बोले—पाप।

चोरी करे, वह धर्म या पाप?

टीकमजी ने कहा—पाप।

फिर पूछा—मैथुन, परिग्रह सेवन करे यावत् १८ पाप सेवन करे वह धर्म या पाप?

टीकमजी बोले—पाप।

तब फिर हेमजी स्वामी ने पूछा—पाप जीव या अजीव?

टीकमजी—पाप तो अजीव है।

तब हेमजी स्वामी ने कहा—तुम्हारे कथनानुसार अजीव जीव को मारे, अजीव झूठ बोले, अजीव चोरी करे, अजीव स्त्री का सेवन करे, अजीव ही परिग्रह यावत् अठारह पाप का सेवन करे, तो नरक में भी अजीव जाएगा?

तब टीकमजी बोले—भीखणजी ऐसा कहते हैं और हम ऐसा कहते हैं यह कहकर झूठ बोलकर काम निकाला।

३. मेरे से क्या चर्चा करते हो ?

भारीमालजी स्वामी के बाबे का बेटा भाई। उसका नाम था डूंगरसी। वह अमरसिंहजी की सम्प्रदाय में साधु बना। वह सिरियारी आया। उसका आकार, शरीर, भारमालजी स्वामी जैसा लगता था। हेमजी स्वामी उससे चर्चा पूछने लगे, तब वह बोला—मैं तो भारमालजी का भाई हूं, मेरे से चर्चा क्या करते हो ?

तब हेमजी स्वामी बोले—ठीक है तुम्हारे से चर्चा नहीं करूंगा। उत्तम पुरुषों का नाम और शरण लेने पर उससे चर्चा नहीं की।

४. क्या समझकर बतलाया ?

(हेमजी स्वामी) पाली में टीकमचन्दजी के पास चर्चा करने गये। स्थानक में मकोड़े को चलते देखकर उनका सवाई नामक साधु बोला—हेमजी ! मकोड़ा······· मकोड़ा···········

तब टीकमजी बोले—हेमजी ! इसने तुमको मकोड़ा बतलाया, इसको क्या हुआ ?

तब हेमजी स्वामी ने कहा—मुझे पाप से बचाने के लिए बताया या मकोड़े पर मोह आ गया इसलिए बताया ?

टीकमजी बोले—हेमजी को पाप लगेगा, यह समझकर पाप से बचाने के लिए बतलाया।

तब हेमजी स्वामी ने सवाई से पूछा—तुमने क्या समझकर बतलाया ? 'मकोड़ा बेचारा मर जाएगा' यह समझकर बतलाया क्या ?

तब सवाई बोला—मैंने तो बेचारा मकोड़ा मर जाएगा, यह समझकर बतलाया।

तब हेमजी स्वामी ने टीकमजी से कहा—तुम दूसरों के बदले में झूठ क्यों बोलते हो ? यह तो कहता है—मकोड़े के लिए और तुम कहते हो पाप से बचाने के लिए, इस हिसाब से यह झूठ क्यों बोला ? इस प्रकार निरुत्तर कर स्थान पर आए।

५. हेमजी चर्चा करोगे ?

हेमजी स्वामी ने दीक्षित होने के बाद चर्चा की, वह इस प्रकार है—सं० १८५५ में भिक्षु १ भारमल २ खेतसीजी ३ और हेमजी स्वामी ४। इन चार साधुओं ने पाली में चातुर्मास किया। उसके बाद श्रावण मास में केलवे के चपलोत उदैरामजी ने पाली में आकर दीक्षा ली, तब ५ साधु हुए। हेमजी स्वामी और उदैरामजी 'लोढ़ा के वास' में गोचरी गए। मुकन दांती ने कहा—गुरुजी को कहो कि टीकमजी से चर्चा करे। तब हेमजी स्वामी ने कहा—टीकमजी का मन हो तो मेरे से ही चर्चा करो। तब मुकन दांती ने कहा—तुम टीकमजी से चर्चा करोगे ?

मुनि हेमजी—हां करने का विचार है।

टीकमजी बहुत से लोगों के साथ वास के आगे खड़े थे। वहां गोचरी करके मुनि हेमराजजी आये, तब टीकमजी ने पूछा—हेमजी ! चर्चा करोगे ?

तब हेम मुनि ने कहा—तुम्हारा मन हो तो करने का विचार है, यह कहकर चर्चा छेड़ते हुए कहा—नव पदार्थ में सावद्य कितने ? निरवद्य कितने ? न सावद्य, न निरवद्य ऐसे कितने ?

तब टीकमजी बोले—जीव और आश्रव सावद्य निरवद्य दोनों, अजीव पुण्य, पाप, बंध, सावद्य निरवद्य दोनों नहीं, संवर, निर्जरा, मोक्ष निरवद्य। यह टीकमजी की मान्यता नहीं पर उनको तेरह द्वार का थोकड़ा कंठस्थ था इस कारण अपना पल्ला छुड़ाने के लिए यह उत्तर दिया।

तब हेमजी स्वामी ने पूछा—आश्रव जीव या अजीव ?

टीकमजी—आश्रव अजीव।

तब हेमजी स्वामी ने कहा—तुम आश्रव को अजीव कहते हो तो पहले आश्रव को सावद्य निरवद्य दोनों कहा और अजीव को सावद्य निरवद्य एक ही नहीं कहा, उस हिसाब से तो आश्रव अजीव नहीं ठहरा। ऐसा कहने पर निरुत्तर हो गए। सही उत्तर देने में असमर्थ होते हुए भी बोले—मैं कहता हूं वैसे ही सूत्र भगवती में है। तब जती नायकविजयजी ने उपाश्रय में से भगवती लाकर सौंपी। तब टीकमजी ने भगवती के बारहवें शतक के पांचवें उद्देशक के उन पाठों को निकाला—जिनमें क्रोध, आशा, तृष्णा, रूद्र और चंड में वर्णादिक १६ बोल बतलाए हैं। तब हेमजी स्वामी बोले—तुमने पहले कहा 'आश्रव सावद्य निरवद्य दोनों हैं और अजीव' वैसे बताओ। पर वैसा पाठ निकला नहीं।

६. दूसरी चर्चा करो

उसके बाद जती नायकविजय उनको उपाश्रय में ले गया। हेमजी स्वामी पूर्व दिशाभिमुख तथा टीकमजी पश्चिम दिशाभिमुख बैठे।

लोग बोले—इस चर्चा में तो हमें कुछ समझ में नहीं आता। दूसरी चर्चा करो। टीकमजी ने भी कहा—दूसरी चर्चा करो।

तब हेमजी स्वामी ने कहा—पहली चर्चा का ही उत्तर दो। इस प्रकार अनेक बार आमने-सामने कहना पड़ा।

उसके बाद टीकमजी बोले—भगवान् ने गोशालक को बचाया उसमें क्या हुआ ?

हेमजी स्वामी बोले—आगम में कहा है, वही सही है।

तब टीकमजी ने भगवती का पाठ निकाला पर अनुकंपा के लिए गोशालक को बचाया। इस पाठ का अर्थ पढ़कर नहीं सुनाया।

हेमजी स्वामी बोले—इस पाठ के अर्थ को क्यों नहीं पढ़ रहे हैं ?

फिर भी टीकमजी ने अर्थ नहीं पढ़ा।

तब जती नायकविजयजी बोले—इधर लाओ, मैं पढ़ता हूं, यह कहकर पत्र हाथ में लेकर पढ़ने लगे—गोशालक का संरक्षण भगवान् ने सरागपन के कारण—दयार्द्र

---

१. भगवती शतक १२ सू० १०३—१०७।

होकर किया किन्तु सर्वानुभूति और सुनक्षत्र मुनि का संरक्षण वीतराग तथा लब्ध्युपजीवी न होने के कारण नहीं करेंगे यह अर्थ पढ़कर सुनाया। तब हेमजी स्वामी बोले—यहां तो सरागपन के कारण गोशालक को बचाया यह कहा है।

तब जतीजी ने भी कहा—यहां तो सरागपन कहा है।

तब टीकमजी बोले—भगवान् ने तपस्या की वह भी सरागपन में की। तब हेमजी स्वामी बोले- तपस्या सरागपन कहां है ? तपस्या तो क्षयोपशम भाव है। वीतरागपन का नमूना है। तब टीकमजी कुछ जवाब नहीं दे सके और निरुत्तर हो गए।

७. हम क्यों जाएं ?

किसी ने भीखणजी स्वामी से कहा—लोढ़ों के उपाश्रय में हेमजी टीकमजी से चर्चा कर रहे हैं। लोग बहुत इकट्ठे हो गए हैं इसलिए आप पधारें। स्वामीजी ने कहा—हम क्यों जाएं ? जय होगी तो अच्छी ही है। अगर हार जाएगा, तो दूसरी बार चर्चा करता रहेगा।

इतने में दो बालक जेतसी और इंदोजी दौड़ते हुए आकर स्वामीजी से बोले—उपाश्रय की चर्चा में हमारी विजय हुई। टीकमजी निरुत्तर हो गए।

८. भीखणजी उपकार को मानते हैं

कस्तूरमल जालोरी ने प्रश्न पूछा—मूंगों से भरी कोठी में बहुत से जीव पैदा हो गए, अब क्या करना चाहिए ?

तब टीकमजी ने कहा—जीवशाला में एक तरफ रख देने चाहिए। हेमजी स्वामी से पूछा—आप क्या कहते हैं ?

मुनि हेम—हम तो कहते हैं—कोठी के हाथ ही नहीं लगाना, मूंगों का स्पर्श ही नहीं करना, यह कहकर अनुकंपा चौपी की 'द्रव्ये लाय लागी, भावे लाय लागी' इस ढाल की काफी गाथाएं सुनाई। उसमें कहा—"कूआ बारै, लाय बारै काढै, सो औ तौ उपगार कीयौ इण भव रौ"—अर्थात् कुअें में गिरे हुए अथवा लाय में फंसे हुए व्यक्ति को कोई बाहर निकालता है, तो यह इस भव संबंधी (लौकिक) उपकार है। इस पद को सुनकर लोग बोले—भीखणजी भी उपकार को मानते हैं। तब मुनि हेम ने कहा—इस उपकार को तो मानते हैं। तब लोग खूब प्रसन्न हुए। इतने में चतुराशाह आकर बोले—अच्छी चर्चा हुई। परस्पर प्रेम रहा। अब पधारो। तब अपने स्थान पर पधार गए। स्वामीजी को सारे समाचार सुनाए। स्वामीजी सुनकर अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने इस चर्चा को पत्र में लिख दिया।

९. तुम्हारी श्रद्धा तुम्हारे पास, हमारी श्रद्धा हमारे पास

पाली के बाहर शौचार्थ गए उस समय हेमजी स्वामी से टीकमजी बोले—तुम्हारे अनुकंपा नहीं है। तुम जीवों को बचाते नहीं हो।

तब हेमजी स्वामी ने कहा—हमारे यहां अनुकंपा बहुत गहरी है। भगवान् ने जैसे कहा है, उसी तरह हम हिंसा छुड़ा देते हैं। तुम लोग कहते हो, हम बलपूर्वक

बचाते हैं, तो सामने यह हरा घास ऊगा है, गाय आकर इसे खाने लगी, तुम देख रहे हो तो इसको छुड़ाओगे या नहीं ? तब उत्तर अटक गया। मुस्कुराकर बोले—'तुम्हारी श्रद्धा तुम्हारे पास, हमारी श्रद्धा हमारे पास' यह कहकर चलते बने।

१०. किसके सम्प्रदाय की ?

जोधपुर में कुछ इतर सम्प्रदाय की साध्वियों को मुनि हेम ने पूछा—तुम किसकी सम्प्रदाय की हो ? तब वे तमक कर बोली—तुम्हारे गुरु का शिर मूंडा, उनके संप्रदाय की।

तब हेमजी स्वामी ने कहा—मेरे गुरु का मस्तक तो सबसे पहले नाई ने मूंडा था तो क्या तुम नाई के टोले की हो ? तब खीसियानी-सी होकर वहां से चली गई।

११. तुम तो जीवित बैठे हो ?

सं० १८७८ के वर्ष नाथद्वारा में रुघनाथजी के साधु बोले—तुम स्थानक बनाने को दोष बतलाते हो, तो भारमलजी स्वर्गस्थ हुए, तब बैंकुठी बनाई। ग्यारह सौ रुपये लगाए, यह तुम्हें कितना पाप लगा ? तब मुनि हेमजी ने कहा—उनको तो दिवंगत होने के बाद बैंकुठी में बिठाया, उस कारण साधुओं को पाप नहीं लगा। उसी तरह तुम्हें भी दिवंगत होने के बाद स्थानक में बिठाए तो तुम्हें भी पाप न लगे पर तुम तो जीवित स्थानक में बैठे हो अतः तुम्हें पाप लगता है। यह सुनकर हड़····हड़····हंसने लगे।

१२. हिंसा में धर्म कहां ?

वीलावास में एक देहरावासी (मूर्तिपूजक) बोला—हिंसा के बिना धर्म होता ही नहीं, अगर होता हो तो बतलाओ ?

तब हेमजी स्वामी बोले—तुम यहां बैठे हो और वैराग्य से यावज्जीवन तक हरियाली खाने का त्याग कर दिया, यह धर्म हुआ कि नहीं ?

तब वह बोला—यह तो धर्म हुआ।

तब हेमजी स्वामी बोले—यहां क्या हिंसा हुई ? तथा तुमने यहां बैठे ही वैराग्य से शीलव्रत स्वीकृत किया तो यह धर्म हुआ, यहां क्या हिंसा हुई ? इस प्रकार हिंसा के बिना तो धर्म होता है पर हिंसा में धर्म होने की बात तो कहीं रही, हिंसा से तो धर्म समाप्त होता है। कहीं पर साधु आये, उन्हें देखकर गृहस्थ बहुत प्रसन्न हुआ। आहार आदि देने के लिए उठा। हर्ष से आते समय एक सचित्त दाने पर पैर लग गया तो साधु उससे नहीं वहरते। इतनी-सी हिंसा से ही धर्म नहीं रहा।

१३. इतना अंतर क्यों ?

पाली में संवेगी सम्प्रदाय के श्रावक बोले—भावी तीर्थंकर को वन्दना करनी चाहिए।

तब हेमजी स्वामी बोले—तुम प्रतिमा बनाने के लिए पाषाण लाए, उस पाषाण की प्रतिमा होने वाली है, उस पाषाण को वन्दना करते हो या नहीं ? इसका उत्तर नहीं दे सके।

फिर उनसे कहा—प्रतिमा बन गई, पर उसकी प्रतिष्ठा नहीं हुई तो उसको वंदना नहीं करते हो, प्रतिष्ठा होने के बाद कौन सा गुण बढ़ा ? (भावी) तीर्थंकर का जीव नरकादिक में या गर्भ में है, तो भी उनको वंदना करते हो और पाषाण लाए उसकी प्रतिमा बना ली पर प्रतिष्ठा नहीं हुई, तो भी वंदना नहीं करते। 'जिन प्रतिमा जिन सारखी', अर्थात् जिन प्रतिमा को जिन जैसी मानते हो तो फिर इतना अन्तर क्यों ?

१४. हमें अकल्पनीय नहीं लेना है

हेमजी स्वामी एक घर में गोचरी गए। तब दूसरी घरवाली ने किंवाड़ खोल दिया। उससे पूछा तो बोली—मैंने नहीं खोला। किंवाड़ की सांकल को हिलती देखकर बोले—सांकल हिल रही है इससे तो ऐसा लगता है कि तुमने अभी किंवाड़ खोला है। तब वह बोली—आप तो पूछताछ बहुत करते हैं, दूसरे ऐसे नहीं करते। तब हेमजी स्वामी बोले—बहन ! हमें अकल्पनीय नहीं लेना है न ?

१५. पुनियां तो बर्तन में काफी है

हेमजी स्वामी गोचरी गए। एक बहन ने किंवाड़ खोल दिया। उससे किंवाड़ खोला ?

तब वह बोली—मैं तो सूत कात रही थी अतः पुनी के लिए खोला है, आपके लिए नहीं।

तब हेमजी स्वामी ने उसके पुनी रखने वाले बर्तन को देखा। उसमें काफी पुनियां देखकर कहने लगे—बहन ! तूने कहा—पुनी लाने के लिए खोला, पर लगता है, इस बर्तन में काफी पुनियां हैं। ऐसा कहने पर वह सहम गई।

१६. क्या त्याग करूं ?

सीहवा गांव में मानजी खेतावत को कहा—रात में खाने का त्याग करो। तब मानजी बोले—रात्रि-भोज का त्याग करूं तो चन्द्रमा नाराज हो जाए। दिन में खाने का त्याग करूं तो सूर्य अप्रसन्न हो जाए। अब क्या त्याग करूं ?

तब हेमजी स्वामी बोले—अमावस की रात में चांद-सूरज दोनों ही नहीं रहते। उसमें खाने के त्याग करो। तब वह बोला—ठीक है, त्याग करवा दो।

१७. यह मनोरथ तो फलित होता नहीं लगता

चेलावास में हीरजी नामक जती को उलटी-सीधी चर्चा करते देखकर हेमजी स्वामी ने कहा—हीरजी ! अगर तुम्हें राजाजी आज्ञा दे दे—'तुम्हारा मन हो वैसे करो' तो तुम क्या करो ? तब हीरजी बोले—ढूंढियों को तो एक ही न रखूंगा, सबको अपने हाथ से मारूंगा। हेमजी स्वामी बोले—मुझे तो छोड़ देना। अपने तो आपस में प्रेम है।

हीरजी बोले—सबसे पहले तो तुम्हें ही मारूंगा।

तब हेमजी स्वामी बोले—यह तो तुम्हारे मन का मनोरथ फलित होता नहीं लगता, फिर यह ख़राब भावना क्यों रखते हो ?

१८. क्या समझते हो ?

जोधपुर में किसी ने पूछा—विजयसिंहजी (नरेश) ने अमारी पडह पशु वध न करने की घोषणा करवाई। उसका उन्हें क्या हुआ ?

तब मुनि हेम बोले—ये मानसिंहजी जलंधरनाथजी की पूजा करते हैं, उसको तुम क्या समझते हो ? (श्रद्धते हो) तब वापस प्रत्युत्तर नहीं दे सके।

१९. अव्रत दायीं तरफ या बायीं तरफ ?

एक इतर सम्प्रदाय के साधु ने सिरियारी में पूछा—भीखणजी ने जोड़ की है—

"साध नैं श्रावक रतनां री माला, एक मोटी दूजी नान्ही रे।
गुण गूंथ्या च्यारूं तीरथ ना, अव्रत रह गई कानी रे ॥ चतुर०

(साधुपन और श्रावकपन रत्नों की माला है, एक बड़ी और दूसरी छोटी। वह कथन चार तीर्थ के गुण ग्रंथन की दृष्टि से हैं। इससे अव्रत एक ओर रह गई।) तो यह अव्रत बायीं ओर रही या दायीं ओर ?

तब मुनि हेमजी स्वामी ने कहा—जीव के असंख्यात प्रदेशों में अव्रत है और असंख्यात प्रदेशों में ही व्रत है। गुण पृथक्-पृथक् है। व्रत से अव्रत अलग है, इस अपेक्षा से अलग कही है।

२०. तीन मिच्छामि दुक्कडं

सं० १८७५ पाली में गोचरी जाते समय हेमजी स्वामी को संवेगी साधु रूपविजय ने उपाश्रय की खिड़की से आवाज दी—हेम ऋषि ! आओ, हेम ऋषि ! आओ, चर्चा करें। मुनि हेम आकर बैठ गए। संवेगी सम्प्रदाय के लोग काफी इकट्ठे हुए।

रूपविजय बोले—मुंह किसलिए बांधा है ?

हेमजी स्वामी—दया के लिए।

रूपविजय—दया किसकी ?

हेमजी स्वामी—दया वायुकाय की।

रूपविजय—वायुकाय के जीवों के शरीर चार स्पर्शी है या आठ स्पर्शी ?

हेमजी स्वामी—आठ स्पर्शी।

रूपविजय—भाषा के पुद्गल चार स्पर्शी है या आठ स्पर्शी ?

हेमजी स्वामी—भाषा के पुद्गल चार स्पर्शी।

रूपविजय—चार स्पर्शी से आठ स्पर्शी की हिंसा कैसे ? पुनी ऊपर पड़ने से पाडी (भैंस की बछड़ी) मरती है ?

हेमजी स्वामी—पूनी पड़ने से पाडी नहीं मरती पर सौ मण की शिला पड़ने से तो पाडी मरती है, वैसे ही भाषा बोलते समय आठ स्पर्शी अचित वायु पैदा होती है, उस आठ स्पर्शी नयी वायु से वायुकाय के जीव मरते हैं। ऐसा कहने पर रूपविजय को उत्तर नहीं आया। तब फिर रूपविजय बोला—ऐसे जीव मरे तब तो तीन स्थानों को बांधो। १. नीचे का स्थान २. मुंह और ३. नाक।

मुनि हेम—ठीक है। छींक आए तब मुख पर हाथ देना बतलाया है।

'छीए, जंभाइए, वायनिसग्गेणं' यह पाठ 'तस्सउत्तरी' (आवश्यक) सूत्र में कहा है या नहीं ?

रूपविजय—कहा तो है। इस चर्चा में भी निरुत्तर हो गया। तब रूपविजय फिर बोले—जीव मारने से नहीं मरता, जलाने से नहीं जलता, काटने से नहीं कटता, बाढ़ने से नहीं बढ़ता। इस प्रकार जब जीव नहीं मरता है, तब हिंसा कैसे लगे ?

तब हेमजी स्वामी बोले—भगवती सूत्र में कहा गया है—आधाकर्मी आहार आदि भोगने से छह काया का घाती कहा जाता है और निर्दोष भोगने से छह काया का दयावान कहा जाता है।

अगर जीव मारने से न मरे, तो आधाकर्मी भोगने से छह काय का घाती क्यों कहा ? यहां भी रूपविजय निरुत्तर हो गए।

फिर हेमजी स्वामी ने कहा—अगर उघाड़े मुख बोलने में वायुकाय की हिंसा नहीं मानते हो तो मुख के आगे वस्त्र क्यों रखते हो ?

रूपविजय—हम तो वचन-शुद्धि के लिए मुखवस्त्रिका रखते हैं।

हेमजी स्वामी बोले—वचन-शुद्धि अधूरी क्यों ? कभी तो मुखवस्त्रिका मुख के आगे रहती है और किसी समय पूरी यतना नहीं रहती, उघाड़े मुख बोलते हो, इसलिए वचन-शुद्धि भी पूरी नहीं।

फिर हेमजी स्वामी बोले—गौतम ने भगवान् महावीर से पूछा—इन्द्र भाषा बोलता है, वह सावद्य या निरवद्य ? भगवान् ने कहा—इन्द्र उघाड़े, मुख बोले वह तो सावद्य और मुख के आगे हाथ या वस्त्र रखकर बोले वह निरवद्य।" भगवती में यह बात कही है या नहीं ?

रूपविजय बोला—कही तो है। यहां भी रूपविजय निरुत्तर हो गया। फिर हेमजी स्वामी ने प्रश्न पूछा—नव पदार्थ में सावद्य कितने, निरवद्य कितने ? सावद्य निरवद्य नहीं, कितने ?

नव पदार्थ में जीव कितने ? अजीव कितने ?

नव पदार्थ किसे कहते हैं ?

छव द्रव्य किसे कहते हैं ?

तब रूपविजय बोला—इसका क्या ? धर्मास्तिकाय अधर्मास्तिकाय—ये तो पुद्गल हैं।

तब हेमजी स्वामी ने कहा—लो 'मिच्छामि दुक्कडं' धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय पुद्गल कहां है ? पुद्गल तो रूपी है और ये अरूपी है।

फिर रूपविजय बोला—काल जीव-अजीव दोनूं है।

हेमजी स्वामी बोले—दूसरा 'मिच्छामि दुक्कडं' फिर लो। काल जीव अजीव दोनों कहां है ? जीव अजीव दोनों पर काल वर्तता है पर काल तो अजीव है। यह सुन रूपविजय गर्म हो गया। हाथ कांपने लग गए। तब हेमजी स्वामी बोले—तुम्हारे हाथ कांप क्यों रहे हैं ? हाथ तो चार कारणों से कांपते हैं—१. कंपन वायु से, २. क्रोध के कारण, ३. काम/विषय की प्रेरणा से अथवा ४. चर्चा में पराजित होने से यह सुनकर विशेष रोष में आ गया। लोग बहुत इकट्ठे हुए। इतने में इधर के श्रावक भी आये। माईदासजी खैरवा वाला बोला—अब उठो। हेमजी स्वामी जब उठने लगे तब रूपविजय ने पल्ला पकड़ लिया और बोला—चर्चा करें।

तब हेमजी स्वामी बोले—पहले वाले 'मिच्छामि दुक्कडं' लो, उसके बाद फिर चर्चा करें।

तब रूपविजय बोले—बाद में लूंगा।

तब हेमजी स्वामी बोले—तुम समझते हो मैं पण्डित हूं पर चौदह पूर्वधारी भी वचन में स्खलित हो जाते हैं। यह कोई ऐसी बात नहीं इसलिए मिच्छामि दुक्कडं स्वीकार कर लो।

तब बोला—अपन साथ में स्वीकार करेंगे। तब हेमजी स्वामी बोले—जो वचन में स्खलित हो उसको मिच्छामि दुक्कडं आता है नहीं चुके उसको नहीं आता।

तुम स्खलित हुए इसलिए तुम्हें तो 'मिच्छामि दुक्कडं' आएगा पर मैं त्रुटि नहीं करूंगा तो मुझे किस कारण से आएगा ?

इसलिए मिच्छामि दुक्कडं ले लो। फिर भी 'मिच्छामि दुक्कडं' नहीं लेता है। फिर बोले—अब उठो।

फिर उठने लगे तब रूपविजय ने रजोहरण पकड़ लिया। तब हेमजी स्वामी बोले—तुम्हें तो क्षमावान सुना है, तुम ऐसे क्या करते हो ?

रूपविजय बोले—तुम जाओ मत, चर्चा करो।

तब हेमजी स्वामी बोले—पहले वाले 'मिच्छामि दुक्कडं' लो, फिर चर्चा हो।

तब बहुत लज्जित और हैरान हो गया।

लोगों ने कहा—अब उठो।

तब हेमजी स्वामी बोले—तुम कहो तो अब हम जाएं।

तब रूपविजय बोले—तुम्हें असंयति को हम जाने का कैसे कहेंगे ?

तब हेमजी स्वामी बोले—हमको असंयति समझते हो तो, जाने का नहीं कहना तो आओ हेम ऋषि ! आओ हेम ऋषि ! ऐसे आने का कहकर कैसे बुलाया ?

इस हिसाब से तीसरा 'मिच्छामि दुक्कडं' तुम्हारे कथन के अनुसार फिर आएगा। इस प्रकार रूपविजय को निरुत्तर कर वापस स्थान पर आए। जिन मार्ग का बहुत उद्योत हुआ।

२१ क्या चर्चा करने का मन है ?

सं० १८४९ के वर्ष मुनि हेमजी स्वामी (गृहस्थावास में) और भीमजी कांठेड़ दोनों भीलवाड़ा में शीतलदास की सम्प्रदाय के हीरजी के पास जा खड़े हुए।

तब हीरजी ने पूछा—तुम किस गांव के हो ?

तब भीमजी बोले—हम सिरियारी के।

उन्होंने पूछा—तुम्हारे गुरु कौन हैं ?

तब भीमजी बोले—भीखणजी के साधु वहां है, उनके पास भी जाते हैं और वहां जयमलजी की साध्वियां हैं उनके पास भी जाते हैं।

उसके बाद हेमजी स्वामी से पूछा—तुम्हारे गुरु कौन ?

तब हेमजी स्वामी ने अपने लहजे में ऊंचे स्वर में कहा—मेरे गुरु हैं पूज्य श्री

भीखणजी स्वामी। तब हीरजी बोले—ऐसे ऊंचे बोलते हो तो क्या चर्चा करने का मन है ?

हेमजी स्वामी बोले—तुम्हारा मन हो तो भले ही करो न ?

हीरजी ने पूछा—गायें घर में जल रही थीं उस घर का द्वार खोला, उसको क्या हुआ ?

तब हेमजी स्वामी बोले—तुम द्वार खोलो या नहीं ?

हीरजी बोले—हम तो द्वार खोल दें।

हेमजी स्वामी—हम तो कहते हैं—यह भावना ही खराब है—'कब गायें जले और मैं बाहर निकालूं', "साधु आए तो मैं व्याख्यान सुनूं, आहार-पानी बहराऊं, सामायिक पौषध करूं" यह भावना तो अच्छी है, पर गायों के जलने की तो भावना ही खराब है।

तब हीरजी निरुत्तर हो गये। इस चर्चा को छोड़कर दूसरी चर्चा करने लगे। भीखणजी कहते हैं—"थोड़े दोष से साधुपन भंग हो जाता है" यह बात सही नहीं है। उदाहरण के रूप में—

एक साहूकार की परदेश से माल से भरी हुई जहाजें आईं। उसमें ४८ कोठरियां माल से भरी हुई थी। इतने में एक याचक आया। साहूकार की विरदावलियां यशो-गाथा गाई। तब साहूकार प्रसन्न हुआ। उसने सभी अड़तालीस कोठरियों की चाबियां सामने रख दीं और बोला—एक चाबी उठा ले, उस कोठरी में जो माल निकले वह तेरा।

तब उसने एक चाबी उठाई खोलकर देखा तो उस कोठारी में रस्से भरे हैं। वापिस आकर बोला—सेठजी ! उसमें तो रस्से भरे हैं, उससे क्या मैं फांसी लूं ?

तब दूसरी बार साहूकार उस चाबी को सब चाबियों के साथ में डालकर बोला—अब उठाओ। तब उसने फिर चाबी उठाई। पर इस बार भी वही की वही चाबी हाथ आई। कोठरी देखकर वापिस आकर बोला—सेठजी ! उसी कोठरी की चाबी हाथ में आई है। मेरे भाग्य में ये रस्से ही हैं।

तब साहूकार ने मुनीमों से पूछा—जांच करो, इन रस्सों के कितने रुपये लगे हैं ? तब मुनीमों ने खाते देखकर कहा—४८ हजार रुपये लगे हैं। वे रस्से जहाज के थे। तब सेठ ने उसको ४८ हजार रुपये दिये। हीरजी बोले—उन रस्सों के ही ४८ हजार रुपये आये तब जहाज के अन्दर का माल तो कई लाख रुपयों का होगा ? वैसे ही जहाज के माल के सामान साधुपन, रस्सों के पैसों के समान दोष। उन थोड़े-से दोषों से साधुपन समाप्त कैसे हो ?

तब हेमजी स्वामी बोले—८१ तख्तों की जहाज पर उसमें बीच का एक तख्ता नहीं। बैठने वाले भोले लोगों ने उसमें माल भर कर जहाज चलाया। सोचा—४० तख्ते इधर हैं और ४० तख्ते उधर हैं। बीच में एक तख्ता नहीं है, उससे जहाज क्या डूबेगा ? यह चिंतन कर चले। समुद्र के बीच जहाज डूब गई। वैसे ही दोष की स्थापना करे, उनका साधुपन कैसे सधेगा ?

यह बात सुनकर हीरजी निरुत्तर हो गए।

तब फिर बोले—साहूकार ने एक मकान बनाया। हजारों रुपये लगाए। वर्षा-ऋतु में वर्षा आई। कहीं-कहीं चूने लगा तो क्या पूरा मकान गिर गया? वैसे ही थोड़े से दोष से साधुपन कैसे समाप्त होगा?

तब हेमजी स्वामी बोले—मकान तो तुमने कहा वैसा ही विशाल पर उसकी नींव में गोबर के कंडे भरे। वर्षा बहुत आई। तब वह मकान थोड़े में ही गिर गया। वैसे ही साधुपन स्वीकार किया पर श्रद्धा रूपी नींव ही शुद्ध नहीं तथा दोषों की स्थापना करे और दोष को दोष न समझे, उसमें सम्यक्त्व, साधुपन एक ही नहीं। इस प्रसंग में भी हीरजी के पास कुछ कहने को नहीं रहा। तब हेमजी स्वामी ने वहां पर सामायिक करके अपने मीठे कंठों से 'दया भगवती' की ढाल गाई। उनके श्रावक सुनकर बहुत प्रसन्न हुए। पूछा—यह ढाल किसकी है? हेमजी स्वामी ने कहा—यह ढाल भीखणजी स्वामी ने बनाई है। तब लोग बोले—ऐसी भीखणजी की श्रद्धा है। वे यहां आए थे पन्द्रह दिन रहे। हम तो पास में गए नहीं।

उसके बाद हेमजी स्वामी दूसरे दिन स्थानक में सामायक करने गए तब वहां सामायक करने की मनाही कर दी।

तब आपने बाजार में आकर सामायिक की। नंदन मणिहारे का व्याख्यान प्रारंभ किया। लोगों ने सुना। बहुत प्रसन्न हुए। कहने लगे—भीखणजी के श्रावक भी ऐसे हैं, तो साधुओं का क्या कहना। उसके बाद चार व्यक्तियों को गुरु धारणा करवाई और तब वापस सिरियारी आए। यह हेमजी स्वामी गृहस्थपन में थे तब की घटना है।

२२. सम्यक्त्व आनो मुश्किल

पीपाड़ में एक व्यक्ति को हेमजी स्वामी ने कहा—सच्ची सम्यक्त्व स्वीकार करो, सच्चे गुरु को धारण करो। उसके बेटे ने भी कहा। तब वह बोला—इतने वर्ष तो बीत गये, अब आत्मा के काला क्यों लगाऊं।

तब हेमजी स्वामी बोले—सच्चे देव गुरु और धर्म से तो काला मिटता है, इनसे काला लगता नहीं, फिर भी समझा नहीं। ऐसे मूर्ख जीव को सम्यक्त्व आनी मुश्किल है।

२३. आछो देवे उपदेश

गृहस्थपन में हेमजी स्वामी की रतनजी भलगट के साथ उठ बैठ थी। हेमजी स्वामी की जाति तो आछा बागरेचा, रतनजी की जाति भलगट। पर रतनजी तो धर्म में समझता नहीं, भांग पीता है। हेमजी धर्म में स्वयं समझते थे तथा औरों को भी समझाते थे। तब एक सेवक ने तुक्का जोड़ा—

जोड़ी तो जुगती मिली, हेमो नै रतनेश।
भलकट झकोलै भांगड़ी, आछो देवै उपदेश॥

२४. अंत में संथारा करेंगे

गृहस्थपन के समय हेमजी स्वामी को एक पुष्कर्णा, ब्राह्मण उलटा-सीधा बोलते हुए कहने लगा—"तुम भीखणजी के श्रावक हो सो अन्न बिना मरोगे" तब हेमजी स्वामी ने इस बात को सही रूप में लेते हुए कहा—हम भीखणजी के श्रावक हैं, अतः अंत में संथारा करेंगे। इसलिए ठीक बात है—अन्न बिना ही मरेंगे। यह सुनकर वह निरुत्तर होकर चलता बना।

२५. पहले पुन्य, पीछे निर्जरा

मुनि खेतसीजी से किसी ने पूछा—शुभ योगों की प्रवृत्ति होती है उस समय पहले पुन्य बंधता है या निर्जरा होती है?

तब खेतसीजी स्वामी ने उदाहरण देते हुए पूछा—पहले पान होता या धान?

तब वह बोला—पहले पान होता है उसके बाद धान। खेतसी स्वामी—उसी तरह शुभ योगों की प्रवृत्ति होती है तब पहले समय में ही पुन्य बंधते हैं। उस समय अशुभ कर्म चलित तो होते हैं, परन्तु झड़ते अगले समय में हैं।

भगवती शतक-१ में कर्म के चलित होने का तथा निर्जरण होने का समय अलग-अलग बतलाया है उस कारण से पहले पुन्य बंधता है और पीछे निर्जरा होती है, ऐसा कहा है।

२६. शुभ योग आश्रव या निर्जरा

किसी ने पूछा—शुभ योग आश्रव है या शुभ योग निर्जरा? तब खेतसी स्वामी ने कहा—शुभ योग आश्रव भी है और शुभ योग निर्जरा भी है। तब वह बोला—वस्तु तो एक शुभ योग, उसे आश्रव और निर्जरा दोनों कैसे कहा जाता है।

तब खेतसीजी स्वामी ने दृष्टांत देकर कहा—किसी एक ही व्यक्ति को बाप भी कहते हैं और बेटा भी कहते हैं। वह कैसे?

अपने बाप की अपेक्षा से वह बेटा कहलाता है और अपने बेटे की अपेक्षा से वह बाप कहलाता है। उसी तरह शुभ योग से पुन्य भी बंधते हैं और अशुभ कर्म भी झड़ते हैं। पुन्य बंधते हैं इस अपेक्षा से शुभ योग आश्रव है और अशुभ कर्म झड़ते हैं इस अपेक्षा से शुभ योग निर्जरा है।

उत्तराध्ययन अ० ३४ गा० ५७—में तेजू, पद्म, शुक्ल लेश्या को धर्मलेश्या कहा है और छहों लेश्याओं को कर्म लेश्या भी कहा है। तेजू, पद्म और शुक्ल लेश्या से पुन्य बंधते हैं उस अपेक्षा से कर्म लेश्या और तेजू, पद्म और शुक्ल से अशुभ कर्म झड़ते हैं, इस अपेक्षा से धर्म लेश्या कहा है। धर्म लेश्या कहो भले निर्जरा कहो, कर्म लेश्या कहो भले आश्रव कहो।

२७. सम्यग्-दृष्टि की मति : मतिज्ञान

खेतसीजी स्वामी बोले—भगवती और रामचरित्र को साधु गाते हैं। मैं उसे बराबर मानता हूं, क्योंकि साधु सत्य भाषा बोलते हैं। उनके सावद्य पापकारी भाषा बोलने का त्याग है। नंदी सूत्र में कहा है—सम्यग् दृष्टि की मति, मतिज्ञान ही है, इस अपेक्षा से।

२८. दोनों में एक झूठ

भारमलजी स्वामी और खेतसीजी स्वामी पाली के जोधपुरिया बास में गोचरी पधारे। टीकमजी भी वहां आये। लोगों ने कहा — चर्चा करो।

तब भारमलजी स्वामी ने टीकमजी से कहा—नित्यपिंड लेना आगम में तो वर्जित है पर तुम लेते हो, उसमें दोष समझते हो या नहीं ?

तब टीकमजी बोले—हम तो परिष्ठापन करने जैसा धोवन नित्य लेते हैं, उसमें दोष नहीं।

तब भारमलजी स्वामी ने कहा— धोवन का नाम क्यों लेते हो ? पानी भी तो नित्य लेते हो।

तब टीकमजी बोले—हम पानी नहीं लेते हैं।

तब भारमलजी स्वामी बोले —तुम पानी लेते हो। ऐसे बार-बार कहा।

तब लोग बोले—ये तो कहते हैं— हम नित्य (एक घर से) पानी नहीं लेते। तुम कहते हो— ये लेते हैं, तो दोनों में एक को झूठ लगता है।

तब भारमलजी स्वामी बोले— ये नित्य पिंड गर्म पानी एक घर का लेते हैं, वह भी कलाल के घर का। तब टीकमजी मौन हो गए। फिर भारमलजी बोले—ये आहार भी एक घर का नित्य लेते हैं। वह कैसे ? आज आहार लिया और दूसरे दिन विहार करते समय फिर उस घर का लेते हैं। इस हिसाब से आहार भी नित्य-पिंड लेते हैं। तब टीकमजी सही उत्तर नहीं दे सके। उसके बाद स्थान पर आकर भीखणजी स्वामी को सारे समाचार सुनाए, यह चर्चा भी सं० १८५५ के वर्ष की है।

२९. दुमना सेवक दुश्मन जैसा

सं० १८७७ आमेट में कई भाई शंकाशील थे वे गृहस्थ श्रावक-श्राविकाओं के पास अवर्णवाद बोलते रहते हैं, यह बात भारमलजी स्वामी ने केलवे में सुनी तब हेमजी स्वामी से कहा हेमजी ! और अनेक गांवों के लोग तो दर्शन करने आए पर आमेट वाले नहीं आए। यह बात बार-बार पूछी। तब हेमजी स्वामी ने पूछा—आपने आमेट वालों के लिए बार-बार कैसे पूछा ? तब भारमलजी स्वामी बोले—वहां वे दो चार व्यक्ति शंकालु से हैं उन्हें छोड़ दें तथा मना कर दे और कह दें कि तुम हमारे श्रावक मत कहलाओ। अलग करने के बाद लोग उनकी बात नहीं मानेंगे।

इन्हीं दिनों दीपजी नामक एक साधु को गण से अलग किया था। भारमलजी स्वामी बोले— दीपजी को छोड़ा वैसे उनको भी छोड़ दें, जिससे दूसरों के शंका न पड़े। ऐसी थी महापुरुषों की बुद्धि। 'दुमनो चाकर दुश्मण सरीखो' दुमना सेवक दुश्मन जैसा होता है—ऐसी लोकोक्ति है इस कारण से उन्हें छोड़ने का निश्चय किया।

३०. भरत क्षेत्र में साधुओं का विरह

एक सम्प्रदाय के साधु तथा उनके श्रावक बोले—भारमलजी कहते हैं—भरत

क्षेत्र में साधुओं का विरह इक्कीस हजार वर्ष निरंतर नहीं पड़ा। ऐसा जोड़ में कहा है और आगम में छेदोपस्थापनीय चारित्र का विरह जघन्य ६३ हजार का और उत्कृष्ट १८ क्रोड-क्रोड सागर का कहा है, तब भरत में थोड़े काल का विरह कैसे संभव हो सकता है ?

यह बात सुनकर हेमजी स्वामी ने उनको उत्तर दिया। बाद में भारमलजी स्वामी से पूछा—'छेदोपस्थापनीय चारित्र का विरह जघन्य ६३ हजार वर्ष से कम नहीं, ऐसा कहा है तो यहां भरत क्षेत्र में चारित्र का यह विरह कैसे सम्भव है ?

तब भारमलजी स्वामी बोले—पांच भरत, पांच ऐरावत इन दश क्षेत्रों में एक ही समय में इक्कीस हजार वर्ष का छठा आरा, इक्कीस हजार वर्ष का पहला आरा और इक्कीस हजार वर्ष का ही दूसरा आरा, इस प्रकार ६३ हजार वर्ष छेदोपस्थापनीय चारित्र नहीं होता। दूसरे आरे के ३० वर्ष साढ़े आठ महीने के बाद तीर्थंकरों का जन्म होता है। वे ३० वर्ष घर में रहकर दीक्षा लेते हैं, उसके बाद छेदोपस्थापनीय चारित्र वाले साधु होते हैं इसलिए ६३ हजार वर्ष से कुछ अधिक विरह कहा गया है। यहां भरत में थोड़े काल तक साधुओं का विरह हुआ तो लगता है धातकी खंड के भरत ऐरावत तथा अर्ध पुष्कर के भरत ऐरावत में साधु रहे होंगे। इस न्याय से छेदोपस्थानीय चारित्र का विरह निरंतर नहीं कहा गया है। तब हेमजी स्वामी बोले—१० क्षेत्रों की रीति तो एक है, इस कारण से भरत में विरह हो तो १० क्षेत्रों में भी विरह होना चाहिए। तब भारमलजी स्वामी बोले—यहां की द्रोपदी को धातकी खंड के भरत में ले गया। तो धातकी खंड के भरत में द्रोपदी कौन हुई और यहां कौन लाया ? इस न्याय से सभी बातें एक जैसी ही हों, यह आवश्यक नहीं।

३१. त्याग भंग क्यों करवाते हो ?

आमेट में टीकमजी के शिष्य जेठमल से बात करते हुए हेमजी स्वामी ने कहा—कलाल (शराब बनाने और बेचने वाली जाति) के घर से पानी लाने का तो त्याग करो।

तब जेठमल बोला—मैं तो नहीं लाता।

हेमजी स्वामी—नहीं लाते हो तो त्याग करो।

तब जेठमल बोला—मुझे तो त्याग है। स्थान पर जाते ही टीकमजी ने कहा—यह त्याग क्यों किया ?

तब वापस आकर बोला—हेमजी ! वे त्याग मेरे मेवाड़ में रहूं तो है, पर मारवाड़ में रहूं तो नहीं है।

तब हेमजी स्वामी बोले—तो क्या शील आदि दूसरे अनेक त्याग भी इस हिसाब से मेवाड़ में रहो तो है, मारवाड़ में नहीं। पहले त्याग करते समय आगार रखा नहीं, वे त्याग भंग नहीं करने हैं।

बाद में टीकमजी मिले तब कहा—हेमजी छल करके त्याग नहीं करवाने चाहिए।

तब हेमजी स्वामी बोले—कलाल के पानी का त्याग किया, यह अच्छा काम किया। वे त्याग भंग क्यों करवाते हो ?

३२. ऐसी चर्चा करते तो कैसे लगते ?

सरवार गांव के बाहर नानगजी का (शिष्य) हीरालाल मिला। उसने पूछा—नव पदार्थ में अस्ति भाव कितने ? नास्ति भाव कितने ? अस्ति नास्ति भाव कितने ?

तब हेमजी स्वामी बोले—इस प्रश्न का मैं उत्तर देता हूं। अगर तुम कहोगे कि इसका उत्तर सही नहीं आया तो उसका आगमिक प्रमाण बतलाना पड़ेगा।

तब हीरालाल बोला—'साधु को किवाड़ बन्द करने नहीं।' आदि अनेक बोल तुम कहते हो, क्या वे सब सूत्र में लिखे हैं ?

तब हेमजी स्वामी बोले—हम तो किवाड़ बन्द करना निषिद्ध करते हैं, उसका आगमिक प्रमाण बतलाते हैं।

तब हीरालाल बोला—तुम आगमिक प्रमाण क्या बतलाओगे ? गत काल में अनंत साधुओं ने किवाड़ बन्द किया, वर्तमान काल में अनंत साधु किवाड़ बन्द करते हैं, भविष्य में भी अनंत साधु किवाड़ बंद करेंगे।

तब हेमजी स्वामी बोले—गत काल में अनंत साधुओं ने किवाड़ बन्द किया कहते हो तो तुम्हारे जैसे अनन्त साधुओं ने बन्द किया। भविष्य में भी तुम्हारे जैसे अनंत बन्द करेंगे पर तुमने कहा—वर्तमान काल में अनंत बंद करते हैं, यह कैसे ? वर्तमान काल में अनंत मनुष्य भी नहीं, तो अनंत साधु वर्तमान काल में किवाड़ कैसे बंद करते हैं ? इस बात का 'मिच्छामि दुक्कडं' लो।

तब वह बोला—'मिच्छामि दुक्कडं' तुम्हें आता है, इसलिए तुम लो।

हेमजी स्वामी—'मिच्छामि दुक्कडं' आता तो तुम्हें है और नाम लेते हो मेरा—उल्टा चोर कोटवाल को दण्डित करे। तब हीरालाल उलटा-सीधा बोलकर चला गया। स्थानक में आकर बोला—मैं तेरापंथियों से चर्चा करने के लिए बाजार में जाता हूं। तब मांडलगढ़ वाला सदारामजी मुंहता बोला—तुम चर्चा करने के लिए मत जाओ। बार-बार कहा, पर माना नहीं। तब सदारामजी बोले—उनसे चर्चा करने जा रहे हो तो पहले मेरे प्रश्नों के तो उत्तर दे दो। बताओ—धर्म भगवान् की आज्ञा में है या आज्ञा बाहर ?

तब हीरालाल बोला—आज्ञा में।

तब सदारामजी ने कहा—देखो बात में मजबूत रहना, ऐसा कहकर भोजन करने के लिए घर चले गये।

पीछे हीरालाल आकर बोला—मुंहताजी धर्म तो आज्ञा में भी है और आज्ञा बाहर भी है।

तब सदारामजी ने कहा—तेरापंथियों से ऐसी चर्चा करते तो कैसे लगते ? ऐसा कहकर निरुत्तर कर दिया।

३३. गहरी दृष्टि

भारमलजी स्वामी छोटी-छोटी लड़कियों को बतलाते हैं, सिखलाते है, चर्चा पूछते हैं। विशेष बात कर गुरुधारणा करवाते हैं। तब किसी ने कहा—महाराज! छोटी बालिकाओं को विशेष बतलाते हैं, क्या इसमें कोई विशेष गुण है?

तब भारमलजी स्वामी ने कहा—ये बालिकाएं बड़ी होने पर श्राविकाएं होती लगती है। सुसराल और पीहर में बहुत लोगों को समझाएंगी। इनके समझने पर इनके पति, बेटे, बेटों की बहुएं, बेटियां, नाती, पोती इस प्रकार बहुत व्यक्तियों के समझने की सम्भावना है, इसलिए इनको विशेष बतलाते हैं। महापुरुषों की ऐसी गहरी दृष्टि, ऐसी उपकार करने की नीति।

३४. शंका हो तो प्रश्न पूछ लो

पीपाड़ में वेणीरामजी स्वामी को देखकर चौथमलजी बोहरा बोला—भीखणजी! अब तुम भी बालकों को दीक्षा देने लगे।

स्वामीजी बोले—शंका हो तो चर्चा पूछ लो।

तब उसने आकर पूछा—साधुजी! मोक्ष कौन से गुण-स्थान में जाता है? तब वेणीरामजी स्वामी बोले—गुणस्थान में मोक्ष नहीं जाता है। गुणस्थान की अवस्था समाप्त होने पर मोक्ष जाता है। यह सुनकर प्रसन्न हुए।

श्रावक संस्मरण (दृष्टांत)

१. तुमने हमको खूब लज्जित किया ।

चंद्रभाणजी पुर के वासी । तिलोकचंदजी चेलावास के वासी । दोनों संघ से अलग होकर पुर गांव में आए । मन में सोचा होगा कि पुर क्षेत्र के लोगों को समझा लेंगे ।

चन्द्रभाणजी का भाई नैणचन्द आकर बोला—तुमने हमको खूब लज्जित किया । स्वामी भीखणजी को छोड़कर अलग हुए । इस लोक और परलोक दोनों को बिगाड़ लिया । इस प्रकार बहुत भर्त्सना की, तब विहार कर गये । श्रावक भी इतने दृढ़ थे ।

२. जा रे पैजारा ![1]

आमेट में पेमजी कोठारी की बहिन चंदूबाई से चन्द्रभाणजी ने कहा—तुझे तो भीखणजी कंजूस बतलाते थे । वे कहते थे—धन तो खूब पाया है, पर दान का गुण नहीं है ।

तब चन्दूबाई अपनी मेवाड़ी भाषा में बोली—जा रे पैंजारचा ! तू मेरा गुरु से मन भंग करवाना चाहता है ? मेरे में गुण नहीं देखा होगा तो कहा होगा। वे महापुरुष हैं । ऐसा कहकर उसको डांट दिया । श्राविका भी इतनी दृढ़ ।

३. मुझे लंगूरिया कहा

आमेट में अमरा डांगी को चन्द्रभाणजी ने कहा—"तेरे लिए भीखणजी कहते थे—यह तो लंगूरिया है, ऐसे ही इधर-उधर घूमता है पर मजा नहीं, यह सुनकर वह अधीर हो गया । मुझे लंगूरिया कहा । उसके बाद अन्त में वह शंकाशील हो गया । तब भारमलजी स्वामी ने उसे छोड़ने का विचार किया । उसके बाद श्रद्धाभ्रष्ट हो गया । यह प्रारम्भ से ही कच्चा था ।

४. ऐसे ही चलते थे क्या ?

चन्द्रभाणजी, तिलोकचंदजी देवगढ़ से चलते हुए सिरियारी आए । गांव में धीरे-धीरे चलते देखकर लखूबाई कलूबाई ने पूछा—आज कहां से चलकर आये हो ? तब वे बोले—देवगढ़ से चलकर आए हैं ।

तब दोनों बहनें बोली—ऐसे ही चलते थे क्या ? इस गति से चलने से तो दो तीन दिन लगते । ऐसा कहकर टोक दिया ।

---

१. "मेवाड़ में पेजार जूते को कहते हैं ।

५. भरमोलियों[1] की माला के समान

विजयचन्दजी पटवा पाली में लोकाचार में शामिल होकर आए। एक मोटा लोटा भर कर स्नान कर रहे थे तब बांवेचों ने कहा—विजैचन्द भाई ! तुम लोग ढूंढिया हो। पानी में पेसकर स्नान भी नहीं करते।

तब विजयचंदजी ने कहा—मैं तुम्हें भरमोलियों की माला के समान जानता हूं। होली के दिनों में लड़कियां भरमोलियां बनाती है—यह मेरा खोपरा, यह मेरा नारियल—ये नाम दिये पर है तो गौबर का गौबर।

वैसे ही तुमने मनुष्य जन्म पाया पर दया धर्म की पहचान बिना अज्ञानी जैसे हो।

६. दीपक जलाने से ही अन्धेरा मिटता है

विजयचंदजी को किसी ने कहा— तुमने यह क्या मत पकड़ा है, हम तो हमारे ही धर्म को अच्छा समझते हैं। तुमने धर्म धारण किया इसका हमें तो कुछ पता नहीं लगता कि अच्छा है या बुरा ?

तब विजयचन्दजी ने कहा—घर में तो अन्धेरा और लाठी से पीटे तो अन्धेरा कब मिटता है। दीपक जलाने से ही अन्धेरा मिटता है, वैसे ही ज्ञान रूपी दीपक हृदय में जलाए तब मिथ्यात्व रूप अन्धेरा मिटे।

७. अच्छा मार्ग किसका ?

विजयचन्दजी को बहुत से लोगों के बीच पाली के कोर्ट में हाकम ने पूछा—यति, संवेगी, बाईस टोला, तेरापंथी इतनों में अच्छा मार्ग किसका ?

तब विजयचन्दजी ने कहा—जिस में अधिक गुण हो, वही मार्ग अच्छा है।

८. अन्न पुण्य हमारे और वस्त्र पुण्य तुम्हारे

रोयट में इतर सम्प्रदाय के साधु ने कहा—अन्न देने से पुण्य होता है, यह सूत्र में कहा हैं।

तब भाइयों ने कहा—साझेदारी में पुण्य करेंगे। पछेवड़ी (चद्दर) तुम्हारी और गेहूं हमारे। तुम कहो उसको गठरी में बांध कर दे दे। अन्न पुण्य हमारे और वस्त्र पुण्य तुम्हारे। तब उन्होंने कहा—हम तो साधु हैं। हमें सचित्त का स्पर्श ही कहां करना है।

तब फिर स्वामीजी के श्रावक बोले—अचित्त का पुण्य करें। पांच रोटी तो हमारी और दो रोटी तुम्हारी—इस प्रकार साझेदारी में पुण्य करें तुम्हारा भरोसा क्या बदल जाओ तो।

९. लड्डू देकर पत्थर को वापस लिया, उसको क्या हुआ ?

बिलारा में जेठा डफरिया को इतर सम्प्रदाय के साधुओं ने कहा—कोई बच्चा पत्थर से चींटियों को मार रहा था, उसको लड्डू देकर पत्थर वापस लिया, उसको क्या हुआ ?

---

१. गौबर से बनाई हुई विभिन्न वस्तुओं की आकृतियां।

तब जेठोजी बोले—ऐसे मत कहो, ऐसे कहो, मस्तक में टकोरा मारा और पत्थर को वापस ले लिया फिर दूसरी बार नहीं मारेगा, इसमें क्या हुआ ?

लड्डू देने पर तो फिर मारेगा, सोचेगा फिर लड्डू देंगे। पर टकोरा मारा, उसको क्या हुआ ? तब निरुत्तर हो गए।

१०. तुम्हारे से हम अधिक हुए

फिर जेठोजी को उन्होंने कहा—दो रुपये देकर बकरा छुड़ाया उसको क्या हुआ ? तब जेठोजी बोले—हम तो पांच रुपये देकर भी छोड़ा देंगे। तुम्हारे सामने दस बकरों को मारे और वह एक पछेवड़ी देने पर दसों बकरों को छोड़ दूं, ऐसा कहे तो तुम उसे पछेवड़ी (चद्दर) दोगे या नहीं ?

तब बोले—हम तो नहीं देंगे। (चद्दर देना) हमारा मार्ग नहीं है। तब जेठोजी बोले—यह धर्म हमारे पास तो है और तुम्हारे पास यह धर्म नहीं, इस अपेक्षा से तुम्हारे से हम अधिक हुए। इस धर्म की तुम्हारे कमी पड़ी। ऐसा कहकर निरुत्तर कर दिया।

११. कर्म कितने ?

सं० १८६४ देवगढ़ में आसकरणजी का शिष्य चुतरोजी के पास आकर बोला—मुझे चर्चा पूछो।

तब चुतरोजी ने कहा—तुम्हें क्या चर्चा पूछें ?

तब वह बोला—कुछ तो पूछो।

तब चुतरोजी बोले—तुम्हारे कर्म कितने ?

तब वह बोला—मेरे कर्म बारह हैं।

तब चुतरोजी ने पूछा—कौन-कौन-से हैं ?

तब उसने दो-तीन के तो नाम बताए, फिर बोला—आगे के नामों का पता नहीं, उसने आसकरणजी के पास आकर समाचार कहे—मैंने भीखणजी के श्रावकों से चर्चा की।

तब आसकरणजी ने पूछा—क्या चर्चा की ?

तब वह बोला—मुझे पूछा—तुम्हारे कर्म कितने हैं ?

तब मैंने कहा—मेरे कर्म बारह हैं।

तब आसकरणजी ने कहा—कर्म बारह कहां है ? आठ ही तोड़ने मुश्किल हैं। वापिस जाकर बतला—मेरे कर्म आठ ही हैं। तब वह वापिस जाकर बोला—मेरे कर्म आठ है, बारह कहा उसका 'मिच्छामि दुक्कडं'।

तब चुतरोजी ने कहा—तुम्हारे गुरु के कर्म कितने ?

तब बोला—यह तो मुझे खबर नहीं।

१२. पोटना कहां है ?

सिरियारी वासी बोहराजी और खीवेसराजी को कोटा में अन्य सम्प्रदाय के श्रावक स्थानक में ले गए। उन्हें वेषधारियों ने पूछा—कहां रहते हो ?

तब बोहराजी बोले—सिरियारी में रहते हैं।

तब वेषधारी बोले—सिरियारी में तो वह भीखण चौर रहता है। यहां आए तो ऐसा पीटें, क्योंकि वह हमारे साधुओं को ले गया।

तब बोहराजी ने कहा—साधु को पीटना कहां है।

तब कहां—श्रावकों से पीटाएं।

तब बोहराजी बोले—श्रावकों से भी पीटाना कहां है ?

० भीखणजी साधु नहीं समझते

तब उनके श्रावक बोले—ऊपर चलो, ऐसा कहकर ऊपर ले गए। ये देखो, गुलाब ऋषि, बेले-बेले/दो-दो दिन के उपवास के बाद पारणा करते हैं। उसमें भी छाछ घोलकर आटा खाते हैं।

गुलाब ऋषि बोला—मैं बेले-बेले पारणा करता हूं, छाछ में घोलकर आटा खाता हूं। शीतकाल में एक अंचला/चद्दर औढ़ता हूं, तो भी भीखणजी मुझे साधु नहीं समझते।

तब बोहरोजी बोले—मेरे एक नीला बैल है, तुम तो आटा खाते हो, पर वह तो आटा ही नहीं खाता, सूखा घास ही खाता है। तुम चद्दर ओढ़ते हो, वह तो ओढ़ता ही नहीं है, उघाड़ा रहता है। ऐसे अगर साधु हों, तो उसको भी साधु कहा जाए।

तब गुलाब ऋषि बोला—देखो, देखो मुझे ढ़ोर कहते हैं।

तब बोहराजी बोले—मैंने तो ढोर नहीं कहा—तुम अपने मुख से हीं कह रहे हो।

० आने का कहना कहां है ?

इतने में फतेहचन्द वेषधारी बोला—चर्चा करनी है तो मेरी तरफ आ। तब बोहराजी बोले—आने का कहना कहां है ? 'मिच्छामि दुक्कडं लो'। उनके पास गया। स्थानक को अधूरा लीपा हुआ देखकर बोले—पूरा लीपाया नहीं क्या ? तब वह बोला—मैंने कब लीपाया है ? गृहस्थों ने लीपा है। इस प्रकार सदोष आधाकर्मी का सेवन करते हैं और माया करते हैं। ऐसे व्यक्तियों को पहचानते हैं उन्हें उत्तम जीव समझना चाहिए।

१३. ऐसा प्रश्न तो कभी नहीं सुना।

स्वामीजी के श्रावकों ने दिल्ली की तरफ के वेषधारियों से प्रश्न पूछा—नव पदार्थों में जीव कितने और अजीव कितने ?

तब वह वेषधारी बोला—पूज्य बुलाकीदासजी को देखा, पूज्य हरिदासजी को देखा, इत्यादिक अनेक नाम लिये। बड़े-बड़े मोटे पुरुषों को देखा, पर नव पदार्थ में जीव कितने और अजीव कितने ? ऐसा अडबंग/विचित्र प्रश्न तो कभी नहीं सुना। कहो तो मैं जींव के १४ भेद बतलाऊं, कहो तो अजीव के १४ भेद बतलाऊं, कहो तो पुण्य के ९ भेद बतलाऊं, कहो तो पाप के १८ भेद बतलाऊं यावत् कहो तो मोक्ष के चार भेद बतलाऊं पर नव पदार्थ में जीव कितने ? और अजीव कितने ? ऐसा प्रश्न तो कभी नहीं सुना। इस प्रकार पढ़े-लिखे (पण्डित) कहलाते हैं, पर नव पदार्थ की पहचान नहीं।

१४. नव तत्व की पहचान के बिना सम्यक्त्व कैसे आए ?

दिल्ली की तरफ के वेषधारियों को स्वामीजी के श्रावकों ने फिर प्रश्न पूछा—नव पदार्थ में जीव कितने और अजीव कितने ?

तब वह वेषधारी बोला – पांच जीव और अजीव कहूं तो श्रद्धा भीखणजी की। चार जीव और पांच अजीव कहूं तो श्रद्धा रुघनाथजी की।

एक जीव और आठ अजीव कहूं तो श्रद्धा बगतरामजी की।

एक जीव, एक अजीव, सात जीव अजीव की पर्याय कहूं तो श्रद्धा अमरसिंहजी की।

आठ जीव और एक अजीव कहूं तो श्रद्धा खींवसिंहजी की।

सात नय, चार निक्षेप की अपेक्षा से देवगुरु के प्रसाद से सूत्र की युक्ति लगाकर कहूं तो एक जीव, एक अजीव और सात जीव, अजीव की पर्याय। इस प्रकार नव तत्त्व की पहचान नहीं। मन में जंचे वैसे प्ररूपणा करते हैं, उन्हें सम्यक्त्व कैसे आए।

१५. ऐसे मनुष्य विरले हैं।

लाटोती में खतरगच्छ के श्री पूज्य जिनचंद सूरि आए। उपाश्रय में बहुत लोगों की उपस्थिति में व्याख्यान देते समय आश्रव का प्रसंग आया। तब बोले—आश्रव अजीव है।

तब चैनजी श्रीमाल स्वामीजी का श्रावक बोला—श्रीजी महाराज! आश्रव जीव है। तब श्री पूज्यजी ने कहा—आश्रव अजीव है।

तब चैनजी ने कहा—आश्रव जीव है।

तब पूज्यजी बोले—तेरी धारणा गलत है।

तब चैनजी बोला—आपकी धारणा ही गलत है।

श्री पूज्यजी—यह चर्चा हम बाद में करेंगे। व्याख्यान समाप्त होने पर लोग अपने घर गए। श्री पूज्यजी ने चर्चावादी सिद्धांतों की जानकारी रखने वाले यतियों को बुलाया। कहा—सूत्रों को देखो, आश्रव जीव है या अजीव ? यह निर्णय करो।

तब चर्चावादियों ने निर्णय कर कहा—सूत्र के अनुसार तो आश्रव जीव हैं।

तब श्री पूज्यजी ने चैनजी को बुलाया। बोले—आश्रव जीव है। मैंने अजीव कहा, इसलिए 'मिच्छामि दुक्कडं'। तुम्हारे से खमतखामणा है। अभी तो कह रहा हूं। क्षमापना (खमतखामणा) तो कल परिषद् में होगी।

दूसरे दिन प्रभात के व्याख्यान में भरी परिषद् में श्री पूज्यजी बोले—चैनजी ! मैंने कल आश्रव को अजीव कहा और तूने जीव कहा, तू सच्चा है, मैं झूठा, इसलिए मेरे 'मिच्छामि दुक्कंड' है। तेरे से खमतखामणा है।

इस प्रकार अहं छोड़ने वाले मनुष्य विरले हैं।

१६. जीव का अजीव हो गया

खतरगच्छ के श्री पूज्य रंगविजयजी और जिनचंद सूरी किशनगढ़ में थे।

भारमलजी स्वामी ९ साधुओं के साथ किशनगढ़ पधारे। नये शहर में उतरे। चर्चा के लिए बगीची का स्थान निश्चित हुआ। नानगजी, उगराजी, अमरसिंहजी इत्यादि के ३५ साधु चर्चा के लिए आए। ९ साधुओं से भारमलजी स्वामी पधारे। सैंकड़ों लोग इकट्ठे हो गए। आश्रव की चर्चा चली।

नानगजी के शिष्य निहालजी ने तो कहा—आश्रव अजीव है और भारमलजी स्वामी ने कहा—आश्रव जीव है, कर्मों को ग्रहण करे, वह आश्रव। कर्मों को ग्रहण करे वह तो जीव है, अजीव तो कर्मों को ग्रहण करता नहीं। फिर भारमलजी स्वामी ने कहा—गृहस्थ तो आश्रवी और साधुपन लेने के बाद साधु वह तो संवरी होता है। आश्रव को अजीव कहते हो तो क्या अजीव का जीव हो गया? साधु भ्रष्ट होकर गृहस्थ हो गया तो क्या साधु संवरी जीव था वह गृहस्थ आश्रवी हो गया तो क्या जीव का अजीव हो गया? इस प्रश्न से निरुत्तर हो गए। सही उत्तर नहीं दे सके।

तब 'साधु को अजीव कहते हैं, साधु को अजीव कहते हैं'? इस प्रकार हल्ला मचाते हुए उठ गए। भारमलजी स्वामी भी अपने स्थान पर पधार गए।

० ये चर्चा के योग्य नहीं।

भारमलजी स्वामी की आज्ञा लेकर खेतसीजी स्वामी, हेमजी स्वामी और रायचंदजी स्वामी गोचरी पधारे। तब जिनचंदसूरी ने ब्राह्मण को भेजकर उन्हें उपाश्रय में बुलाया। साधुओं को आते देखकर श्री पूज्य पट्ट से नीचे उतरकर आंगन पर बैठे। साधुओं को बिठाकर बोले—आप इनसे चर्चा करते हैं पर ये चर्चा करने योग्य नहीं हैं। एक दृष्टांत सुनो:—

एक साहूकार की हवेली में दो साधु गोचरी गए। ऊपर पेड़ियों की नाल चढ़ते समय वहां अंधेरा देखकर वे वापस लौट गए। ऊपर से गृहस्थ आवाज देता है—ऊंचे पधारो, ऊंचे पधारो। पर साधु तो वापस चले गए।

थोड़ी देर के बाद दो साधु फिर आए। ऊपर जाकर आहार-पानी लिया। गृहस्थ बोला—पहले दो साधु आए, वे तो वापस चले गए, और आप ऊपर पधारे। तब वे बोले—वे तो पाखण्डी थे। पाखण्ड कर गए ऐसा कह कर वे भी चले गए।

थोड़ी देर बाद दो साधु फिर आए, तब गृहस्थ बोला—दो साधु पहले आये वे तो सीढ़ियों से ही वापस चले गए, उसके बाद दो साधु आये, भिक्षा ली और उनको पाखंडी कहकर चले गए और अब आप आए हो। तब वे साधु बोले—पहले आए, वे तो असली साधु, जो अंधारा देखकर वापस लौट गए। उसके बाद दो साधु आए वे हीन आचारी, दोहरे मूर्ख—स्वयं तो पालते नहीं और जो पालते हैं, उनसे द्वेष निंदा करते हैं और हम से तो पूरा साधुपन पलता नहीं। वेष की ओट में रोटी मांग कर खाते हैं। पहले आए वे धन्य हैं। ऐसा कहकर वे भी चले गए।

श्री पूज्यजी ने उदाहरण समेटते हुए कहा—पहले की तरह तो आप, दूसरे वालों ज्यों ये मठधारी, स्थानक बांधकर बैठे वे और तीसरे वालों ज्यों हम। हम से पूरा साधुपन नहीं पलता है। इसलिए तुम इनसे चर्चा करते हो, पर ये चर्चा करने लायक

नहीं हैं।

यह बात सुनकर तीनों साधुओं ने स्थानक पर आकर भारमलजी स्वामी को सब समाचार सुनाए।

० यहां से विहार कर देना नहीं तो…………

भारमलजी स्वामी ने जयपुर आकर चतुर्मास किया और हेमराजजी स्वामी ने माधोपुर की तरफ विहार किया। २२ कोश तक गए। आगे नदी बहती देखी, तब मन में विचार किया— किशनगढ़ में वेषधारियों ने अन्हाख/बहुत कदाग्रह किया। तो चौमासा किशनगढ़ में हो तो ठीक रहे, ऐसा सोच वापस विहार कर किशनगढ़ पधारे। दो स्थानों पर आज्ञा लेकर एक दुकान में उतरे। । बाद में वेषधारियों ने उस दुकान वालों को सिखलाकर जगह छुड़वा ली। तब दूसरी दुकान में आज्ञा लेकर विराज गए। विरोधियों ने वहां पर पृथ्वीकाय बिखेर दी। तब उम्मेदमल सरावगी की दुकान में आज्ञा लेकर ठहरे। तब वेषधारी आकर बोला —तुम तेरापंथी दगादार हो, हमारे पण्डित-पण्डित तो विहार कर गये और तुम छल करके आए हो। या तो यहां से विहार कर जाओ, नहीं तो पात्र बाजार में ठोकरें खाएंगे।

हेमजी स्वामी ने यह सुनकर भी मौन रखी। चतुर्मास लगा। व्याख्यान में लोग खूब आते पर संवत्सरी पर एक भी पौषध नहीं हुआ। बाद में लोग समझे। दीवाली पर पांच पौषध हुए। जयपुर में ये सामाचार सुनकर वेषधारी तो अप्रसन्न हुए और भारमलजी स्वामी प्रसन्न हुए। सं० १८६९ का चतुर्मास किशनगढ़ किया, उसके बाद क्षेत्र की नींव लगी।

१७. शुभ योग संवर किस न्याय से ?

रीयां में राजमलजी बोहरा रतनजी के पास गए। चर्चा के प्रसंग में रतनजी बोला— शुभ योग, संवर है।

तब राजमलजी ने कहा — संवर का स्वभाव तो कर्म रोकने का है। और शुभ योग से तो पुण्य बंधते हैं, रुकते नहीं इसलिए शुभ योग संवर किस न्या।य से ?

तब रतनजी बोला —शुभ योग प्रवर्तमान हो उस समय अशुभ योग के कर्म नहीं लगते, इस न्याय से शुभ योग संवर।

तब राजमलजी बोहरा बोला — इस हिसाब से तो अशुभ योग को ही संवर कहो, अशुभ योग प्रवर्तमान हो उस समय शुभ योग के कर्म नहीं लगते उस हिसाब से।

तब रतनजी बोला—सूत्र में तो अयोग संवर ही कहा है। हमारी परंपरा से शुभ योगों को संवर कहते हैं।

१८. धर्म हुआ या पाप ?

भगवानदासजी प्रसिद्ध नगरसेठ। संवेगियों की श्रद्धा। उन्होंने पाली में रतनजी से पूछा —कच्चे पानी के लोटे में मक्खी पड़ गई उसे बाहर निकाले उसको धर्म हुआ या पाप ?

तब रतनजी उत्तर देने में अटक गए। धर्म बतलाए तो हिंसा धर्म, देहरापंथियों

की श्रद्धा में मिल जाए। पाप बतलाए तो श्रद्धा समाप्त हो जाए। तब क्रोध में आकर अकबक बोलने लगा – तुम समझते हो मैं नगरसेठ हूं। लोगों को डराता हूं पर मैं नहीं डरता – इस प्रकार बोलने लगा।

१९. सार्धमिक वात्सल्य का निषेध क्यों करते हो ?

भगवानदासजी ने फिर रतनजी से पूछा—श्रावक को पोषण देने से क्या होता है ? रतनजी बोले—बेला (दो दिन की तपस्या) के पारणे वाले श्रावक का पोषण करने से धर्म होता है।

तब भगवानदासजी बोले—बेले के पारणे वाले साधु तथा बिना पारणा वाले साधु को देने से क्या होता है ? रतनजी बोले—धर्म होता है। तब भगवानदासजी बोले—फिर पारणे वाले तथा पारणे बिना ही श्रावक का पोषण करने को धर्म क्यों नहीं कहते हो ? और इस प्रकार सब श्रावकों के पोषण को धर्म कहते हो तो हमारे 'सार्धमिक वात्सल्य' का निषेध क्यों करते हो ?

इस प्रसंग में भी सही उत्तर नहीं आया।

२०. वह वैद्य बुद्धिहीन

पीपाड़ में दौलजी लूणावत से चर्चा करते समय रतनजी क्रोध में आकर बोला—सन्निपात में आए रोगी को दूध मिश्री पिलाए तो सन्निपात अधिक बढ़ता है।

तब दौलजी बोला—वह वैद्य (हीयाफूट) बुद्धिहीन है। उसका चन्द्रबल इधर-उधर हो गया। (बुद्धि बल घट गया) जो सन्निपात का रोग जानता है, फिर भी दूध मिश्री पिलाता है।

२१. ये कौन-सी लेश्या का लक्षण है ?

'ऋणहि' गांव वाले जीवोजी को गुमानजी के शिष्य किशनदासजी ने कहा—साधु में ३ भली लेश्या ही है, माठी (खराब) लेश्या नहीं है।

इतने में जोरजी कटारिया आया। तब किशनदासजी हल्की भाषा में बोला—'औ आयौ जीवला रो भरमायौ' (यह आया जीवोजी का भ्रमित किया हुआ) तब जीवोजी बोला—तुम यों बोलते हो ये कौनसी लेश्या का लक्षण है ? तब किशनदासजी चुप हो गया।

२२. डोरी रखने में भी दोष ?

संवत् १८७९ के पीपाड़ चतुर्मास में हेमजी स्वामी ने पाडिहारिक छुरी रात में रखी। भीखणजी स्वामी, भारमलजी स्वामी के समय में रखने की विधि थी। गृहस्थ को वापस दी जाने वाली पाडिहारिक वस्तु रखते थे, उसी हिसाब से रखी।

तब वेषधारी ने खूब कदाग्रह किया। न होने वाले दोष बताने लगा। ऋणहि ग्राम वाले जीवोजी से कहा—गृहस्थ को वापस दी जाने वाली छुरी रात के समय पास में नहीं रखनी चाहिए।

तब जीवोजी बोले—इसमें क्या दोष है ?

तब वेषधारी बोले—रात्रि में परस्पर झगड़ा होने पर क्रोध के बस छुरी से मर जाए या मार दे, यह दोष है।

तब जीवोजी बोला—तब तो नांगला, पुस्तक बांधने की डोरियां भी नहीं रखनी चाहिए क्योंकि डोरी से भी फांसी खा ले तो तुम्हारे हिसाब से डोरी रखने में भी दोष है।

२३. दो तो मैंने बताए, आगे आप बताओ।

स्वामीजी के श्रावक से वेषधारी ने कहा—छह काय के नाम जानते हो? तब उसने कहा—जानता हूं। पृथ्वीकाय, अपकाय, इत्यादि नाम बताए। तब वेषधारी बोला—ये तो गोत्र हैं, नाम कहां है?

तब उस श्रावक को दो ही नाम आते थे, इंदीथावरकाय, बंभीथावरकाय, ये दो नाम बता दिये। तब वेषधारी बोला—

आगे बताओ?

तब वह श्रावक बोला—मैं तो अभी सीख रहा हूं। दो तो मैंने बता दिए, तुम जानते हो तो आगे के बतलाओ?

२४. सब पूरीया ही पूरीया है।

सं० १८५६ के वर्ष भीखणजी स्वामी वायु के कारण से १३ महिना करीब नाथद्वारा में रहे। भीलवाड़ा के चार भाई आए।

१. पूरो नांवे का, २. रतनजी छाजेड़, ३. भैरूंदास चंडाल्या, एक व्यक्ति और इन चारों ने स्वामीजी से बहुत दिनों तक चर्चा कर अच्छी तरह से समझकर गुरु बनाया।

हेमजी स्वामी ने भैरूंदास से पूछा—तुमने स्थानक बनाया। उसमें रहते हैं वे साधु आचार में कैसे हैं?

भैरूंदास बोला—यह श्रद्धा और यह आचार देखते तो सब पूरीया ही पूरीया है।

हेमजी स्वामी ने पूछा—पूरीया क्या है?

भैरूंदास बोला—एक गाम का ठाकर भक्तों को इष्ट की तरह पूजता था। वह भक्तों को भोजन करवाकर चरणामृत लेकर पैर धोकर पीता था। एक बार बहुत से भक्तों को भोजन करवाकर वह चरणामृत ले रहा था। उसके गांव का भक्त बना—पूरीयो नामक मेघवाल भी उनमें था। उसका चरणामृत लेते समय ठाकर ने उसके मुंह की तरफ देखा। उसे पहचान लिया।

तब बोला—पूरीया तूं रे!

तब वह बोला—मुझे क्या कहते हो, ठाकर साहब? सब पूरीया ही पूरीया है। कोई सरगड़ा है, कोई थोरी है, कोई बावरी है, क्या परिचित को ही पूरीया कह रहे हो?

भैरूंदास बोला—वैसे ही यह श्रद्धा और आचार देखते और सब पूरीया जैसे हैं।

२५. थुक्कमथुक्का, धक्कमधक्का बाद में छक्कमछक्का

स्वामी भीखणजी १८५७ के वर्ष भीलवाड़े पधारे। आचार श्रद्धा की ढालें

रात के व्याख्यान में कहने लगे। परिषद् खूब आई। कुछ नागोरी आदि काफी लोगों ने व्याख्यान समाप्त होने के बाद स्वामीजी को सौगंध दिलाते हुए कहा—कल विहार किया तो २४ तीर्थंकरों की सौगंध है।

सील भांगे त्यांरा टोला मझे, तिण ने दिख्या दे ताम रे।
पिण छोटां रै पगे पाड़ै नहीं, इसड़ो करै अज्ञानी काम रे॥
तुम्हें जोय जो अन्धारो भेष में

यह ढाल तुमने कही—"तो किसका शील भंग हुआ और किसको बड़ा रखा" इस बात का कल तार निकालना/निर्णय करना है। इस प्रकार मुंह से अक-बक बोलने लगे। पर स्वामीजी ने मौन रखी। तब घणराज नागोरी बोला—देवता की प्रतिमा बैठे वैसे बैठे हो, वापस बोलते क्यों नहीं ?

फिर भी स्वामीजी मौन रहे, तब हैरान होकर चले गए।

कुसालजी (बागोर के) उस समय संघ में थे, बोले—इस क्षेत्र में स्वामीजी के आने का मतलब ही क्या है ?

तब स्वामीजी बोले—यह तो कच्चा है।

स्वामीजी को घणराज ने उलटी-सीधी बातें कही ! यह बात राणाजी के प्रधान शिवदासजी गांधी, जो फौज में थे, ने सुनी। तो घणराज को उपालंभ भेजा और कहलाया—तूं घोटा लेकर भीखणजी के पास जाकर उलटा-सीधा बोला, इतना सूरवीर है तो फौज के सामने जाकर लड़ाई कर न। साधुओं से कलह क्यों करता है।

भैरूंदास चंडाल्या बोला—ये आपसे कलह करते हैं, पर थोड़े दिनों में ये सब आपके ही बनेंगे ऐसा लगता है। इस प्रसंग पर एक उदाहरण सुनो—

दिल्ली में बादशाह राज्य करते थे। उनके सामने न्याय, निगरानी और सब कामों का कर्ता, अग्रवाल जाति का राव रुघनाथ, जिसका हुक्म देश में प्रसिद्ध था।

उसी दिल्ली में एक गरीब अग्रवाल अपने पुत्र को अच्छे कपड़ों आदि से सजा कर गोद में लेकर बाजार में आया। तब किसी ने उपहास करते हुए कहा—पुत्र को ऐसा सजाया है, क्या राव रुघनाथ की लड़की से सम्बन्ध करने का विचार है ?

तब वह बोला—इस बात का उपहास/मजाक क्या करते हो, किसी के पास धन अधिक हो, किसी के पास थोड़ा हो फिर भी जाति आदि शुद्ध हो तो सम्बन्ध में आपत्ति जैसी बात नहीं।

ऐसा कहकर वह गरीब अग्रवाल राव रुघनाथ की कचहरी में पहुंच गया। सैकड़ों लोग बैठे थे। वहां आकर बोला—राव रुघनाथ ! "तुम्हारी लड़की से हमारे लड़के का संबंध करो।" तब राव रुघनाथ की कुदृष्टि देखकर उनके सामने काम करने वालों ने गालियां बोलते हुए उसका अपमान कर बाहर निकाल दिया। वह वापस बाजार में आया।

लोगों ने पूछा—संबंध कर दिया ?

तब वह बोला—थुक्कम-थुक्का तो हुआ है।

दूसरे दिन उसी तरह लड़के को सजाकर फिर कचहरी में जाकर बोला—"तुम्हारी लड़की, हमारा लड़का संबंध करो" तब धक्का देकर बाहर निकलवा दिया।

फिर लोगों ने पूछा—संबंध कर दिया तब बोला—धक्कम-धक्का तो हुआ है।

हल्ला सुनकर रात्रि में स्त्री ने पूछा—दो दिन हुए कचहरी में हो हल्ला क्यों होता है ?

तब राव रुघनाथ ने कहा— पुत्र को गोद में लिये एक दरिद्री गरीब अग्रवाल आकर कहता है— "तुम्हारी लड़की से हमारे लड़के का संबंध करो" इसलिए हल्ला होता है।

तब स्त्री ने पूछा —लड़का कैसा है ?

राव रुघनाथ बोला—लड़का तो सुन्दर है, पर घर में कुछ नहीं है।

स्त्री ने कहा तुम्हारे जैसा कहां से लाओगे ? तुम तो बादशाह का काम करने वाले हो, वैसा दूसरा नहीं मिलेगा। उसके घर में धन नहीं तो हमारे घर में तो बहुत है फिर उसके धनवान होने में क्या समय लगता है।

यह सुनकर राव रुघनाथ के दिल में भी यह बात बैठ गई। तीसरे दिन वही गरीब अग्रवाल कचहरी में आकर फिर वैसे ही बोला। स्त्रियों ने ऊपर से देखा तो बडारण/नौकरानी को भेजकर लड़के को बुला लिया।

सुन्दर/स्वरूपवान देखकर तिलक लगा कर संबंध कर लिया और गहना तथा वस्त्र पहना कर पालकी पर बिठाकर सम्मान पूर्वक विदा किया। बहुत से लोगों से घिरे छड़ीदार सिपाही और सेवकों के झुंड के साथ बाजार मार्ग से महलों में डेरा जमा दिया। लाखों रुपये सौंप दिये। बाजार से पालकी जाती देखकर लोग बोले—थुक्कम थुक्का, धक्कम धक्का वाला संबंध कर "छक्कमछक्का" कर आया है।

इस प्रकार जाति, कुल शुद्ध था इसलिए अच्छे घराने से संबंध हुआ। भैरूंदास बोला—वैसे ही आप शुद्ध साधुत्व पालते हो इसलिए सभी आपके चरणों में ही आते लगते हैं।

फुटकर संस्मरण

हेमजी स्वामी ने संवत् १९०३ के चतुर्मास में ये बातें स्वयं लिखाई।

१. वचन तो पक्का निभाया

सोजत में अणंदे पटवे ने कहा था—"इस भीखणीया (हल्का शब्द) का मुंह नहीं देखूं" क्रोध में आकर बार-बार ऐसे बोला। पाप के उदय से वह सात में दिन अंधा हो गया। लोग बोले—अणंदेजी ने वचन तो पक्का निभाया। अंधे हो गए अब भीखणजी का मुख कभी नहीं देखेंगे। लोगों में बहुत निंदा हुई।

२. बचाते तो तुम भी नहीं

पीपाड़ में मौजीरामजी बोहरा की बेटी बीमार पड़ गई। तब स्थानक में उरजो जी नामक साधु थे। मौजीरामजी उन्हें बुलाने के लिए आए। बोले—घर पर पधारो।

उरजोजी बोले—क्या काम है ?

मौजीरामजी—बच्ची बहुत बीमार है। तड़फ रही है। इसलिए कोई यंत्र-मंत्र आदि का प्रयोग करो, जिससे लड़की ठीक हो।

तब उरजोजी बोले—हम साधुओं को ऐसा करना कहां है।

तब मौजीरामजी बोले—तुम कहते हो न हम जीव बचाते हैं और भीखणजी जीव नहीं बचाते। ऐसे ही कहते हो—जीव बचाते हैं, जीव बचाते हैं, पर बचाते तो तुम भी नहीं।

३. एक आला फिर चाहिए

जोधपुर में जयमलजी के स्थानक बन रहा था। तब रायचंदजी बोले—एक आला तो यहां चाहिए। शोभाचंदजी फोफलिया बोले—यहां आला किसलिए चाहिए ?

तब रायचंदजी बोले—यहां पुस्तक पन्ने पड़े रहेंगे।

तब शोभाचंदजी बोले—एक आला इस जगह फिर चाहिए।

तब रायचंदजी बोले—यहां आला क्यों चाहिये।

तब शोभाचन्दजी बोले—यहां आपके महाव्रत पड़े रहेंगे। गांव-गांव कहां लिए फिरोगे ?

४. एक-एक कर छिन्न-भिन्न कर दें

भीखणजी स्वामी अलग हुवै तब रुघनाथजी ने जयमलजी से कहा—हम तो बहुत हैं और ये १३ व्यक्ति हैं। हिम्मत करो तो एक-एक करके छिन्न-भिन्न कर दें।

तब जयमलजी बोले—शाहपुरा के राजा पर राणाजी की फौज ने चढ़ाई की। लड़ाई करने लगे। पर राणाजी की फौज का दाव नहीं लगा। उसका कारण एक तो शाहपुरा का कोट मजबूत, उसके चारों ओर पानी से भरी खाई, अंदर तोपों की बहुलता और राणाजी की फौज में लड़ने वाले अधिकारी भी शाहपुरा वालों से तोड़ने के मत में नहीं। छह महीने तक चेष्टा की लाखों रुपयों का पानी हुआ। पर शाहपुरा हाथ नहीं लगा। फौज वापिस ठिकानों पर गई।

वैसे ही भीखणजी से हम चर्चा करें उनका पीछा करें तो एक तो उनके आगमों का अध्ययन बहुत है। काम पड़ने पर प्रमाण दिखला देते हैं। स्वयं आचार में दृढ़, फिर हमारे में रहे हुए हैं, वे हमारी अंदर की बातें जानते हैं अतः इनसे चर्चा करने से ये हमें ही छिन्न-भिन्न कर देंगे, इसलिए इनकी ओर ध्यान न दें। संयम से चलते हैं तो हमारा ही यश होगा। लोग कहेंगे रुघनाथजी के शिष्य कठोर पथ पर चलते हैं। ऐसा कहकर जयमलजी ने तो पीछा नहीं किया। रुघनाथजी ने किया। स्थान-स्थान पर चर्चा की तब उनके ही श्रावक अधिक समझे।

५. फकीर वाला दुपटा

स्वामीजी नई दीक्षा लेने के लिए तैयार हुए। तब जोधपुर में जयमलजी के साथ चतुर्मास किया। जयमलजी के साधुओं के मन में श्रद्धा जम गई। थिरपालजी, फतेचंदजी आदि तथा जयमलजी के मन में भी श्रद्धा बैठ गई है ये समाचार रुघनाथ जी ने सुने। तब सोजत के श्रावकों से कागद लिखवा कर जोधपुर भेजा और जयमलजी को कहलाया—तुम्हारे भीखणजी की श्रद्धा जमी ऐसा सुना है। वे तुम्हारी संप्रदाय के अच्छे-अच्छे साधुओं तथा अच्छी-अच्छी साध्वियां को तो ले लेंगे। शेष जिनको तुमने बहुत हर्षोल्लास के साथ घर छुड़वाया है वे सब तुम्हें रोएंगे। नाम तो भीखणजी का होगा, संप्रदाय भीखणजी का कहलाएगा, तुम्हारा नाम भी विशेष रहेगा नहीं। फकीर वाला दुपटा होगा—एक फकीर को राजा ने दुपटा दिया। एक साहूकार ने अपने बेटे के विवाह प्रसंग पर फकीर से दुपटा मांगा। फकीर बोला—मुझे बारात में साथ ले जाओ तो दूं।

तब साहूकार ने दुपटा लेकर फकीर को साथ में ले लिया। बारात गांव बाहर ठहरी। वर को देखने के लिए लोग आए। वर की प्रशंसा करते हुए वे कहते हैं—गहने कपड़े सुन्दर हैं, वर रूपवान है पर दुपटा तो बहुत ही कमाल का है। दुपटे की लोग खूब प्रशंसा करते हैं। तब फकीर बोला—दुपटा तो मुझ गरीब का है।

तब साहूकार ने मना किया—रे सांई! बोल मत। आगे शहर में गए। फिर लोग वर की, गहनों, वस्त्रों की प्रशंसा करते हैं पर कहते हैं दुपटा तो वाह-वाह ही है। तब फकीर फिर बोला—दुपटा तो हम गरीब का है। फिर साहूकार ने टोका—रे सांई बोल मत, इसी प्रकार तोरण के पास लोग दुपटे की प्रशंसा करते हैं तो फकीर वही बात दुहराता है। तब साहूकार ने सोचा—यह मना करने से तो नहीं रहेगा, इसलिए दुपटे को फेंक दिया और कहा—यह तेरा दुपटा, अब यहां से रवाना

हो जा।

रुघनाथजी ने जयमलजी से कहलवाया—जैसे विवाह तो साहूकार के बेटे का और प्रशंसा दुपटे की, वैसे ही साधु, साध्वी तो तुम्हारे लेगा। और संप्रदाय भीखणजी का कहलाएगा।

ये समाचार सुनकर जयमलजी के विचार बदल गए। तब जयमलजी ने कहा—भीखणजी! मैं तो गले तक डूब गया हूं। आप जैसे पंडितों से क्या छिपा है। आप अच्छी तरह से संयम पालो।

६. बड़ा कर्म है नाम का

जयमलजी जयपुर आए तब परसराम कूकरे ने चतुर्मास की बिनती की। तब जयमलजी ने कहा—हमारा चतुर्मास होने से दर्शनार्थ अनेक भाई बहन आयेंगे। कुछ दुर्बल व्यक्ति भी आशा लेकर आएंगे। अतः तुम्हारे से यह काम नहीं जमेगा। इसलिए यहां चतुर्मास करने का अवसर नहीं है।

तब परसराम बोला—यह हजार रुपयों की थैली आपके पट्ट के नीचे लाकर रखी है और चाहिए तो भी रुकावट नहीं, पर चतुर्मास यहां करो। उसके बाद जयमलजी ने जयपुर चतुर्मास किया। सांमीदासजी ने भी जयपुर में चतुर्मास किया। पर्युषण/संवत्सरी के समय पौषधों की खूब खींचातान प्रारंभ हुई। कई तो जयमलजी की तरफ ले जाते हैं, कई सांमीदासजी की तरफ ले जाते हैं ऐसा करते-करते सौ पौषध तो जयमलजी के यहां हुए और सौ पौषध ही सांमीदासजी के यहां हुए। शाम के समय एक भाई पौषध करने के लिए आया। तब उसे खींच कर सांमीदासजी की तरफ ले गए। सवेरे गिना तो जयमलजी के यहां तो सौ पौषध हुए और सांमीदासजी के एक सौ एक हुए। तब जयमलजी बोले—

धर्म तौ छं जिम छंः, बडौ कर्म है नाम कौ।
एक माया नें खांचतां, सिक्को रहि गयौ सांम कौ।।

७. समझूंगा, एक खरगोश अधिक मारा

नगजी जाति का गूजर था। वह घर छोड़ कर साधु बना। गुरु शिष्य विहार करते हुए करेड़े गांव आ रहे थे। मार्ग में एक चोर आ धमका। उसने गुरु के कपड़े तो छीन लिए और नगजी के छीनने लगा।

तब नगजी बोला—तेरे पास तलवार है मुझे लोह का स्पर्श करना नहीं है इसलिए शस्त्र को अलग रख दे। तब उसने शस्त्र दूर रख दिया। वस्त्र लेने के लिए आगे बढ़ा। तब नगजी ने चोर के दोनों बांहे पकड़ी और उसे पीटना प्रारंभ किया तब उसके गुरु बोले—अरे! अनर्थ कर रहा है। मनुष्य को मार रहा है।

तब नगजी बोला—ऐसे साधुओं को लूटा जाएगा तो विचरेंगे कैसे? मैंने तो घर में ही बहुत खरगोश मारे थे समझूंगा एक खरगोश और मारा। प्रायश्चित्त रूप में एक तेला ले लूंगा पर इसको तो नहीं छोडूंगा। गुरु ने बहुत कहा मार मत।

तब कमर (कटि) बांधने की डोरी से दोनों हाथ पीछे बांध कर गांव के बाहर लाकर छोड़ दिया।

८. भीखणजी का साधु तो अकेला नहीं फिरता

स्वामीजी के दर्शन करने के लिए आते समय छोटे रूपचंद को रास्ते में ताराचंदजी स्वामी मिले। उन्होंने पूछा—तुम किसके साधु हो ? तब रूपचंद बोला—मैं भीखणजी का हूं।

तब ताराचंदजी बोले—भीखणजी का साधु तो अकेला नहीं घूमता। तब रूपचंद बोला—मैं टोले/संघ से बाहर हूं। मेरे में साधुपन नहीं है। मुझे वंदना मत करो। ऐसा कह कर आगे चला। रास्ते में चोर आ धमका। तलवार निकाल कर बोला—कपड़े रख दे। तब रूपजी ने पात्रों को दिखाया।

तब चोर बोला—कमर खोल।

तब रूपजी भृकुटि चढ़ा, मूंछों का केश तोड़ कर बोला—इस पीपल के पेड़ से आगे जाने दूं तो असली गुरु का मूंडा ही नहीं।

तब चोर भाग गया।

उसके बाद रूपजी ने बड़ी रावलिया में जाकर स्वामी भीखणजी के दर्शन किये और वहां से इन्द्रगढ़ चला गया। उसका विस्तार तो बहुत है।

परिशिष्ट-४

शब्दानुक्रम

(क) व्यक्ति नाम

अंजणा १०४
अखैराम (मुनि) २०,६१
अजबू (साध्वी) १०९,११०
अणंदा पटवा २७७
अमरसिंह (मुनि) ५,१०,३७,४८,११७,
२४३,२४४,२६७,२६८
अमरा डांगी २६३
अमीचन्द (मुनि) ८१
आसकरण (मुनि) २६५,२६६
आसकरण दांती ७२
आसोजी १९,२०
इन्दोजी २४६
ईसरदास (मुनि) ५
उगराजी (मुनि) २६८
उत्तमौ ईरांणी १५
उदयराम (मुनि) ७३,२४५
उदैराम (मुनि) देखें उदयराम
उदैराम चपलोत २४४
उमेदमल श्रावगी २६९
उरजोजी (मुनि) १०,११,२७७
ओटा सोनार ७४
ओटौ स्याल ११,१२
कचरोजी (मुनि) १८,१९
कपूरजी (मुनि) ३०
कलूबाई २६३
कस्तूजी (साध्वी) ८
कस्तूरमल जालोरी २४६
किसनदास २७१
किसनोजी ७९,८०
कुसलो २७,२८
कुसालजी (मुनि) (बागोर निवासी) २७३
केसूराम २१
कोजीराम (मुनि) ५
कोहलोजी (मुनि) ४८
खंतिविजय (मुनि) ३४ से ३७
खींवसी (मुनि) २६७
खेतसी (मुनि) २०,३८,६४,६५,६९,७३,
७७,९७,९८,२४४,२५५,२५६,२६८
खेतसी लूंणावत ८
खेमांसाह ४१
गाजी खां ४६,४७
गुमान (मुनि) ३,४,३७,२७१
गुमान लुणावत ६३
गुला देखें गुलोजी गादिया
गुलाब ऋषि ३२,३३,३४,२६६
गुलोजी गदिया २,३
गूजरमल २१
गेबीराम चारण ९
गोशाला २४६
गौतम १०७,२५१
घणराज नागौरी २७३
चन्दू (साध्वी) १०३
चन्दू बाई २६३
चन्द्रभाण (मुनि) २६,३१,६४,७५,७६,
२६३
चन्द्रभाण चौधरी ५०
चतराशाह देखें चतुरोसाह

चतुरो श्रावक (चतुरोजी) ७५,२६५,२६६
चतुरो साह १५,२४७
चैनजी श्रीमाल २६७,२६८
चोथ बोहरो ३७,२५९
चोथ संकलेचा ६६
छाजू खाभीओ ९२
जगु गांधी ७,८
जयमल (आचार्य) ३,३३,४८,५१,८०,
११७,२५३,२७७,२७८,२७९
जलंधरनाथ २४९
जसू १०७
जिनऋष ८०
जिनचन्द सूरी २६७,२६८
जिनपाल ८०
जीतमल (मुनि) ४८,११८
जीवण (मुनि) २
जीवो मुंहतो ५०,२७१
जूंझारसिंह (ठाकुर) १०२
जेठमल (मुनि) २५८
जेठमल (हाकम) ३८
जेठा डफरिया २६५
जेतसी २४६
जैचन्द १००
जैचन्द वीरांणी ८३
जैमल (आचार्य) देखें जयमल (आचार्य)
जोरजी कटारिया २७१
टीकम (मुनि) १८,१०४,२४३ से २४७,
२५६,२५८
टीकम डोसी ७०,७५
टेकचन्द पोरवाल २६
टोडरमल (मुनि) ७०,११८
डूंगरनाथ ६०
डूंगरसी २४४
ढंढण (मुनि) ४४
ताराचन्द (मुनि) २८०
ताराचन्द संघवी ११
तिलोक, तिलोकचन्द (मुनि) १०,२६,२७,
२८,३१,७५,७६,२६३
थिरपाल (मुनि) १०५,२७८
दामो ५०
दीपचंद मुणोत ९
दुर्गादास ३,४
देवकी २८,१०४
द्रोपदी २५८
दौलजी लूंणावत २७०,२७१
दौलतराम (मुनि) ७७
दौलतसिंह (ठाकुर) ७०
धन्नां (साध्वी) ६७
धीरो पोखरणो ११८
नंदण मणीयारा ८५,२५४
नगजी ८५,८६
नगजी गूजर २७९
नगजी भलकट ५०
नगजी सादूलजी १५
नगजी सामी २२
नांनजी स्वामी ७२
नाथांजी (साध्वी) ७३,७४
नाथू (मुनि) ३,७४
नाथू २४
नाथो देखें नाथू (मुनि)
नानग (मुनि) २५८,२६८
नायकविजै (जती) २४५,२४६
निहाल (मुनि) २६८
नैणचन्द २६३
नैणसिंह ६१
पत्थरनाथ ६०
पन्ना (मुनि) ७४
पाथू २४
पार्श्वनाथ ११८
पूरियो मेघवाल २७२
पेमजी (मुनि) ३,४
पेमजी कोठारी २६३

पेमांसाह ४१
पेमो २४
प्रताप कोठारी ९४
प्रदेशी (राजा) १०
प्रभव स्वामी ४४
फत्तू (साध्वी) ६१,१०३
फत्तैचन्द (मुनि) १०५,२६६,२७८
फत्तैचन्द गोटावत ४८
फरसराम कूकरा २७९
बगतराम (मुनि) २६७
बरजूजी (साध्वी) ७१
बलाकीदास २६७
बूदरजी ४८
बेणीराम (मुनि) २२,६२,६३,६४,६९, २५९
बोहतजी (मुनि) ११७
भगजी (मुनि) ७४
भगवानदास २७०
भगू पुरोहित ८०
भानौ खाभीयो ९२
भारमल देखें भारीमाल (आचार्य)
भारीमाल १७,२३,३१,३६,६७,६९,७१, ७२,७३,७५,७८,७९,१०४,१०५, २४४,२४७,२५६,२५७,२५८,२५९, २६३,२६८,२६९,२७१
भिक्खु भिक्षु आचार्य देखें भीखण (आचार्य)
भीखण (आचार्य) १ से १२, १५ से १८, २०,२१,२२,२४,२६,२७,२९,३०, ३१,३४ से ४४, ४६ से ५१,५७,६४, ६६,७०,७२,७५,७६,७९,८०,८३, ९२,९४,९५,९९,१०२,१०४ से १०७, १०९,११४,११६,११७,११८,२४३, २४४,२४६,२५०,२५३,२५४,२५५, २५७,२५९,२६३,२६५,२६६,२६७, २७१,२७२,२७३,२७७,२७८,२८०
भीम (मुनि) ४८
भीम कांठेड़ २५२,२५३
भैरूंदास चंडाल्यो २७२,२७३,२७४
भोपजी (मुनि) ७३
मजन्यौ (बकरे का नाम) ४३
मयाराम (मुनि) २२
मलजी मूंहतो ११
माईदास खैरवावाला २५२
मानसिंग २४९
माना खेतावत २४९
मालजी ७८
मुकनै दांती २४५
मुल्ला खां ४६,४७
मेघो भाट २०
मेणांजी (साध्वी) ६४
मोहकमसिंह ३१
मोजीराम बोहरा १०७,२७७
मोती बालदियो ३८
मोतीराम चौधरी ३६
मोतीराम बोहरा ९
रंगविजय (आचार्य) २६८
रंगूजी (साध्वी) ७७
रघुनाथ (आचार्य) देखें रुघनाथ (आचार्य)
रतन (मुनि) ३,३७,२७०
रतन (जती) १०
रतन छाजेड़ २७२
रतन भलगट २५४,२५५
राजमल बोहरा २७०
राम ४
रांमजी (मुनि) ७७
रामकृष्ण ४६
रामचन्द कटारिया १७
रामदेव १११
रामलाल ४६
रायचन्द (मुनि) २६८,२७७
रावण ४

रुघनाथ (आचार्य) २,१०,१७,२९,३३, ३४,४४,४५,४८,५१,७५,९२,९५, १०२,१०३,२४७,२६५,२७८,२७९
रुघनाथ (राव) २७३,२७४
रूपचन्द बड़ा (मुनि) ७७
रूपचन्द छोटा (मुनि) ७७,२८०
रूपविजै (मुनि) २५०,२५१,२५२
रूपांजी (साध्वी) ९८
रेणादेवी ८०
रोड़ीदास सेवग ३९
लखजी बीकानेरी २५
लखी बालदियो देखें मोती बालदियो
लखू बाई २६३
वर्धमान ७७
वरजूजी (साध्वी) ७३
विजयचंद पटवा २१,७२,९१,२६४
विजयसिंह (राजा) ३८,४५,२४९
विजैचन्द लूणावत १०३
वीरभांण (मुनि) ६१,७४,८५,८६
वीरां (साध्वी) १०३
वीरां कुंभारी ७४
शिवरामदास (मुनि) ३१,७६
शीतलदास (मुनि) ३३,११७,२५२
शीतला १०३
श्रीकृष्ण ४६
श्रीधर ४६
संतोखचन्द (मुनि) ३१,७६
सदाराम मूंहता ४६
सरूप मूंहता ३६
सर्वानुभूति (मुनि) २४६
सवाई (मुनि) २४४
सवाईराम ओस्तवाल १
सांमजी (मुनि) ७७
सांमीदास (मुनि) ५,२७९
सांमैजी भंडारी ३१
सालभद्र ८७
सिंहजी ६४
सिवदास गांधी २७३
सुनक्षत्र (मुनि) २४६
सूरतोजी ७७
सूर्यभि (सूरीयाभ) ११३
सोभाचन्द फोफलिया २७७
सोभाचन्द सेवग ३९,४०
स्वामीजी देखें भीखण (आचार्य)
हरजीमल सेठ १०
हरिलाल ४६
हरीदास (मुनि) २६७
हस्तूजी ७
हीरजी (मुनि) २५२,२५३
हीरजी (जती) ८६,८७,२४९
हीरां (साध्वी) ६९,७३
हीरालाल (मुनि) २५८,२५९
हेमजी (मुनि) देखें हेमराज (मुनि)
हेमराज (मुनि) ४,५,२२,२८,३१,४२, ४३,४८,५०,६२,६५ से ७०,७२,७३, ८४,९७,९९,१०३,१०४,१०५,११०, १११,११८,२४३ से २५५,२५७, २५८,२५९,२६८,२६९,२७१,२७७

(ख) ग्राम नाम

आऊवा १५,१६
आगरा १०
आगरिया ३१,९४
आबूगढ ९२
आमेट ९८,२५७,२५८,२६३
इन्द्रगढ २८०
उतवण २२
उदैपुर ३,४,१९,६१
ऋणिहि देखें रिणिहि
कंटालिया २,१७,४३,१०४,१०५
कांकड़ोली (कांकरोली) ६६
करेड़े २२,२७९

कुशलपुरा ६८
काफरला १४,३४,६५
कारोलीया ७३
केलवा १४,३१,३२,८५,२४४,२५७
कोटा ७७,२६६
कृष्णगढ ११,२६८,२६९
खारचिया १४,७३
खेरवा (खैरवा) ११,१५,३९,७४,८५
गुरलां १००
गूंदोच १०२
गोगूंदा (गोघुंदा) ३३,३४
घांणेराव ७
चंडावल ६१
चूरू ७६
चेलावास ६९,७३,१००,१०२,२४९,
२६३
जाढण ७७
जालोर १८
जैतारण ११७
जैपुर ३,४,२६९,२७९
जोधपुर ३,४,१०,१७,४५,४८,५१,२४७,
२४९,२७७,२७८
तुंगिया नगरी ३३
दिल्ली १०,२६७,२७३
देवगढ ४४,२६३,२६४,२६५
देसूरी ३,७,७४,७५
द्वारका ४४
धामली ६७
नाडोलाई ३९
नाथजीद्वारा देखें नाथद्वारा
नाथद्वारा ४५,६१,६४,७३,७७,९४,१०९,
११०,११८,२४७,२७२
नींबली ६८,६९,१००
नैणवा २८
पादू ५,२८
पाली १,६,२१,२२,२५,३४,३६ से ३९,
५०,६६,७०,७८,८६,९१,९७,९९,
१०४,२४४,२४७,२४८,२५०,२५६,
२६४,२७०
पींपाड़ (पींपार) २,७,८,११,१५,२२,
३४,३६,३७,६३,७८,८१,१०३,
१०७,२५४,२५९,२७०,२७१,२७७
पुर २०,२३,३२,५०,८३,९२,९८,१००,
२६३
बगड़ी १०४,१०५
बागोर २७३
बीलाड़ा (बीलारा) १६,७९,२५२,२६५,
२७२
बून्दी १,७७
बोर नदी ४३
भीलवाड़ा (भीलोड़ा) ५०,५१,२५२,२७२
मकराणा ६२
मांडलगढ २५९
मांढा (मांहढा) १९,६७
माधोपुर १४,२१,२६९
मोहनगढ ११०
राजनगर २०
रावळियां (बड़ी) २८०
रिणिहि ५०,२७१
रीयां ९,१०,२२,२७०
रोयट ७५,८७,२६४
लोटोती २६७
वीलाड़ा देखें बीलाड़ा
वीलावास २४८
श्रीजीद्वारा देखें नाथद्वारा
सरबार २५८
सरीयारी देखें सिरियारी
साहिपुरा २७८
सिरयारी (सिरियारी) १८,३०,३१,४५,
५६,६४,६७,६८,६९,७०,७२,७४,
२४३,२४४,२५०,२५२,२६३,२६६

सिरोइ (सिरोही) ३,४
सीहवा ५०,२४९
सोजत ९,६७,७३,२७७,२७८

(ग) सम्प्रदाय नाम

कनफड़ा ११७
कालवादी २०
खरतरगच्छ २६७
गच्छवासी ८५
गुसांइ ११३
चोरासीगच्छ ८०
तेरापंथ १,७,२८,३४,२६४
तेरापंथी देखें तेरापंथ
दादूपंथी ९४,९५
देवरापंथी (देहरापंथी) देखें संवेगी
नाथ ११३
पोतियाबन्ध ३०,१०२
बाइसटोला (बावीस टोला) देखें स्थानकवासी
मथेरण ११७
रामसनेही ११७
वैष्णु ११३
संवेगी ४०,२४८,२६४,२७०
स्थानकवासी ७,२८,३४,६०,७९,८०, २६४

(घ) ग्रन्थ नाम

आचारांग ३४,३६
आवसग सूत्र १०२
उत्तराध्ययन २२,७१,१०४,११४,२५६
दशवैकालिक १०४
पन्नवणा ३४
बंकचूलीया ७०
भगवती ३४,६०,१०७,२४५,२४६,२५१, २५४,२५५,२५६
रामचरित (रामचरित्र) २५५,२५६
रायप्रसेणी ११३
सूयगडाङ्ग १०७

परिशिष्ट-५

विशेष शब्दकोश

		पृष्ठ	दृष्टान्त
अजोगाई	अयोग्य व्यवहार	३०	८२
अडवी	उलझन/विवाद	२१	५१
अणगल	अनछना	८१	२०५
आळयदा	अलग	२४६	हेम. ८
आंगुण	अवगुण	६	१२
आखुड़नै	लड़खड़ाकर	५५	१३८
आघा	आगे	१४	३३
आडी जाति	हीन जाति	८१	२०६
आणौ	ससुराल से पत्नी को लाने जाना	१५	३७
आथण	सायंकाल	७२	१८६
आबरु	इज्जत	९१	२३३
आरणीयौ छाणौ	जंगली कंडा	४४	१११
आरौ	मृत्युभोज	७७	१९०
उखरली	उकरड़ी	११४	२९७
उपत-खपत	उपज और खर्च	२	४
उपरसरो	देखभाल/सुरक्षा	४७	११६
ऊंधो/अंवळो	अंटसंट	६	१२
ऊली	इधर	१०४	२७५
एवड़	भेड़ों और बकरियों का समूह	५९	१४८
ऐहल	निरर्थक	९२	२३८
ओगालो	इधर-उधर बिखेरना	१	१
ओळियौ	एक प्रकार का लम्बा कागज	१०	२६
ओसावण	भीगे हुए कैर आदि का पानी	४३	१०७
कजियौ	कलह	१	१
करसणी	किसान	४	७
कष्ट कीधौ	निरुत्तर कर दिया	१	१
कांण	लिहाज	६५	१७०
कायो	खिन्न	२५२	हेम. २०
किरियावर	मृत्युभोज	२३	५९

किसब	धन्धा	५८	१४८
कुणको	अनाज का कण	८३	२१४
कुबद	कुबुद्धि/चालाकी	५६	१४४
खटकर	फाटक	२६	६८
खप	श्रम	११७	३०९
खरवार	कपड़े की गांठें	४२	१०४
खांगी	टेढी	८४	२१७
खांच	आग्रह	११	२८
खिसाणो पड्यो	रुष्ट हो गया	२५२	हेम. २०
खूंचणो	दोष/गल्ती	१	१
खेद	कष्ट/परिश्रम	८३	२१२
खोडौ	धान का कोठा	१०१	२६५
गुदरतो	सलट जाता	२९	७८
गुलांच	उछल-कूद	९	२३
गोरवो	गांव की सीमा	९	२१
घाट	दशा	९९	२५७
चाडी	चुगली	१	१
चामां	हल के द्वारा खींची रेखाएं	८४	२१७
चिबठी	चिऊंटी	४४	१११
चोसरौ	ओढनी	१०३	२७०
छद्मस्थ	केवलज्ञान से पूर्व की अवस्था	२	२
जाबता	सुरक्षा	१	१
जुर	ज्वर	११६	३०३
जोगवाई	मिलने की संभावना	१६	४२
झखर	बकझक	२३	५८
टंटौ	झंझट	१०५	२७८
टब	सफलता	६९	१७७
टाकर	टकोरे	२६५	श्रावक. ९
टूक		७१	१८३
ठागा	ठगाई	८०	२०३
ठोठ	अनपढ	१७	४२
डावड़ा	बच्चा/लड़का	१	१
डील	शरीर	९५	२४७
डेरौ	सम्पत्ति	१५	३९
डोळ	रूप	४	७
ढांढो	ढोर/पशु	१	१

ताकीद	शीघ्रता	१७	४२
तीखण	छुरी	४७	११६
तेजरा	हर तीसरे दिन आने वाला ज्वर	११५	३०२
थाणो	स्थिरवास	८०	२०५
दिशां	शोचार्थ	२	३
देवी रे टाणै		१४	३५
निन्हव	मिथ्या प्ररूपणा करने वाले	२	२
निनांण	निदाई	२	४
नुखतौ	मृत्युभोज	११	२८
नूरांणी	भाव भंगिमा	१२	३०
नैंहराइ	असावधानी	५५	१३७
परखदा	परिषद	२	२
परहा जासां	चले जाएंगे	१	२
पांने	हिस्से में	६	१२
पाखती	पास में	७२	१८७
पाधरौ	सीधा	४	७
पुखता	अवस्था प्राप्त/विश्वासी	८३	२१२
पैंतो	उत्पत्ति का मूल स्रोत	५३	१३१
प्रांछ री प्रांछ	क्रमबद्ध	५३	१३२
फुंजालो	फूलझड़ी से दागो	२६	६१
फींचा	टांगें	४२	१०४
फीटा	अश्लील	९७	२५१
फीटो पड़चो	लज्जित हुआ	१	१
फोरौ	हल्का	६३	१६१
बंडेल	बर्तनों की पंक्ति	४३	१०७
बडेरा	पूर्वज	४८	११७
बाटा बरड़ौ	अस्त-व्यस्त	५३	१३२
बापरी	बेचारी	३	४
बारदानौ	प्रारंभिक सामग्री	९८	२५५
बीहेला	डरेंगे	४	७
बैदो	विवाद	१७	४३
बोलावौ	निमंत्रण के लिए उपहार	४४	१११
मरचां रौ तौबड़ौ	मिर्चों का मुखौटा	१००	२६०
मौर	पीठ/पृष्ठ भाग	७३	१८८
मौमाळ	ननिहाल	९९	२५८
रांधण	रसोई पकाने वाली	४७	११६

रामत	खेल	९७	२५१
राली	गुदड़ी	६४	१६६
रावळीया	रावल (खेल करने वाली एक जाति)	९७	२५१
रींराटा करती	सुबकती हुई	१४	३६
लचकाणी पड़नै	लज्जित होकर	१५	३८
लांक सहित	मुड़ा हुआ	४	७
लातरियो	सकपका गया	२	३
लाहौ	लाभ	१४	३५
लैंहर	आक्रोश	२	२
वतुओ	बात करने वाला	८७	२२६
वाय रै वंग	वायु के वेग की तरफ	६६	१७५
वावरना	काम में लेना	१४	३५
वासती	एक प्रकार का खद्दर का वस्त्र	८	१६
व्यावट	विवाह के अवसर पर तैयार की गई फड़दी	१०	२६
विरवौ	महामारी/अकाल	८१	२०५
विश्वर	निन्दात्मक कविता	३९	९६
विष्टालौ	समझौता	५६	१४०
संकड़ा	संयमित	१७	४२
साइदार	साक्षी	५३	१३१
साऊ	अच्छा/ठीक	२६	६९
साजी	अखण्ड	११५	३०१
सिज्यातर	जिसके मकान में चरित्रात्मा का रात्रि प्रवास हो	२	२
सींजारौ	भागीदारी/साझेदारी	१०६	२८०
सींदरा	रस्सियां	२५३	हेम. २१
सीतंगियो	सन्निपात से पीड़ित	२७०	श्रावक. २०
सूंस	नियम/त्याग	२४८	हेम. १६
हलवाणी	लोह की छड़	९१	२३५

संशोधन पत्रक

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
७	३०	हस्तुजो	हस्तुजी
८	२४	मोटो	मोटी
११	२७	वेश्या सरीखी	कसाई सरीखा
११	४	वेश्या नै दियाइं	कसाइ नै दियांई
११	२९	वेश्या सरीखा	कसाई सरीखा
१३	२८	कारां	करां
१४	४	उत्तरता	उतरता
१७	२७	पछ	पछे
१८	१६	लंण	लूंण
२४	८	सरध	सरधै
२७	१३	भेसौ	बेसौ
२८	२७	पछ	पछे
३०	२८	पछ बायां कन	पछे बायां कने
३२	३	वेस	वैसे
३७	११,१२		×
३७	१६	दीधो ?	दीधी ?
४३	९	कंटाळौया	कंटाळिया
४३	१०	तिण सं	तिण सूं
४३	२४	ठामतां	ठाम
४५	१	बुद्धो	बुद्धी
४५	५	बंलद	बळद
४६	२०	राम	नाम
४७	१२	माहजनां	महाजनों
४८	३१	सं	सूं
४९	५	कन	कनै
५२	३	माथ	माथै

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
५६	२७	कहै	रहै
५७	११	कोई न	कोई नै
५७	१२	नौ	तौ
५७	२५	१४८	१४७
६०	१	सरध	सरधै
६१	७	बसांण	बैसांण
६१	१४	आगमीय	आगमीये
६९	३३	बोला	बोली
७३	१७	करनै कह्यो	करनै ऊपर सुआण्यां पछै हीरांजी हेमजी स्वामी नै कह्यो—
७६	२३	सिरांम-दासजी	सिवराम-दासजी
७६	२४	'लायौ	लीयौ
८०	२२	वरज	वरजै
८१	१	खाण	खाणै
८१	४	अमी-चन्दजौ	अमी-चन्दजी
८६	७	क्यांन	क्यांनै
९२	३१	कर	करै
९७	११	ढणा	घणा
९७	२०	देखनै	देखै
९९	७	को	की
९९	३०	पूछै	पछै
१००	२१	स्चामीजी	स्वामीजी
१०२	२१	अथे	अर्थ
१०३	१	बळ	बळै
१११	८	न	नै

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
११२	६	हुव	हुवै	२५७	५	इस	इम
११४	२२	सद	जद	२५८	१९	किसायत	किसायक
११५	७	हो	ही	२५९	२२	कोई	कांई
११९	११	ठंठी	ठंडी	२६३	२३	हालत	हालता
१४८	७	तुम्हारा	तुम्हारा	२६४	३	तीनक	तीनेक
		जिस		२६४	१३	मय	मत
१४८	२६	कटारे	कटार	२६५	१५	पहरा	परहा
२५०	३	दूजी	दूजी	२६५	२०	बताय	बताया
		दूजी		२७२	८	भैरूंदान	भैरूंदास
२५४	२	समझाव	समझावै	२७३	५	सुणन	सुणनै
२५६	७	से	ते	२७९	१७	सांमी-	सांमी-
२५७	१	सरींखो	सरीखो			दासजौ	दासजी